3 राजधानी
हाईकोर्ट ने लविवि से जवाब तलब किया

6 अभिमत
टेस्ला को आयात कर में छूट अनुचित

11 विदेश
चीन में 6.0 तीव्रता का भूकंप, तीन की मौत

12 विविध
सुखी घर के लिए वास्तु टिप्स

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 322
लखनऊ, शुक्रवार, 17 सितम्बर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



फ्लेमिंक भारत के खिलाफ शृंखला से बाहर
स्पोर्ट्स-10

www.dailypioneer.com

# भारी बारिश से अनेक जिलों में तबाही, 45 की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** सहित सूबे के अनेक जिलों में बुधवार रात से हो रही मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचायी है। कई जिलों में जगह-जगह भारी जलभराव के अलावा मकान, दीवार, पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए। रेलवे ट्रैक पर ओएचई लाइन टूट जाने से कई ट्रेनों के पहिए थम गए और विमान सेवाएं भी बाधित हुईं। बिजली व्यवस्था चरमरा गई। अलग-अलग जिलों में करीब 45 लोगों के मरने और कई लोगों के घायल होने की खबर हैं। यह संख्या बढ़ भी सकती है।

सबसे ज्यादा नुकसान लखनऊ समेत अवध क्षेत्र में हुआ है। यहां 18 लोगों की जान चली गई। प्रयागराज, कौशाम्बी व प्रतापगढ़ में 14, मध्य यूपी व बुंदेलखंड में सात और पूर्वांचल में छह लोगों की मौत हुई है।

### ● मकान, दीवार, पेड़ और बिजली के खंभे गिरे, सड़क, रेल व विमान सेवाएं भी बाधित

घनघोर बारिश के चलते लखनऊ के मोहिबुल्लापुर स्टेशन पर जलभराव में डूबने से दो बच्चों की और अलीगंज में बिजली का झटका लगने से एक बच्चे की जान चली गई। निगोहा में एक घर, मोहनलालगंज में तहसील की छत समेत आधा दर्जन घरों की दीवारें ढह गईं। लखनऊ का दो तिहाई हिस्सा जलमग्न हो गया। मानकनगर में ट्रैक पर पानी भरने से कानपुर से आने-जाने वाली ट्रेनें उत्तर रेलवे के ट्रैक से गईं। जिले में बिजली का हाहाकार रहा। 52 से अधिक पोल पेड़ गिरने व चार दर्जन से अधिक



राजधानी लखनऊ में भारी बरसात के कारण गुरुवार को सड़कें तालाब बन गईं और अनेक वाहन इनमें फंस गए

ट्रांसफर दग गए। उधर बाराबंकी के बसायगपुर मजरा ढेमा, खुशेहटी, महमूदपुर मजरे टिकरा घाट और जेठौती कुर्मियान गांव में दीवार व कच्चे मकान गिरने से पिता-पुत्र समेत पांच लोगों की मौत हो गई है। पेड़ टूटने से लखनऊ-अयोध्या नेशनल हाईवे पर डेढ़ घंटे से अधिक जाम लगा रहा। रेलवे ट्रैक पर पेड़ गिरने से साबरमती ट्रेन हादसे का शिकार होते-होते बची। रायबरेली के पोरई, टिकरिया व जायस गांव में सात साल की बच्ची व दो महिलाओं की मौत हो गई। दीवार व छप्पर गिरने से अमेठी जिले में पांच साल की बच्ची समेत दो, अयोध्या के दोस्तपुर व देवगिरी गांव में दो, सुलतानपुर के गोसाईगंज व कोतवाली देहात में दो और सीतापुर के महमूदाबाद में एक बच्ची की जान चली गई।

कुछ लोग घायल भी हैं और विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। सैकड़ों गांवों में अंधेरा पसर गया। प्रयागराज समेत कौशाम्बी और प्रतापगढ़ में मूसलाधार बारिश ने कहर ढा दिया। जर्जर मकान गिरने से प्रयागराज में छह, कौशाम्बी में तीन और प्रतापगढ़ में पांच लोगों की की जान गई। प्रशासन सभी तहसीलों से आकड़े एकत्र कर रहा है जिससे मुआवजे की प्रक्रिया शुरू की जा सके। प्रयागराज में शंकरगढ़ क्षेत्र के कचारी गांव के जंगल में खंडहरनुमा मकान गिर गया। मलबे में दबने से दो गार्डों की मौत हो गई। मऊआइमा के सेमरा बीरभानपुर में एक अधेड़ की मौत हो गई। कोरांव क्षेत्र में एक और सदर तहसील के अंतर्गत मकान गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं फूलपुर के मौजा आले मऊ स्थित कान्हा गोशाला में पांच गोवंशों ने दम तोड़ दिया। कोहंडौर और कंधई इलाके में दो बुजुर्ग महिलाओं ने दम तोड़ दिया। गोंड़े गांव में बहन के घर आए एक युवक की मलबे में दबने से और लालगंज में कच्चा मकान गिरने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। अंतू क्षेत्र में चार साल के बच्चे की जान चली गई। इधर कौशाम्बी के पइंसा क्षेत्र के जवई पंडिरी में एक वृद्ध, रामपुर बढ़नावा (शेष पेज 9)

## सभी शिक्षण संस्थान दो दिन तक बंद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के कई क्षेत्रों में अतिवृष्टि के मद्देनजर सभी मण्डलायुक्तों तथा जिलाधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर राहत कार्यों पर नजर रखें। साथ ही उन्होने अगले दो दिन 17 व 18 सितम्बर को प्रदेश में स्कूल-कॉलेजों सहित सभी शिक्षण संस्थानों को बन्द रखने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहत कार्य प्रभावी रूप से कराए जाएं। आपदा से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत पहुंचायी जाए। जल-जमाव की स्थिति में प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था करायी जाए। उन्होंने अधिकारियों को इस आपदा से हुए नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए हैं।

# बैड बैंक के लिए सरकारी गारंटी प्रस्ताव को मंजूरी

### ● केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दी हरी झंडी, फंसे कर्ज के समाधान के लिए एनएआरसीएल के गठन का रास्ता साफ

### ● बैड बैंक सहमत मूल्य का 15 फीसदी नकद भुगतान करेगा, शेष 85% सरकार की गारंटीकृत प्राप्त प्रतिभूति रसीद के रूप में होगी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**वित्तमंत्री** निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने फंसे कर्ज के समाधान के लिए राष्ट्रीय परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनी लिमिटेड (एनएआरसीएल) द्वारा जारी की जाने वाली प्रतिभूति रसीदों के लिए 30,600 करोड़ रुपये की सरकारी गारंटी देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

प्रस्तावित बैड बैंक यानी एनएआरसीएल कर्ज के लिए सहमत मूल्य का 15 प्रतिशत नकद भुगतान करेगा जबकि शेष 85 प्रतिशत सरकार द्वारा गारंटीकृत प्राप्त प्रतिभूति रसीद के रूप में होगी। यदि तय मूल्य के मुकाबले नुकसान होता है, तो सरकारी गारंटी को भुनाया जायेगा। वित्त मंत्री ने इस फैसले के बारे में पत्रकारों से कहा कि बैंकों ने पिछले छह वर्षों में 5.01 लाख करोड़ रुपये के फंसे कर्ज की वसूली की है। इसमें से मार्च 2018 से अब तक 3.1 लाख करोड़ रुपये की वसूली हुई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। वित्त मंत्री ने साथ ही जानकारी दी, 'नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के साथ-साथ हम इंडिया डेट रिजॉल्यूशन कंपनी लिमिटेड की भी स्थापना कर रहे हैं। एनएआरसीएल में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की हिस्सेदारी 51 फीसद होगी। वहीं, पब्लिक फाइनेंशियल इंस्टीयूशन्स की हिस्सेदारी 49 फीसद होगी।' उन्होंने कहा, '2018 में 21 पब्लिक सेक्टर बैंकों में से केवल दो लाभ हासिल करने की स्थिति में थे। लेकिन 2021 में केवल दो बैंकों ने घाटे की सूचना दी।' वित्त मंत्री ने कहा कि कुछ मूल्यांकन के आधार पर एनपीए के लिए बैंकों को 15 फीसद कैश भुगतान किया जाएगा, वहीं 85 फीसद के लिए प्रतिभूति रसीद दी जाएगी। प्रतिभूति रसीद के मूल्य को बनाए रखने के लिए केंद्रीय कैबिनेट ने 30,600 करोड़ रुपये की सरकारी गारंटी को मंजूरी दी है। अगर घाटा एक सीमा से ज्यादा होता है तो सरकारी गारंटी खत्म हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि पिछले 6 वित्त वर्ष में बैंकों ने 501479 करोड़ रुपये वसूल किए हैं। इसमें से 3.1 लाख करोड़ रुपये मार्च 2018 के बाद वसूल किए गए हैं। 2018-19 में 1.2 लाख करोड रुपये रिकवर किए गए। इनमें रिटर्न ऑफ मनी भी शामिल है। इस दौरान भूषण स्टील और एस्सार स्टील जैसी (शेष पेज 9)

# हाईकोर्ट ने चारधाम यात्रा पर लगी रोक हटाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नैनीताल

### ● सीमित संख्या में श्रद्धालुओं को दर्शन, पूजन की अनुमति दी



**उत्तराखंड** उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को चारधाम यात्रा पर लगी रोक हटा दी और राज्य सरकार को कोविड-19 प्रोटोकॉल के सख्त अनुपालन के साथ यात्रा संचालित करने का निर्देश दिया है। यात्रा पर लगा प्रतिबंध हटाते हुए हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आरएस चौहान और न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ ने कहा कि मंदिर में दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की निर्धारित दैनिक संख्या जैसे प्रतिबंधों के साथ ही यात्रा संचालित होगी।

अदालत ने कहा कि दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को कोविड-नेगेटिव जांच रिपोर्ट या टीकाकरण प्रमाणपत्र लाना अनिवार्य होगा। चारधाम के नाम से प्रसिद्ध उच्च गढ़वाल हिमालई क्षेत्रों में स्थित मंदिरों में श्रद्धालुओं की दैनिक सीमा निर्धारित करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि केदारनाथ धाम में प्रतिदिन अधिकतम 800, बदरीनाथ में 1200, गंगोत्री में 600 और यमुनोत्री में 400 यात्रियों की दर्शन की अनुमति दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, यात्रियों को मंदिरों के आसपास स्थित झरनों में स्नान की अनुमति नहीं होगी। अदालत ने कहा कि चमोली, रूद्रप्रयाग और उत्तरकाशी जिलों में चारधाम यात्रा के दौरान जरुरत के अनुसार पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

चमोली में बदरीनाथ, रुद्रप्रयाग में केदारनाथ और उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिर स्थित हैं। उच्च न्यायालय का यह फैसला राज्य सरकार के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। चारधाम यात्रा से लाखों लोगों की रोजीरोटी जुड़ी होने के कारण राज्य सरकार पर इसे शुरू करने का चौतरफा दवाब था। कोविड हालात के कारण पैदा हुई अनिश्चितता के बीच उच्च न्यायालय ने 28 जून को राज्य मंत्रिमंडल के सीमित स्तर पर चारधाम यात्रा शुरू करने के निर्णय पर रोक लगा दी थी। मंत्रिमंडल ने चमोली, रूद्रप्रयाग और उत्तरकाशी जिलों के निवासियों को मंदिर दर्शन की अनुमति देने का फैसला किया था। राज्य सरकार की योजना कोविड की स्थिति सुधरने की दशा में चारधाम यात्रा को चरणबद्ध तरीके से राज्य के बाहर के निवासियों के लिए भी शुरू करने की थी। उच्च न्यायालय की इस रोक के खिलाफ राज्य सरकार ने उच्चतम न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका दायर की थी। हालांकि, (शेष पेज 9)

# मोदी का सेंट्रल विस्टा परियोजना के आलोचकों पर निशाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### ● कहा, ये लोग रक्षा कार्यालय परिसरों पर चुप रहते थे, क्योंकि इससे झूठ फैलाने की पोल खुल जाती

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को महत्वाकांक्षी सेंट्रल विस्टा परियोजना की आलोचना करने वालों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि ऐसे लोग रक्षा कार्यालय परिसरों के मुद्दे पर चुप रहते थे क्योंकि उन्हें मालूम था कि इससे भ्रम और झूठ फैलाने की उनकी कोशिशों की पोल खुल जाएगी। उन्होंने जोर दे कर कहा कि सेंट्रल विस्टा से जुड़ा जो काम आज हो रहा है उसके मूल में जीवन की सुगमता और व्यवसाय की सुगमता की भावना है। प्रधानमंत्री ने राजधानी दिल्ली के कस्तूरबा गांधी मार्ग और अफ्रीका एवेन्यू स्थित रक्षा कार्यालय परिसरों के उद्घाटन के अवसर पर यह बातें कही। रक्षा कार्यालय परिसर का निर्माण सेंट्रल विस्टा परियोजना का हिस्सा है। इस परियोजना के तहत एक नए संसद भवन और नए केंद्रीय सचिवालय के निर्माण के साथ साथ राजपथ के पूरे इलाके का पुन:विकास किया जाना है। परिसरों का उद्घाटन करने से पहले प्रधानमंत्री ने परिसर का मुआयना किया और सेंट्रल विस्टा वेवसाइट की भी शुरुआत की। नए रक्षा कार्यालय परिसरों में सेना, नौसेना और वायु सेना सहित रक्षा मंत्रालय और सशस्त्र बलों के लगभग 7,000 अधिकारियों के लिए कार्य करने की जगह उपलब्ध होगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के 75वें वर्ष में देश की राजधानी को नए भारत की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं के अनुसार विकसित करने की तरफ एक और कदम बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा, रक्षा कार्यालय परिसर हमारी सेनाओं के कामकाज को अधिक सुविधाजनक, अधिक प्रभावी बनाने के प्रयासों को और सशक्त करने वाले हैं। ये आधुनिक कार्यालय राष्ट्र की सुरक्षा से जुड़े हर काम को प्रभावी रूप से चलाने में बहुत मदद करेंगे। राजधानी में आधुनिक रक्षा एंक्लेव के निर्माण की तरफ यह बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री ने कहा आज जब केंद्र सरकार भारत की सैन्य ताकत को हर लिहाज से आधुनिक बनाने में जुटी है, आधुनिक हथियार से लैस करने में जुटी है, सेना की जरूरत के साजोसामान की खरीद तेज हो रही है तब देश की रक्षा से जुड़ा कामकाज दशकों पुराने तरीके से चले, यह कैसे संभव हो सकता है? उन्होंने कहा कि नवनिर्मित रक्षा कार्यालय परिसर सेंट्रल विस्टा परियोजना का हिस्सा है। ज्ञात हो कि कांग्रेस सहित कुछ अन्य विपक्षी दलों ने इस परियोजना पर सवाल उठाए थे और इसे गैर-जरूरी करार दिया था। परियोजना के आलोचकों पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, जो लोग सेंट्रल विस्टा परियोजना के पीछे डंडा लेकर पड़े थे... वह बड़ी चालाकी से इस पर चुप रहते थे.... यह (रक्षा कार्यालय परिसर) भी सेंट्रल विस्टा परियोजना का ही एक हिस्सा है, जहां 7,000 से अधिक सैन्य अफसर और कर्मी काम करते हैं...। उन्होंने आगे कहा, उन्हें (आलोचकों) मालूम था कि जो भ्रम फैलाने का इरादा... झूठ फैलाने का इरादा है... जैसे ही यह बात सामने आएगी तो फिर उनकी सारी गपबाजी चल नहीं पाएगी। लेकिन आज देश देख रहा है कि सेंट्रल विस्टा के पीछे सरकार कर क्या रही है।

## मद्रास हाईकोर्ट की नए आईटी नियमों के कुछ उपबंधों पर रोक



**पायनियर समाचार सेवा।** चेन्नई

**मद्रास** उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को हाल ही में लागू सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश एवं डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के कुछ उपबंधों पर रोक लगा दी। पिछले महीने ऐसे ही मामले में बंबई उच्च न्यायालय ने ऐसा ही आदेश पारित किया था। अदालत ने नियम 9 के उपबंध (1) एवं (3) पर बृहस्पतिवार को रोक लगा दी। ए उप-खंड आचार संहिता के पालन को निर्धारित करते हैं। इन उपबंधों को इस साल फरवरी में मूल आईटी नियमों में शामिल किया गया था। बंबई उच्च न्यायालय ने 14 अगस्त को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियम, 2021 के कुछ हिस्सों पर अंतरिम रोक लगा दी थी। नियम के तहत यह जरूरी है कि सभी ऑनलाइन प्रकाशक आचार संहितौ का पालन करें। मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव बनर्जी और न्यायमूर्ति पीडी ऑडिकेसवालु की पीठ ने बृहस्पतिवार को कर्नाटकी संगीतकार टीएम कृष्णा और डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन की जनहित याचिकाओं पर अंतरिम आदेश पारित करते हुए यह रोक लगाई है। इस एसोसिएशन में 13 मीडिया संस्थान और अन्य लोग शामिल हैं। इन याचिकाओं में नए नियमों की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं की इस (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,141 | ↑ | 417 | |
| निफ्टी | 17,629 | ↑ | 110 | |
| सोना | 45,735 | ↓ | 491 | /10g |
| चांदी | 61,541 | ↓ | 724 | /kg |

## क्विक न्यूज

### एससी-एसटी-ओबीसी-महिलाओं अल्पसंख्यकों को लेकर जीओएम

**नई दिल्ली।** केंद्र ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों और महिलाओं के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को बेहतर तरीकेसे लागू करने की खातिर राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में मंत्रिसमूह (जीओएम) का गठन किया है और जीओएम की बैठक पहली बार बृहस्पतिवार को हुई। उत्तर प्रदेश और कुछ अन्य राज्यों में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले यह कदम उठाया गया है। शिक्षा मंत्री और भाजपा के उत्तर प्रदेश के प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान जीओएम के सदस्य है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुख्तार अब्बास नकवी, अर्जुन मुंडा, किरण रीजीजू और वीरेंद्र कुमार भी समिति में शामिल है। जीओएम की पहली बैठक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर हुई।

# पीएम को मिले उपहारों की होगी ई-नीलामी

### ● संस्कृति मंत्रालय करेगा, इनमें खेल उपकरण, अयोध्या राम मंदिर की प्रतिकृति समेत कई सामान हैं शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** संस्कृति मंत्रालय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिले उपहारों और स्मृति चिह्नों की ई-नीलामी करेगा। यह जानकारी बृहस्पतिवार को एक आधिकारिक बयान में दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उपहार में प्राप्त स्मृति चिन्ह जैसे खेल उपकरण और पदक विजेता ओलंपियन और पैरालिंपियन के उपकरण, अयोध्या राम मंदिर की प्रतिकृति, चारधाम, रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर, मॉडल, मूर्तियां, पेंटिंग, अंगवस्त्र का जल्द ई- नीलामी केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा किया जाएगा। मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि इच्छुक पक्ष 17 सितंबर से 7 अक्टूबर 2021 के बीच वेबसाइट पीएममेमेंटोस डॉट जीओवी डॉट इन के माध्यम से ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं। कोई भी व्यक्ति ई-नीलामी में भाग ले सकता है, मंत्रालय ने कहा कि ई-नीलामी से प्राप्त राशि गंगा के संरक्षण और कायाकल्प के उद्देश्य से नमामि गंगे मिशन में जाएगी। ऐसा पहली बार नहीं है जब मोदी ने अपने उपहारों के नीलामी के लिए कहा है। इससे पहले वर्ष जनवरी 2019 में 1,900 ऐसे उपहारों की नीलामी के लिए रखा गया था। इसमें गौतम बुद्ध की एक मूर्ति का बिक्री मूल्य 4000 रुपये रखा गया था जो नीलामी में 7 लाख रुपये तक बिका। ठीक इसी तरह से सितंबर 2019 में भगवान हनुमान और भगवान गणेश की मूर्तियों और करीब 576 शॉल की नीलामी की गई थी। इसके अलावा प्रधानमंत्री को विभिन्न आधिकारिक समारोहों में प्राप्त 964 अंगवस्त्रम और 88 पगड़ी को भी बिक्री के लिए रखा गया। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पहले इन वस्तुओं को नई दिल्ली में नेशनल गैलरी ऑफ़ मॉडर्न आर्ट में प्रदर्शित कर किया जा रहा था लेकिन अब कोविड -19 के कारण, वस्तुओं की ऑनलाइन नीलामी की जा रही है। उल्लेखनीय है नरेंद्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तभी उनको मिले उपहारों की नीलामी कराते रहते थे। इससे प्राप्त राशि वे जरूरतमंदों को दे देते हैं।

# श्रीराम मंदिर नींव भराई के पहले फेज का कार्य पूरा

### ● दिसंबर 2023 तक पूरा हो जाएगा मंदिर निर्माण का कार्य, श्रद्धालु कर सकेंगे गर्भग्रह में रामलला का दर्शन

**संवाददाता।** अयोध्या



अयोध्या में पत्रकारों से संवाद करते श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय

**सैकड़ों** वर्षों से मंदिर निर्माण का सपना देख रहे करोड़ों सनातन धर्म मानने वालों का सपना धीरे-धीरे पूरा हो रहा है और मंदिर निर्माण के नींव निर्माण कार्य का पहला फेज समाप्त हो गया है। इसके बाद नींव के कार्य का अगला चरण प्रारंभ हो उसके पहले श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने श्री राम जन्मभूमि परिसर में राम मंदिर निर्माण के लिए अब तक किया गया पूरा कार्य गुरुवार को मीडिया को आमंत्रित करके ट्रस्ट और इंजीनियरों की टीम ने सार्वजनिक किया। जिससे पूरे देश को राम मंदिर निर्माण की प्रगति से अवगत कराया जा सके। भारी बारिश के बीच पहुंचे पत्रकारों ने राम मंदिर निर्माण की प्रगति का कार्य लाइव देखा। न्यास के महासचिव चंपत राय ने बताया कि नींव की अब तक 48 लेयर डाली जा चुकी है। इसके ऊपर डेढ़ मीटर राफ्ट का निर्माण होगा और उसके बाद मिर्जापुर से लाए गए पत्थर लगाए जाएंगे और उस प्लिंथ के ऊपर मंदिर का स्ट्रक्चर खड़ा होगा। उन्होंने बताया की राममंदिर के गर्भगृह को आकार देने के लिए एक मजबूत चट्टान तैयार की गई है। इसके लिए 400 फीट लंबा, 300 फीट चौड़ा, 45 से 50 फीट गहरा क्षेत्र तैयार किया गया है। राय ने बताया कि दिसंबर 2023 तक मंदिर में रामलला का दर्शन भक्तों को प्राप्त होने लगेगा। मंदिर तीन मंजिला होगा गर्भ गृह में रामलला तो दूसरे तल पर राम दरबार विराजित होगा। मंदिर का परकोटा साढ़े 6 एकड़ में बनाया जाएगा और यात्रियों के लिए जो सुविधाएं विकसित होंगी, उनको मिला कर मंदिर का परिसर कुल 12 एकड़ में होगा। उन्होंने बताया कि पानी के प्रवाह से गर्भगृह की रक्षा के लिए और बालू के रिसाव को रोकने के लिए तीन दिशा में रिटेनिंग वॉल बनेगी। प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण में लोहे का कहीं भी प्रयोग नहीं किया जाएगा। इस दौरान एलएनटी के प्रोजेक्ट मैनेजर विनोद मेहता और टाटा के इंजीनियर विनोद शुक्ला, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य महंत दिनेंद्र दास, डॉ. अनिल मिश्र और विहिप मीडिया प्रभारी शरद शर्मा मौजूद रहे। वहीं पिछले 24 घंटे से अयोध्या में हो रही मूसलाधार बारिश के बावजूद भी श्रद्धालुओं का हौसला बुलंद रहा और झमाझम बारिश के बीच हजारों की संख्या में श्रद्धालु लाइन में खड़े होकर के रामलला के दर्शन करने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते रहे।

# आधी आबादी को मिला कोविड का रक्षा कवच

## 24 नए संक्रिमित मिले, 32 जिले कोरोना मुक्त और 61 जिलों में नहीं मिले नए मरीज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** में कोविड टीकाकरण के लिए पात्र लोगों में से 50 फीसदी को टीकाकवर मिल गया है। प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक आयु की कुल आबादी करीब 15 करोड़ है। गुरूवार तक तक 7 करोड़ 50 लाख लोगों ने टीके की पहली डोज ले ली है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक 1 करोड़ 54 लाख से अधिक लोगों को दोनों डोज लग चुकी है। इसके साथ ही प्रदेश 9 करोड़ से अधिक वैक्सीन लगाने वाला पहला राज्य बन गया है।

कोविड की रोकथाम के लिए जारी एग्रेसिव ट्रेसिंग, टेस्टिंग और त्वरित ट्रीटमेंट के मंत्र से अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। यूपी में कोरोना संक्रमण किस कदर कमजोर पड़ चुका है इसका अंदाजा बीते 24 घंटों में हुई टेस्टिंग से लगाया जा सकता है। विगत 24 घंटे में हुई 2 लाख 21 हजार 480 सैम्पल टेस्टिंग में मात्र 24 नए मरीजों मिले। इस अवधि में 11 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए। ताजा स्थिति के मुताबिक प्रदेश में कोरोना के कुल मरीजों की संख्या 193 रह गई है। प्रदेश के 32 जिलों में कोविड का एक भी एक्टिव केस नहीं है। विगत दिवस हुई कोविड टेस्टिंग में 61 ज़िलों में संक्रमण का एक भी नया केस नहीं मिला। यही नहीं टेस्टिंग और टीकाकरण में नम्बर देश में नंबर एक यूपी में अब तक 7 करोड़ 57 लाख 61 हजार से अधिक सैम्पल की कोविड जांच की जा चुकी है। आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार अब तक 16 लाख 86 हजार 549 प्रदेशवासी कोरोना संक्रमण से मुक्त होकर स्वस्थ हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को टीम-9 के साथ कोविड की समीक्षा करते हुए संक्रमण की न्यूनतम दर पर सन्तोष जताया। उन्होंने कहा कि समन्वितए नियोजित प्रयासों से कोरोना की दूसरी लहर पर बने प्रभावी नियंत्रण के बीच जनजीवन तेजी से सामान्य हो रहा है। देश के अन्य राज्यों के सापेक्ष उत्तर प्रदेश में स्थिति बहुत बेहतर है। यह सतर्कता और सावधानी बरतने का समय है। थोड़ी सी लापरवाही संक्रमण को बढ़ाने का कारक बन सकती है। बैठक में सीएम को अवगत कराया गया कि अलीगढ़, अमरोहा, अयोध्या, आजमगढ़, बलिया, बलरामपुर, बांदा, बस्ती, भदोही, बिजनौर, बुलंदशहर, चंदौली, चित्रकूट, एटा, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, गोंडा, हमीरपुर, हरदोई, हाथरस, जालौन, कानपुर देहात, कासगंज, महोबा, पीलीभीत, प्रतापगढ़, रामपुर, सहारनपुर, शामली, श्रावस्ती, सिद्धार्थ नगर और सुल्तानपुर में कोविड का एक भी मरीज शेष नहीं है। यह जनपद कोविड संक्रमण से मुक्त हैं। इन जिलों में कोविड का एक भी मरीज शेष नहीं है। औसतन हर दिन ढाई लाख से अधिक टेस्ट हो रहें हैं जबकि पॉजिटिविटी दर 0.01 से भी कम हो गया है और रिकवरी दर 98.7 फीसदी है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस आज

● बीजेपी सेवा समर्पण अभियान के जरिए जनता के बीच पहुंचेगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर 17 सितंबर से बीजेपी का सेवा एवं समर्पण अभियान शुरू होगा। आगामी 7 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में भाजपा के कार्यकर्ता गांव-गांव, घर-घर तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पहुंचकर संपर्क व संवाद करेंगे। सेवा कार्य करेंगे। मोर्चो व प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता भी इस अभियान में जुटेंगे। अभियान को सफल बनाने के लिए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह जी की अध्यक्षता में व्यापक कार्य योजना तैयार की गई है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों सहित पार्टी कार्यकर्ताओं का आवाहन किया है कि वह मोदी जी का जन्मदिवस पर शुरू हो रहे सेवा व समर्पण अभियान को सफल बनाने के लिए पूरे मनोयोग से जुटे। शुक्रवार से शुरू हो रहे भाजपा के सेवा एवं समर्पण अभियान के अंतर्गत 17 से 20 सितंबर तक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। चिकित्सा प्रकोष्ठ इसका समन्वय करेगा। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता रक्तदान शिविर आयोजित करेंगे जबकि अनुसूचित मोर्चा के कार्यकर्ता गरीब बस्तियों में फल व अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण कर सेवा कार्य करेंगे। पिछड़ा वर्ग के कार्यकर्ता अनाथालय व वृद्ध आश्रम मे जाकर फल वितरण व अन्य सेवा कार्य करेंगे। सेवा एवं समर्पण अभियान के अंतर्गत किसान मोर्चा द्वारा किसान सम्मान दिवस का आयोजन करते हुए 71 किसानों और 71 जवानों को सम्मानित किया जाएगा। कोरोना काल में सेवा कार्य करने वाली 71 महिलाओं को सम्मानित करने का कार्य महिला मोर्चा द्वारा किया जाएगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती 25 सितंबर की पूर्व संध्या पर 24 सितंबर को प्रदेश भर में बूथ पर पार्टी कार्यकर्ता कार्यक्रम आयोजित करेंगे। गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को प्रदेश में मंडल स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वच्छता के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे इसके अंतर्गत वृक्षारोपण नदियों तालाबों की सफाई प्लास्टिक मुक्त भारत की शपथ लेने के लिए कार्यक्रम आयोजित होंगे पार्टी द्वारा शुरू किए जा रहे सेवा व समर्पण अभियान के दौरान प्रदर्शनी, वैक्सीनेशन कैम्प सहित अन्य कई प्रकार के सेवा कार्य भाजपा के कार्यकर्ता करेंगे।

# 11 पीपीएस अफसरों का आईपीएस में प्रमोशन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रांतीय** पुलिस सेवा के वर्ष 1992 बैच के 11 अफसरों को प्रोन्नति प्रदान कर आईपीएस बना दिया गया है। बृहस्पतिवार को संघ लोक सेवा आयोग में हुई बैठक में इस पर मुहर लगी। बैठक में प्रदेश के मुख्य सचिव आरके तिवारी व अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी भी मौजूद रहे। प्रोन्नत होने वाले सभी अफसरों को आईपीएस में यूपी कैडर मिलेगा। इस तरह यूपी कैडर में आईपीएस के 11 अफ्सर और बढ़ गए हैं। आईपीएस कैडर में प्रोन्नत होने वालों में राजेश द्विवेदी, राजेश कुमार श्रीवास्तव, जय प्रकाश सिंह, दिनेश त्रिपाठी, त्रिभुवन सिंह, शशिकांत, राम सेवक गौतम, अजीत कुमार सिन्हा, अवधेश सिंह, पंकज कुमार पांडेय व डा श्रीप्रकाश द्विवेदी शामिल हैं। इसी बैच के एक अन्य पीपीएस अफसर का लिफाफा बंद रखा गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय से जल्द ही इसकी अधिसूचना जारी हो सकती है। प्रोन्नति आदेश जारी होने के बाद प्रदेश सरकार इन अफसरों का तबादला कर सकती है क्योंकि अभी ये सभी अफसर अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं।

# ढाई लाख से ज्यादा गांवों तक पहुंचा शुद्ध पीने का पानी

● पथरीले और कछारी इलाकों में मीलों दूर से पानी लाने की परेशानी हुई खत्म

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य** सरकार ने ढाई लाख से ज्यादा गांवों और बस्तियों को शुद्ध पेयजल पहुंचाने में सफर रही है। पीने के पानी के लिए वर्षों से संघर्ष कर रहे इन गांवों को अब अपने घर के पास ही पीने का साफ पानी मिल रहा है। नमामि गंगे ग्रामीण पेयजल आपूर्ति विभाग ने साढ़े 4 साल में प्रदेश भर में 2895361 हैण्डपम्प स्थापित कर 259739 ग्रामीण बस्तियों में पेयजल की समस्या को खत्म कर दिया है। इन इलाकों में प्रति व्यक्ति 40 लीटर के हिसाब से शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराया जा रहा है।

चार साल पहले तक बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष करने वाले ग्रामीणों के घर के पास ही सरकार पानी उपलब्ध करा रही है। नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने अभियान के तहत गांव-गांव रिकार्ड हैण्डपंपों की स्थापना कर शुद्ध पेयजल के सपने को साकार किया है। इन गांवों में बस्तियों की संख्या 259739 है। इन सभी बस्तियों में प्रति व्यक्ति 40 लीटर के हिसाब से हैण्डपम्पए पाइप योजना से पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। पानी की न्यूनतम आवश्यकता को देखते हुए योजना के तहत प्रदेश की जनता को बड़ा लाभ दिया गया है। प्रत्येक हैण्डपम्प से 10,000 लीटर प्रतिदिन उपलब्धता मानते हुये प्रति 250 पर एक इण्डिया मार्क-।। हैण्डपम्प अथवा 40 एलपीईडी लीटर्स पर कैपिटा पर डे के आधार पर पाइप पेयजल सप्लाई कर सामुदायिक रूप से प्रति 250 की जनसंख्या पर एक जल स्तम्भ पब्लिक स्टैंड पोस्ट का मानक निर्धारित किया गया।

# अखिलेश को अब्बा जान शब्द से नहीं होनी चाहिए चिढ़: सिद्धार्थ नाथ

## भाजपा अपने संस्कार और संस्कृति पर चलने वाली पार्टी

● जनता जनार्दन को सताकर अवैध कार्य करने वालों के खिलाफ चलता रहेगा बुलडोजर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राज्य** सरकार के प्रवक्ता और कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव पर करारा हमला किया है। उन्होंने कहा कि सपा समाज के एक वर्ग विशेष का हितैशी होने का दावा करती है हालांकि यह सफेद झूठ है। इसके बावजूद प्रेम, सौहार्द्र और भावनाओं को प्रदर्शित करने वाले शब्द अब्बा जान से चिढ़ यह साबित करती है कि सपा वर्ग विशेष को भी धोखा दे रही है। अगर ऐसा नहीं होता तो अखिलेश को अब्बा जान शब्द से चिढ़ नहीं होती। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव संस्कारों की बात कर रहे हैं लेकिन यह नहीं बता रहे हैं कि यह कौन से संस्कार हैं, अपने चाचा को धक्का मारकर बाहर का रास्ता दिखा दिया और खुद पार्टी की कुर्सी पर कब्जा जमा लिया। उनके अपने सगे छोटे भाई से कैसे संबंध हैं। यह भी जगजाहिर है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने संस्कार और संस्कृति पर चलने वाली पार्टी है। भाजपा सरकार में गुंडे, माफिया जेल में होते हैं न कि सपा और बसपा की सरकारों की तरह सरकार में। हमारे लिए जनता जनार्दन ही सब कुछ है और जो इन्हें सताकर अवैध कार्य करेगा तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही भी होगी और बुलडोजर भी चलेगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संन्यासी हैं, वह बिना किसी लोभए मद या तुष्टीकरण के जनता के हित में कार्य कर रहे हैं। समाज के हर वर्ग को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। अल्पसंख्यक वर्ग को पिछली सरकार की तुलना में योगी सरकार ने करीब दुगुना से अधिक लाभ पहुंचाया है। उन्हें भी समाज के मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है। योगी सरकार में हर गांव और जिले में विकास कार्य हो रहे हैं जबकि पिछली सरकारों में चार-पांच जिलों में ही विकास दिखाई देता था।

# एक आभाहीन पार्टी के शिखर पर बैठे शून्य जैसे हैं राहुल गांधी: सुरेश खन्ना

● पांव के नीचे जमीन नहीं, देख रहे आसमान का ख्वाब: संसदीय कार्य मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने राहुल गांधी के ट्वीट पर पलटवार करते हुए कहा है राहुलजी, रोजगार, ज्ञान और निडरता की लड़ाई जनता तक ले जाने का आपका संकल्प सराहनीय है। पर आप किस जनता की बात कर रहे हैं। कहां है आपका और आपकी पार्टी का जनाधार। आपके पांव के नीचे की जमीन न जाने कबकी खिसक चुकी है पर ख्वाब आप आसमान का देख रहे हैं। मालूम हो कि राहुल गांधी ने आज अपने ट्वीटर हैंडिल से लिखा है कि लक्ष्मी की शक्ति-रोज़गार, दुर्गा की शक्ति-निडरता, सरस्वती की शक्ति-ज्ञान। भाजपा जनता से यह शक्तियाँ छीनने में लगी है। हमारा संकल्प है कि ये शक्तियाँ जनता तक पहुँचाने की लड़ाई लड़ेंगे। इस पर पलटवार करते हुए गुरुवार को एक बयान में खन्ना ने कहा कि आपके पास तो लंबे समय तक अलादीन का खानदानी चिराग रहा है। पर इसका प्रयोग वर्षों तक सत्ता में रहने के दौरान आपने सिर्फ अपने कुनबे और अपने खास लोगों के हित के लिए किया। सत्ता में रहते हुए देश को चारागाह बना दिया। एक से एक घोटालों का कीर्तिमान बना डाला। बिना किसी जमीन के आप आसमान नापने का जो ख्वाब देख रहे वह अब कभी भी पूरा होने से रहा। कड़वा सच तो यह है कि अब आप एक आभाहीन पार्टी की नुमाइंदगी कर रहे हैं। शीर्ष पर बैठे शून्य की तरह।

# यूपी के 25 पीसीएस को आईएएस पद पर प्रोन्नति दिये जाने का रास्ता साफ

**लखनऊ।** संघ लोक सेवा आयोग की बैठक में यूपी के 25 पीसीएस अफसरों को आईएएस के पद पर पदोन्नति देने पर सहमति बनी। बैठक में कुल 30 अफसरों का प्रस्ताव रखा गया था लेकिन पांच पीसीएस अफसरों का मामला फंस गया। संघ लोक सेवा आयोग से अधिसूचना जारी होने के बाद राज्य सरकार पदोन्नति देने संबंधी आदेश अलग से जारी करेगी। वर्ष 1998, 1999 और 2000 बैच के पीसीएस अफसरों को पदोन्नति देने का प्रस्ताव संघ लोक सेवा आयोग में रखा गया। वर्ष 1998 बैच के अशोक कुमार, महेंद्र प्रसाद, गौरव वर्मा, रजनीश चंद्रा, वर्ष 1999 बैच के संजय चौहान, उदय सिंह, अरुण कुमार द्वितीय, संतोष कुमार शर्मा, हरिकेश चौरसिया, सुनील कुमार चौधरी, महेंद्र प्रताप सिंह, रवींद्र पाल सिंह, प्रभुनाथ, श्रीप्रकाश गुप्ता, पवन कुमार गंगवार, रमेश प्रकाश मिश्रा, नागेंद्र शर्मा, महेंद्र सिंह, मनोज कुमार राय और वर्ष 2000 बैच के कुमार विनीत, कामता प्रसाद सिंह, धनंजय शुक्ला, रमेश चंद्र, वंदना त्रिपाठी, राजेश कुमार प्रजापति, मंजू लता, आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व कपिल सिंह के नामों पर चर्चा हुई। जिनमे से 25 पीसीएम अफसरों को आईएएस पर प्रोन्नति दिये जाने पर सहमति बनी। बैठक में पांच पीसीएस अफसरों भीष्म लाल वर्मा, घनश्याम सिंह, हरीश चंद्र, श्रीप्रकाश गुप्ता व प्रभु नाथ के मामले में पेंच फंस गया है। कुछ की आयु सीमा अधिक हो गई है तो कुछ की जांच चल रही है। इसके चलते इन पांच पीसीएस अफसरों का मामला लटक गया है।

# सेवा और समर्पण अभियान में लगेगा अनूठा नव भारत मेला

**लखनऊ।** बीजेपी युवा मोर्चा पीएम मोदी के जन्मदिवस पर प्रदेश भर में 17 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक सेवा और सर्मपण अभियान का आयोजन करने जा रहा है। भाजयुमों प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी ने कहा कि यह 20 दिवसीय सेवा और सर्मपण अभियान के दौरान युवा मोर्चा की प्रत्येक जिला ईकाई पिछले 7 वर्षो में मोदी सरकार के काम का प्रचार करते हुए एक अनूठे नव भारत मेले का आयोजन करेगी। इसके अतिरिक्त इस 20 दिवसीय अभियान में स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं भी शामिल की जाएगी। इस बार सेवा सप्ताह आयोजन को मोदी जी के सार्वजनिक कार्यकाल के दो दशक-गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर 13 वर्ष और भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर 7 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजन की अवधि को 20 दिनों तक बढ़ाया गया है। 75 वें वर्ष को राष्ट्रीय समारोह के तौर पर युवा मोर्चा कार्यकर्ता आजादी का अमृत महोत्सव मनाएंगे, जिसमें युवाओं को अपने-अपने जिलों में स्वतंत्रता आंदोलन से संबंधित स्थलों का दौरा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा और 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल जी की जंयती के उपलक्ष्य में युवा मोर्चा अंत्योदय के सिंद्धांत को लेकर गरीबों और वंचितों की सेवा के लिए मोदी सरकार द्वारा की गई पहल के माध्यम से युवा मोर्चा कार्यकर्ता पंडित दीन दयाल जी की जयंती मनाएंगे।

# यूपी सहित कई राज्यों में मानव रक्त की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

● 100 यूनिट ब्लड व विभिन्न ब्लड बैंकों के फर्जी प्रप्त्र बरामद

## एसटीएफ ने गिरोह के सरगना डॉक्टर को एक साथी सहित लखनऊ से किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एसटीएफ** ने पंजाब, राजस्थान, हरियाणा आदि राज्यों से मानव रक्त की तस्करी व मिलावट कर लखनऊ एवं आस-पास के जनपदों में विभिन्न हास्पिटल, ब्लड बैंक आदि में बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के सरगना एक डॉक्टर को उसके साथी लखनऊ से गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 100 यूनिट ब्लड व विभिन्न ब्लड बैंकों के फर्जी प्रपत्र बरामद हुए हैं।

एसटीएफ को सूचना मिली की बड़े पैमाने पर ब्लड तस्करी करके राजस्थान, पंजाब, हरियाणा से लाकर लखनऊ स्थित ब्लड बैंको व हास्पिटलों में सप्लाई किया जा रहा है। गिरोह के सदस्य बुधवार को भी इसी सिलसिले में आने वाले हैं। इस सूचना पर एसटीएफ की टीम गठित कर स्थानीय ड्रग निरीक्षक की टीम को साथ लेकर मुखबिर के बताये स्थान लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे स्थित प्रारम्भ टोल प्लाजा पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। इन्तजार करने लगे कि कुछ ही देर में सिल्वर कलर की इको स्पोर्ट कार आती हुयी दिखायी दी। टोल प्लाजा बैरियर से लगभग सौ मीटर आगे आगरा जाने की ओर गाड़ी को रोक लिया गया व चालक सीट पर बैठे व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम अभय सिंह बताया। टीम द्वारा तलाशी के लिए कहे जाने पर वह सकपकाया तथा गाड़ी के बूटस्पेश खोले जाने पर उसमें गत्ते मे रखे हुए ब्लड के पैकेट मिले। जिसके बारे मे पुछे जाने पर उसने बताया कि मैं इटावा स्थित सैफई मेडिकल कालेज में सहायक प्रोफेसर के पद पर नियुक्त हूं। मेरे द्वारा वर्ष 2000 में केजीएमयू लखनऊ से एमबीबीएसए वर्ष 2007 में पीजीआई लखनऊ से एमडी ट्रान्सफ्यूजन मेडिसन का कोर्स किया गया है। जिसके बाद से मैं वर्ष 2010 से ओपी चौधरी ब्लड बैंक में एमओआईसी के पद पर नियुक्त रहा। वर्ष 2014 में मैने चरक हास्पिटल लखनऊ में सलाहकार के पद पर व वर्ष 2015 में नैती हास्पिटल मथुरा में सलाहकार के पद पर कार्य किया। इसके साथ ही मैनपुरी व अमेठी स्थित जगदीशपुर में सलाहकार के पद पर जुडने के लिए आवेदन किया है। आरोपी द्वारा अपने बारे में दी गयी उपरोक्त जानकारी का सत्यापन कराया जा रहा है। आगे पूछने पर आरोपी द्वारा बताया गया कि मेरे द्वारा राजस्थान, हरियाणा, पंजाब आदि स्थानों से डोनेट किये हुए ब्लड को एकत्र करके सप्लाई के लिए लाया जाता है। मौके पर कुल 45 यूनिट ब्लड के पैकेट गत्ते में रखे हुए प्राप्त हुए। जिनके सम्बन्ध मे वैधानिक प्रपत्र उपलब्ध कराये जाने के लिए कहे जाने पर प्रपत्र प्रस्तुत किये गए जिन्हे मौके पर उपस्थित औषधि निरीक्षकों की टीम द्वारा उसे अपूर्ण पाया गया। जिस पर पूछने पर बताया कि मैं वैध रुप से ब्लड लाता हूं। इससे सम्बन्धित कुछ जरूरी कागज इस समय मेरे पास नहीं है। यदि आप मुझे समय दे तो उन्हें मैं आपको लाकर दिखा सकता हूँ । यह कहने पर उपस्थित टीम के सभी सदस्यों को यह विश्वास हुआ कि प्रपत्र लेकर यह पुन: तलब नहीं होगा। इस विश्वास पर टीम के सभी सदस्यों ने एक मत से उसके साथ ही पूर्ण प्रपत्र की उदेश्य उसके बताये हुये स्थान गोत्री आपार्टमेन्ट अवध बिहार योजना लखनऊ पहुंचे। टीम के सभी सदस्य उसे साथ लेकर उक्त आवास पहुचे जहां पर अभय सिंह द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का गहनता से परीक्षण, जांच की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

# सरकार बनी तो हर परिवार को 300 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी: मनीष सिसोदिया

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी आप ने उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में सरकार बनने पर सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने और 38 लाख परिवारों पर बकाया बिजली का बिल माफ करने का ऐलान किया है। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बृहस्पतिवार को लखनऊ में पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में सत्ता में आने पर आम आदमी पार्टी की सरकार राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देगी। इसके अलावा सरकार छोटी-बड़ी सभी तरह की जोत वाले किसानों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराएगी। सिसोदिया ने कहा कि यूपी में बिजली बन रही है फिर भी सरकार बिजली नहीं दे पा रही है। बकाया बिल न चुका पाने वाले उपभोक्ता अपराधी नहीं बल्कि मनमानी वसूली में जुटी सरकार इसके लिए दोषी है। सिसोदिया ने कहा कि यूपी की जनता महंगी बिजली से बहुत दु:खी है। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में बेहतर काम किया है। दिल्ली में आज बिजली के बिल जीरो आ रहे हैं। यूपी की जनता से निवेदन है और पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की ओर से उत्तर प्रदेश वासियों के लिए एलान भी है कि आम आदमी पार्टी को वोट देकर सरकार बनवाएं।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

'नरेन्द्र नाथ तिरखा पुत्र स्व0 अमर नाथ तिरखा भवन सं0–439 ई0डब्लू0एस0 सिंगल स्टोरी बर्रा–2 कानपुर नगर की भवन स्वामी थे सम्पत्ति का मूल आवंटन–पत्र व कब्जा–पत्र रास्ते में गिर गया है जिसका आवंटन–पत्र सं0–188/डी0भू दिनांकित 09.09.1982 हैं जिसका प्रयोग अवैध हैं।'

आवश्यकता है

आवश्यकता है

पं0 दीनदयाल उपाध्याय ग्रामोदय पी0जी0 कालेज, बादलपुर, डिडिसिया कला, बेलसर, गोण्डा में निम्न विषयों में एक–एक प्रवक्ता की आवश्यकता है।

कला संकाय : सैन्य विज्ञान, मनोविज्ञान, भूगोल।

विज्ञान संकाय (बीएससी) : भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित।

परास्नातक संकाय : हिंदी, समाज शास्त्र, गृहविज्ञान।

अभ्यर्थी एक सप्ताह के अंतर्गत रजिस्टर्ड डाक से आवेदन करें। वेतन/योग्यता/ मानक डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के परिनियमावली अनुसार लागू होगी।

राम गनेश तिवारी (प्रबंधक) मो0–9450517884

डॉ0 राजीव कुमार सिंह (प्राचार्य) मो0–9115059071

# अपराधों पर एनसीआरबी के आंकड़ों ने खोली योगी सरकार की पोल: लल्लू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के ताज़ा आंकड़े को लेकर राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि एनसीआरबी के ताज़ा आंकड़े बताते हैं कि हत्या व अपराध के मामले में यूपी लगातार नम्बर एक पायदान पर विराजमान है। आखिर इसके लिए कौन जिम्मेदार है? कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दो दिन पहले अलीगढ़ में पीएम मोदी ने क़ानून व्यवस्था को लेकर योगी सरकार जो ढोल पीटा थाए एनसीआरबी के आंकड़ों ने उस ढोल की पोल खोल दी है।

मुख्यमंत्री पर सीधा हमला बोलते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एनसीआरबी के रिकॉर्ड से यूपी की जो भयावह तस्वीर सामने आयी है उसका सामना करने का साहस योगी आदित्यनाथ में नहीं है। योगी सरकार, निर्लज्जता की सारी सीमाएं तोड़ते हुए जनता से इकट्ठा किये गये टैक्स का इस्तेमाल असली आंकड़ों को छिपाने और झूठ पर आधारित विज्ञापनों के रिकॉर्डतोड़ प्रचार में कर रही है। अजय कुमार लल्लू ने कहा कि यूपी में अपराधियों की समानांतर सरकार चल रही है। इससे पहले विधानसभा और विधानपरिषद में उठे सवालों पर सरकार की तरफ से आये जवाबों ने भी साबित कर दिया था कि योगी राज में उत्तर प्रदेश, अपराध प्रदेश में बदल गया है। एनसीआरबी के आँकड़ों ने इस पर मुहर लगा दी है और योगी सरकार के झूठ की पोल खुल गयी है। लल्लू ने कहा कि उत्तर प्रदेश में महिलाओं के साथ प्रति घंटा के औसत से सात आपराधिक घटनाएं हो रही हैं प्रतिदिन आठ बलात्कार, बच्चियों के साथ प्रतिदिन 55 अपराध और यौन शोषण के साथ, साथ दलित समुदाय के साथ 32 आपराधिक घटनाएं होती हैं। भाजपा के इस जंगल राज में लगभग 20 साधुओं व मंदिरों के पुजारियों की हत्या हो चुकी है। सत्ता संरक्षण में बिकती जहरीली शराब के सेवन से 500 से अधिक व्यक्तियों की मौत भी हुई है। यही नहीं लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ पत्रकारिता से जुड़े पत्रकारों पर एक वर्ष में 93 जानलेवा हमले हुए हैं। कई पत्रकारों की हत्या भी हुई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि एनसीआरबी के दिल दहला देने वाले आंकड़े बताते हैं कि 2020 में लॉकडाउन और कोरोना महामारी के बावजूद दुष्कर्म के मामलों में विशेष अंतर नही आया। अपराधियों के हौसले कम होने के नाम नही ले रहे। एनसीआरबी के मुताबिक 2020 में 28046 दुष्कर्म के मामले दर्ज हुए इन पीड़ितों में 25498 वयस्क जबकि 2655 पीड़ित 18 साल से कम उम्र की थी।

# यूपी में महिलाओं व बच्चों से संबंधित अपराधों में आई भारी कमी:प्रशांत कुमार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● क्राइम रेट के लिहाज से सभी राज्यों व केन्द्र शसित प्रदेशों में यूपी 16 वें स्थान पर

**राष्ट्रीय** अपराध अभिलेख व्यूरो द्वारा प्रकाशित अपराध सम्बन्धी वर्ष 2020 की रिपोर्ट को आधार बनाकर विपक्षी राजनीतिक दलों द्वारा राज्य सरकार पर अपराध और कानून व्यवस्था को लेकर लगाए जा रहे हैं आरोपों के बीच यूपी पुलिस ने अपराधों में कमी का दावा किया है। एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार का कहना है कि एनसीआरबी की रिपोर्ट का तुलनात्मक अध्ययन किया जाए तो महिला सम्बन्धी अपराधों बलात्कार, शीलभंग, दहेज हत्या, एसिड अटैक में देश के नेशनल क्राइम रेट 56.5 के सापेक्ष प्रदेश में क्राइम रेट 45.1 है एवं समस्त राज्यों एवं केन्द्र शसित प्रदेशों में उत्तर प्रदेश 16 वें स्थान पर है। बलात्कार में वर्ष 2019 के सापेक्ष वर्ष 2020 में 9.7 प्रतिशत की कमी आयी है। वर्ष 2013 के सापेक्ष 9.2 प्रतिशत की कमी आयी है। शीलभंग के प्रकरणों में राष्ट्रीय क्राइम रेट के सापेक्ष उप्र में रेट 9 है एवं वर्ष 2019 के सापेक्ष वर्ष 2020 में 17.7 प्रतिशत की कमी आयी है। महिला उत्पीड़न के प्रकरणों में वर्ष 2019 के सापेक्ष वर्ष 2020 में 21 प्रतिशत की कमी आयी है। वर्ष 2013 के सापेक्ष 64.6 प्रतिशत की कमी आयी है। दहेज मृत्यु के प्रकरणों में भी 2019 के सापेक्ष 5.6 प्रतिशत की कमी आयी है। 2013 के सापेक्ष में 2.6 प्रतिशत की कमी आयी है। एसिड अटैक के प्रकरणों में भी उत्तर प्रदेश का देश भर में 36 वां स्थान है।

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेश में समस्त अपराधों में और विशेषतया महिला सम्बन्धी अपराधों में शत . प्रतिशत अपराधों का पंजीकरण किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर छोटी से छोटी शिकायतों का संज्ञान लेकर एफआईआर पंजीकृत की जा रही है। अक्टूबर 2020 से मुख्यमंत्री द्वारा प्रारम्भ किये गये मिशन शक्ति के अभियान के अन्तर्गत गांव-गांव में पुलिस टीमों के द्वारा स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से आफ्लाईन एवं आनलाईन माध्यमों के जरिये महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है और उन्हें प्रत्येक दशा में अपराध रिपोर्ट करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बच्चों के विरूद्ध अपराधों में भी नेशनल क्राइम रेट 28.9 के सापेक्ष प्रदेश में अपराध की दर 17.9 है और देश में प्रदेश 29 वें स्थान पर है। पाक्सो अधिनियम के प्रकरणों में राष्ट्रीय क्राइम रेट 10.6 के सापेक्ष प्रदेश का क्राइम रेट 8.1 है। देश में प्रदेश का 24 वां स्थान है। 2019 के सापेक्ष 2020 में पाक्सो एक्ट के अभियोगों में 11.6 प्रतिशत की कमी आयी है। हत्या में नेशनल क्राइम रेट 2.2 के सापेक्ष प्रदेश का क्राइम रेट 1.7 है और देश में प्रदेश 22 वें स्थान पर है। 2019 के सापेक्ष 2020 में हत्या के अपराध में 0.7 प्रतिशत की कमी आयी है। 2013 के सापेक्ष 25.1 प्रतिशत की कमी आयी है। लूट के अपराधों में नेशनल क्राइम रेट 1.8 के सापेक्ष प्रदेश में क्राइम रेट 0.7 है और देश में प्रदेश 23 वें स्थान पर है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582


विभूति खंड गोमती नगर पुल के नीचे बारिश के कारण पेड़ गिरने से कार हुई क्षतिग्रस्त


चारबाग के सामने भारी बारिश से भरा पानी


मवैया पुल के नीचे जलभराव में फसी परिवहन निगम की बसें


पुराने लखनऊ में झमाझम बारिश के बीच गुजरते वाहन

# मूसलाधार बारिश से धंसीं सड़कें, गिरे पेड़

## स्कूलों, आफिसों में भरा पानी, पंपिंग स्टेशन से जलभराव खत्म करने में जुटे अधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मूसलाधार** बारिश से राजधानी के गोमतीनगर, हजरतगंज का इलाका टापू बन गया। सड़कें नदी नाले की तरह बहने लगीं। लोगों के घरों में कहीं कमर तक पानी भर गया तो कहीं घुटनों तक। घर गृहस्थी के सामान डूब गए। लोग जैसे तैसे उन्हें समेटते हुए दिखाई दिए। स्कूलों और आफिसों में पानी अंदर तक पहुंच गया। यही नहीं शहर के दो लाख से ज्यादा घरों में पानी भर गया। जल भराव से लोग परेशान दिखे। कानपुर रोड पर बिजली के तारों पर पेड़ गिर गया जिससे तार टूट गया। वहीं इनसे राहत पाने के लिए नगर निगम और जिला प्रशासन के कंट्रोल रूम में शिकायतों का तांता लग गया। लगातार हो रही बारिश के चलते गुरुवार को लखनऊ के कई इलाकों में हालात खराब हो गए हैं। गोमतीनगर, इंदिरानगर, अलीगंज में लेंगो के घरों में पानी पहुंच गया। इन सड़कों पर पाानी भरा रहा, तो लोगों का निकलना मुश्किल हो गया। सदर के लखनऊ मांटेसरी में पानी भरने से सिर पर बैग लेकर भागते रहे।

### मोहिबुल्लापुर में दो बच्चों की डूबने से हुई मौत

मड़ियांव थाना क्षेत्र के मोहिबुल्लापुर स्टेशन के पास गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों सुबह 11 बजे से ही गायब थे। मिली जानकारी के अनुसार दोनों बारिश में खेलते हुए पास के खाली प्लॉट में पहुंच गए। यहां कंस्ट्रक्शन के लिए गड्ढा खोदा गया था जिसमें बारिश के चलते पानी भर गया। इसी गड्ढे में डूबने से दोनों बच्चों की मौत हो गई। पानी में शव उफनाने के बाद लोगों की नजर पड़ी तो पुलिस की मदद से उसे बाहर निकाला गया। एक बच्चे की उम्र 10 और दूसरे की 11 साल है। वहीं अलीगंज थाने के निकट बिजली के खंभे में करंट की चपेट में आने से आठ वर्षीय के बच्चे की मौत हो गई। पूरे शहर में सड़कों से लेकर घरों तक में पानी भर गया है। पहली बार लखनऊ पुलिस ने बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। कमिश्नर की ओर से जारी अलर्ट में लोगों से घरों में ही रहने की अपील की गई है। कहा गया है कि जरूरी हो तभी लोग अपने घरों से बाहर निकलें। बिजली के खंभों और तार से बचने की सलाह दी गई है। एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड, आशियाना, आलमबाग के अकेले 50000 से ज्यादा घरों में पानी भर गया। शक्तिनगर, बालू अड्डा, फैजुल्लागंज, तेलीबाग सहित 400 से ज्यादा मोहल्ले पानी से डूब गए। लोगों ने इससे पहले इतना जलभराव कभी नहीं होने की बात कही। जलभराव से नाराज लोगों ने कई जगहों पर नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की। फैजाबाद रोड जाम कर दिया।

### 20 वर्षों में कभी नहीं दिखा ऐसा जलभराव

राजधानी में जलभराव की ऐसी भयावह स्थिति पिछले 20 वर्षों में कभी देखने को नहीं मिली थी। जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया। लोग अपने घरों में कैद हो गए। जो लोग घरों से निकले थे उनकी गाड़ियां रास्ते में फंस गईं, कुछ तो पानी में डूब गई। लोग रास्ते में गाड़ियां छोड़ कर वापस लौटे। जानकीपुरम से लेकर कानपुर रोड, गोमती नगर विस्तार से लेकर पुराने लखनऊ तक चारों तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा था। लोगों के घरों तक में पानी भरा था। सामान तैर रहा था। नगर निगम की भीषण लापरवाही से शहर की यह हालत हुई। जलभराव से मुख्यमंत्री आवास भी नहीं बच सका। यहां भी पानी भर गया। खुद नगर निगम का दफ्तर भी जलभराव से नहीं बच सका। पूरा कार्यालय पानी में डूब गया। जिसकी वजह से कामकाज में काफी दिक्कतें हुई। ट्रांसपोर्ट नगर आरटीओ कार्यालय के अंदर भी पानी भर गया। जिससे यहां के सभी काउंटर बंद कर दिए गए। कामकाज ठप हो गया। हजरतगंज का वीआईपी इलाका हो या गोमती नगर व गोमती नगर विस्तारए विभूति खंड हाईकोर्ट के आसपास का इलाका सभी जगह लोगों के घरों में पानी भर गया। केवल शक्ति नगर में ही सैकड़ों घरों में पानी भर गया।

### कई जगह गिरे पेड़, गाड़ियां दबी, सड़कें धंसी

बारिश से शहर के कई इलाकों में पेड़ गिर गए। इसके नीचे तमाम गाड़ियां दब गई। नरही में वन विभाग ऑफिस के पास ही भारी-भरकम पेड़ गिर गया जिससे कई गाड़ियां नीचे दब गयीं। हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। इसी तरह सिकंदरबाग चौराहे के पास भी एक पेड़ गिर गया। जिससे गाड़ियां दब गईं। कानपुर रोड पर माता जी की बगिया के पास बिजली के तारों पर पेड़ गिर गया। तार टूट गया। यातायात प्रभावित हो गया। नगर निगम मुख्यालय के सामने ही सड़क धंस गई। जिसकी वजह से कार फंस गई। प्रेस क्लब के सामने भी सड़क धंस गई। इसमें एक गाड़ी फंस गई। गाड़ी का अगला हिस्सा गड्ढे में चला गया और पीछे के दोनों टायर खड़े हो गए। रातभर बारिश के कारण शहर के कई क्षेत्रों में जलभराव हो गया है। नगर आयुक्त अजय द्विवेदी ने कहा कि इसको देखते हुए शहर के सभी 48 बाढ़ पम्पिंग स्टेशन को चालू कर दिया गया है। कुकरैल में बेकफ्लो होने के चलते सिंचाई विभाग की मदद से गोमती बैराज का गेट खुलवा दिया गया है ताकि तुरंत पानी निकल सके। कई इलाकों में पम्पसेट लगाकर पानी निकाला जा रहा है।

### बाढ़ पंपिंग स्टेशनों पर न कर्मचारी थे न डीजल

**लखनऊ।** एक दिन की बारिश ने ही नगर निगम की लापरवाही की पोल खोल दी। इसकी वजह से गुरुवार को शहर पानी में डूब गया। स्थिति यह थी कि बाढ़ पंपिंग स्टेशनों पर पंप चलाने के लिए डीजल तक नहीं था। कानपुर रोड का सीवेज पंपिंग स्टेशन चलाने के लिए कोई इंतजाम ही नहीं था। दोपहर बाद जेनरेटर पहुंचा तब पम्प चल पाया। बाढ़ पंपिंग स्टेशनों पर कर्मचारी भी नदारद थे। नगर निगम अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा शहर की जनता को भुगतना पड़ रहा है। निगम के अधिकारियों ने शहर के नालों की सफाई के नाम पर करोड़ों फूंक दिए लेकिन सत्र की पहली सबसे तेज बारिश ने उनके दावों की पोल खोल दी। स्थिति यह हुई कि शहर के ज्यादातर इलाके टापू बन गए। दोपहर एक बजते-बजते सड़कें नदियों की तरह बहती हुई दिखाई देने लगीं। शहर को बाढ़ से बचाने तथा पंप कर गोमती नदी में गिराने के लिए कुल 48 बाढ़ पंपिंग स्टेशन बनाए हैं। इन्हें हमेशा अलर्ट पर रहना होता है। खासकर बारिश के दिनों में। लेकिन नगर निगम के अधिकारी पूरी तरह गफलत में थे। उन्हें लगा कि बारिश जा चुकी है। इसी वजह से रात में बारिश शुरू होने पर यहां न कोई कर्मचारी मौजूद था और न अधिकारी।

### पीने के पानी को तरसे लोग

**सरोजनीनगर।** सरोजीनगर क्षेत्र में आने वाले नादरगंज क्षेत्र की तकरीबन एक दर्जन कालोनियां व गहरू विद्युत उपकेन्द्र के तकरीबन आधा सैकड़ा गांव बीते दस घंटे से अंधेरे में है। उपभोक्ताओं का फोन लाइनमैन और एसडीओ ने नही उठाया। विद्युत विभाग के लापरवाह कर्मचारियों एवं अधिकारियों की उदासीनता के चलते विद्युत उपभोक्ता पीने के पानी के लिए तरस गये। बुधवार की देररात से गुल हुई बत्ती गुरूवार की शाम तक बहाल नही हो सकी। नादरगंज विद्युत उपकेन्द्र की अवध विहार, बदालीखेड़ा, मकदूमनगर, देवलोक कालोनी, दुर्गापुरी, गौरी बाजार व गांव तथा गहरू पावर हाउस के नटकुर, चन्द्रावल, लक्ष्मनखेड़ा सहित तकरीबन आधा सैकड़ा गांव की बिजली ठप हो गई। बुधवार की पूरी रात व गुरूवार की दोपहर तक बिजली नही आई तो विद्युत उपभोक्ताओं ने पावर हाउस व लाइनमैन को फोन मिलाया तो उनका फोन नहीं उठा।

## अलर्टः जरूरी काम हो तभी निकलें घर से बाहर

### डीएम ने अफसरों को फील्ड पर निकलने के दिए निर्देश

**लखनऊ।** भारी बारिश के चलते राजधानी में हाई अलर्ट कर दिया गया है। प्रशासन ने लगातार हो रही बारिश और जलभराव को देखते हुए लोगों को घरों में रहने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने लोगों से अपील की है कि आवश्यक काम पर घरों से बाहर निकलें। अफसरों को राहत कार्यो में जुट जाने को कहा गया है। बुधवार रात से जारी बारिश गुरुवार तक जारी है। तमाम इलाकों में जलभराव और सड़कों के बंद होने से यातायात पूरी तरह बाधित है। कई जगहों पर पेड़ गिरे हैं तो कहीं सड़कें धंस गईं हैं। इससे बड़े हादसे का भी अंदेशा है। कई जगह पोल भी गिरे हैं। इसे लोग घरों में रहें और सुरक्षित रहें। डीएम अभिषेक प्रकाश ने एडवाइजरी जारी कर लोगों से बिजली के खंभों और तारों से दूर रहने को कहा है। नालों और खुले मेनहोल के आसपास सावधानी बरतने को कहा है। प्रशासन ने अपील की है कि अगर आपदा में स्मार्ट सिटी स्थिति कमांड सेंटर पर फोन कर मदद ले सकते हैं। वहीं हालात खराब होते देख डीएम अभिषेक प्रकाश प्रभावित इलाकों का जायजा लेने निकलें। डीएम ने कहा जलभराव और रास्ते में गिरे पेड़ों की सूचना के लिए नगर निगम कंट्रोल रूम नम्बर 389300137, 6389300138, 6389300139 पर बिजली ब्रेकडाउन के लिए हेल्पलाइन नम्बर 1912 तथा अन्य किसी समस्या के लिए इंट्रीग्रेटेड कंट्रोल कमाण्ड सेंटर के नम्बर 0522-4523000 पर समस्या दर्ज कराएं।

## बारिश ने हवाई सेवाओं का संचालन बिगाड़ा, एक उड़ान रद

### तीन उड़ानों को किया गया डार्यवर्ट, अधिकतर उड़ाने हुई लेट

**सरोजनीनगर,** लखनऊ। राजधानी में बुधवार रात से तेज हो रही तेज बारिश ने जहां पूरा जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया वहीं इसका असर हवाई सेवाओं पर भी पड़ा। राजधानी चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर आने वाली एक अन्तर्राष्ट्रीय सहित तीन उड़ान को दिल्ली के लिए डार्यवर्ट कर दिया गया जबकि एक अन्तर्राष्ट्रीय उड़ान के विमान को तकरीबन आधे घंटे तक आसमान में चक्कर काटने के बाद उसे रनवे पर उतारा जा सका।

अन्य उड़ानों को करीब पांच घंटे बाद लखनऊ के मौसम में कुछ सुधार होने पर उतारा जा सका। इसके अलावां अधिकतर उड़ाने घंटों लेट रही रही। जिसके चलते यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करने को मजबूर होना पड़ा। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक दुबई से आने वाली फ्लाई दुबई एयरलाइंस की एफजेड-433 उड़ान सुबह 06:55 बजे चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट आती है। गुरूवार की सुबह 07:51 बजे यहां पहुंची लेकिन बारिश होने के चलते इसे लैडिंग की अनुमति नही मिली। इसी तरह अहमदाबाद से आने वाली गो एयर की उड़ान और मुंबई से आने वाली एयर इण्डिया की उड़ान साढे दस बजे यहां पहुंचने वाली उड़ान सहित तीनों उड़ानों को तेज बारिश के चलते दिल्ली के लिए डायवर्ट कर दिया गया। इसके बाद शारजहां से आने वाले इण्डिगो की उड़ान तकरीबन डेढ घंटे की देरी से यहां करीब सवा नौ बजे पहुंची लेकिन बरसात के चलते उसे आसमान के कई चक्कर काटने के बाद करीब सवा घंटे बाद सुबह 9:20 बजे चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर उतरने की अनुमति मिली। मौसम खराब होने के चलते चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से आने जाने वाले का करीब आधा दर्जन विमान एक से लेकर ती घंटे तक विलंब रहे। विमान के लेटलतीफी के चलते हवाई यात्रा को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वही विमानों की उड़ान ना जाने की वजह से एयरपोर्ट बिल्डिंग पर यात्रियों की काफी भीड़ नजर रही।

## बारिश से पानी-पानी हुए सरकारी अस्पताल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लखनऊ** में बुधवार रात्रि से लगातार हो रही बारिश की वजह से गुरुवार को सरकारी अस्पताल पानी-पानी हो गए। स्थिति यह रही कि बारिश के चलते इमरजेंसी के तौर पर महज 20 फीसद मरीज ही अस्पताल पहुंचे। अस्पताल पहुचने के बाद पानी से लबालब भरे अस्पताल परिसर में उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी तक मे पानी घुस गया। भारी बारिश के चलते जलभराव के कारण सरकारी अस्पतालों की हालत बद से बदतर हो गयी है जिसके चलते मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोहिया, बलरामपुर, सिविल, लोकबन्धु जैसे कई अस्पताल परिसर पानी से लबालब दिखे। लोहिया अस्पताल के वार्ड में सेंट्रल एसी से पानी टपकने के चलते तीमारदार अपने मरीज को छाते से कवर करते दिखे। पार्क रोड पर स्थित सिविल अस्पताल का परिसर पूरी तरह से जलमग्न दिखा।

## एयरपोर्ट परिसर बना तालाब हवाई यात्री हुए परेशान



**सरोजनीनगर, लखनऊ।** बुधवार रात से शुरू हुई तेज बारिश से चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट परिसर भी जलभराव की भयंकर चपेट में आ गया। वीआईपी क्षेत्र में भीषण जलभराव हो जाने के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। एयरपोर्ट बिल्डिंग के सामने सड़क जलमग्न हो जाने से गुरुवार को यहां टैक्सी चालकों की खूब चांदी रही। उन्होंने जलमग्न सड़क पार कराने के एवज में यात्रियों से अपनी मनमर्जी के हिसाब से रकम वसूली। बाद में पंपिंग सेट के जरिए पानी निकालने की व्यवस्था की गई जिसके बाद कई पंपिंग सेटों से शाम तक पानी निकला जा रहा था। बुधवार रात से शुरू हुई तेज बारिश से अमौसी एयरपोर्ट स्थित वीआईपी रोड पर मौजूद पार्किंग बैरियर के आगे भीषण जलभराव हो गया। जिससे एयरपोर्ट परिसर में मौजूद सड़कें जलमग्न हो गईं। यही हाल पार्किंग बैरियर से एयरपोर्ट के अंदर अति विशिष्ठ लोगों के आने-जाने वाली रोड का भी रहा जबकि एयरपोर्ट कमर्शियल रोड पर गोल चौराहे के पास भी सड़क पूरी तरह पानी में डूब गई।

## भारी बारिश के बीच महापौर निकलीं शहर का हाल जानने



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**दिन** भर हुई भारी बारिश के बीच महापौर ने शहर के विभिन्न कोनों में पहुँचकर हालात का जायजा लिया। महापौर द्वारा आशियाना, गीतापल्ली में जलभराव के जलनिकासी की व्यवस्था अपने-सामने कराई गई।

गुरुवार को सुबह से महापौर संयुक्ता भाटिया के फोन पर लोगो के फोन आने शुरू हो गए कि उनके यहाँ जलभराव हो गया है। घरों में पानी भर गया है। भारी बारिश के बीच महापौर ने शहर के सभी 8 जोनो, विभिन्न पम्पिंग स्टेशनों, नालों और जलभराव वाले स्थलों पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। संबंधित ज़ोनल अधिकारी और अभियंताओं को जलनिकासी दुरुस्त कराने के लिए निर्देशित किया। साथ ही कई स्थानों पर स्वयं खड़े होकर जलनिकासी कराई। महापौर जोन 8 के आशियाना स्थित सेक्टर-एच में पहुंची जहां अत्याधिक जलभराव हो गया था और सीवर का पानी घरों में घुस गया था महापौर ने तत्काल जोनल अधिकारी को पम्प लगाकर पानी निकलवाने के लिए निर्देशित किया। सुजानपुर, गीतापल्ली, पटेल नगर में अत्याधिक जलभराव स्थलों पर पहुंच कर अधिकारियों संग पंप लगवाकर पानी निकलवाने की व्यवस्था कराई। वहीं जोन 3 में जलभराव की शिकायत मिली कि नालों का पानी घरों में आ गया है और सड़क पर भी अत्यधिक जलभराव हो गया था जिसपर महापौर ने तत्काल अवर अभियंता को पंप लगाकर जल निकासी दुरुस्त कराने के लिए निर्देशित किया। इसी बीच सूचना मिली कि प्रेस क्लब के पास सड़क धस गयी है जिसको देखने महापौर मौके पर पहुंची और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं जोन एक स्थित हैदर कैनाल भी खतरे के निशान से ऊपर बह रहा हैए जिसके लिए महापौर ने पहुंचकर संबन्धित अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

## गोल्डन टी सेंटर में लगी भीषण आग लाखों का हुआ नुकसान

### दमकल की तीन गाड़ियों ने मौके पर पहुँच कर पाया आग पर काबू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राजधानी** के चौक थाना क्षेत्र अंतर्गत अकबरी गेट के पास प्रतिष्ठित गोल्डन टी सेंटर में गुरुवार की सुबह उस समय भीषण आग लग गई जब पूरे शहर में झमाझम बारिश हो रही थी और मलिन बस्तियों में लबालब पानी भरा हुआ था। गोल्डन टी सेंटर में आग लगने के बाद वहां रखी लाखों रुपए कीमत की चाय की पत्ती जलकर राख हो गई। बारिश के बीच गोल्डन टी सेंटर में लगी आग की सूचना पाकर चौक पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग को बुझा दिया। अकबरी गेट के पास स्थित गोल्डन टी सेंटर विक्टोरिया स्ट्रीट चौक के रहने वाले मिर्जा महमूद हुसैन का है। बताया जा रहा है कि आग सुबह करीब 8 बजे उस समय लगी जब दुकान बंद थी। लोगों ने दुकान से धुआं उठता देख पुलिस को सूचना दी पुलिस के अनुसार आग लगने का कारण बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट होना हो सकता है अभी स्पष्ट तौर से यह तो पता नहीं चल सका है कि आग लगने से कितना नुकसान हुआ है लेकिन अंदाजा यहीं लगाया जा रहा है कि दुकान में रखी लाखों रुपए की चाय की पत्ती व अन्य सामान जलकर राख हुआ है।

## किसान के घर पड़ी डकैती में लगी पुलिस की टीमें खाली हाथ

**लखनऊ।** राजधानी के मॉल इलाके में तीन दिनों पहले किसान विजय कुमार गौतम के घर डकैती के मामले में पुलिस पूरी तरह खाली हाथ है। खुलासे के लिए पुलिस की तीन टीमें गठित की गयी हैं जिसमे से एक टीम गैर जनपद रवाना की गयी है और दो टीम इलाके के आसपास भर्मण कर खा़क छान रही हैं लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। बताया जा रहा है की अब तक एक दर्जन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी है लेकिन नतीजा सिफ्र है। वहीं इंस्पेक्टर माल रवींद्र सिंह का कहना है कि कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं जल्द ही वारदात का खुलासा किया जायेगा। फूलतारा गांव निवासी विजय कुमार गौतम के घर रविवार रात आधा दर्जन बदमाशों ने घर की खिड़की के रास्ते प्रवेश कर जीने से छत के रास्ते घर में पहुंचकर मुख्य दरवाजा खोला ही था कि विजय कुमार की नींद खुल गयी और वह बांका लेकर डकैतों से भिड़ गया था लेकिन डकैतों ने उससे बांका छीनकर उसे लहूलुहान कर दिया था।

## श्याम बहार गुटखा के मालिक की जमीन का मामला

# कथित साले की जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता। लखनऊ



**जिला** जज सर्वेश कुमार ने श्याम बहार गुटखा के मालिक संजीव मिश्रा की जमीन फर्जी तरीके से बेचने का करार कर लाखों की रकम हड़पने व धोखाधड़ी के दो अलग अलग मामलों में निरुद्ध उनका कथित साला व मुल्जिम अग्रज चौधरी उर्फ लालजी चौधरी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने प्रथम दृष्टया इसके अपराध को बेहद गंभीर करार दिया है। इस मामले में इसकी बहन व संजीव मिश्रा की कथित पत्नी मीनाक्षी मिश्रा के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज है। संजीव मिश्रा की मौत हो चुकी है।

28 नवंबर 2017 को पहले मामले की एफआईआर विनय कुमार सिंह जबकि 14 जनवरी 2021 को दूसरी एफआईआर संजीव मिश्रा के भाई राहुल मिश्रा ने थाना वजीरगंज में दर्ज कराई थी। फौजदारी के जिला शासकीय अधिवक्ता मनोज त्रिपाठी के मुताबिक विनय से लखनऊ के मुतक्कीपुर गांव की एक जमीन बेचने का करार दो करोड़ में किया गया। इसके एवज में चार लाख एडवांस में लिया गया। साथ ही रायपुर गांव की एक जमीन भी तीन करोड़ में बेचने का करार किया गया। इसके एवज में पांच लाख नगद जबकि छह लाख स्टाम्प ड्यूटी के लिए लिया गया। फिर रजिस्ट्री के लिए साढ़े 24 लाख नगद व 25 लाख का डिमांड ड्राफ्ट लिया गया लेकिन रजिस्ट्री नहीं हुई। दूसरी तरफ राहुल ने एफआईआर में आरोप लगाया है कि अभियुक्तगण उनकी संपति हडपने की नियत से उनके पते पर फर्जी तरीके से अपना निवास प्रमाण पत्र, वोटर आईकार्ड व आधार कार्ड बनवाकर धोखाधड़ी व साजिश कर रहे हैं। उन्होंने जमानत अर्जी का विरोध करते हुए यह भी बताया कि मुल्जिम अग्रज चौधरी के खिलाफकई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## दुराचारी को 11 साल की कैद

**विधि संवाददाता।** लखनऊ। पॉक्सो के विशेष जज महेश चन्द्र वर्मा ने एक नाबालिग युवती से दुराचार करने के मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम बाबूनन्द को 11 साल की सजा सुनाई है। उन्होंने इस पर साढ़े 11 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। विशेष लोक अभियोजक अशोक श्रीवास्तव के मुताबिक पांच जून 2014 को इस मामले की एफआईआर 15 वर्षीय पीड़िता के पिता ने थाना मानकनगर में दर्ज कराइ थी।

## हाईकोर्ट ने लविवि से जवाब तलब किया

विधि संवाददाता। लखनऊ

**एलएलबी** पाठ्यक्रम में दाखिल के लिए ओबीसी आरक्षण के मसले पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने लखनऊ विवि से जवाब तलब किया है। पीठ ने आरक्षण के मसले पर बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा जारी गाइडलाइंस की प्रति भी पेश करने का निर्देश दिया है। जस्टिस रजनीश कुमार की एकल पीठ ने यह आदेश छात्र साहिल अहमद की याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि तीन साल के एलएलबी कोर्स में दाखिले के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा ओबीसी छात्रों के लिए 42 प्रतिशत न्यूनतम अंक का प्रावधान किया गया है। बावजूद इसके लविवि द्वारा मनमाना निर्णय लेते हुए ओबीसी छात्रों के लिए 45 प्रतिशत न्यूनतम अंक निर्धारित कर दिया गया है। सुनवाई के दौरान लविवि की ओर से कहा गया कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया की गाइडलाइंस में न्यूनतम अंक 42 प्रतिशत रखने की बात कही गई है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि विवि 42 प्रतिशत से ज्यादा न्यूनतम अंक नहीं रख सकती।

REMCL
आरईएमसी लिमिटेड
(पूर्व में रेलवे एनर्जी मैनेजमेंट कम्पनी लिमिटेड के रूप में ज्ञात)
(भारतीय रेलवे तथा राइट्स का संयुक्त उद्यम)
राइट्स भवन, प्लॉट नं. 1, सैक्टर-29, गुरुग्राम-122001 (हरियाणा)
निविदा आमंत्रण सूचना
एनआईटी नं.: आरईएमसीएल/सीओ/सोलर/डीपीआर/2021 दिनांक 16.09.2021
आरईएमसी लि. पूर्व में रेलवे एनर्जी मैनेजमेंट कम्पनी लिमिटेड के रूप में ज्ञात द्वारा "भारत के विभिन्न राज्यों में सोलर पीवी आधारित परियोजनाओं के लिए सर्वेक्षण, व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने एवं जमा करने, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के लिए एजेंसियों/सलाहकारों के नामांकन" के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।
निविदा जमा करने की तिथि: 06.10.2021 निविदा दस्तावेज शुल्क: रु. 2,500/-
इम्पैनलमेंट अवधि: 24 माह इम्पैनलमेंट शुल्क: रु. 5,000/-
निविदा दस्तावेज वेबसाइट https://www.bharat-electronictender.com से डाउनलोड किये जा सकते हैं। निविदाएं अंतिम तिथि तक या उससे पूर्व ई-बिडिंग पोर्टल पर निविदा दिशानिर्देशों के अनुसार ऑनलाइन मोड से और कार्यालय सीईओ/आरईएमसी लि. भूतल, राइट्स भवन, प्लॉट नं. 1, सैक्टर-29, गुड़गांव-122001, फोन 0124-2818748 के पास ऑफलाइन मोड से जमा किये जा सकते हैं।
संशोधन/शुद्धिपत्र, यदि कोई होगा, तो उसे केवल www.bharat-electronictender.com पर प्रकाशित किया जाएगा। (सीईओ/आरईएमसी लि.)

# उद्यान के लिए स्वीकृत भूमि पर आम के बाग लगाए जाएं: आनंदीबेन

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ



**प्रदेश** की राज्यपाल एवं अध्यक्ष उत्तर प्रदेश सैनिक पुनर्वास निधि आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को राजभवन में प्रबन्ध समिति उत्तर प्रदेश सैनिक पुनर्वास निधि लखनऊ की 48वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में राज्यपाल ने सैनिक पुनर्वास निधि अटारी प्रक्षेत्र में उद्यान के लिए आरक्षित भूमि पर आम के बाग लगाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादन से अलग अन्य स्वीकृत परियोजनाओं का संचालन कृषि के लिए अनुपयुक्त भूमि पर ही किया जाए। राज्यपाल ने प्रक्षेत्र की बंजर जमीन से बबूल हटाने के कार्य प्रगति की जानकारी ली और भूमि को उपयोगिता के लिए तैयार करने हेतु उद्यान और वन विभाग को मिलकर कार्य करने का निर्देश दिया। उत्तर प्रदेश सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास के निदेशक ब्रिगेडियर रवि ने बैठक में समिति के साथ एजेण्डा बिन्दुओं के तहत प्रस्तुतिकरण किया जिसमें समिति की 47 वीं बैठक की कार्यवृत्त की पुष्टि गत बैठक के निर्णयों के अनुपालन की रिर्पोट, वित्तीय वर्ष 2021-22 के बजट की स्वीकृत, निधि मुख्यालय तथा अटारी प्रक्षेत्र के वर्ष 2020-21 के लाभ-हानि और बैलंस सीट का अनुमोदन, टाटा ट्रस्ट मुंबई द्वारा अनुमोदित योजनाओं एवं छात्रवृत्ति योजना विस्तार, अटारी प्रक्षेत्र भूमि के उपयोग के विकल्प तथा सहायक लेखाकार के पद पर उपयुक्त भर्ती पर चर्चा की गई। ब्रिगेडियर रवि ने जानकारी दी कि अटारी प्रक्षेत्र के 250 एकड़ ऊसर भूमि सुधार के लिए रूपये 1.35 करोड़ स्वीकृत हुआ है। उद्यान विभाग द्वारा 13 हेक्टेअर जमीन पर उद्यान लगाए जाने के लिए मनरेगा से धनराशि स्वीकृत हुई है।

### भगवान विश्वकर्मा जयन्ती पर राज्यपाल ने दी बधाई

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने निर्माण और सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने कहा कि विश्वकर्मा जयंती का दिन हमें निर्माण में श्रम का महत्व बताता है। यह दिन हमें यह संदेश देता है कि हम श्रम से अपने समाज और राष्ट्र के निर्माण के लिए संकल्पित हों।

# केंद्रीय पंचायतीराज मंत्री ने की योजनाओं की समीक्षा



**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ

**केंद्रीय** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह गुरुवार को लखनऊ दौरे पर पहुंचे। उन्होने सबसे पहले मुख्यमंत्री आवास जाकर सीएम योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान केंद्र और यूपी सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा भी हुई। इसके बाद गिरिराज सिंह ने यूपी के ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री और अधिकारियों के साथ बैठक की। गिरिराज सिंह ने अधिकारियों से ग्रामीण इलाकों में चल रही सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी हासिल की और जरुरी निर्देश भी दिए। श्री सिंह ने सिंह लखनऊ में ग्रामीण विकास मंत्री मोती सिंह पंचायती राज मंत्री भूपेन्द्र चौधरीए राज्य मंत्री उपेन्द्र रायए आनंद स्वरूप शुक्ल के साथ ही अधिकारियों की उपस्थिति में केंद्र द्वारा प्रायोजित ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज की योजनाओं और स्वामित्व स्कीम में हुई प्रगति की समीक्षा। गिरिराज सिंह ने योगी सरकार के कामों की तारीफ करते हुए कहा कि योगी के नेतृत्व में तेज़ी से कार्य प्रगति पर है।

# बदलेंगे किसानों के दिन: अखिलेश

## ● पूर्व आयकर आयुक्त व पूर्व विधायक सहित कई लोग सपा में शामिल

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केन्द्र तथा प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पर हमला करते हुए कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का वादा झूठा है। इस सरकार बदलते ही किसानों के दिन बदलेंगे। अखिलेश यादव बृहस्पतिवार को सपा मुख्यालय पर पार्टी में शामिल होने आए लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोगों ने देखा है कि योगी आदित्यनाथ सरकार ने पंचायत चुनाव में किस तरह से गुंडागर्दी करके लोकतंत्र का गला घोंटा है। इस सरकार ने मां गंगा को भी धोखा दिया है। प्रदेश की सारी नदियां गंदी होती जा रही हैं। यह सरकार सिर्फ हमारी योजनाओं का फीता काट रही है। समाजवादी पार्टी की नीतियों और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में बसपा, कांग्रेस, भाजपा तथा सामाजिक संगठनों के प्रमुख लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इनमें प्रमुख रूप से सेवानिवृत्त आयकर आयुक्त सुवचन राम, पूर्व विधायक भगेलू राम, डॉ आजम मीर खां, मेम्बर एएमयू कोर्ट, बाबा शाह नवाज श्रावस्ती दरगाह पीर हनीफ आदि शामिल हैं। अखिलेश यादव ने आए हुए सभी पार्टियों के नेताओं एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों का स्वागत कियाए उन्हें बधाई दी तथा उम्मीद जताई कि इन लोगों के जुड़ने से समाजवादी पार्टी को मजबूती मिलेगी।

ईसाई समाज के फादर रेवरेंट सीएल मैसी और पास्टर इंचार्ज रेवरेंट रितेश जोशुआ के साथ समाज के 21 लोग अखिलेश यादव के समक्ष सपा में शामिल हो गए। ईसाई पादरियों ने आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा की चालों को धराशायी करने और समाजवादी पार्टी की विजय के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि उन सबका अखिलेश यादव पर भरोसा है और वे सब उनको मुख्यमंत्री बनाने के लिए एकजुट प्रयास करेंगे। अखिलेश यादव ने सभी ईसाई समाज के सम्मानित प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि समाजवादी सरकार बनने पर उन्हें सम्मान मिलेगा।

### सपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित

**लखनऊ।** सपा अखिलेश यादव द्वारा सपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। पूर्व एमएलसी काशीनाथ यादव सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अच्छे लाल सोनी महासचिव और दीपक गौर कोषाध्यक्ष नामित किए गए हैं। समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ में 4 उपाध्यक्ष 9 सचिव तथा 16 सदस्य और यशभारती सम्मान प्राप्त गुलशन भारती एवं केवल कुमार को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है।


# कार्यालय जिला गन्ना अधिकारी, सीतापुर

पत्रांक–956 / सी / क्रय    दिनांक :14.09.2021

## आवश्यक सूचना

एतत्द्वारा जनपद की सहकारी गन्ना विकास समितियों के सदस्य गन्ना कृषकों का पेराई सत्र 2021–22 में सुचारू ढंग से गन्ना आपूर्ति हेतु निम्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं की ओर ध्यान आकृष्ट करना है–

1–समस्त गन्ना कृषक जिन्होंने अभी तक घोषणा–पत्र ऑन लाइन नहीं भरा है, वह अपना घोषणा–पत्र, वांछित अभिलेखों के साथ 30 सितम्बर तक अनिवार्य रूप से भर दें अन्यथा आगामी पेराई सत्र में उनका सट्टा संचालित नहीं होगा।

2–कोविड–19 के कारण इस वर्ष कृषकों को प्री कलेण्डर का वितरण नहीं किया जायेगा। प्री कलेण्डर ऑनलाइन E-Ganna App तथा वेबसाइट enquiry.caneup.in पर प्रदर्शित होगा। कृषक बन्धु प्री कलेण्डर में दर्ज पौधा, पेड़ी व अन्य सूचना का अवलोकन अवश्य कर लें, यदि कोई त्रुटि परिलक्षित हो तो सट्टा प्रदर्शन मेले में लिखित रूप से शिकायत प्राप्त करा दें।

3–सट्टा प्रदर्शन हेतु समिति कार्यालय में सट्टा प्रदर्शन मेला समितिवार उनके सम्मुख अंकित तिथियों में (अवकाश को छोड़कर) आहूत किया जायेगा–

### समिति स्तरीय सट्टा प्रदर्शन मेला कार्यक्रम

| क्र.सं. | समिति | दिनाँक |
|---|---|---|
| 1 | हरगाँव | 15.09.2021 से 30.09.2021 तक |
| 2 | बिसवाँ | 15.09.2021 से 30.09.2021 तक |
| 3 | रामगढ़ | 15.09.2021 से 30.09.2021 तक |
| 4 | सीतापुर | 15.09.2021 से 30.09.2021 तक |
| 5 | कमलापुर | 15.09.2021 से 30.09.2021 तक |
| 6 | महोली | 15.09.2021 से 30.09.2021 तक |
| 7 | महमूदाबाद | 15.09.2021 से 30.09.2021 तक |

4–प्री कलेण्डर / सट्टा प्रदर्शन मेला में प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण उपरान्त डाटा अन्तिम रूप से लॉक कर दिया जायेगा जिसके पश्चात् किसी प्रकार का संशोधन ग्राह्य नहीं होगा।

**''समस्त गन्ना कृषकों से अनुरोध है कि समिति स्तरीय सट्टा प्रदर्शन मेला का अधिकाधिक लाभ उठायें एवं आगामी पेराई सत्र में गन्ना आपूर्ति में आने वाली कठिनाइयों से बचें।''**

अध्यासी समस्त चीनी मिलें जनपद सीतापुर    समस्त ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक एवं सचिव सहकारी गन्ना विकास समितियां सीतापुर    जिला गन्ना अधिकारी सीतापुर


# कुख्यात सुंदर भाटी गैंग का 50 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ



**हमीरपुर** में व्यापारी को गोली मारकर हत्या व लूटपाट करने की घटना में शामिल रहे 50 हजार के इनामी अपराधी महेन्द्र यादव को एसटीएफने गिरफ्तार किया। महेंद्र दिल्ली और हरियाणा में सक्रिय सुंदर भाटी की गैंग के लिए काम करता था। हमीरपुर जेल में बंद होने के दौरान ही उसकी मुलाकात कुख्यात अपराधी सुंदर भाटी से हुई थी। जिसके बाद वह इस गैंग का सक्रिय सदस्य बनकर अपराधों को अंजाम देने लगा। सुंदर भाटी गैंग में जुड़ने से पहले वह हमीरपुर की पतारा गैंग का सदस्य था। इसकी गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ प्रयागराज यूनिट को लगाया गया था। एसटीएफ को पूछताछ में महेन्द्र ने बताया कि वर्ष 2016 में उसने कुरारा बस स्टैंड हमीरपुर में व्यापारी विनय गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद व्यापारी के पास मौजूद नगदी व सामान भी लूटकर वह फरार हो गया था। लूट के ही एक मामले में जब वह हमीरपुर जेल में बंद था। वहीं उसकी मुलाकात कुख्यात अपराधी सुंदर भाटी से हुई थी। जेल से छूटने के बाद फरारी के दौरान सुंदर भाटी ने ही उसे और उसके साथियों को पूरा संरक्षण दिया। सुंदर भाटी ने पहले उसे नोएडा बुलाकर पांच-छह दिन अपने पास रखा।

इसके बाद एसटीएफऔर पुलिस को उसके पीछे पड़ा होने की जानकारी पाकर भाटी ने उसे फ़रीदाबाद स्थित अपने फार्म हाउस में रहने की व्यवस्था करवा दी थी। हालांकि वह बीच-बीच में फरीदाबाद से हमीरपुर आता रहता था। गुरुवार को भी वह हमीरपुर आया था। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर एसटीएफ टीम ने उसे धर दबोचा।

# सरकारी योजनाओं के नाम पर लोगों को ठगने वाले दंपति गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ



**केंद्र** व प्रदेश सरकार की विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रलोभन देकर लोगों को ठगने वाले एक दंपति को मऊ पुलिस की सूचना पर एसटीएफने विभूति खंड थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।

महिला सशक्तिकरण तथा विधवा पेंशन, निशुल्क आवास, निशुल्क बिजली, नि:शुल्क पानी व नि:शुल्क बस, ट्रेन यात्रा आदि सुविधाएं सरकारी तौर पर देने के प्रलोभन के लिए गैर पंजीकृत संस्था के कथित पदाधिकारियों के विरुद्ध मऊ के थाना कोतवाली पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसके वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए मऊ की स्वाट टीम अभियुक्तों की सुरागरसी कर रही थी। इसी दौरान स्वाट टीम को सूचना मिली कि मुकदमे के वांछित मास्टर माइण्ड गुलाब नन्दलाल जायसवाल व उसकी पत्नी अनीता जायसवाल गोरखपुर से कानपुर की ओर हुंडई कार संख्या यूपी-53 सीएस 5171 से वाया आयोध्या-बाराबंकी होते हुए लखनऊ जा रहे है। एसएसपी ने एसटीएफ की टीम गठित की। इस टीम ने स्वाट टीम मऊ के साथ संयुक्त ऑपरेशन में लखनऊ के विभूति खंड थाना क्षेत्र अंतर्गत समिट बिल्डिंग के सामने शहीदपथ पर घेराबंदी कर उक्त कार को रोका और गुलाब नन्दलाल जायसवाल, अनीता सिंह को गिरफ्तार कर लिया। दोनों अभियुक्तों ने बताया कि मऊ में हम दोनों पति-पत्नी एवं हमारे अन्य साथियों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा पंजीकृत है जिसमे गिरफ्तारी से बचने के लिये हम दोनों यह कार गोरखपुर से किराये पर लेकर कानपुर जा रहे थे। दोनों अभियुक्तों ने यह भी बताया कि प्रदेश के कई जिलों व अन्य प्रान्तों मे भी सरकारी योजनाओं का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी कर चुके हैं।


**LLP पंजीकृत कार्यालय, एक राज्य से दूसरे राज्य मे स्थानांतरित करने के लिए समाचार पत्र मे प्रकाशित किया जाने वाला विज्ञापन**

( LLP नियम, 2009 के नियम 17 के उपनियम (4) के अनुसरण में )

" सरकार के समक्ष प्रादेशिक निदेशक "

**कंपनी रजिस्ट्रार, कानपुर**

LLP अधिनियम, 2008, की धारा 13(3) और LLP नियम, 2009 के नियम 17 के मामले में

और

मिनरल्स वेंचर्स एल एल पी (LLPIN : AAN-4130) के मामले में जिसका पंजीकृत कार्यालय 1/58, विशाल खंड गोमती नगर, लखनऊ, (यू पी) -226 010 है।

आम जनता को यह नोटिस दी जाती है कि एल एल पी, लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप एक्ट, 2008 की धारा 13 (3) के अधीन कंपनी रजिस्ट्रार, कानपुर के समक्ष अपने पंजीकृत कार्यालय को **"उत्तर प्रदेश"** के राज्य से **"मध्य प्रदेश"** के राज्य में स्थानांतरण की अनुमति मांगने के लिए केंद्र सरकार को आवेदन करने का प्रस्ताव करती है। एल एल पी के पजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति एक शपथ पत्र जिसमे उनके हितो का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो के साथ अपनी आपत्ति प्रादेशिक निदेशक को इस सुचना के प्रकाशन की तारीख से 21 दिनों के भीतर **रजिस्ट्रार ऑफ़ कंपनी, कानपूर** पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकते है या सुपुर्द कर सकते है और इसकी प्रति आवेदक एल एल पी को उनके उपर्युक्त पंजीकृत कार्यालय पते पर भी भेजेंगे।

**कृते एवं हित**
**Mineral Ventures LLP**
**ह / -**
**आनंद ताम्रकार**

**दिनांक : 17 सितम्बर, 2021**
**स्थान : कानपुर**



**उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड अल्पकालीन ई–निविदा सूचना सं0–01 / वि0 एवं यां0 ई0 / श0भ0वि0 / 2021–22**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अल्पकालीन ई–निविदा विशिष्टि सं0–01 / वि0 एवं यां0 ई0 / श0भ0वि0 / 2021–22 के द्वारा शक्ति भवन परिसर में स्थापित त्वरित संकेत सूचक के वार्षिक अनुरक्षण के कार्य हेतु अल्पकालीन ई–निविदायें दिनांक 30.09.2021 को उसी दिन 14:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त ई–निविदाओं के तकनीकी भाग को दिनांक 01.10.2021 को 12:00 बजे सार्वजनिक रूप से खोला जायेगा। निविदा के विक्रय व धरो. हर धनराशि सम्बन्धी एवं अन्य विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in से प्राप्त किये जा सकते हैं। **अधिशासी अभियन्ता विद्युत एवं यांत्रिक इकाई, प्रथम तल, शक्ति भवन विस्तार, 14–अशोक मार्ग, लखनऊ।** पत्रांक–457 दिनांक 16.09.2021 ''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''


# बाल सुरक्षा तंत्र को सशक्त बनाने में कार्य करेगा एलयू

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ

**लखनऊ** विवि का समाज कार्य विभाग यूनिसेफ के साथ साझेदारी के तौर पर उत्तर प्रदेश में बाल सुरक्षा तंत्र को सशक्त बनने के लिए एक टेक्नीकल सपोर्ट यूनिट के रूप में कार्य करेगा। परियोजना प्रभारी डा राकेश द्विवेदी ने बताया कि यह साझेदारी उत्तर प्रदेश मे बाल सुरक्षा से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर क्षमता विकास, बाल सुरक्षा से सम्बन्धित जानकारी, रिसोर्स पर्सन, बाल विकास को सुनिश्चित करने में अपनी अहम् भूमिका निभाएगी। इसके साथ-साथ समाज में बाल विवाह और बाल मजदूरी को रोकने, लिंग आधारित हिंसा पहचानने तथा रोकने एवं किशोर विकास को बढ़ाने के क्षेत्र मे कार्य करने वाले विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं को अपना सहयोग प्रदान करेगी। इसके साथ ही यह साझेदारी बाल सुरक्षा से सम्बंधित विभिन्न मुद्दों पर कार्य करने वाले संस्थायों जैसे महिला एवं बाल कल्याण विभाग, पुलिस विभाग, डिविजनल कमिश्नर, जिला प्रशासन एवं अन्य सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों के साथ समन्वय कर बाल सुरक्षा तंत्र को और अधिक सुरक्षित बनाने के विषय भी प्राथमिकता के साथ सम्मिलित होंगे। डॉ राकेश द्विवेदी ने बताया कि समाज कार्य विभाग डिस्ट्रिक्ट एक्शन प्लान के विभिन्न क्रियाओं में अपना सहयोग देगा। केस मैनेजमेंट सिस्टम एवं रेफेरल सिस्टम को भी विकसित करते हुए बाल मजदूरी ट्रैकिंग सिस्टम को मजबूत बनाते हुए बाल मजदूर, किशोरों को तस्कारी से बचाने एवं सामाजिक सुरक्षा कि विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करवाने में सहायता प्रदान की जाएगी।

# राज्य स्तरीय संयुक्त ऑनलाइन बीएड काउंसलिंग आज से

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ

**प्रदेश** भर के बीएड कालेजों में दाखिले को लेकर अगस्त में सम्पन्न कराई गई उप्र संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2021-23 की काउन्सिलिंग शुक्रवार से होगी। राज्य समन्वयक प्रो अमिता बाजपेयी ने बताया कि स्टेट रैंक धारक अभ्यर्थी लविवि की वेबसाईट पर लॉगिन करके काउन्सिलिंग के लिए अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराकर काउन्सिलिंग शुल्क व अग्रिम शुल्क जमा कर वांछित विवि, महाविद्यालय चुन सकते हैं। आनलाइन काउन्सिलिंग प्रक्रिया तीन चक्रों मेन काउन्सिलिंग, पूल काउन्सिलिंग एवं सीधे प्रवेश में सम्पन्न होंगी। इस प्रक्रिया में प्रदेश के 16 राज्य विवि के अन्तर्गत 2479 राजकीय, सहायता प्राप्त महाविद्यालय, स्ववित्तपोषित महाविद्यालय शामिल होंगे।

# राजधानी में खुलेंगे 21 नए हेल्थ पोस्ट सेंटर, भेजा प्रस्ताव

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ

**राजधानीवासियों** को घर के नजदीक इलाज उपलब्ध कराने को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने 21 नए हेल्थ पोस्ट सेंटर खोलने का निर्णय लिया है। अभी शहर में 52 हेल्थ पोस्ट सेंटर का संचालन हो रहा है। ऐसे में हेल्थ पोस्ट सेंटर बनाने का प्रस्ताव विभाग की तरफ से शासन को भेज दिया गया है। अनुमोदन मिलने के उपरांत हेल्थ पोस्ट सेंटरों की संख्या में बढ़ोतरी की जाएगी। शहर का तेजी से हो रहे विस्तार को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सरकारी अस्पतालों से मरीजों का दबाव कम करने के लिए लोगों को घर के आस-पास इलाज मुहैया कराने का निर्णय लिया है। डिप्टी सीएमओ डॉ एपी सिंह ने बताया कि 21 हेल्थ पोस्ट सेंटर खोले जाएंगे।

# बीते 24 घंटे में कोरोना के 24 केस

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 221480 सैम्पल की जांच की गयी है। प्रदेश में अब तक कुल 75761230 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 24 नये मामले आये हैं। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 11 तथा अब तक कुल 1686549 लोग कोविड-19 से ठीक हो चुके हैं। प्रदेश में कोरोना के कुल 193 एक्टिव मामले हैं जिनमें से 139 लोग होम आइसोलेशन में हैं। प्रदेश में अब तक सर्विलांस टीम के माध्यम से 35883237 घरों के 172487999 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है। प्रसाद ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। कल एक दिन में 383327 कोविड वैक्सीन की डोज दी गयी है। प्रदेश में पहली डोज 74813403 तथा दूसरी डोज 15365885 लगायी गयी हैं। तथा अब तक 90179288 वैक्सीन की डोज दी गयी है। कोविड संक्रमण अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। इसलिए सभी लोग कोविड अनुरूप आचरण करे। टीकाकरण के बाद भी कोविड प्रोटोकॉल का पालन अवश्य करें।

### कल्याण सिंह सुपर स्पेशयलिटी कैंसर संस्थान के निदेशक हटाए गए

**लखनऊ।** कोविड-19 मरीजों के उपचार को लेकर उपकरणों की खरीद में शासकीय नियमों का उल्लघंन किये जाने के आरोप में शासन स्तर पर कल्याण सिंह सुपर स्पेशयलिटी कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ शालीन कुमार को हटा दिया गया है। शासन स्तर पर निदेशक पद का अतिरिक्त कार्यभार पीजीआई के निदेशक डॉ. आरके धीमन को जिम्मेदारी दी गई है।

# बारिश के कहर से ठहरा जनजीवन, हर तरफ पानी-पानी

## दिनभर रुक रुक कर होती रही झमाझम बारिश, लोग घरों में रहे कैद



संवाददाता। बांगरमऊ उन्नाव

**क्षेत्र में** आज तेज हवा के झोंकों के साथ मूसलाधार बारिश हुई। अनवरत बारिश से लोग अपने घरों में कैद होकर रह गए। जिससे प्रमुख संपर्क मार्गों पर सन्नाटा पसरा रहा। तेज बारिश से खेत लबालब भर गए। बारिश से खासकर धान की फसल को तो लाभ हुआ है। लेकिन लाही.लहटा और आलू की फसल को भारी नुकसान हुआ है। यदि बारिश न थमी तो खासकर अत्यधिक लागत वाली आलू की फसल पूरी तरह बर्बाद हो सकती है।

बीते बुधवार की रात से ही क्षेत्र में तेज हवा के झोंके के साथ बारिश शुरू हो गई और तेज बारिश का सिलसिला अभी भी जारी है। खासकर ग्रामीण अंचल के अरसे से सूखे पड़े तालाब आज पानी से लबालब भर गए। यहां तक कि क्षेत्र की अरसे से सुखी पड़ी कल्याणी और सई दोनों नदियों मे जलधारा भी बहने लगी। आज की अनवरत बारिश से नागरिक तथा ग्रामीण अपने अपने घरों में कैद होकर रह गए। छात्र.छात्राएं और शिक्षक विद्यालयों तक नहीं पहुंच सके। नगर की थोक और फुटकर सब्जी मंडियों में भी सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि आज नगर की साप्ताहिक बंदी है। बंदी के दिन भी ठेलिया व खोमचा तथा पान.सिगरेट आदि की गुम्टिया परंपरागत रूप से खुली रहती थी। लेकिन आज भीषण और अनवरत बारिश के चलते यह छोटे दुकानदार भी अपनी दुकान खोलने मे असमर्थ रहे। उधर बारिश से क्षेत्र के संपर्क मार्गो पर भी कर्फ्यू जैसा सन्नाटा पसरा रहा। क्षेत्र के किसान अभी तक पंपिंग सेट से धान की फसल की सिंचाई करते चले आ रहे थे। लेकिन भीषण बारिश से धान की फसल को भारी लाभ हुआ है और किसानों को डीजल के रूप में अच्छी खासी रकम बच गई। क्षेत्र के नसिरापुरए मूर्तजापुरए रघुरामपुरए हूसेपुरए कमलापुर व शिवपुरी आदि सहित करीब आधा सैकड़ा गांवो के किसानों द्वारा करीब एक हफ्ता पूर्व भारी मात्रा में आलू की कच्ची फसल की बुवाई की जा चुकी है। इसी प्रकार ग्राम हुलासी खेड़ाए चहलहाए सकरौलीए भिखारीपुर कस्बाए भिखारीपुर रूल्ल व हीरापुर सहित दर्जनों गांवों के किसानों द्वारा सैकड़ों बीघा खेतों में लाही और लहटा की फसल अभी हाल ही मे बोई जा चुकी है। आज की भीषण बारिश से लाही और आलू की फसल को भारी नुकसान हुआ है। ग्राम कमलापुर निवासी प्रगतिशील किसान यादवेंद्र सिंह ने बताया कि यदि जल्द बारिश न थमी तो यह दोनों फसलें पूरी तरह बर्बाद हो सकती हैं।

**तेज आंधी-पानी से कच्ची दीवार ढही, एक की मौत,** महमूदाबाद सीतापुर:लगातार 12 घंटे से हो रही बरसात काल बन गयी है। तहसील क्षेत्र के अंतर्गत दीवार गिरने से 4 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। एक बच्चे की जहां मौके पर मौत हो गयी वही तीन बच्चों का इलाज सीएचसी में चल रहा है। हादसा उस वक्त हुआ जब बच्चे घर में अकेले सो रहे थे। महमूदाबाद तहसील के नबावपुर गांव निवासी परागीलाल के बच्चे शिवानी (4 वर्ष), शिवांशि (एक वर्ष), शुभम (8 वर्ष) , नंदनी (5 वर्ष) रात में छप्पर के नीचे सो रहे थे। गुरुवार को सुबह तेज आंधी के चलते बाहर लगा नीम का पेड़ गिर गया। नीम का पेड़ घर की दीवार पर गिरा जिससे दीवार छप्पर सहित भरभरा कर धराशायी हो गयी। हादसे के वक्त मां लीलावती शौच के लिए गयी थी और पिता भी बाहर था। चीखपुकार सुनकर ग्रामीण इकट्ठे हुए। मलबा हटाकर बच्चे को निकाला गया। जहां शिवानी की मौके पर मौत हो गयी जबकि तीन बच्चे गंभीर घायल हो गए। सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर तहसीलदार मनीष कुमार, कानूनगो संतोष कुमार, लेखपाल राजकुमार दिनकर मौके पर पहुँचे। तहसीलदार ने बताया कि परिजन पीएम कराते हैं तो आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। उधर तेज बारिश और हवा के चलते कई जगह 33 केवी भवानीपुर और पुराना सीतापुर कि लाइन पर पेड़ गिरने से तार टूट गए थे, और कई जगह 11000 की लाइन पर भी पेड़ की ब्रांच लगने से सप्लाई डिस्टर्ब है छटाई चल रही है सप्लाई काफी जगह नॉर्मल हो गई है। भारी बरसात से शहर में भी कहीं-कहीं जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई।

**खरीफ की फसल चौपट**

संवाददाता। राठ (हमीरपुर) ।लगातार हो रही बारिश से खेतों में खड़ी फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। फसल खराब होने से किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरे दिखाई देने लगी है। लगातार हो बारिश से किसानों के खेतों में खड़ी उड़द, मूंग, तिली सहित मूंगफली की फसल खराब हो गई है।

फसल खराब होने से किसान परेशान दिखाई दे रहा है। लगातार हो रही बारिश से खेतों में पानी की मात्रा अधिक हो गई है। जिससे फसल सड़कर नष्ट हो रही है। जिससे सैकड़ों बीघा जमीन की फसले पूरी तरह चौपट हो गई है। भाकियू के बुंदेलखंड सचिव किसान रामपाल सिंह चिकासी ने बताया कि उन्होने इस वर्ष अपने खेत में उड़द और मूंग की फसल बोई थी। लेकिन लगातार हो रही बारिश ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया है। बताया कि बारिश से मूंग, उड़द, तिली और मूंगफली की फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई है। बताया कि किसान धर्मपाल, ईश्वरदास, हरप्रसाद, झल्लू, चेतराम, रामदीन, भानुप्रताप, हरचरन, नबाव खां, मदन सहित सैकड़ों चिकासी क्षेत्र के किसानों की लगभग 600 बीघा की फसल खराब हो गई है। वहीं लींगा गांव निवासी किसान बाबूलाल अहिरवार, अशोक महाराज, अर्जुन अहिरवार, फूलसिंह अहिरवार, भगवानदास राजपूत, हरपाल राजपूत, देवनारायण राजपूत, गुडडन महाराज आदि किसानों ने बताया कि बारिश होने से फसलों को भारी नुकसान हुआ है और क्षेत्र के किसान की स्थिति बेहद खराब हो गई है।

**जनजीवन अस्त व्यस्त**

संवादाता। तिलोई, अमेठी



चौबीस घंटे से चल रही लगातार बरसात से जहां जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है वहीं मवेशियों का बुरा हाल है। बरसात के चलते दर्जनों मकान गिरे है बड़ी मात्रा में पेड़ गिरने से विद्युत लाईन के खंभे टूटे हैं जिससे विद्युत आपूर्ति चौबीस घंटे से अधिक से बाधित है।गावों में पूरी तरह जलभराव वाली स्थिति है। क्षेत्र में पूरे बरसात के सीजन में ठीक ठाक बरसात अभी तक नहीं हुई थी अचानक बदले मौसम की उत्तरा नक्षत्र की मूसलाधार बरसात ने पूरे क्षेत्र को पानी पानी कर दिया है।

भारी बरसात के चलते जहां जनमानस की परेशानियां बढ़ी हैं वहीं निचले क्षेत्रों में धान की फसल डूबने की आशंका बढ़ गई है।सबसे बुरा हाल क्षेत्र के अस्थाई गो आश्रय स्थलों का है जहां गाएं पानी में भीग रही हैं कई बीमार गाएं पानी में भी पड़ी देखी जा सकती हैं दांदुपुर गो आश्रय स्थल की दुर्दशा देखी भी नहीं जा सकती सभी पल रही सौ से अधिक गोवंशीय पशु पानी में है जिम्मेदार प्रधान व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी देखने तक नहीं गए। इसी गांव के पूरे संत निवासी शिवसागर का पूरा घर बरसात के चलते धराशाई हो गया है।बेघर हुए शिवसागर को परिवार सहित दूसरे के घर में आसरा लेना पड़ा।

## घाघरा फिर खतरे का निशान छूने को बेताब

**गोंडा।** घाघरा का जलस्तर खतरे के निशान से काफी नीचे आने के बाद एक बार फिर खतरे के निशान को छूने के लिए बेताब हो गया है। जिससे बांध के आसपास बसे गांवों के ग्रामीणों की धड़कन बढ़ गई हैं। एक तरफ बांध को मजबूत करने का काम चल रहा है तो घाघरा अपना रूप बदल बदल कर नीचे ऊपर होने का रौद्र रूप दिखा रही है। बुधवार की शाम से लगातार हो रही बारिश से घाघरा का जलस्तर बढ़ा है। इसके अलावा करीब पौने तीन लाख क्युसेक पानी विभिन्न द्वारा जो के जरिए छोड़ा गया जो घाघरा में शुक्रवार की सुबह से पहुंचना शुरू होगा। जिससे नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर जा सकता है। गुरुवार को नदी का जलस्तर खतरे के निशान 106.07 के सापेक्ष 105.786 पर चल रहा था। जो खतरे के निशान से करीब 29 सेंटीमीटर नीचे है। मगर बैराज से छोड़े गए 2 लाख 69 हजार 425 क्यूसेक पानी के शुक्रवार सुबह तक पहुंचने के आसार दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा नदी के आसपास के सभी जिलों में हो रही लगातार मूसलाधार बारिश से जलस्तर में बढ़ोतरी तेजी से हो सकती है। इसके अलावा बारिश के चलते एल्गिन चरसडी बांध पर मरम्मत का कार्य प्रभावित हुआ है। बांध में कई जगह रैंनकट्स आ गए हैं। जिससे बांध कमजोर हो रहा है। उधर ग्राम चंदापुर किटौली में एल्गिन चरसडी बांध पर जहां पर कटान हुई थी। वहां पर बांध को मजबूत कर लिया गया मगर उसके आसपास बांध से सटकर नदी का बहाव तेजी से हो रहा है। जिससे बांध को खतरा बना हुआ है। नदी की धारा बांध से जहां 400 मीटर से अधिक दूरी पर थी वह नदी बांध के किनारे आ गई है। जिससे बांध को खतरा बना हुआ है। हालांकि बांध पर लगातार निगरानी चल रही है फिर भी नदी में उठ रहे मशीना से बांध को खतरा कम नहीं हुआ है। बल्कि किसी भी समय मसीना उठने से कहीं भी बांध में कटान शुरू हो सकती है। उधर शुक्रवार को बाढ़ व बांध की निगरानी करने वाले किसी भी अधिकारी के मोबाइल पर कॉल रिसीब नही हुई। एसडीएम हीरालाल का कहना है कि बांध पर निगरानी के लिए राजस्व निरीक्षक व लेखपाल की टीम के साथ बाढ़ खण्ड के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। बांध के आसपास के गांवों में भी निगरानी चल रही है।

# बिल्डिंग मैटेरियल व्यापारी की दिन दहाड़े हत्या

- मृतक के आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने रूरा पुलिस पर हीलाहवाली व आरोपियों से मिलीभगत का आरोप लगा शव को नहीं उठने दिया
- सीओ सहित जनपद की पुलिस ने घटना स्थल पर डाला डेरा

संवाददाता। रूरा, कानपुर देहात



**थाना क्षेत्र** के गहोलिया गॉव में दिनदहाडे युवा बिल्डिंग मैटेरियल व्यापारी की हत्या से हडकम्प मच गया। सूचना पर देरी से पहुँची रूरा पुलिस पर आक्रोशित ग्रामीणों ने धक्कामुक्की कर आरोपियों से मिलीभगत व हीलाहवाली का आरोप लगा, हत्या का मुकदमा न लिखने तक शव पोस्टमार्टम के लिये भेजने से साफ इन्कार कर घटना स्थल को ताला लगा बन्द कर दिया। थाना क्षेत्र के गहोलिया गॉव निवासी आशीष तिवारी उर्फ आशू तिवारी(23) पुत्र ठेकेदार उर्फ अपने गॉव के पास गहोल देवता मॅदिर के पास बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान किये हुये थे। आशीष का गॉव के ही पूर्व प्रधान से जमीन सम्बन्धी विवाद अर्से से चला आ रहा है। दुकान में मौजूद सामान की सुरक्षा के लिये आशीष दुकान के अन्दर बने कमरे में रात्रि में सोता था। ग्रामीणों के अनुसार सुबह 7:30 बजे से 8 बजे के बीच आशीष को उन लोगों ने अपनी दुकान के बाहर देखा था। आशीष तिवारी के भाई दीपक तिवारी ने बताया कि गुरूवार की सुबह करीब 9 बजे मैं अपने भाई आशीष को चाय नाश्ता देने जा रहा था तभी देखा कि विजय सिंह सेंगर पुत्र कृष्ण प्रताप सिंह निवासी गहोलिया अपनी रायफल के साथ दुकान से निकला, चूंकि विजयनारायण सिंह सेंगर से मेरे भाई का पूर्व से जमीनी विवाद चल रहा था जिसके कारण वह मेरे भाई से रॅजिश मानता था जिसकी सूचना पूर्व में भी थाना रूरा व अधिकारियों को दी थी, उसको अपनी दुकान पर देखकर मेरा मन अनिष्ट की आशॅका से भयभीत हो गया और मैंने शोर मचाना शुरू कर दिया जिस कारण विजय सिंह सेंगर राइफल लेकर मेरे पीछे दौडा, जान से मारने के ईरादे से, हल्ला सुनकर विजय सिंह सेंगर भागा तथा अंकित सिंह पुत्र ओमकार निवासी गहोलिया,, अजय सिंह पिन्टू पुत्र कृष्ण प्रताप सिंह, श्याम सिंह बबलू, निवासीगण गहोलिया व दो अन्य लोग जिन्हें मैं पहचान नहीं पाया, लाठी डण्डे, सरिया से लैस थे व मेरी दुकान से निकल कर भाग गये, दीपक ने आगे बताया कि जब मैं अन्दर पहुँचा तो मेरा भाई मृत अवस्था में जमीन में पडा हुआ था, जमीन पर खून पडा था, मेरे भाई की हत्या विजय सिंह सेंगर व उसके साथियों द्वारा की गयी थी। एएसपी घनयाम चौरसिया ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर आरोपीगणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा जा रहा है। वहीं मामले मे लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ भी कार्यवाही की जा रही है।

### जमीनी विवाद में हुयी वारदात

**कानपुर देहात।** मृतक व विपक्षी आरोपियों के खिलाफ पुराना जमीनी विवाद हत्या का कारण बना। इस जमीनी विवाद में पुलिस व राजस्व अधिकारियों की राजनैतिक दवाब में संलिप्तता से पीडित पक्ष को न्याय नहीं मिल पा रहा था, वहीं पीडित मृतक पक्ष के साथ आम ग्रामीणों की सहानुभूति व समर्थन से आरोपी पक्ष का मानसिक संतुलन बिगड गया जिससे आरोपी पक्ष ने हत्या जैसी दुर्दान्त साजिश को अॅजाम दिया।

# तीन हजार मासूम कुपोषण के भंवरजाल में फंसकर जी रहे हैं घुटन भरी जिंदगी

- 100 बच्चे गंभीर हालत में
- गर्भवती महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं की पोल खुली

संवाददाता। हमीरपुर

**जिले** में कुपोषित बच्चो की संख्या में लगातार वृद्धि से महिलाओं व बच्चो के लिये संचालित होने वाली योजनाओं की पोल खुलती जा रही है। जिले में करीब तीन हजार बच्चे अभी भी कुपोषण के शिकार है, जिसमे सौ से अधिक बच्चे बेहद गंभीर स्थिति से गुजर रहे है। जानकारी के मुताबिक जिले में गर्भवती माताओं को पुष्टाहार व उनकी देखभाल न होने के कारण ज्यादातर बच्चे जंन्म से ही कुपोषित पैदा हो रहे है कुछ बच्चे दो या तीन साल बाद कुपोषण के शिकार हो जाते है यही कारण है कि जिले में जो बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा चिंहाकन किया गया है उसमे करीब तीन हजार बच्चे कुपोषण के शिकार पाये गये है।

हालांकि यह गणना अब सैम व मैम के फार्मूले पर करायी जाती है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आरबीएसके यानी राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों का चिहांकन किया जाता है मगर इस कार्यक्रम के तहत कितने बच्चे चिंहित किये गये है यह जानकारी विभाग के किसी भी अधिकारी को नही है। बाल विकास परियोजना के तहत आगंनवाड़ी केंद्रो के माध्यम से गर्भवती व कुपोषित बच्चे के परिवार को दाल के साथ साथ अन्य प्रकार के पौष्टिक पदार्थ दिये जाते है मगर पौष्टिक पदार्थो की वितरण ठीक से नही हो पा रहा है,यह कुपोषित बच्चों की संख्या से साफ जाहिर होता है। यही नही अब तो बच्चो की लंबाई नापकर भी कुपोषण की जानकारी करने का अभियान भी चलाया जाता है इसके लिये हरेक केंद्र में स्टेडियोमीटर व बजन नापने की मशीन भी उपलब्ध है फिर भी सही तरीके से जांच नही की जा रही है।

### महिलाओं को नहीं मिलता पौष्टिक आहार: सीएमएस

**हमीरपुर।** जिला महिला अस्पताल की सीएमएस डा. फौजिया अंजुम का कहना है कि अस्पताल में आने वाली गर्भवती महिलाओं में खून की कमी होती है गर्भवती महिलाओ के लिये हर माह उनके आहार का अलग नियम होता है मगर जिले में लोग महिला को उचित पौष्टिक आहार नही देते है जिससे होने वाला बच्चा बेहद कमजोर व कुपोषित जन्म लेता है उनका मानना है कि महिलाओं के लिये जो योजनाए चल रही है, यदि सही ढंग सेउनका क्रियान्यवन हो जाए तो काफी सुधार हो सकता है।

# 'चीफ इंजीनियर' पर 'भ्रष्टाचार' को बढ़ावा देने का लगा आरोप

संवाददाता। बस्ती

**आदर्श** पूर्वांचल ठेकेदार समिति के अध्यक्ष सरद कुमार सिंह ने पीडब्लूडी के चीफ इंजीनियर पर तारकोल के मामले में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि रिपोर्ट और कई पत्र लिखाने के बावजूद उन अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, और न कोई आदेष ही जारी किया, जिन लोगों के द्वारा क्षेत्र में मनमाने तरीके तारकोल की दों लगाकर भ्रष्टाचार कर रहे है। पत्र के जरिए कहा गया है कि सभी खंडों के द्वारा स्टोर से कमाई की जा रही है, सरकारी धन का दुरुपयोग और ठेकेदारों पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। कहा कि जिस तरह खंडों की ओर से परिपत्र के अनुसार वर्तमन में प्रचलित तारकोल की दरें न लगाकर मनमाने तरीके से दरें निर्धारित की जा रही है। क्षेत्र में सभी खंडों में अत्यधिक बढ़ी हुई दरें लगाकर तारकोल षिड्यूल 'सी' के माध्यम से निर्गत के बाद स्टोर के लाभ को अन्य मदों में परिवर्तित कर व्यापक भ्रष्टाचार किया जा रहा है, जब कि इस संबध में कई बार लिखा भी गया, मगर अपने स्तर से कोई निर्देष या आदेष जारी न करके मूल रुप से आख्या मांग ली गई, जिस पर आजतक न तो कोई प्रभावी कार्रवाई की गई और न भ्रष्टाचार को रोकने का प्रयास ही किया गया। कहा कि कई खंडों में तारकोल के मद में ठेकेदारों से 18 फीसद जीएसटी काटी जा रही है, जो कि अनुबंध की षर्तो के बिलकुल पिरीत है। ठेकेदार संघों के पदाधिकारियों की माने तो सबसे अधिक भ्रष्टाचार विभाग के अधिकारियों के कारण ही फैल रहा है। यह अधिकारी भ्रष्टाचार रोकने के बजाए उसे और बढ़ावा देते है। नीजि लाभ के लिए सरकारी धन का दुरुपयोग करने से भी पीछे नहीं हटते। हाल ही में प्रमुख अभियंता ने एक सभी मुख्य अभियंताओं को सहायक अभियंताओं के संबद्धीकरण को समाप्त करने का आदेष जारी किया। आदेष जारी हुए लगभग दो माह होने को हैं, मगर अभी तक उसका पालन नहीं हुआ।

# विजिलेंस ने घूस लेते खंड शिक्षाधिकारी को दबोचा

संवाददाता। बस्ती

- 'सर्विस ब्रेक' करने की धमकी और 'गैरहाजिर' के नाम पर मांगी थी रकम
- एक दिन के गैरहाजिर होने का रेट तीन हजार, खुली खंड शिक्षा अधिकारियों की काली कमाई की पोल

**खंड** शिक्षा अधिकारियों की काली कमाई की पोल उस समय खुली जब बुद्यवार की देर रात्रि गोरखपुर की विजिलेंस टीम ने सल्टौआ ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार सिंह को उनके बड़ेबन ओवर ब्रिज के पास आवास से शिक्षक गौरव त्रिपाठी से सात हजार घूस लेते धर दबोचा। इन्होंने शिक्षक को यह धमकी दिया था, कि अगर दस हजार नहीं दिए, तो सर्विस ब्रेक करवा दूंगा। शिक्षक ने इसकी शिकायत अपरमुख्य सचिव अवनीष अवस्थी से की, विजिलेंस को जांच मिली। पहले विजिलेंस ने अपने स्तर से छानबीन की और उसके बाद शिक्षक को काल करके गोरखपुर कार्यालय बुलाया, फिर रगेंहाथ पकड़ने की योजना बनी। 15 सितंबर 21 को टीम पहले डीएम और एसपी से मिली, उसके बाद यह लोग पुलिस लाइंस में एकत्रित हुए, और वहीं पर शिक्षक का हाथ धोलवाकर पाउडर लगाया गया, और सात हजार दिए गए, नोट पर भी पाउडर लगाया गया। अगर शिक्षक ने चालाकी नहीं दिखाई होती तो विजिलेंस टीम का मकसद सफल नहीं होता, क्यों कि जब पैसा देने शिक्षक पहुंचा तो खंड षिक्षा अधिकारी ने चालाकी दिखाते हुए शिक्षक को घर के अंदर बुलाकर अंदर से दरवाजा बंद कर दिया, इस पर शिक्षक ने कहा कि 'साहब' बाहर हमारे दोस्त लोग खड़े हुएं हैं। इस पर बीईओ ने दरवाजा खोल दिया, और इसके बाद का काम विजिलेंस ने किया। गारखपुर के रहने वाले



खंड षिक्षा अधिकारी की इस पद चार माह पहले नई नियुक्ति हुई, और चार माह भी नहीं बीता कि जेल की हवा खानी पड़ी। मंडल में पहली घूस लेते किसी खंड शिक्षा अधिकारी को इस तरह रगेंहाथ पकड़ा गया। इस घटना से बेसिक विभाग की तो बदनामी हुई हीं, मगर सबसे अधिक बदनामी मंडल के सिद्धार्थनगर के बेसिक शिक्षा मंत्री सतीष द्विवेदी की हुई। इस घटना की निंदा षिक्षक सघं के पदाधिकारियों ने यह कहते हुए किया कि जब किसी षिक्षक की आवाज को नहीं सुनी जाएगी, तो यही अंजाम होगा, कहते हैं कि आज खंड षिक्षा अधिकारी के साथ ऐसा हुआ, और हो सकता है, कि कल को बीएसए और एडी बेसिक के साथ भी यही घटना घट सकती है।

### 18 हजार के आलीशान किराए के भवन में हैं रहते!

**शिक्षक** का दावा है कि खंड शिक्षा अधिकारी जिस मकान में रहते हैं, उसका किराया प्रति माह 18 हजार रुपया है। कहते हैं कि क्या कोई एक बीईओ जिसका वेतन 50 हजार हो वह 18 हजार के किराए पर रह सकता है। कहते हैं कि एक खंड शिक्षा अधिकारी की काली कमाई प्रति दिन 20 हजार से कम नहीं होती। इसमें एआरपी की भूमिका उन शिक्षकों के बारे में सूचना देनी की रहतमी है, जो शिक्षक अन्य जनपद से आए हुएं औा वे शनिवार को घर चले जाते हैं, और सोमवार को देर से स्कूल पहुंचते है। कहते हैं कि बीआरसी सल्टौआ में एक व्यक्ति है, जो लेन-देन का मैनेज करने का काम करते है।

### महिला शिक्षक ने भी लगाया बीएसए और बीईओ पर आरोप

**नगर** क्षेत्र के प्राथमिक पिधालय पिकौरा शिवगुलाम में कार्यरत् एक महिला शिक्षक ने भी सीडीओ को पत्र लिखकर उनसे खंड षिक्षा अधिकारियों और बीएसए पर आर्थिक शोषण का आरोप लगाते हुए इन दोनों अधिकारियों के बारे में कहा इन अधिकारियों के चलते विभाग में भ्रष्टाचार बढ़ गया, कहा कि विभाग के हर पटल और हर बाबू पेषेवर लूटेरे की भूमिका अदा कर रहे है। महिला ने कहा कि वह अधिकारियों की मनमानी के चलते मानसिक और षारीरिक रुप से परेषान है। इस पर सीडीओ ने बीएसए को तलब किया हैं, वहीं बीएसए ने कहा कि आरोप निराधार हैं, कहा कि उनके कार्यकाल में षिक्षक जितना अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रहे हैं, उतना इससे पहले नहीं कर रहे थे।

# कोविड से संघर्ष

## बच्चों का टीकाकरण

**कोविड**-19 के खिलाफ संघर्ष में बच्चों का टीकाकरण बचाव हेतु जरूरी है। भारत में शिक्षा संस्थानों के खुलने के साथ ही माता-पिता की चिन्ता बढ़ गई है कि उनके बच्चों का अभी कोविड-19 के खिलाफ टीकाकरण नहीं हुआ है और उनको स्कूल जाने पर संक्रमण हो सकता है। यह चिन्ता स्वाभाविक तथा समझ में आने योग्य है, पर उनकी चिन्ता का स्पष्ट समाधान सामने नहीं आ रहा है। राज्य, केन्द्र, राज्य टास्क फोर्स, केन्द्रीय टास्क फोर्स व अनेक विशेषज्ञों को एकसाथ आकर स्पष्ट करना चाहिए कि बच्चों को कब तक टीके लगने की उम्मीद है। क्या उनको इस उद्देश्य से आयुवर्गों में बांट दिया जाएगा और क्या उनमें से स्वस्थ बच्चों को फौरन टीकाकरण की आवश्यकता होगी? बालरोग विज्ञानियों का कहना है कि वायरस से स्वस्थ बच्चों को जोखिम कम है, पर इस बात पर वे एकमत नहीं हैं कि क्या बिना टीका लगे उनका स्कूल जाना सुरक्षित होगा। ब्रिटेन अभी 12-15 वर्ष आयुवर्ग के स्वस्थ बच्चों को टीका लगाने का इच्छुक नहीं है। टीके की खूराकों से लाभ बहुत मामूली होगा, तथा इसके बजाय जोखिम वाले वयस्कों तथा अन्य बीमारियों से ग्रस्त बच्चों को टीका देना बेहतर होगा। इनमें हृदय, फेफड़ों व अन्य व्याधियों से लंबे समय से ग्रस्त बच्चे शामिल हैं। ब्रिटिश समिति की यह हिचक फाइजर व माडर्ना टीकों से हृदय में सूजन जैसे विरल पार्श्व प्रभाव के कारण है। भारत में 44 करोड़ बच्चों में से लगभग 12 करोड़ा 12-17 वर्ष आयुवर्ग वाले हैं। राष्ट्रीय कोविड टास्क फोर्स की राय है कि अन्य बीमारियों से ग्रस्त बच्चों को प्राथमिकता पर टीके लगाए जाएं। इस प्रकार उसके कथन का अर्थ है कि



स्वस्थ बच्चों को कोई खतरा नहीं है। वैसे भी वर्तमान समय में 19 से अधिक राज्यों ने स्कूल पुन: खोल दिए हैं तथा बाकी भी जल्दी ही बच्चों को कक्षाओं में भेजने पर फैसला करेंगे। लेकिन इस बात के कोई संकेत नहीं हैं कि आगामी कुछ सप्ताह में बच्चों के लिए टीके उपलब्ध होंगे। जाइकोव-डी टीके को 12-17 वर्ष आयुवर्ग में आपातकालीन प्रयोग की अनुमति मिली है तथा बच्चों के लिए भारत बायोटेक की कोवैक्सिन के परीक्षण सुरक्षित पाए गए हैं। बायोलाजिकल ई की कार्बोवैक्स वैक्सीन को पांच साल से बड़े बच्चों पर परीक्षण की अनुमति मिली है। सीरम इंस्टीट्यूट की कोवोवैक्स व नोवावैक्स भी फिलहाल परीक्षण के दौर में हैं। जान्सन एंड जान्सन ने 2-17 वर्ष आयुवर्ग वाले बच्चों के लिए परीक्षण की अनुमति मांगी है। हालांकि, बच्चों की वैक्सीन के बारे में वैज्ञानिकों की राय थोड़ी अलग है। वे कहते हैं कि यह पूरी तरह सुरक्षित है, लेकिन इसके साथ ही यह शर्त भी जोड़ देते हैं कि जोखिम-लाभ अनुपात पर सावधानी से विचार किया जाना चाहिए। उनका कहना है कि बच्चों में संक्रमण हमेशा बहुत हल्का या बिना लक्षणों वाला होता है। लेकिन इस बात में कोई संदेह नहीं है कि इसके बावजूद उनको उसी तरह टीकाकरण की जरूरत होगी जैसे उनको अभी अनेक वायरस बीमारियों के खिलाफ टीकाकृत किया जाता है। सवाल यह है कि वे प्राथमिकता सूची में कहां हैं। इस सवाल का जवाब आसान नहीं है क्योंकि दो तर्क सरकार को दूसरी दिशा में ले जाते हैं। पहला, जोखिम वाले वयस्कों तथा बच्चों के समूहों को प्राथमिकता देने की स्पष्ट आवश्यकता है। दूसरा, विश्व स्वास्थ्य संगठन की इस चिन्ता पर कहां तक ध्यान देने की आवश्यकता है कि अपने बच्चों का टीकाकरण कर कुछ देश गरीब देशों के फ्रंटलाइन वर्करों तथा अत्यधिक संकटग्रस्त लोगों को टीके से वंचित कर देंगे।

# टेस्ला को आयात कर में छूट अनुचित

विद्युत वाहनों पर कर कम होने से कम्पनियों को विदेशी बाजारों से आयात कर भारत में बेचने का प्रोत्साहन मिलेगा जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को लाभ नहीं होगा।



**अश्विनी महाजन**
(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं)




अमेरिकी विद्युत कार निर्माता टेस्ला की विद्युत कारों के आयात पर प्रस्तावित आयात कर छूट सार्वजनिक बहस का विषय है क्योंकि इसका संबंध घरेलू आटोमोबाइल उद्योग से है। हालांकि, इस प्रस्ताव के पक्ष में लाबींग के प्रयास हो रहे हैं, पर स्वदेशी आटोमोबाइल उद्योग इसका जोरदार विरोध कर रहा है। अमेरिकन विद्युत कार कंपनी ने आयात कर को वर्तमान 60 प्रतिशत के बजाय 40 प्रतिशत करने की मांग की है। उसके अनुसार, 40,000 डालर से कम कीमत वाली पूर्णत: असेम्बल कारों पर 40 प्रतिशत तथा इससे अधिक मूल्य वाली कारों पर वर्तमान 100 प्रतिशत के बजाय 60 प्रतिशत किया जाना चाहिए। मजेदार बात है कि कंपनी ने भारत में कारों का निर्माण शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं किया है। अखबारों की खबरों से स्पष्ट है कि सरकार के कई मंत्रालय टेस्ला द्वारा आयात कर घटाने के प्रस्ताव के समर्थन में हैं। वर्तमान समय में भारतीय आटोमोबाइल उद्योग 8.2 लाख करोड़ का है तथा विनिर्माण की लगभग 49 प्रतिशत जीडीपी इस क्षेत्र से आती है जो कुल जीडीपी का 7.1 प्रतिशत है। इस क्षेत्र से 3.7 करोड़ लोगों को प्रत्यक्ष व परोक्ष रोजगार मिलता है। यह विभिन्न प्रकार के लगभग 27 बिलियन डालर के वाहन निर्यात करता है। यह कुल संग्रहीत जीएसटी का 15 प्रतिशत देता है तथा विभिन्न प्रकार के वाहनों की देश की आवश्यकता पूरी करता है। इसके साथ ही आटोमोबाइल हिस्से पुर्जों के विनिर्माण का बड़ा क्षेत्र विकसित हुआ है जो विनिर्माण, रोजगार तथा निर्यात में महत्वपूर्ण योगदान करता है।

आज विद्युत वाहन वार्षिक कार बिक्री में केवल एक प्रतिशत हैं। भारत सरकार देश में विद्युत वाहनों-ईवी के विनिर्माण को बहुत प्रोत्साहन दे रही है ताकि आयातित फासिल ईंधन पर निर्भरता कम हो तथा कार्बन फुटप्रिंट घटे। इसके लिए ईवी विनिर्माण तथा ईवी पुर्जों व बैटरियों, आदि के आयात पर आयात कर 10-15 प्रतिशत रखा गया है जो परंपरागत आटोमोबाइल पुर्जों के आयात कर से बहुत कम है। इस छूट का लाभ उठा कर स्थापित भारतीय कंपनियां और स्टार्टअप देश में स्थानीय मूल्य संवर्धन करने लगे हैं। दीर्घकालीन स्थानीयकरण कार्यक्रम की दिशा में भी प्रयास हो रहे हैं। सरकारी प्रयासों को देखते हुए लगता है कि भारत जल्द ही इन वाहनों की घरेलू आवश्यकता पूरी करने की स्थिति में होगा। अतीत पर नजर डालने से स्पष्ट है कि घरेलू आटोमोबाइल क्षेत्र को संरक्षण इस क्षेत्र के विकास हेतु जरूरी है जो वर्तमान समय में न केवल घरेलू जरूरतें पूरी कर रहा है, बल्कि बाकी दुनिया को वाहनों का निर्यात भी कर रहा है। यह देश के भीतर ही सफलतापूर्वक अधिकांश हिस्से-पुर्जों की खरीद भी करता है। यहां पर उल्लेखनीय बात यह है कि भारतीय आटो हिस्से पुर्जों का उद्योग भी 3.95 लाख करोड़ का है। भारतीय आटो क्षेत्र जीडीपी में 2.3 प्रतिशत का योगदान करने के साथ ही पांच मिलियन लोगों को रोजगार देता है तथा 15-16 बिलियन डालर या 1.06 लाख करोड़ रुपये का निर्यात भी करता है।

भारत का लक्जरी कार बाजार तुलनात्मक रूप से बहुत छोटा है। वर्ष 2019-20 में कुल 40,637 लक्जरी कारें बिकी, जबकि कोविड प्रभावित 2020-21 में इनकी संख्या केवल 19,700 थी। इसका कारण यह है कि जनसंख्या का बहुत छोटा हिस्सा 15 लाख रुपये या 20,000 डालर से महंगी लक्जरी कार खरीद सकता है। इसका बहुत छोटा हिस्सा ही 30 लाख से अधिक महंगी कार खरीदेगा। यदि टेस्ला को आयात

> **यदि टेस्ला को आयात कर में छूट दी गई तो लक्जरी कार खरीदने वाले आयातित टेस्ला विद्युत कारें खरीदेंगे। इससे भारत में कार निर्माताओं को कोई प्रोत्साहन नहीं मिलेगा और देश में ईवी विनिर्माण की क्षमता प्रभावित होगी। भारत ने उन वस्तुओं के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए फ्लैगशिप पीएलआई योजना शुरू की है जिनके लिए देश विदेशों पर निर्भर है।**

कर में छूट दी गई तो लक्जरी कार खरीदने वाले आयातित टेस्ला विद्युत कारें खरीदेंगे। इससे भारत में कार निर्माताओं को कोई प्रोत्साहन नहीं मिलेगा और देश में ईवी विनिर्माण की क्षमता प्रभावित होगी। भारत ने उन वस्तुओं के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए फ्लैगशिप प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव-पीएलआई योजना शुरू की है जिनके लिए देश विदेशों पर निर्भर है।

इस योजना में 13 क्षेत्र शामिल किए गए हैं। इसके पहले चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम-पीएमपी शुरू किया गया था। आयात कर घटाने तथा चीन व अन्य देशों द्वारा सस्ता माल भेजने के कारण टेलीकाम व आईटी हार्डवेयर क्षेत्र में भारत विनिर्माण हब बनने का अवसर खो चुका है। सौभाग्य से पहले पीएमपी तथा वर्तमान में पीएलआई योजनाओं के कारण इस क्षेत्र को अब घरेलू विनिर्माण में कुछ सफलता मिली है। यदि हम पूर्णत असेंबल विद्युत कारों तथा वोक्सवैगन जैसी अन्य कार कंपनियों की कारों पर आयात कर में छूट देंगे तो पुरानी गलती दुहरायेंगे जिसके चलते हम विद्युत वाहनों के विनिर्माण व टेक्नोलोजी विकास के अवसर खो चुके हैं। विदेशी कार कंपनियां आयात कर घटाने की पैरोकारी करने लगी हैं।

ईवी पर कस्टम ड्यूटी में कमी से कंपनियों को केवल विदेशी बाजारों से आयात कर भारतीय बाजार में बेचने का प्रोत्साहन मिलेगा। इससे देश की अर्थव्यवस्था में कोई मूल्य संवर्धन नहीं होगा तथा ऐसा कदम भारत में घरेलू उत्पादन बढ़ाने के प्रयासों को हतोत्साहित करेगा। स्वदेशी आटोमोबाइल कंपनियां तथा स्टार्टअप लगातार शोध एवं विकास-आरएंडडी तथा उत्पादों के विकास में निवेश कर रहे हैं और इस प्रकार टिकाऊ अर्थव्यवस्था के योगदान में सहायक हैं। अत: आयातित विद्युत कारों के वितरण की नीति को प्रोत्साहन देने के बजाय स्थानीय कंपनियों के विकास को प्रोत्साहित करना बेहतर होगा। इसके लिए केन्द्र तथा राज्य सरकारों को दीर्घकालीन नीतियां बनानी होंगी। वेंचर कैपिटलिस्टों द्वारा समर्थित ओला कंपनी ने अपना पहला विद्युत स्कूटर लांच किया है जिसकी एक ही दिन में एक लाख से अधिक बुकिंग हो गई हैं। ओला व अन्य दो पहिया मूल उपकरण विनिर्माता-ओईएम अद्यतन विनिर्माण प्लांट स्थापित करने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में टेस्ला को आयात कर में छूट इस दिशा में भावी उद्यमों को हतोत्साहित करेगा। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि टेस्ला की बिजनेस माडल कंपनी घरेलू आटो हिस्सा-पुर्जा विनिर्माताओं को कोई अवसर नहीं देती है।

इलोन मस्क के शब्दों में, 'हमारे पास व्यापक आंतरिक विनिर्माण तकनीक है और हम उस पर निर्माण करेंगे। इसका अर्थ है कि हम जो चीज बनाना चाहते हैं उसके लिए मशीन डिजाइन करेंगे और फिर मशीन बनाएंगे।' हमें असेंबल कारों पर आयात कर नहीं घटाना चाहिए। इसके बजाय हमें ईवी को समर्थन देने के लिए राजकोषीय व गैर-राजकोषीय कदम उठाने चाहिए। जीएसटी, रजिस्ट्रेशन फीस, परमिट फीस व रोड टैक्स में कमी के साथ ही पीएलआई व ईवी वाहनों में परिवर्तन को प्रोत्साहन ऐसे कुछ कदम हैं। ईवी वाहनों के सीधे आयात से शोध एवं विकास में निवेश को हतोत्साहित करने के बजाय हमें ऐसा परिवेश बनाना चाहिए जिसमें ईएंडडी में निवेश बढ़े। यदि हम टेस्ला कारों को आयात की अनुमति देते हैं तथा आयात कर में छूट देते हैं तो हम ईवी परिवेश विकास में बाधा पैदा करेंगे।

हमें दुनिया की तेजी से एकीकृत होती बाजार का लाभ उठा कर भारतीय कंपनियों को दीर्घकालीन तकनीकी लाभ प्रदान करने चाहिए। अभी ईवी की तकनीकों का विकास शिखर तक नहीं पहुंचा है तथा इसमें अनेक संभावनायें हैं। हमने इसी रास्ते पर चलते हुए मोबाइल फोन क्षेत्र में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है क्योंकि भारत ने 2000 दशक की शुरुआत में ही मोबाइल फोन विनिर्माण क्षमताओं का विकास किया था। हमें भावी वैश्विक बाजार में मजबूत स्थिति के लिए सुदृढ़ तकनीकी नीव की जरूरत है। इसके लिए हमें आटोमोबाइल क्षेत्र के निर्यात को रिकार्ड ऊंचाई तक ले जाना होगा तथा किसी भी कीमत पर टेस्ला कारों के आयात कर में छूट से बचना होगा।

# नए युग की डिजिटल कम्पनियों पर कराधान

**हिमा बिंदू कोटा**
(लेखिका एमिटी विश्वविद्यालय में सह प्रोफेसर हैं)



डिजिटल तकनीक ने न केवल दुनिया के काम करने के तरीके को बदल दिया है, इसने देश की कराधान प्रणाली में भी पैठ बना ली है। वर्षों से, कोई भी कंपनी जो भारत की निवासी है, कराधान कानूनों के दायरे में आती रही है। हालांकि, किसी कंपनी को आर्थिक गतिविधि में संलग्न होने के लिए अब किसी देश का निवासी होने की आवश्यकता नहीं है। प्रौद्योगिकी और इंटरनेट ने एक कंपनी को एक देश में मौजूद होना और दूसरे में काम करना संभव बना दिया है। इसने उन देशों के लिए चिंता पैदा कर दी है जहां उपभोक्ता स्थित हैं क्योंकि वे पुराने कानूनों के कारण कर संग्रह के अपने हिस्से से वंचित हैं, जिनमें कर लगाने के लिए कंपनियों की भौतिक उपस्थिति की आवश्यकता होती है।

इस विसंगति के कारण अंतरराष्ट्रीय कराधान कानूनों में तत्काल संशोधन की आवश्यकता है। इस मुद्दे को हल करने के लिए, अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा कुछ आम सहमति प्राप्त करने के लिए कई प्रयास किए गए हैं, विशेष रूप से आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) द्वारा बेस इरोशन एंड प्रॉफिट शेयरिंग (बीईपीएस) कार्य योजना ढ्ढ के तहत, जिसमें कुछ अंतरिम की सिफारिश की गई है। नए युग की डिजिटल अर्थव्यवस्था से उत्पन्न होने वाली कर चुनौतियों से निपटने के अवसर।

ऐसा ही एक विकल्प 'महत्वपूर्ण आर्थिक उपस्थिति' (एसईपी) की अवधारणा है जिसे दो तरीकों से परिभाषित किया जा सकता है। सबसे पहले, भारत में किसी भी व्यक्ति के साथ एक अनिवासी द्वारा किए गए किसी भी सामान, सेवाओं या संपत्ति के संबंध में कोई लेनदेन, जिसमें भारत में डेटा या सॉफ्टवेयर डाउनलोड करने का प्रावधान शामिल है, यदि इस तरह के लेनदेन या लेनदेन के दौरान होने वाले भुगतानों का कुल योग पिछले वर्ष 2 करोड रुपए से अधिक है। दूसरे, भारत में 300,000 उपयोगकर्ताओं के साथ व्यापार गतिविधियों की व्यवस्थित और निरंतर याचना या बातचीत में संलग्न होना। एसईपी की अवधारणा को




'व्यावसायिक कनेक्शन' के दायरे में पेश किया गया था, जो कि किसी भी दो उद्यमों के बीच एक निरंतर और निरंतर व्यापार संबंध है जिसके परिणामस्वरूप एक अनिवासी इकाई का लाभ होता है। बीईपीएस एक्शन प्लान 1 की सिफारिश के अनुसार, एक अनिवासी उद्यम कर योग्य होगा यदि उसके पास उस देश में एक एसईपी है, जो प्रौद्योगिकी और स्वचालन की मदद से अर्थव्यवस्था के साथ एक केंद्रित, निरंतर और निरंतर जुड़ाव में लगा हुआ है।

दिलचस्प बात यह है कि भारत इस दिशा में शुरुआती कदमों में से एक रहा है। जैसा कि मौजूदा कर कानूनों में संशोधन एक समय लेने वाली प्रक्रिया है, भारत में शीर्ष कर प्रशासनिक निकाय, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के मार्गदर्शन में एक समिति का गठन किया गया था, जिसने 2016 में छह के बराबर कर लगाने की सिफारिश की थी। ऑनलाइन विज्ञापन और सहायक सेवाओं में भारत के लिए एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में प्रतिशत। बाद में, 2020 तक, वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाइन बिक्री को शामिल करने के लिए डोमेन का विस्तार किया गया। यह 2022 से प्रभावी हो जाएगा।

उदाहरण के लिए, भारत में लाखों डॉलर का सामान बेचने वाली इंटरनेट की दिग्गज कंपनी अलीबाबा पर वर्तमान में एक उद्यम के रूप में कर नहीं लगाया जाता है क्योंकि यह भारत में भौतिक रूप से मौजूद नहीं है। एसईपी की अवधारणा की शुरुआत के साथ, अलीबाबा भारत में की गई बिक्री के लिए कर योग्य होगा। इसके अलावा, एसईपी की दूसरी शर्त के अनुसार, भारतीयों से व्यापार की याचना करने का कार्य और यहां तक ??कि वास्तविक बिक्री भी किसी भी उद्यम को . यह सूचना फ़ीड और समाचार जैसे फेसबुक और इंस्टाग्राम, और सोशल नेटवर्क और व्हाट्सएप, वीचैट और टिकटॉक जैसे अन्य जुड़ाव-आधारित प्लेटफार्मों द्वारा संचालित कंपनियों को भारतीय कराधान नियमों के दायरे में लाता है, उनकी आय या उपयोगकर्ता आधार निर्धारित सीमा को पार करने के अधीन है।

एसईपी भारत में स्थापित किसी भी संपर्क कार्यालय पर भी लागू होता है क्योंकि वे व्यवसाय की निरंतर याचना में भी शामिल होते हैं, उन्हें इसके दायरे में लाते हैं। यह कई विदेशी कंपनियों को इन शर्तों को दरकिनार करने के लिए अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों को स्थापित करने और विदेशी कंपनियों के लिए 40 प्रतिशत कर दर की तुलना में 25 प्रतिशत की कम कर दर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित कर सकता है।

कुल मिलाकर, व्यापार संबंध और महत्वपूर्ण आर्थिक उपस्थिति दोहरे कराधान से बचाव समझौते (डीटीएए) के अधीन लागू होगी, जो भारत में व्यापार उद्यम के गृह देश के साथ है। डीटीएए में आम तौर पर उन शर्तों को परिभाषित करने वाले विशिष्ट खंड होते हैं जिनके तहत एक मेजबान देश अपने देशों में स्थित विदेशी कंपनियों पर कर लगा सकता है। और चूंकि डीटीएए किसी भी घरेलू कर नियमों को ओवरराइड करते हैं, यह उन स्थितियों में विदेशी कंपनियों पर कर लगाने में जटिल होगा, जब महत्वपूर्ण आर्थिक उपस्थिति की अवधारणा का उल्लेख नहीं किया गया है। हालांकि, इस तरह का कदम डिजिटल तकनीक के इस नए युग में कर कंपनियों के प्रति भारत की मंशा को दर्शाता है। महत्वपूर्ण आर्थिक उपस्थिति को परिभाषित करने के लिए आम तौर पर स्वीकृत थ्रेसहोल्ड का निर्धारण करने में एक वैश्विक सहमति नए युग की डिजिटल कंपनियों पर कर लगाने में एक लंबा रास्ता तय करेगी।

## आप की बात

### चिंता का विषय

**रक्षा** अनुसंधान एवं विकास संगठन के 6 संविदा कर्मचारियों को पाकिस्तान खुफ़िया एजेंसी आई एस आई को रक्षा सम्बन्धी गोपनीय सूचनाएं देने के आरोप में बालेश्वर उड़ीसा पुलिस ने गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से गोपनीय दस्तावेज भी बरामद हुए। ये सभी चांदीपुर इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज के लॉन्च पैड में कार्यरत थे। ये सभी मिसाइल परीक्षण से सम्बंधित जानकारी लीक कर चुके थे। फेसबुक के माध्यम से एक महिला के प्रेमजाल में फंस कर ये गुप्त सूचनाएं लीक कर रहे थे। जिसके बदले यह महिला इनके खातों में पैसे ट्रांसफर करती थी। ध्यान देने योग्य बात है। डी आर डी ओ चांदी पुर से वर्ष 2015 में भी एक संविदा फोटोग्राफर जो भारतीय रक्षा से सम्बंधित गुप्त सूचनाएं पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आई एस आई को लीक करते पकड़ा गया। जो देशद्रोह मामले में आजीवन सजा भुगत रहा है। पाकिस्तान देश की रक्षा, सुरक्षा, विकास और अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने के लिये उसकी गुप्तचर एजेंसी आईएसआई जाल सारे देश में फैलाये बैठी है। चंद कागज के टुकड़ों पर देश के साथ गद्दारी करने वाले आस्तीन के सांपो और गद्दारों की भरमार है। इन देश के महत्वपूर्ण विभागों में संविदा और ठेकेदारी पर काम नही कराना चाहिये।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### डेंगू और वायरल का कहर

**उत्तर** प्रदेश, बिहार सहित देश के सभी राज्यों में वायरल बुखार व डेंगू बुरी तरह से फैल रहा है। चिंताजनक बात यह है वायरल बुखार व डेंगू से बच्चे भी प्रभावित हो रहे हैं, इससे बच्चों समेत कई लोगों की मौतें भी हो चुकी है। खबरों के मुताबिक अधिकतर जगहों पर स्वास्थ्य का ढांचा चरमरा रहा है। मरीजों को स्ट्रेचर, एंबुलेंस, मुकम्मल इलाज जैसी सुविधा नहीं मिल रही है। इलाज के लिए भर्ती मरीजों तथा बच्चों का एक ही पलंग पर दो दो मरीजों का इलाज चल रहा है। मृत्यु होने पर शव को कंधे पर उठाकर ले जा रहे हैं। छवि की नहीं आम जनता की चिंता करते हुए, सच्चाई को स्वीकार कर स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो कमियां चुनौति बनकर खड़ी हुई है,उन्हें प्राथमिकता से दूर करने का प्रथम कर्तव्य होना चाहिए। आम जन बीमारी से परेशान हैं। जब यह आमजन ही त्रस्त रहेगा,तो प्रजातंत्र मस्त कैसे हो सकता है। चाहे सरकार की कमान किसी के भी हाथों में हो, उन्हें स्वास्थ्य का ढांचा सुधारना ही होगा। इसे नाकामी नहीं, चुनौती मानकर सुधार के क्षेत्र में आगे बढ़ना होगा। प्रजातंत्र में अंतिम लक्ष्य तो यही होता है कि आम आदमी को हर एक सुविधा बिना किसी परेशानी के मिले।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

### तालिबान से सावधान!

**अफगानिस्तान** के हालिया घटनाक्रम से सर्वाधिक प्रभावित दक्षिण व दक्षिण एशिया के देशों में शामिल भारत को अत्यधिक सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि तालिबान के विभिन्न गुट तथा हक्कानी नेटवर्क अपनी आंतरिक प्रतिद्वंद्विताओं, कबीलाई विभाजनों तथा असहमतियों से निपट कर देश में सरकार बनाने का प्रयास कर रहे हैं। सरकार बनाने का प्रयास करने वाले समूहों के आतंक से जुड़े होने के कारण भारत का बहुत कुछ दांव पर लगा है। समान रूप से पाकिस्तान की भूमिका भी चुनौतीपूर्ण है जो वहां सक्रिय रूप से सहज तरीके से सरकार गठन के काम में लगा है। भारतीय हितों के विरोधी आतंकी समूह दोनों देशों में मौजूद हैं और यह कहना अभी बहुत जल्दबाजी होगी कि भारत के साथ शांतिपूर्ण संबंधों के तालिबानों के आश्वासनों पर आसानी से विश्वास किया जा सकता है। लश्करे तैयबा व जैशे मुहम्मद अफगानिस्तान में सक्रिय हैं और कहा जाता है कि वे भारत के खिलाफ हमले करने के लिए इसे अड्डे की तरह प्रयोग करने की संभावना पर विचार कर रहे हैं।

– **अनिल राजपूत**, प्रयागराज

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**दिल्ली** में दिवाली के दौरान प्रदूषण के खतरनाक स्तर को ध्यान में रखते हुए, हम पटाखों के उपयोग भंडारण, और बिक्री पर प्रतिबंध लगा रहे हैं।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

**विशेष** रूप से आर्थिक सहयोग के क्षेत्र में हम ब्रिक्स संगठन की सदस्यता के फलस्वरूप लाभ उठाने में सफल रहे हैं।

– **सिरिल रामफोसा**
दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति





**नई** आबकारी नीति के लागू होने के बाद दिल्ली सरकार को एक साल में 3,500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा।

– **मनीष सिसोदिया**
दिल्ली के उपमुख्यमंत्री

# मोदी अगले सप्ताह क्वाड शिखर बैठक में भाग लेंगे

● करेंगे संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान क्वाड समूह के नेताओं के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे तथा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन एवं समूह के अन्य नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बृहस्पतिवार को साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 सितंबर को वाशिंगटन में क्वाड समूह की बैठक में उपस्थित रहेंगे। इसके बाद 25 सितंबर को वे न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 76वें सत्र के एक उच्च स्तरीय खंड को भी संबोधित करेंगे। वाशिंगटन में प्रधानमंत्री जो बाइडन के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। प्रवक्ता ने कहा कि हम वाशिंगटन में समूह (क्वाड) के अन्य नेताओं के साथ तथा न्यूयार्क में कुछ दूसरे देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक को लेकर आशान्वित हैं। प्रधानमंत्री मोदी 24 सितंबर को अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन, जापान के प्रधानमंत्री योशीहिदे सुगा और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। उल्लेखनीय है कि क्वाड समूह में अमेरिका, भारत, आस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं। अमेरिका क्वाड समूह की बैठक कर रहा है जिसमें समूह के नेता हिस्सा लेंगे। इसके जरिए अमेरिका हिन्द प्रशांत क्षेत्र में सहयोग और समूह के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने का मजबूत संकेत देना चाहता है। मार्च में अमेरिकी राष्ट्रपति ने क्वाड देशों के नेताओं की पहली शिखर बैठक डिजिटल माध्यम से आयोजित की थी और लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर मुक्त एवं समावेशी हिन्द प्रशांत क्षेत्र को लेकर प्रतिबद्धता प्रकट की थी। समझा जाता है कि इसका परोक्ष संदेश चीन को लेकर था। क्वाड को लेकर चीन के बयान के बारे में एक सवाल के जवाब में प्रवक्ता ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के हाल के बयान को उद्धत किया जिसमें उन्होंने कहा कि क्वाड टीके, आपूर्ति श्रृंखला, शिक्षा, जलवायु परिवर्तन और कनेक्टिविटी जैसे मुद्दों पर केंद्रित है। बागची के अनुसार, विदेश मंत्री ने कहा था कि क्वाड मुक्त एवं समावेशी हिन्द प्रशांत क्षेत्र एवं अंतरराष्ट्रीय कानून के सम्मान का विचार रखता है। उल्लेखनीय है कि चीन ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की मेजबानी में आयोजित होने वाले आगामी क्वाड शिखर सम्मेलन को लेकर निशाना साधते हुए कहा है कि दूसरे देशों को लक्षित करने के लिए गुटबाजी काम नहीं आएगी और इसका कोई भविष्य नहीं है।

## भारत ने अमेरिका में खालिस्तानी अलगाववादी समूहों की गतिविधियों पर चिंता व्यक्त की

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिका मे पाकिस्तान समर्थित खालिस्तानी अलगाववादी समूहो द्वारा भारत विरोधी गतिविधियां बढ़ाए जाने की खबरो पर बृहस्पतिवार को चिंता व्यक्त की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले सप्ताह अमेरिका के दौरे पर जाने वाले है, जिससे पहले भारत ने यह चिंता व्यक्त की है। खबरे है कि प्रधानमंत्री की अमेरिका की वाशिंगटन और न्यूयॉर्क की यात्रा के दौरान एक प्रतिबंधित खालिस्तानी समूह दोनो शहरो मे विरोध प्रदर्शन की योजना बना रहा है। इस सिलसिले मे जब विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची से सवाल किया गया तो उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री और उनके प्रतिनिधिमंडल की सुरक्षा सुनिश्चित करना एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। बागची ने खालिस्तानी समूहो के बारे मे एक प्रमुख अमेरिकी थिंक-टैंक हडसन इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि यह दर्शाता है कि कैसे पाकिस्तान अमेरिका से भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। बागची ने प्रेस वार्ता मे कहा, मुझे प्रतिबंधित संगठन के आह्वान के बारे मे नही पता। मै उस पर टिप्पणी नही कर सकता। लेकिन हम निश्चित रूप से प्रधानमंत्री और उनके प्रतिनिधिमंडल की सुरक्षा सुनिश्चित करने में जुटे है। हमारी इस मामले मे मेजबान देश अमेरिका से बात हुई है और (उसे) इससे अवगत कराया गया है। अगर संगठन पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है, तो उसे इस तरह की गतिविधियां नही करनी चाहिए।



नई दिल्ली में रक्षा कार्यालय परिसर के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य

### ओडिशा : गंजम जिले के एक हजार से अधिक गांव बाल विवाह से मुक्त

**बरहामपुर।** ओड़िशा के गंजम जिले के शहरी क्षेत्रों के 126 वार्ड और एक हजार से अधिक गांवो को बाल विवाह से मुक्त घोषित किया गया है। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जिला प्रशासन ने मंगलवार को छतरपुर में आयोजित बाल दिवस के अवसर पर बैठक में1,010 गांवों को बाल विवाह मुक्त घोषित किया। नए परिवर्तन से बाल विवाह मुक्त क्षेत्रों की कुल संख्या 3,250 गांवों में से 2,042 और 18 शहरी स्थानीय निकायों के 286 वार्डों में से 266 हो गई है। इसी प्रकार, जिले के503 पंचायत क्षेत्रों में से 221 को बाल विवाह मुक्त घोषित किया गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुरेखा मलिक ने कहा कि पहली बार हमने जिले मे बाल विवाह मुक्त पंचायतों को घोषित किया है।

### राहुल गांधी ने ऑस्कर फर्नांडिस को आखिरी विदाई दी

**बेंगलुरु।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता ऑस्कर फर्नांडिस को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि वह एक मित्र, मार्गदर्शक और पार्टी के सच्चे सिपाही थे। फर्नांडिस का लंबी बीमारी के बाद पिछले 13 सितंबर को मेंगलुरू में निधन हो गया था। वह 80 साल के थे। राहुल गांधी ने उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ ही उनके परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया। उन्होंने ट्वीट किया, ऑस्कर फर्नांडीस जी के परिवार के साथ कुछ समय बिताया। उन्हें आखिरी विदाई दी। वह एक मित्र, मार्गदर्शक और कांग्रेस के सच्चे सिपाही थे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने यहां पहुंचने के बाद फर्नांडिस की पत्नी ब्लॉसम समेत परिवार के विभिन्न सदस्यों से मुलाकात की। वह गिरिजाघर मे आयोजित प्रार्थना सभा मे शामिल हुए।

### रक्षा मंत्रालय ने खरीद प्रक्रिया के लिए एसओपी जारी की

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने खरीद प्रक्रिया के दौरान बैंक गारंटी के त्वरित सत्यापन के लिए बृहस्पतिवार को एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की। यह एसओपी विदेशी बैंकों द्वारा दी जाने वाली बैंक गारंटी से संबंधित खरीद मामलो मे अनुबंध का समय पर पूरा होना सुनिश्चित करेगी। रक्षा खरीद प्रक्रिया 2020 क्रेता को जरूरत पड़ने पर नीलामीकर्ता के व्यय पर किसी भारतीय बैंक से विदेशी बैंक की बैंक गारंटी की पुष्टि की मांग करने का अधिकार प्रदान करती है। ऐसी बैंक गारंटी की पुष्टि की आवश्यकता के संबंध मे भारतीय स्टेट बैंक, संसद मार्ग शाखा, नई दिल्ली से सलाह लेने के लिए खरीदार द्वारा अपनाए जाने वाले कदमो के संबंध मे बृहस्पतिवार को एसओपी जारी की गई।

## परमबीर सिंह की याचिका खारिज

● बंबई हाईकोर्ट में महाराष्ट्र सरकार की जांच के खिलाफ गए थे पूर्व पुलिस आयुक्त

**भाषा।** मुंबई

**बंबई उच्च** न्यायालय ने मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह के खिलाफ महाराष्ट्र सरकार द्वारा शुरू की गई जांच रद्द करने करने के लिए उनकी एक याचिका बृहस्पतिवार को खारिज कर दी। साथ ही, अदालत ने कहा कि भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) जा सकते हैं। न्यायमूर्ति एस एस शिंदे और न्यायमूर्ति एन जे जमादार की खंडपीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि यह सेवा (नौकरी) से जुड़ा विषय है और उनका यह दावा खारिज कर दिया कि सरकार की कार्वाई (महाराष्ट्र के) तत्कालीन गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ उनके द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों का परिणाम थी। यहां उद्योगपति मुकेश अंबानी के आवास एंटीलिया के बाहर एक संदिग्ध वाहन खड़ा पाए जाने के बाद मार्च 2021 में मुंबई पुलिस आयुक्त पद से हटा दिए जाने पर मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को लिखे एक पत्र में परमबीर सिंह ने देशमुख के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। इस वाहन में जिलेटिन की छड़े (विस्फोटक सामग्री) रखी हुई थी। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा, याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि (देशमुख के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग करने वाली) उनकी याचिकाओं के नतीजों का जवाब देने के लिए कार्वाई शुरू की गई। यह दावा...(पुलिस निरीक्षक) अनूप डांगे की शिकायत के आधार पर उनके खिलाफ शुरू की गई कार्वाई के आलोक में प्रथम दृष्टया सही नहीं प्रतीत होता है। न्यायाधीशों ने कहा कि एंटीलिया घटना से पहले डांगे ने फरवरी 2021 में सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत की थी।

## हुसैन सागर में न्यायालय ने आखिरी बार मूर्ति विसर्जन की मंजूरी दी

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने तेलंगाना प्राधिकारियों को हैदराबाद की हुसैन सागर झील में प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी भगवान गणेश की प्रतिमाओं के आखिरी बार विसर्जन की बृहस्पतिवार को अनुमति दे दी। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने कहा कि हैदराबाद शहर में यह बार-बार आने वाली समस्या है और कई निर्देश देने के बावजूद राज्य सरकार ने वहां मूर्तियों के विसर्जन पर रोक तथा प्रदूषण पर लगाम लगाने के तेलंगाना उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन नहीं किया। न्यायालय ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों पर विचार के बाद यह आदेश दिया। मेहता ने कहा कि झील में प्रदूषण कम करने के लिए कदम उठाए गए हैं और विसर्जन के तुरंत बाद प्रतिमाओं को क्रेन की मदद से बाहर निकाल लिया जाएगा और उन्हें ठोस अपशिष्ट निस्तारण स्थलों पर ले जाया जाएगा। उच्चतम न्यायालय ने बहरहाल यह भी कहा कि लोगों का अनुशासन और सहयोग भी महत्वपूर्ण है। मेहता ने पीठ को आश्वस्त किया कि अगले साल तक निर्देशों को पूरी तरह लागू किया जाएगा और इस साल व्यवस्था करने का समय नहीं है।

### राज कुंद्रा के काम के बारे में जानकारी नहीं थी : शिल्पा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने मुंबई पुलिस को दिए एक बयान में दावा किया कि उन्हें अपने पति राज कुंद्रा की गतिविधियों के बारे में जानकारी नहीं थी क्योंकि वह अपने काम में व्यस्त रहती थीं। अश्लील फिल्मों से जुड़े एक मामले में शहर की पुलिस द्वारा यहां की एक अदालत में दायर पूरक आरोप-पत्र में यह बात कही गई है। शेट्टी का बयान कुंद्रा (46) और उनके साथी रयान थोरपे के खिलाफ पुलिस द्वारा बुधवार को मजिस्ट्रेटी अदालत के समक्ष दायर 1,500 पन्नों के आरोप-पत्र का हिस्सा है। इस साल जुलाई में गिरफ्तार किए गए कुंद्रा के खिलाफ दर्ज मामला अश्लील फिल्मों के कथित निर्माण और कुछ ऐप के माध्यम से उन्हें प्रसारित करने से जुड़ा है।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर टीकाकरण अभियान को मजबूती देगी भाजपा

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71वें जन्मदिन पर शुक्रवार से सात अक्टूबर तक जनता के बीच जाकर 20 दिनों का सेवा और समर्पण अभियान चलाएगी। साथ ही पार्टी इस दौरान प्रधानमंत्री के सार्वजनिक कार्यालय में दो दशक पूरा करने का भी जश्न मनाएगी। मोदी 13 वर्षों तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और पिछले सात साल से प्रधानमंत्री हैं। इसके मद्देनजर भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं को




कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान में सहयोग करने का दिशानिर्देश जारी किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने भी शुक्रवार को प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर टीकाकरण अभियान में और मजबूती लाने का अनुरोध किया। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, सबको टीका, मुफ्त टीका की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को सौगात दी हैउ कल हम सबके प्रिय प्रधानमंत्री का जन्मदिन है, चलो वैक्सीन सेवा कर जिन्होंने वैक्सीन नहीं ली है, ऐसे अपनों को, परिजनों को और समाज के सभी तबकों को टीका लगवाकर, उनको जन्मदिन का उपहार देते हैं। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने पार्टी कार्यकर्ताओं को इस अभियान के तहत स्वास्थ्य और रक्तदान शिविर लगाने और गरीबों के बीच राशन बांटने का दिशानिर्देश जारी किया है।

### नीति आयोग ने राष्ट्रीय नगर एवं ग्राम योजनाकार परिषद गठित करने का सुझाव दिया

**नई दिल्ली।** देश में शहरों के लिए योजना बनाने वाले योजनाकारों (टाउन प्लानर) की भारी कमी को रेखांकित करते हुए नीति आयोग ने भारत सरकार को विधिक निकाय के रूप में राष्ट्रीय नगर एवं ग्राम योजनाकार परिषद (नेशनल काउंसिल आफ टाउन एंड कंट्री प्लानर) गठित करने का सुझाव दिया है। भारत में शहरी योजना क्षमता में सुधार विषय पर नीति आयोग द्वारा तैयार रिपोर्ट में यह बात कही गई है। यह रिपोर्ट बृहस्पतिवार को जारी की गई। नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने भाषा से कहा, हमारे देश में शहरी योजनाकारों की काफी कमी है और हमें क्षमता बढ़ाने की जरूरत है।

## दो वयस्कों को अपने पसंद का जीवन साथी चुनने का अधिकार : इलाहाबाद हाईकोर्ट

**भाषा।** प्रयागराज

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने बुधवार को एक बार फिर कहा कि दो वयस्क व्यक्तियों को अपने पसंद का जीवन साथी चुनने का अधिकार है, भले ही वे चाहे किसी भी धर्म के हों। न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति दीपक वर्मा की पीठ ने मुस्लिम महिला शिफा हसन और उसके हिंदू साथी द्वारा दायर की गई एक याचिका पर यह आदेश पारित किया। इन याचिकाकर्ताओं की दलील है कि वे एक दूसरे से प्रेम



करते हैं और अपनी इच्छा से साथ में रह रहे हैं। अदालत ने शिफा हसन और उसके साथी को सुरक्षा प्रदान करते हुए कहा कि इनके संबंधों को लेकर इनके माता पिता तक आपत्ति नहीं कर सकते। इस बात को लेकर कोई विवाद नहीं है कि दो वयस्क व्यक्तियों के पास अपनी पसंद का जीवन साथी चुनने का अधिकार है, भले ही उनका धर्म कुछ भी हो। चूंकि यह याचिका दो ऐसे लोगों द्वारा दायर की गई है जो एक दूसरे से प्रेम करने का दावा करते हैं और वयस्क हैं, इसलिए हमारे विचार से कोई भी व्यक्ति उनके संबंधों को लेकर आपत्ति नहीं कर सकता। पीठ ने पुलिस अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि इन याचिकाकर्ताओं को उनके माता पिता द्वारा या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किसी तरह से परेशान न किया जाए।



दशहरा 2021 समारोह में भाग लेने के लिए मैसूरु पैलेस पहुंचा हाथी दल

## क्विक न्यूज

### देश में 30,570 नए मामले, 431 और लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोविड-19 के 30,570 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,33,47,325 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या कम होकर 3,42,923 रह गई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में 431 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 4,43,928 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या कम होकर 3,42,923 हुई, जो कुल मामलों का 1.03 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में कुल 8,164 की कमी आई है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 97.64 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार, देश में अभी तक कुल 54,77,01,729 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई है, जिनमें से 15,79,761 नमूनों की जांच बुधवार को की गई। दैनिक संक्रमण दर 1.94 प्रतिशत है, जो पिछले 17 दिन से तीन प्रतिशत से कम बनी है। वहीं, साप्ताहिक संक्रमण दर 1.93 प्रतिशत है, जो पिछले 83 दिन से तीन प्रतिशत से कम है। देश में अभी तक कुल 3,25,60,474, लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 मृत्यु दर 1.33 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार, देश में अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की कुल 76.57 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं। देश में पिछले साल सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितंबर को 40 लाख से अधिक हो गई थी। वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर को 50 लाख, 28 सितंबर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए। देश में 19 दिसंबर को ये मामले एक करोड़ के पार, चार मई को दो करोड़ के पार और 23 जून को तीन करोड़ के पार चले गए थे। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में पिछले 24 घंटे में जिन 431 लोगों की मौत हुई, उनमें से केरल के 208 ,गोवा के 70 और महाराष्ट्र के 56 लोग थे। मंत्रालय ने कहा, गोवा में पिछले 24 घंटे में संक्रमण से दो लोगों की मौत हुई है।

### महिलाएं स्वास्थ्य सेवा के लिए बनेंगी एम्बेसडर

**पटना।** पटना में महिलाओं द्वारा एक सामूहिक स्त्री अभियान खुद से पूछें की शुरुआत की गयी है। इस परियोजना का उद्देश्य पटना की महिलाओं को एक आत्मचिंतनशील यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित करना है। साथ ही सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवा के बारे में उनकी कहानियों और अनुभवों को आवाज देना है। खुद से पूछें अभियान पूरे बिहार की 18-30 आयु वर्ग की महिलाओं को एम्बेसडर बनने का आवेदन करने के लिए आमंत्रित किया है। ये एम्बेसडर सम्मानजनक स्वास्थ्य देखभाल सेवा, हासिल करने की दिशा में बातों की शुरुआत करके सकारात्मक बदलाव लाने के लिए शुरू किये गये इस आन्दोलन का नेतृत्व करेंगी। उल्लेखनीय है कि महिलाओं की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में काफ़ी बढ़ोतरी हुई है, फिर भी देखभाल की गुणवत्ता, विशेष रूप से गरिमापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के बारे में संवाद का स्तर लगभग शून्य है,अर्थात न के बराबर बात होती है। इन सेवाओं को हासिल करते हुए औरतें और युवतियों को अक्सर एक पूर्वानुमान या फिर अपमान से गुज़रना पड़ता है, कई बार उन्हें सही सलाह भी नहीं मिलती है।

### फोन पर तीन तलाक देने के मामले में दिल्ली के निवासी पर ठाणे में प्राथमिकी दर्ज

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में फोन पर अपनी पत्नी को कथित रूप से तीन तलाक देने को लेकर दिल्ली के एक बाशिंदे के विरूद्ध मामला दर्ज किया गय है। एक अधिकारी ने बताया कि डोम्बिवली के तिलक नगर थाने में अब्दुल वहाब खान के विरूद्ध भादंसं की धारा 498 -(ए) और मुस्लिम महिला (शादी अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई है। प्राथमिकी के अनुसार खान ने अप्रैल, 2006 में जिले के कल्याण निवासी महिला (शिकायतकर्ता) से शादी की थी और दोनों के तीन बच्चे हैं। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि अब्दुल शराब पीटकर उसके साथ मारपीट करता था, इसलिए वह पिछले साल अपने मायके लौट आई। महिला ने बताया कि तीन दिन पहले अब्दुल ने कथित रूप से फोन करके बताया कि वह दूसरी शादी कर रहा है, ऐसे में उसे कोई रूकावट नहीं पैदा करनी चाहिए। जब शिकायतकर्ता ने अपने शौहर से पूछा कि वह उसे तलाक दिए बगैर दूसरी शादी कैसे कर सकता है तो उसने (अब्दुल ने) कथित रूप से दावा किया कि जब एक बार उसने उसे पीटा था, तब उसने (महिला ने) खुद ही तीन बार तलाक बोला था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसके शौहर ने इस बातचीत के दौरान तीन तलाक बोला एवं घोषणा की कि उन दोनों के बीच अब तलाक हो गया। इस तरह तलाक देना 2019 के कानून के तहत प्रतिबंधित है और उसके लिए तीन साल तक की कैद की सजा का प्रावधान है। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच चल रही है, किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है।

### स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के तीसरे सेमेस्टर में सावरकर की किताब नहीं पढ़ाई जाएगी : कन्नूर विवि

**कन्नूर।** कन्नूर विश्वविद्यालय के कुलपति गोपीनाथ रवींद्रन ने बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेता एम एस गोलवलकर और हिंदू महासभा के नेता वी डी सावरकर की किताबों के कुछ अंश शासन एवं राजनीति पर विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में फिलहाल नहीं पढ़ाए जाएंगे। कुलपति ने कहा कि पाठ्यक्रम के चौथे सेमेस्टर में नए अंशों में आवश्यक बदलाव के बाद उन्हें पढ़ाया जाएगा। अभी के लिए विश्वविद्यालय समकालीन राजनीतिक सिद्धांत पेपर पढ़ाना जारी रखेगा जैसा कि वह पहले कर रहा था। राज्य सरकार द्वारा गठित दो सदस्ईय विशेषज्ञ समिति ने विश्वविद्यालय के नए पाठ्य विवरण में बदलावों का सुझाव दिया है। ए बदलाव करने के बाद पाठ्य विवरण समिति को भेजा जाएगा। विश्वविद्यालय के फैसले को लेकर विभिन्न छात्र संघों ने आलोचना की थी और उन्होंने विश्वविद्यालय के भगवाकरण का आरोप लगाया था। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा था कि उनकी सरकार उन विचारों और नेताओं का महिमामंडन नहीं करेगी जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम से मुंह मोड़ लिया था। वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि थरूर ने हालांकि विश्वविद्यालय का बचाव करते हुए कहा था कि दलगत राजनीति की वेदी पर बौद्धिक स्वतंत्रता की बलि नहीं चढ़ानी चाहिए। उन्होंने कहा, मैंने अपनी किताबों में सावरकर और गोलवलकर का व्यापक संदर्भ दिया है और उनका खंडन भी किया है।



कोलकाता में विश्वकर्मा पूजा उत्सव से पहले भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति खरीदते श्रद्धालु

## भूपेंद्र पटेल की कैबिनेट में 24 नए चेहरे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**गुजरात** के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में कुल 24 नए मंत्रियों ने बृहस्पतिवार को गांधीनगर के राजभवन में शपथ ली। पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के कैबिनेट के किसी भी मंत्री को कैबिनेट में जगह नहीं मिली है। भारतीय राजनीति में सरकार गठन में को लेकर ऐसा प्रयोग पहली बार हुआ है।

नए मुख्यमंत्री के तहत मंत्रिमंडल में सभी नए मंत्रियों को शामिल करना, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह राज्य में सत्ता विरोधी लहर से निपटने के लिए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा एक नया दृष्टिकोण दिखाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य विधानसभा चुनाव से एक साल पहले अचानक गुजरात के नए मुख्यमंत्री का चुनाव कर सभी को चौंका दिया था। उन्होंने गुजरात सरकार में मंत्री पद की शपथ लेने वाले सभी को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा कि गुजरात सरकार में मंत्री पद की शपथ लेने वाले पार्टी के सभी सहयोगियों को बधाई। यह वे उत्कृष्ट कार्यकर्ता हैं जिन्होंने सार्वजनिक सेवा और हमारी पार्टी के विकास के एजेंडे को बढ़ाने के लिए अपना जीवन समर्पित किया है।

गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी, नितिन पटेल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल, प्रदेश भाजपा प्रभारी भूपेंद्र यादव और केंद्रीय पर्यवेक्षक एवं भाजपा महासचिव (संगठन) बीएल संतोष की मौजूदगी में मंत्रियों को शपथ दिलाई। पटेल की मंत्रिपरिषद में शामिल किए गए 24 नए सदस्यों में 21 पहली बार मंत्री बने हैं। नए मंत्रिपरिषद में, निवर्तमान मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के मंत्रिपरिषद के किसी सदस्य को शामिल नहीं किया गया है। इनमें 10 कैबिनेट मंत्रियों और 14 राज्य मंत्रियों को शपथ दिलाई, जिनमें पांच स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री भी शामिल हैं। मंत्रालय में राजेंद्र त्रिवेदी, जीतू वघानी, रुशिकेश पटेल, राघवजी पटेल, पूर्णेश मोदी, कनुभाई देसाई, किरीटसिंह राणा, नरेश पटेल, प्रदीपसिंह परमार और अर्जुनसिंह चौहान सहित 10 कैबिनेट मंत्री हैं। इनमें त्रिवेदी, राणा और राघवजी पटेल पहले भी मंत्री रहे हैं। पांच राज्य मंत्रियों या जूनियर मंत्रियों के पास स्वतंत्र प्रभार होंगे। इन मंत्रियों में हर्ष सांघवी, जगदीश पांचाल, बृजेश मेरजा, जीतू चौधरी और मनीषा वकील शामिल हैं। कैबिनेट में राज्य मंत्री में मुकेश पटेल, निमिषा सुथार, अरविंद रैयानी, कुबेर डिंडोर, कीर्तिसिंह वाघेला, राजेंद्रसिंह परमार, राघवजी मकवाना, विनोद मोराडिया और देवभाई मालम शामिल हैं।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 17 सितम्बर, 2021



# भाजपा ने गुजरात की कानून-व्यवस्था मजबूत की

**भाषा।** अहमदाबाद



**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह** ने गुजरात में नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री रहने के दौरान से अब तक की भाजपा सरकारों को कानून-व्यवस्था मजबूत करने और राज्य पर लगे कर्फ्यू राजधानी के तमगे से निजात दिलाने तथा एक सुरक्षित प्रदेश होने की पहचान कायम करने में मदद करने का श्रेय दिया है। शाह, ग्रामीण अहमदाबाद में छह नवनिर्मित पुलिस थानों व एक पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय का उदघाटन करने के बाद वहां उपस्थित लोगों को डिजिटल माध्यम से संबोधित कर रहे थे। कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहतर होने से गुजरात औद्योगिक विकास के संदर्भ में एक अग्रणी राज्य बन गया है। शाह ने कहा, एक समय था जब गुजरात को कर्फ्यू राजधानी कहा जाता था। अब, जब आप 20 साल के किसी युवक से पूछते हैं कि क्या उसने कर्फ्यू लगा देखा है, तो वह निश्चित तौर पर ना में जवाब देगा। मोदी, आनंदीबेन (पटेल), विजयभाई (रूपाणी) के नेतृत्व के तहत और अब भूपेंद्रभाई (पटेल) के शासन की बागडोर संभालने के साथ भाजपा सरकार ने कानून व्यवस्था को मजबूत किया है। राज्य में रथ यात्राओं के दौरान सांप्रदायिक दंगे लंबे समय से नहीं हुए हैं और लोग शांतिपूर्ण माहौल में रह रहे हैं।

हम कानून व्यवस्था की स्थिति के संदर्भ में बहुत अच्छा कर रहे हैं और इसके चलते गुजरात औद्योगिक विकास में अग्रणी हो गया है। शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री के तौर पर मोदी ने पुलिस थानों का कंप्यूटरीकरण करने, फोरेंसिक विज्ञान को मजबूत करने, फोरेंसिक विज्ञान लैबोरेटरी (एफएसएल) विवि और रक्षा शक्ति विवि स्थापित करने, राज्य रिजर्व पुलिस में नई कंपनियां जोड़ने और पुलिसकर्मियों की समय पर व वार्षिक भर्तियां करने की दिशा में काम किया।

## शाह का महाराष्ट्र, तेलंगाना, मध्य प्रदेश का दौरा आज से

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार से तेलंगाना, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश का दो दिवसीय दौरा करेंगे, जिस दौरान वह कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे और रैलियों को संबोधित करेंगे। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने यहां बताया कि शाह शुक्रवार को महाराष्ट्र के नांदेड़ का दौरा करेंगे, जहां वह केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के पौधारोपण अभियान में भाग लेंगे। गृह मंत्री इसके बाद शाह तेलंगाना के निर्मल जिले का दौरा करेंगे और एक जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि शनिवार को गृह मंत्री मध्य प्रदेश में जबलपुर का दौरा करेंगे।

## प्रधानमंत्री ने सबके लिए निशुल्क टीका मुहैया कराकर देश को सौगात दी: मांडविया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बृहस्पतिवार को देशवासियों से अपील की कि वे अपने परिजन एवं प्रियजन को टीका लगवाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिन का उपहार दें। मांडविया ने ट्वीट किया , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबके लिए नि:शुल्क टीका मुहैया कराकर देश को सौगात दी है। उन्होंने कहा, हम सबके प्रिय प्रधानमंत्री जी का कल जन्मदिन है, आइए वैक्सीन सेवा कर उन अपनों, परिजनों और समाज के सभी तबकों को टीका लगवाने में मदद करें, जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है और यह प्रधानमंत्री के लिए जन्मदिन का उपहार होगा। भाजपा ने देश भर में अपनी इकाइयों से प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों का टीकाकरण कराने में मदद करने को कहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने ट्वीट करके जानकारी दी कि देश में अब तक लोगों को कोविड-19 टीके की 77 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं।



शिमला में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर स्वागत करते हुए।

# आईसीएमआर ने कोरोना से जुड़े तथ्य छिपाए आपराधिक जांच होनी चाहिए: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) पर उनके राजनीतिक आकाओं को खुश करने के लिए कोरोना महामारी से जुड़े तथ्यों को छिपाने का आरोप लगाया और मांग की कि इस मामले में आपराधिक जांच होनी चाहिए। पार्टी के वरिष्ठ प्रवक्ता अजय माकन ने यह भी कहा कि इस जांच के दायरे में आईसीएमआर के शीर्ष पदाधिकारियों के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन को भी लाया जाना चाहिए।

उन्होंने एक अंतरराष्ट्रीय पत्रिका इकोनॉमिस्ट की रिपोर्ट का हवाला देते हुए दावा किया कि इस पत्रिका के आकलन के अनुसार, भारत में कोरोना के कारण होने वाली मौतों का आंकड़ा 43 लाख से 68 लाख के बीच हो सकता है। माकन ने यह दावा किया, आईसीएमआर के कुछ प्रमुख वैज्ञानिकों को हटना पड़ा क्योंकि सरकार की ओर से दबाव बनाया जा रहा था। इन लोगों ने जो बातें सामने रखी हैं वो बहुत गंभीर हैं। उनका कहना है कि राजनीतिक आकाओं को खुश करने के लिए बातें छिपाई गईं जिस कारण कोरोना की दूसरी लहर से पहले सावधानी नहीं बरती गई और तैयारी भी नहीं हुई। उनके मुताबिक, इन वैज्ञानिकों ने कहा है कि लॉकडाउन के मामूली असर से जुड़े अध्ययन को दबाव बनाकर वापस करवाया गया।

आईसीएमआर पर दबाव बनाकर कहलवाया गया कि भारत में कोविड तेजी से नहीं फैल रहा है। आईसीएमआर के अध्ययन में यह स्पष्ट हो गया था कि हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन और ब्लड प्लाज्मा से कोई फायदा नहीं है, लेकिन इस तथ्य को भी छिपाया गया है। इस तरह के तथ्यों को छिपाने का जनता को नुकसान हुआ। कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाया, आईसीएमआर अपने काम में विफल रहा। यदि उचित समय पर सही कदम उठाया गया होता तो लाखों लोगों की जान नहीं जाती।

## राजस्थान में कैबिनेट विस्तार को लेकर रोडमैप तैयार: अजय माकन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव अजय माकन ने बृहस्पतिवार को कहा कि राजस्थान में कैबिनेट विस्तार और विभिन्न बोर्ड-निगमों में नियुक्तियों को लेकर रोडमैप तैयार है और यदि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अस्वस्थ नहीं हुए होते तो अब तक ए काम पूरे हो चुके होते। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा, राजस्थान को लेकर रोडमैप तैयार है। यदि अशोक गहलोत जी की तबियत खराब नहीं होती तो उन्हीं एक -दो दिन के अंदर यह सब हो जाता है। उस समय विधानसभा सत्र आरंभ होने वाला था, ऐसे में हमारी सोच थी कि कैबिनेट विस्तार, जिला अध्यक्ष और बोर्ड-एवं निगमों की नियुक्ति कर देते। पायलट को पार्टी के राष्ट्रीय संगठन में जिम्मेदारी दिए जाने की अकटलों से जुड़े प्रश्न पर उन्होंने कहा कि इस पर कोई भी फैसला पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी के स्तर पर होगा। राजस्थान के मुख्यमंत्री गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है।

# अन्नाद्रमुक के पूर्व मंत्री वीरमणि के ठिकानों पर छापे

**चेन्नई।** सतर्कता और भ्रष्टाचार रोधी विभाग ने आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में अन्नाद्रमुक के पूर्व मंत्री के सी वीरमणि से संबंधित 20 से अधिक परिसरों और ठिकानों की बृहस्पतिवार को तलाशी ली। तिरुप्पत्तूर जिले के जोलारपेट्टई में उनके पैतृक स्थान पर भी तलाशी ली गई। विपक्षी दल ने सत्तारूढ़ द्रमुक पर अन्नाद्रमुक के खिलाफ बदले की कार्वाई को लेकर निशाना साधा और दावा किया कि इन छापों का मकसद अगले महीने होने वाले निकाय चुनावों में उसके कार्यकर्ताओं को अपने-अपने जिलों में उत्साह के साथ काम करने से रोकना है।

तमिलनाडु में 2016-2021 तक अन्नाद्रमुक की सरकार में वाणिज्यिक कर विभाग संभालने वाले वीरमणि विभाग की जांच के दायरे में आने वाले पार्टी के तीसरे पूर्व मंत्री है। इससे पहले विजयभास्कर (पूर्व परिवहन मंत्री) और एसपी वेलुमणि (पूर्व नगर प्रशासन मंत्री) भी जांच के घेरे में आ चुके हैं। पुलिस ने बताया कि सतर्कता अधिकारियों ने तिरुप्पत्तूर और चेन्नई समेत अन्य स्थानों पर 20 से अधिक ठिकानों पर तलाशी ली। वीरमणि के खिलाफ यह आरोप है कि उन्होंने 2016-21 के दौरान तकरीबन 28 करोड़ रुपए तक की आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित की। पार्टी पदाधिकारियों के खिलाफ कार्वाई पर प्रतिक्रिया देते हुए अन्ना द्रमुक के शीर्ष नेता ओ पनीरसेल्वम और के पलानीस्वामी ने आरोप लगाया कि द्रमुक आगामी स्थानीय निकाय चुनाव के मद्देनजर ऐसे हथकंडे इस्तेमाल करने लगी है। दिग्गज द्रविड़ नेता और दिवंगत मुख्यमंत्री सीएन अन्नादुरई के शब्दों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि द्रमुक लोकतंत्र को दफनाने में संलिप्त है। उन्होंने एक बयान में यह भी कहा कि स्टालिन की पुलिस ने अपने चुनावी वादे पूरे न कर पाने पर सरकार के खिलाफ लोगों के आक्रोश को छिपाने के लिए वीरमणि के आवास समेत 28 स्थानों पर छापे मारे।

उन्होंने कहा कि बृहस्पतिवार को जो लोग सतर्कता विभाग की कार्वाई के दायरे में आए, उन्होंने छह अप्रैल को हुए चुनावों में द्रमुक गठबंधन के खिलाफ काम किया था और यह अगले महीने ग्रामीण स्थानीय निकाय चुनावों के मद्देनजर महज एक पूर्व नियोजित नाटक है। जिन नौ जिलों में अगले महीने ग्रामीण स्थानीय निकाय चुनाव होने हैं उनमें वेल्लोर, तिरुप्पत्तूर और रानीपेट शामिल हैं। वीरमणि तिरुप्पत्तूर में अन्ना द्रमुक जिले के सचिव हैं। उन्होंने कहा, लोग इन छापों को जिले में चुनावों के लिए अन्ना द्रमुक कार्यकर्ताओं की तैयारियों को रोकने की कोशिश के द्रमुक के पहले कदम के तौर पर देख रहे हैं जहां उसे अपने प्रदर्शन को लेकर संदेह है। दोनों नेताओं ने आरोप लगाया कि ए छापे बदले की कार्वाई का नतीजा हैं। उन्होंने कहा कि अन्ना द्रमुक नेताओं को निशाना बनाए जाने के बजाय सत्तारूढ़ पार्टी को अपने विभिन्न वादों को लागू करने पर अपने संसाधनों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। छापों पर प्रतिक्रिया देते हुए अन्नाद्रमुक के वरिष्ठ नेता डी जयकुमार ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ द्रमुक पूर्व मंत्रियों को राजनीतिक रूप से निशाना बनाने और जनता के सामने पार्टी की छवि बिगाड़ने की कोशिश कर रही है।

## क्विक न्यूज

### मंत्रिपरिषद में शामिल किए गए चेहरे उत्कृष्ट कार्यकर्ता: पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में बृहस्पतिवार को मंत्री पद की शपथ लेने वाले नेताओं को बधाई दी और कहा किसभी भाजपा केउत्कृष्ट कार्यकर्ता है जिन्होंने सार्वजनिकसेवा और पार्टी केविकास केएजेंडे को आगे बढ़ाने केलिए अपना जीवन समर्पित किया है। भाजपा नेता भूपेंद्र पटेल ने पिछले दिनो राज्य के17वें मुख्यमंत्री केरूप में पद व गोपनीयता की शपथ ली थी। इसकेबाद उन्होंने बृहस्पतिवार को अपनी मंत्रिपरिषद का गठन किया। प्रधानमंत्री ने एकट्वीट मे कहा, गुजरात सरकार में मंत्री पद की शपथ लेने वाले पार्टी केसभी सहयोगियो को बधाई। यह वे उत्कृष्ट कार्यकर्ता है जिन्होंने सार्वजनिकसेवा और हमारी पार्टी केविकास केएजेंडे को बढ़ाने केलिए अपना जीवन समर्पित किया है। उन्हे आने वाले कार्यकाल केलिए शुभकामनाएं। पटेल की मंत्रिपरिषद मे शामिल किए गए 24 नए सदस्यो मे 21 पहली बार मंत्री बने है। नए मंत्रिपरिषद मे, निवर्तमान मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के मंत्रिपरिषद के किसी सदस्य को शामिल नही किया गया है। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने 10 कैबिनेट मंत्रियो और 14 राज्य मंत्रियो को शपथ दिलाई, जिनमे पांच स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री भी शामिल है।

### छापेमारी के बाद चार करोड़ रुपए की नकदी जब्त की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने उत्तर भारत में हवाला का काम करने वाले लोगो के खिलाफ हाल में कई शहरो मे की गई छापेमारी के दौरान चार करोड़ रुपए की भारतीय एवं विदेशी मुद्रा और सर्राफा (सोना-चांदी) जब्त किया है। एजेंसी ने एक बयान में बताया कि छापे विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के प्रावधानो के तहत पॉल मर्चेंट्स लिमिटेड, क्विक फॉरेक्स लिमिटेड, सुपामा फॉरेक्स प्राइवेट लिमिटेड और क्यूरो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों और सहयोगियों के खिलाफ चंडीगढ़, पंचकूला, मोहाली, जालंधर और दिल्ली में मारे गए। इसने कहा कि इन, कंपनियो ने ट्रिपल स्ट्रीक ड्रीम हॉलिडे, वांगेस्टर ट्रैवल्स प्राइवेट लिमिटेड, पेरिपाटिज़ो ट्रैवल्स प्राइवेट लिमिटेड, हिमालया टूरिज्म, एज़ैक्स हॉलिडे और ग्रेट जर्नी टूर्स जैसी मुखौटा या डमी कंपनियो की ओर से सिंगापुर, हांगकांग और यूएई को 475 करोड़ रुपए से अधिक की राशि भेजी। ईडी ने आरोप लगाया कि इन मुखौटा कंपनियो ने, कथित यात्रा लेनदेन की आड़ मे बाहर धन भेजने के लिए विभिन्न व्यक्तियो की फर्जी आईडी जिसके परिणामस्वरूप अनधिकृत (हवाला) धन उत्पन्न हुआ। इसने दावा किया कि यह अवैध धन उनकी संबद्ध कंपनियोसंस्थाओं के अन्य व्यवसायो और रियल एस्टेट मे निवेश किया गया है। कार्रवाई के परिणामस्वरूप 3.88 करोड़ रुपए की भारतीय और विदेशी मुद्रा और 24.2 लाख रुपए के सर्राफा की जब्ती हुई। एजेंसी ने कहा, ईडी ने आपत्तिजनक दस्तावेज, लैपटॉप, मोबाइल फोन और संपत्ति के दस्तावेज भी जब्त किए है।

### विशेष वित्तीय पैकेज की घोषणा की जाए: कुमारस्वामी

**बेंगलुरू** जनता दल (सेक्युलर) के नेता एच डी कुमारस्वामी ने मूल्यवृद्धि को सतत प्रक्रिया करार देते कर्नाटकसरकार से संकट मे फंसे लोगो केलिए विशेष वित्तीय पैकेज और महंगाई से जूझ रहे आम लोगो को राहत देने की घोषणा करने की बृहस्पतिवार को मांग की। उन्होंने सरकार से लोगो की सहायता केलिए पेट्रोल, डीजल और अन्य वस्तुओं पर उपकर और कर लगाने से एकत्र राजस्व का उपयोग करने केलिए कहा। जद (एस) नेता ने कहा, मेरे अनुसार, मूल्य वृद्धि एकसतत प्रक्रिया है। आजादी केबाद से, कई मौको पर सरकार की वित्तीय स्थिति मे सुधार लाने और कार्यक्रमों को लागू करने केवास्ते धन जुटाने के लिए मूल्य वृद्धि अपरिहार्य रही है। चाहे जो भी पार्टी सत्ता मे रही हो, यह स्वाभाविक है। विधानसभा मे मूल्य वृद्धि पर बहस केदौरान हस्तक्षेप करते हुए कुमारस्वामी ने कहा किकीमतो मे बढ़ोत्तरी केखिलाफ विपक्षी दलो का विरोध करना भी लोकतंत्र मे एकसतत प्रक्रिया है। अपने भाषण केदौरान आम आदमी, विशेष रूप से गरीब वर्ग केसामने आने वाली कठिनाइयो पर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि मूल्य वृद्धि और कोविड-19 महामारी इनकेलिए दोहरी मार है। उन्होने राज्य सरकार से कहा किवह गरीबो एवं संकटग्रस्त लोगो केलिए विशेष आर्थिकघोषणाएं कर देश केसामने मिसाल पेश करे।

### ओडिशा में माओवादी शिविर का भंडाफोड़, गोला-बारूद जब्त

**भुवनेश्वर।** ओडिशा मे मलकानगिरी-कोरापुट सीमा पर नक्सलियो के साथ मुठभेड़ के बाद सुरक्षाकर्मियो ने एक माओवादी शिविर का भंडाफोड़ किया है और इलाके से हथियार और गोला-बारूद जब्त किया है। उन्होंने बताया कि आंध्र प्रदेश का एक शीर्ष माओवादी नेता सुरेश सुराणा, जो इस क्षेत्र मे डेरा डाले हुए था भागने मे सफल रहा। मलकानगिरी के एसपी प्रहलाद मीणा ने संवाददाताओं से कहा कि खुफिया सूचनाओ पर कार्वाई करते हुए जिला स्वैच्छिक बलो, विशेष अभियान समूह और बीएसएफ के जवानो के एक दल ने बुधवार को बादिली पहाड़ी पर तलाशी अभियान शुरू किया, जहां नक्सली डेरा डाले हुए थे। सुरक्षाकर्मियो को अपने पास आते देख माओवादियो ने गोली चला दी, जिसके बाद दोनो पक्षो के बीच करीब दो घंटे तक चली मुठभेड़ हुई। उन्होने कहा, आंध्र प्रदेश का एक शीर्ष भाकपा (माओवादी) नेता सुरेश सुराणा अपने साथियो के साथ इलाके से भागने मे सफल रहा। उनके पड़ोसी राज्य भाग जाने का संदेह है। अभियान के दौरान माओवादी शिविर से एक बंदूक, छह कारतूस, चार डेटोनेटर, दो वॉकी-टॉकी, वर्दी और पोस्टर बरामद किए गए।

# 'प्रबुद्ध वर्ग को हाशिए पर रखने वाले कर रहे ब्राह्मण सम्मेलन'

## केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा ने कहा कि यूपी की जनता किसी बहकावे में नहीं आने वाली

● विकास और काम के दम पर इस बार भाजपा जीतेगी 350 से अधिक सीट

**अजीत तिवारी।** नई दिल्ली

**उप्र के आगामी** विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। भाजपा, कांग्रेस, सपा-बसपा समेत सभी छोटे-बड़े दलों ने मतदाताओं को रिझाने के लिए हरसंभव कोशिश कर रहे हैं। इसी कड़ी में यूपी के ब्राह्मणों को अपने पक्ष में करने के लिए सपा-बसपा विशेष सम्मलेन कर रही है। इस संबंध में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा 'टेनी' ने पायनियर से विशेष बातचीत में कहा कि यूपी की जनता किसी के बहकावे में नहीं आने वाली है। एक बार फिर से प्रदेश में 350 से अधिक सीटों के प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनने जा रही है।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष



केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा

जेपी नड्डा व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व व कुशल निर्देशन में यूपी में भाजपा की जीत एकबार फिर से तय है। मुख्यमंत्री योगी के करीब 4.5 साल के शासन में विकास के नए प्रतिमान गढ़े जा रहे हैं। उप्र गुंडा व माफिया राज से मुक्त हो चुका है। जनता इस बात को बखूबी समझती है। उप्र की जनता ने पिछली तीन सरकारों को पूर्ण बहुमत देकर चुना था। वर्ष 2007 में बसपा और वर्ष 2012 में सपा को पूर्ण बहुमत से जनता ने अपना समर्थन दिया था। इनके शासन काल के कारनामे जनता के सामने हैं। जिसके बाद जनता ने इन दोनों पार्टियों को बुरी तरह से नकारते हुए करारी शिकस्त दी थी। इस करारी हार के बाद अस्तित्व बचाने के लिए इन दोनों दलों के गठबंधन का हश्र भी सभी के सामने है।

ब्राह्मणों को रिझाने के लिए सपा-बसपा के विशेष सम्मेलन पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रबुद्ध वर्ग को हमेशा हाशिए पर रखने वाले ये दल उनके हित और साथ की बात करते हैं। इन्होंने हमेशा समाज को बांटने का काम किया है। भाजपा हमेशा से सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर आगे बढ़ी है। जहां तक ब्राह्मणों की बात है तो मैं साफ करना चाहता हूं कि ब्राह्मण भाजपा के साथ था, वर्तमान में हैं और आगे भी उसका समर्थन जारी रहेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने प्रदेश को विकास, भयमुक्त शासन देने के साथ संभावनाओं वाले प्रदेश के रूप में प्रस्तुत किया है। विकास कार्यों लंबी श्रृंखला इसकी साक्षी हैं। भाजपा साथी दलों के साथ इस बार 350 से अधिक सीटों पर जीत हासिल करने जा रही है।

# सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की व्यक्तिगत तौर पर निगरानी करूंगा: स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह उनकी सरकार द्वारा उठाए विभिन्न जनकल्याण कदमों के क्रियान्वयन की प्रगति की व्यक्तिगत तौर पर समीक्षा करेंगे और उन्होंने राज्य सरकार के अधिकारियों से उनके क्रियान्वयन का काम तेज करने का अनुरोध किया। राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के सचिवों की एक समीक्षा बैठक की यहां अध्यक्षता करते हुए स्टालिन ने छह अप्रैल को हुए विधानसभा चुनाव के लिए द्रमुक के 500 वादों को याद किया और कहा कि वह एक डैश बोर्ड के जरिए विभिन्न पहलों की निगरानी करेंगे। स्टालिन ने कहा कि कुछ घोषणाएं राज्यपाल के संबोधन और बजट में की गई। उन्होंने कहा, मैं मंत्रियों के समक्ष इन घोषणाओं के क्रियान्वयन की निगरानी करूंगा। मैं पिछले दो दिनों से जोर दे रहा हूं कि मैं व्यक्तिगत तौर पर इनकी निगरानी करूंगा। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य के लिए एक डैश बोर्ड होगा और अपने कमरे में एक स्क्रीन के जरिए कामों पर नजर रखेंगे। उन्होंने विभागों के बीच बेहतर समन्वय का आह्वान किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि परियोजनाओं और योजनाओं को लागू करने में कोई विलंब न हो। इस बीच, एक अलग विज्ञप्ति में स्टालिन ने एक समिति गठित करने की घोषणा की जो यह देखेगी कि क्या राज्य में सामाजिक न्याय की उचित तरीके से निगरानी की जा रही है।

## टीके को लेकर हिचक पैदा करने के लिए विपक्ष ने गलत विमर्श का सहारा लिया: पुरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि विपक्ष ने टीके को लेकर आम लोगों में झिझक पैदा करने के लिए गलत विमर्शों का सहारा लिया। उन्होंने सेंट्रल विस्टा परियोजना की आलोचना को लेकर भी विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि तथ्यों पर गौर किए बिना ही आरोप लगाए जा रहे हैं। पुरी ने मोदी स्टोल माई मास्क नामक पुस्तक के विमोचन पर बोलते हुए कहा कि यह महामारी के दौरान फैलाए गए गलत विमर्श के उदाहरणों को रेखांकित करता है। पुरी ने कहा, असली दुश्मन वायरस है, न कि आपके राजनीतिक विरोधी। लेकिन विपक्ष ने गलत विमर्श का सहारा लिया (और) टीके को लेकर हिचकिचाहट पैदा करने में सफल रहा तथा सरकार को इसका सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि लेकिन अब कोरोना वायरस के खिलाफ टीकाकरण रिकॉर्ड गति से हो रहा है और अगले कुछ महीनों में यह संख्या खासी अधिक हो जाएगी।

# कोविड की बूस्टर खुराक फिलहाल केंद्रीय विषय नहीं : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि कोविड-19 की बूस्टर खुराक इस समय वैज्ञानिक चर्चा के साथ-साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में केंद्रीय विषय नहीं है और दो खुराक प्राप्त करना मुख्य प्राथमिकता है। एक प्रेस ब्रीफिंग में सवाल का जवाब देते हुए भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के महानिदेशक बलराम भार्गव ने कहा कि दोनों खुराक देना नितांत आवश्यक है और इसमें किसी तरह की बाधा नहीं होनी चाहिए।

भार्गव ने कहा, हमें एक बात बहुत स्पष्ट रूप से याद रखने की जरूरत है कि बूस्टर खुराक इस समय वैज्ञानिक चर्चा के साथ-साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में केंद्रीय विषय नहीं है। दो खुराक प्राप्त करना अहम प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, कई एजेंसियों ने अनुशंसा की है कि एंटीबॉडी के स्तर को नहीं मापा जाना चाहिए...लेकिन महत्वपूर्ण समझ यह है कि दोनों खुराक का पूर्ण टीकाकरण नितांत जरूरी है और इसे किसी तरह बाधित नहीं होना चाहिए।

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा कि भारत की 20 प्रतिशत वयस्क आबादी को कोविड-19 रोधी टीके की दोनों खुराक लग चुकी हैं जबकि 62 प्रतिशत को टीके की कम से कम एक खुराक दी जा चुकी है। इसके साथ ही 99 प्रतिशत स्वास्थ्य देखभालकर्मियों को टीके की पहली खुराक और 82 प्रतिशत पात्र स्वास्थ्यकर्मियों को टीके की दोनों खुराक लग चुकी है। भूषण ने कहा कि अग्रिम पंक्ति के शत प्रतिशत कर्मियों को पहली खुराक दी जा चुकी है जबकि 78 प्रतिशत को दूसरी खुराक भी मिल चुकी है। अब तक पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, गोवा, चंडीगढ़ और लक्ष्यद्वीप- की संपूर्ण वयस्क आबादी को टीके की कम से कम पहली खुराक दी जा चुकी है।

# सरकार ने टीकाकरण, कोविड अनुकूल आचरण जिम्मेदारी से त्योहार मनाने का आह्वान किया

**नई दिल्ली।** आगामी त्योहारी मौसम के मद्देनजर सरकार ने बृहस्पतिवार को कोरोना वायरस संक्रमण में वृद्धि के प्रति आगाह करते हुए वैक्सीन स्वीकृति, कोविड-19 अनुकूल आचरण, जिम्मेदार के साथ यात्रा और जिम्मेदारीपूर्वक त्योहार मनाने का आह्वान किया। कुल मिलाकर कोविड-19 मामलों में स्थिरता है और केरल में भी मामलों में गिरावट दर्ज की गई है...आने वाले दो-तीन महीनों में, हमें सतर्क रहने की जरूरत है कि कोई उछाल न आए... यह त्योहारों का भी वक्त है और वह समय भी है जब संक्रामक जुकाम के मामले भी बढ़ते हैं सभी से अनुरोध करते हैं कि सतर्क रहें और उस लाभ को बरकरार रखें जो हमनें (महामारी प्रबंधन में) हासिल किया है।

आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक बलराम भार्गव ने कहा, अचानक से जनसंख्या घनत्व बढ़ना वायरस के प्रसार के लिए बेहद अनुकूल अवस्था होती है। यदि जनसंख्या घनत्व में अचानक वृद्धि होती है तो वायरस इसे प्रसार के लिहाज से बहुत उपयोगी पाता है, इसलिए समय की मांग है- वैक्सीन स्वीकृति, कोविड-उपयुक्त व्यवहार, जिम्मेदार यात्रा और जिम्मेदारीपूर्वक उत्सव मनाना। भारत की 20 प्रतिशत वयस्क आबादी को कोविड-19 रोधी टीके की दोनों खुराक लग चुकी हैं जबकि 62 प्रतिशत को टीके की कम से कम एक खुराक दी जा चुकी है। देश के 34 जिलों में साप्ताहिक संक्रमण दर 10 प्रतिशत से ज्यादा है जबकि 32 जिलों में यह आंकड़ा पांच से 10 प्रतिशत के बीच है। भारत में पिछले हफ्ते सामने आए कोविड-19 के कुल मामलों में से 67.79 प्रतिशत केरल से सामने आए और यह देश का एक मात्र राज्य है जहां संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या एक लाख से ज्यादा है।

नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) वी के पॉल ने कहा, कुल मिलाकर स्थिरता है और केरल में भी मामलों में गिरावट दर्ज की गई है। मिजोरम को लेकर जरूर चिंता है लेकिन हमें उम्मीद है कि तेजी से टीकाकरण से स्थिति में सुधार होगा तथा महामारी प्रतिक्रिया प्रभावी है। उन्होंने कहा, आने वाले दो-तीन महीनों में हमें सतर्क रहने की जरूरत है कि कोई बढ़ोतरी न हो और पता चलने पर इसे कम किया जा सके। जब लोग अनुमान लगाते हैं कि चुनौती कब बढ़ेगी तो वे अक्टूबर और नवंबर को उन महीनों के रूप में इंगित करते हैं और यह त्योहारों का मौसम है तथा इस समय संक्रामक जुकाम के मामले भी बढ़ते हैं, तो आने वाली तिमाही में हम सभी से सावधान रहने और उस लाभ को बरकरार रखने का अनुरोध करते हैं जो हमने हासिल किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक बृहस्पतिवार को कोविड-19 के 30,570 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,33,47,325 हो गई।



पटना में भगवान गणेश की प्रतिमा को गंगा नदी में विसर्जित करने के लिए ले जाते श्रद्धालु।

# सेंसेक्स पहली बार 59,000 के पार पहुंचा

मुंबई। (भाषा)

**देश के** शेयर बाजारों में नए रिकार्ड बनाने का सिलसिला जारी है। सरकार के विभिन्न क्षेत्रों में सुधारों को आगे बढ़ाने से बृहस्पतिवार को बाजार में खरीदारी का जोर रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और आईसीआईसीआई बैंक की अगुवाई में बीएसई सेंसेक्स 417.96 अंक उछलकर पहली बार 59,000 अंक के पार बंद हुआ। शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 417.96 अंक यानी 0.71 प्रतिशत मजबूत होकर 59,141.16 के नई रिकार्ड उंचाई पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 59,204.29 अंक की उंचाई को छू गया था।

इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 110.05 अंक यानी 0.63 प्रतिशत मजबूत होकर नई उंचाई 17,629.50 अंक पर बंद हुआ।

## ● शेयर बाजारों में नए रिकार्ड बनाने का सिलसिला जारी

कारोबार के दौरान यह नई रिकार्ड उंचाई 17,644.60 अंक तक चला गया था। सेंसेक्स के शेयरों में 7.34 प्रतिशत की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में इंडसइंड बैंक रहा। इसके अलावा, आईटीसी, एसबीआई, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक में भी प्रमुख रूप से तेजी रही।

दूसरी तरफ, गिरावट वाले शेयरों में टीसीएस, टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक और डा. रेड्डीज शामिल हैं। इनमें 1.32 प्रतिशत तक की गिरावट आई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, सुधारो के साथ



देश के शेयर बाजार नई उंचाई पर पहुंचे हैं। बाजार में बृहस्पतिवार को आई तेजी का मुख्य कारण बैंकों खासकर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में जोरदार लिवाली रही। बैंक क्षेत्र में आने वाले दिनों में तेजी देखने को मिल सकती है। इसका प्रमुख कारण अब तक बैंक क्षेत्र उसकी संपत्ति गुणवत्ता को लेकर मौजूदा तेजी में पूरी तरह शामिल नहीं हो पाया। लेकिन अब इस क्षेत्र के प्रति निवेशकों का आकर्षण बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, चीन में संपत्ति से जुड़े शेयरों में गिरावट के कारण एशियाई शेयर बाजारों में नरमी रही। हालांकि यूरोपीय बाजारों में तेजी का रुख रहा। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा, राष्ट्रीय संपत्ति पुनर्गठन कंपनी (एनएआरसीएल) के परिचालन में आने से पहले ही बैंकों ने तेजड़ियों को उनके शास्त्रागार में काफी कुछ दे दिया है। इससे बाजार रिकार्ड 59,000 के ऊपर पहुंचा...। क्षेत्रवार सूचकांकों में बीएसई बैंक सूचकांक सर्वाधिक 2.12 प्रतिशत मजबूत हुआ। उसके बाद ऊर्जा, वित्त, दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाले क्षेत्र, तेल एवं गैस सूचकांकों में तेजी रही। वहीं धातु, प्रौद्योगिकी, आईटी तथा मूल सामग्री से जुड़े सूचकांक नुकसान में रहें। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक 0.48 प्रतिशत मजबूत हुए। एशिया के अन्य बाजारों में शंघाई, सियोल, तोक्यो और हांगकांग नुकसान में रहें। हालांकि यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में तेजी का रुख रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.16 प्रतिशत की तेजी के साथ 75.58 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 2 पैसे फिसलकर 73.52 पर बंद हुआ। शेयर बाजार में उपलब्ध आंकड़े के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध लिवाल रहें। उन्होंने बुधवार को 232.84 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।

## वित्त मंत्री की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की बैठक आज

**नई दिल्ली(भाषा)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की बैठक शुक्रवार को होगी, जिसमें चार दर्जन से अधिक वस्तुओं पर कर की दर की समीक्षा की जा सकती है और 11 कोविड दवाओं पर कर छूट को 31 दिसंबर तक बढ़ाया जा सकता है। जीएसटी परिषद की 17 सितंबर को लखनऊ में होने वाली बैठक के दौरान एकल राष्ट्रीय जीएसटी कर के तहत पेट्रोल और डीजल पर कर लगाने और जोमैटो तथा स्विगी जैसे खाद्य डिलीवरी ऐप को रेस्टोरेंट के रूप में मानने और उनके द्वारा की गई डिलीवरी पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगाने के प्रस्ताव पर भी विचार किया जाएगा। वित्त मंत्रालय ने ट्वीट किया, वित्त मंत्री कल लखनऊ में सुबह 11 बजे जीएसटी परिषद की 45वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगी। बैठक में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों और केंद्र सरकार तथा राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी शामिल होंगे।



मालदा जिले के बामानगोला बाजार में जूट बेचते व्यापारी

# पीएलआई योजना से भारत में विनिर्माण के लिए टेस्ला को आकर्षित करने में मदद मिलेगी: पांडेय

भाषा। नई दिल्ली

**भारी उद्योग** मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय ने बृहस्पतिवार को उम्मीद जताई कि वाहन क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से अमेरिकी इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला को भारत में विनिर्माण के लिए आकर्षित करने में मदद मिलेगी।



पांडेय ने कहा कि यह योजना वाहन उद्योग की वृद्धि को बढ़ावा देने और इसे विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद करेगी।केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वाहन, वाहन कलपुर्जा और ड्रोन उद्योग के लिए 26,058 करोड़ रुपए की उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को मंजूरी दी है। यह पूछे जाने पर कि क्या यह योजना भारत में विनिर्माण आधार स्थापित करने के लिए अमेरिकी फर्म को आकर्षित करने में मदद करेगी, पांडेय ने कहा, टेस्ला निश्चित रूप से इस योजना के प्रति आकर्षित होगी। मुझे उम्मीद है। एक आधिकारिक बयान में बुधवार को कहा गया कि वाहन और वाहन कलपुर्जा उद्योग के लिए पीएलआई योजना के तहत पांच वर्षों में 42,500 करोड़ रुपए से अधिक का नया निवेश होगा और 2.3 लाख करोड़ रुपए से अधिक का बढ़ा हुआ उत्पादन हासिल होगा। साथ ही इससे 7.5 लाख से अधिक नौकरियों के नए मौके तैयार होंगे। वाहन क्षेत्र के लिए पीएलआई योजना उच्च मूल्य के उन्नत ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकी वाहनों और उत्पादों को प्रोत्साहित करेगी। इससे उच्च प्रौद्योगिकी, अधिक कुशल और हरित वाहन विनिर्माण के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत होगी। मंत्री ने कहा कि टेस्ला ने कुछ कर रियायतें मांगी हैं, लेकिन उसे पहला कदम उठाना चाहिए और फिर सरकार उनकी मांग पर विचार करेगी। टेस्ला ने भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) पर आयात शुल्क में कमी की मांग की है। अमेरिकी कंपनी ने सरकार से अनुरोध किया है कि सीमा शुल्क मूल्य से इतर इलेक्ट्रिक कारों पर शुल्क को 40 प्रतिशत तक मानकीकृत किया जाए और इलेक्ट्रिक कारों पर 10 प्रतिशत का सामाजिक कल्याण अधिभार वापस लिया जाए।

## क्विक न्यूज

### भुगतान में मिली राहत का इस्तेमाल नेटवर्क को मजबूत बनाने में करेगी एयरटेल: सुनील मित्तल

**नई दिल्ली (भाषा)।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने बृहस्पतिवार को कहा कि कंपनी राहत पैकेज के तहत भुगतान में मिलने वाली मोहलत का इस्तेमाल इस दौरान उपलब्ध होने वाले कोष को सक्रियता के साथ नेटवर्क की मजबूती में लगाएगी। मित्तल ने कहा, दूरसंचार क्षेत्र में सुधारों से वृद्धि को गति मिलेगी। इससे सभी कंपनियों के साथ मिलकर एक टीम की तरह काम करने और भारत के दूरसंचार क्षेत्र के सपने को साकार करने का रास्ता साफ हुआ है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारतीय दूरसंचार नियामक एवं प्राधिकरण (ट्राई) 5जी स्पेक्ट्रम के लिए उद्योग की तर्कसंगत आरक्षित मूल्य की मांग पर गौर करेगा। मित्तल ने कहा कि दरों को बढ़ाने की जरूरत है। जीएसटी, लाइसेंस शुल्क, ऊंची शुल्क दरों पर और काम करने की आवश्यकता लेकिन यह सब अलग विषय है। उन्होंने कहा कि एयरटेल कुछ पैक के मामले में दरों में वृद्धि को लेकर अगुवाई करेगी। मित्तल ने कहा कि एयरटेल भुगतान राहत अवधि के दौरान उपलब्ध नकदी का इस्तेमाल नेटवर्क को मजबूत करने में करेगी। ब्याज दर भुगतान को लेकर राहत के संदर्भ में उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से जब भुगतान को इक्विटी में बदलने अथवा नकद भुगतान को लेकर पेशकश आएगी, तब मामले पर गौर करेंगे। सरकार ने बुधवार को दबाव में फंसे दूरसंचार क्षेत्र के लिए बड़े सुधार पैकेज को मंजूरी दी। इस पैकेज में सांविधिक बकाए के भुगतान से चार साल की मोहलत, दुर्लभ रेडियो तरंगों को साझा करने की अनुमति, सकल समायोजित राजस्व (एजीआर) की परिभाषा में बदलाव तथा स्वतः मार्ग से 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति शामिल हैं।

### स्टार्ट-अप भारत एग्री ने निवेशकों से 65 लाख डॉलर जुटाए

**नई दिल्ली।** एग्रीटेक स्टार्टअप भारतएग्री ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने अपने कारोबार का विस्तार करने के लिए निवेशकों से 65 लाख डॉलर (करीब 47 करोड़ रुपए) जुटाए है। भारत एग्री ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने ओमनिवोर के नेतृत्व में सीरीज ए दौर में मौजूदा निवेशकों इंडिया कोटिएंट और 021 कैपिटल की भागीदारी के साथ 65 लाख डॉलर जुटाए है। यह किसानों को सशुल्क सदस्यता के आधार पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)-आधारित कृषि विज्ञान सेवाओं के लिए एक ऐप-आधारित मंच प्रदान करता है। भारतएग्री के पास वर्तमान में 33,000 से अधिक सक्रिय भुगतान वाले उपयोगकर्ता है और मार्च 2022 तक इसके सदस्यता आधार को 1,50,000 तक विस्तारित करने का लक्ष्य है। औसतन, किसान छह महीने की सदस्यता के लिए प्रति एकड़ 600 रुपए का भुगतान करते है। बेंगलुरुस्थित, भारत एग्री की स्थापना वर्ष 2017 में साईं गोले और सिद्धार्थ डायलानी द्वारा की गई थी, दोनों आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्र थे।

### ऑटो क्षेत्र के लिए पीएलआई योजना से ई-गतिशीलता उद्योग को बढ़ावा मिलेगा: एसएमईवी

**मुंबई।** इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओ के संगठन एसएमईवी ने बृहस्पतिवार को कहा कि ऑटो और ऑटो कलपुर्जो के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से ई-मोबिलिटी उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। सोसाइटी ऑफ मैन्युफैक्चरर्स ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (एसएमईवी) के महानिदेशक सोहिंदर गिल ने एक बयान में कहा, यह योजना खासतौर से मोटर वाहन व्यवसाय में लगी मौजूदा बड़ी कंपनियों के लिए फायदेमंद है, क्योंकि यह पारंपरिक कंपनियों के हित को नई ताकत देगी और उन्हें इस क्षेत्र में निवेश करने के लिए प्रेरित करेगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वाहन, वाहन कलपुर्जा और ड्रोन उद्योग के लिए 26,058 करोड़ रुपए की उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को मंजूरी दी है। गिल ने कहा कि यह योजना विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगी और ई-गतिशीलता उद्योग की आत्मनिर्भरता के लिए एक ढांचा तैयार करेगी। उन्होने हालांकि कहा कि ईवी ऑटोमोटिव कारोबार में लगे मौजूदा छोटे और मझोले आकार के विनिर्माताओं के साथ ही नए स्टार्टअप इस योजना के योग्य नही हो पाएंगे और उन्हें मौजूदा मानदंडों के तहत काम करना होगा। एक आधिकारिक बयान में बुधवार को कहा गया कि वाहन और वाहन कलपुर्जा उद्योग के लिए पीएलआई योजना के तहत पांच वर्षों में 42,500 करोड़ रुपए से अधिक का नया निवेश होगा और 2.3 लाख करोड़ रुपए से अधिक का बढ़ा हुआ उत्पादन हासिल होगा। साथ ही इससे 7.5 लाख से अधिक नौकरियो के नए मौके तैयार होगे। वाहन क्षेत्र के लिए पीएलआई योजना उच्च मूल्य के उन्नत ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकी वाहनो और उत्पादो को प्रोत्साहित करेगी। इससे उच्च प्रौद्योगिकी, अधिक कुशल और हरित वाहन विनिर्माण के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत होगी।

### भारत की वृद्धि दर 2021 में 7.2 प्रतिशत रहने की उम्मीद: संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2021 में 7.2 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, लेकिन अगले साल वृद्धि में कमी आ सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक कोविड-19 महामारी के प्रकोप और निजी खपत पर खाद्य मुद्रास्फीति के नकारात्मक असर के चलते देश में पुनरुद्धार की प्रक्रिया बाधित हो सकती है। अंक्टाड व्यापार और विकास रिपोर्ट 2021 में सतर्कता के साथ उम्मीद जताई गई कि वैश्विक अर्थव्यवस्था 2021 में एक मजबूत सुधार के लिए तैयार है, हालांकि क्षेत्रीय और देशों के आधार पर कुछ अनिश्चितता बनी हुई है। यह रिपोर्ट बुधवार को संयुक्त राष्ट्र में जारी की गई।व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (अंक्टाड) ने 2020 में 3.5 प्रतिशत की गिरावट के बाद उम्मीद जताई है कि इस साल वैश्विक उत्पादन में 5.3 प्रतिशत की वृद्धि होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने 2020 में सात प्रतिशत का संकुचन झेला और 2021 में इसके 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। अंक्टाड की रिपोर्ट में कहा गया, भारत में पुनरुद्धार कोविड-19 के प्रकोप और निजी खपत पर खाद्य मुद्रास्फीति के नकारात्मक प्रभाव से बाधित हुआ है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि भारत 2022 में 6.7 प्रतिशत की दर से आर्थिक वृद्धि दर्ज करेगा, जो 2021 की अपेक्षित विकास दर से धीमी है। रिपोर्ट के मुताबिक 2021 में 6.7 फीसदी की धीमी वृद्धि दर के बावजूद भारत अगले साल दुनिया मे सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। अंक्टाड की रिपोर्ट के मुताबिक चीन इस साल 8.3 प्रतिशत की दर से बढ़ सकता है, जबकि 2022 में उसकी वृद्धि दर धीमी होकर 5.7 प्रतिशत पर आ जाएगी।

### शहरीकरण के साथ कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की जरूरत: नीति उपाध्यक्ष

**नई दिल्ली (भाषा)।** नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि शहरीकरण के साथ कार्बन उत्सर्जन में कमी किए जाने की जरूरत है। उन्होने कहा कि भारत का शहरी क्षेत्र देश की आर्थिक वृद्धि को गति देगा। शहरी योजना में सुधार पर जारी रिपोर्ट में नीति आयोग के उपाध्यक्ष ने कहा कि देश में शहरी नियोजन क्षमता की कमियो को दूर करने की सख्त जरूरत है। ऐसा नही होने पर तीव्र, टिकाऊ और समान विकास का एक बड़ा अवसर गंवाने का खतरा है। कुमार ने नगर योजना बनाने वालो की कमी का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि लगभग 4,700 शहरी स्थानीय निकायो को सेवाएं प्रदान करने के लिए विशेषज्ञो की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए स्मार्ट और कार्बन पॉजिटिव (कार्बन उत्सर्जन के लिहाज से तटस्थ) शहर बनाने की जरूरत है।

# ड्रोन उद्योग का कारोबार 2026 तक 15,000 करोड़ रुपए तक पहुंचने की उम्मीद: सिंधिया


भाषा। नई दिल्ली



**नागरिक उड्डयन** मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय ड्रोन उद्योग का कारोबार वर्ष 2026 तक 15,000 करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा। सिंधिया का यह बयान दरअसल सरकार द्वारा बुधवार को तीन वित्त वर्ष में 120 करोड़ रुपए के आवंटन के साथ ड्रोन और ड्रोन के कलपुर्जों के लिए उत्पादन से संबंधित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को मंजूरी देने के बाद आया है। केंद्र सरकार की तरफ से यह कदम 25 अगस्त को नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित नए और उदार ड्रोन नियम, 2021 के बाद लिया गया है।सिंधिया ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ड्रोन नीति (नियम) और ड्रोन पीएलआई योजना के माध्यम से हमारा लक्ष्य है कि भारत में ड्रोन बनाने वाली कंपनियां का कारोबार आने वाले तीन वर्षों में 900 करोड़ रुपए तक पहुंच जाएं। वर्तमान में भारतीय ड्रोन निर्माण कंपनियों का लगभग 80 करोड़ रुपए का कारोबार है। सिंधिया ने कहा, ड्रोन निर्माण क्षेत्र में ड्रोन के पुर्जे, सॉफ्टवेयर और सेवा की आपूर्ति सबसे महत्वपूर्ण है। इन तीनों क्षेत्रों को मिलाया जाए तो हमारा अनुमान है कि वर्ष 2026 तक भारतीय ड्रोन उद्योग का कारोबार 1.8 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। इसका मतलब है कि तब तक उद्योग का कुल कारोबार 12,000 से 15,000 करोड़ रुपए का होगा।

# अच्छी सड़कों के लिए लोगों को भुगतान करने की जरूरत: गडकरी

भाषा। सोहना, (हरियाणा)



**केंद्रीय मंत्री** नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में अच्छी सड़कों और दूसरी बेहतर ढांचागत सुविधाओं के लिए लोगों को भुगतान करने की जरूरत है। उन्होंने एक्सप्रेसवे से यात्रा में लगने वाले समय और ईंधन लागत में कमी के बारे में भी बताया।

सोहना में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे (डीएमई) की प्रगति की समीक्षा करते हुए सड़क परिवहन मंत्री गडकरी ने कहा कि जिन किसानों की एक्सप्रेसवे के पास जमीन है, उसे उन्हें रियल्टी डेवलपर को नहीं बेचना चाहिए। बल्कि उनके साथ भागीदारी करनी चाहिए और सड़क किनारे सुविधाओं का निर्माण करना चाहिए।

पथकर की वजह से यात्रा खर्च में वृद्धि के बारे में मंत्री ने कहा, अगर आप एयर कंडीशन युक्त हॉल उपयोग करना चाहते हैं, उसके लिए आपको पैसे खर्च करने पड़ते हैं। अन्यथा, आप खुले में भी शादी का आयोजन कर सकते हैं। गडकरी ने कहा कि एक्सप्रेसवे से यात्रा समय में उल्लेखनीय रूप से कमी आएगी। इससे ईंधन की लागत भी कम होगी।

उन्होंने कहा, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से यात्रा समय में 12 घंटे की कमी आएगी। एक ट्रक को दिल्ली से मुंबई जाने में 48 घंटे लगते हैं। लेकिन इस एक्सप्रेसवे से वह 18 घंटे में पहुंचेगा। गडकरी ने कहा, इसका मतलब है कि ट्रक अधिक फेरे लगा सकता है। यानी अधिक कारोबार कर सकता है।

## निपटान प्रणाली बाजार सहभागियों के हित में है: सेबी अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी के अध्यक्ष अजय त्यागी ने बृहस्पतिवार को कहा कि टी। (कारोबारी दिन के अलावा एक दिन) निपटान चक्र बाजार सहभागियों के हित में है और नई प्रणाली से नकदी का विखंडन नहीं होगा। त्यागी ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, जल्दी निपटान सभी बाजार सहभागियों के लिए अच्छा होगा। यह सभी के हित में है और नई प्रणाली से नकदी का विखंडन नहीं होगा। इससे पहले ब्रोकरों के संघ ने कम अवधि की निपटान प्रणाली को लागू करने पर चिंता जताई थी। सेबी द्वारा वैकल्पिक टी। (सौदा और एक दिन) निपटान प्रणाली शुरू करने के फैसले से ग्राहकों के लिए मार्जिन की जरूरत कम करने में मदद मिल सकती है और इससे इक्विटी बाजारों में खुदरा निवेश को बढ़ावा मिलेगा। टी। का मतलब है कि वास्तविक लेनदेन होने के एक दिन के भीतर सौदे का निपटान करना होगा। इस समय भारतीय शेयर बाजारों पर सौदों का निपटान लेनदेन के बाद दो कार्य दिवसों में किया जाता है, जो टी2 कहा जाता है। सेबी ने फिलहाल वैकल्पिक आधार पर इस व्यवस्था को लागू किया है। नई व्यवस्था एक जनवरी 2022 से लागू होगी। त्यागी ने कहा कि भारतीय बाजारों में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए धन जुटाने में तेजी देखी जा रही है। पिछले 18 महीनों के दौरान प्रौद्योगिकी कंपनियों ने आईपीओ के जरिए लगभग 15,000 करोड़ रुपए की राशि जुटाई है, जबकि लगभग 30,000 करोड़ रुपए और जुटाने की योजना है। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में अब तक आईपीओ के जरिए जुटाई गई धनराशि पूरे वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान जुटाई गई राशि के बराबर है, जो 46,000 करोड़ रुपए थी।

## पेज एक का शेष

### भारी बारिश...

गांव 11 वर्षीय बच्चे तथा नेवादा के बिरनेर में एक अधेड़ महिला की दीवार के मलबे में दबने से मौत हो गई। फतेहपुर में घरगिरी की घटनाओं में मासूम समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि दंपति घायल हो गए। बांदा में कच्चा मकान गिरने ने युवक की मौत हुई। उन्नाव में भी एक की जान चली गई। इटावा में बारिश के दौरान हावड़ा-दिल्ली रेलमार्ग पर पेड़ गिरने से ओएचई लाइन टूट गई, जिससे इटावा जंक्शन समेत आसपास के स्टेशनों पर कई प्रमुख ट्रेनें खड़ीं हो गईं। बारिश के कारण जन-जीवन बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। घरों में पानी भरने से लोग गृहस्थी समेटते दिखे। मध्य यूपी के जिलों में औसतन 42 मिमी और बुंदेलखंड में 32 मिमी बारिश दर्ज की गई। बलिया को छोड़कर पूर्वांचल के 9 जिलों में दिनभर रुक-रुककर बारिश होती रही। जौनपुर में कच्चे मकान और पेड़ गिरने से चार लोगों की मौत हो गई। आजमगढ़ में दीवार गिरने से एक की जान चली गई। चंदौली में वज्रपात से किसान की मौत हो गई। पूर्वांचल भर में गुरुवार को औसत सात एमएम बारिश होने का अनुमान है। बारिश से सब्जी की फसल को काफी नुकसान हुआ है। भदोही, गाजीपुर, मिर्जापुर, आजमगढ़ और मऊ के कई इलाकों में बिजली के तार टूट जाने से 270 से अधिक गांवों की आपूर्ति बाधित है। चंदौली के आधा दर्जन गांवों में कच्चे मकान ढहने से आधा दर्जन लोग चोटिल हैं। मूसलाधार बारिश से धान और सब्जी की फसल को नुकसान पहुंचा है। पूर्वांचल में खासतौर पर धान की अगैती फसल पर बुरा असर पड़ा। लखनऊ मण्डल के कृषि उप निदेशक सीपी श्रीवास्तव के अनुसार अगैती फसल में बालियां आने लगी हैं। इसलिए तेज हवा और बारिश से फसल खेत में गिर गई। उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि मक्का, ज्वार और बाजरा के खेतों में भरा पानी मेड़ काटकर तत्काल निकाल दें। बहराइच, अम्बेडकरनगर समेत कई जगह गन्ने की फसल गिर गई है। केले की फसल को भी नुकसान पहुंचा है।

### बैड बैंक...

कंपनियों के बट्टे खाते में डाले गए ऋण को भी वसूल किया गया। उन्होंने कहा कि सरकारी गारंटी से बैंकों को अपनी एसेट्स को एनएआरसीएल को बेचने में ज्यादा आत्मविश्वास आएगा। वित्त मंत्री ने 2021-22 के बजट भाषण में बैड बैंक स्थापित करने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि एक एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी और एसेट मैनेजमेंट कंपनी स्थापित की जाएगी जो दबावग्रस्त कर्ज को लेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने ऋण के तेजी से समाधान के लिए 6 नए डीआरटी (डेट रिकवरी ट्रिब्यूनल) गठित किए हैं। साथ ही इंडिया डेट रिजॉल्यूशन कंपनी लिमिटेड भी बनाई जा रही है। इसमें सरकारी बैंकों की 49 फीसदी हिस्सेदारी होगी और बाकी हिस्सा निजी बैंकों का होगा। रिजर्व बैंक एआरसी लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया में है। वित्त मंत्री ने कहा कि 2017-18 में सरकार ने बैंकों में 90 हजार करोड़ रुपये की पूंजी डाली थी। 2018-19 में यह राशि 1.06 लाख करोड़ रुपये थी। इसी तरह 2019-20 में 70 हजार करोड़ और 2020-21 में 20 हजार करोड़ रुपये बैंकों में डाले गए। इस वित्त वर्ष में भी 20 हजार करोड़ रुपये बैंकों में डालने की योजना है।

### हाईकोर्ट ने...

बाद में इस याचिका को वापस लेकर सरकार ने फिर उच्च न्यायालय से चारधाम यात्रा पर लगी रोक हटाने की गुहार लगाई। महाधिवक्ता एस. एन. बाबुलकर और मुख्य स्थाई अधिवक्ता सी. एस. रावत ने सरकार की तरफ से अदालत में पेश होते हुए कहा कि स्थानीय लोगों की आजीविका बहाल करने के लिए यात्रा से प्रतिबंध हटाया जाना चाहिए। बाबुलकर ने कहा कि यह चारधाम यात्रा से कमाने का सीजन है, अगर यह चला गया तो कई परिवारों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने यह भी दलील दी कि रोक लगाते समय उच्च न्यायालय द्वारा व्यक्त की गई चिंता का समाधान हो चुका है और स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है।

### मद्रास हाईकोर्ट...

दलील में प्रथम दृष्टया आधार है कि सरकार द्वारा मीडिया को नियंत्रित करने का तंत्र प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक दोनों मीडिया को उनकी आजादी और लोकतांत्रिक सिद्धांतों से वंचित कर सकता है। अदालत को बताया गया कि उच्चतम न्यायालय में इसी तरह के मामले लंबित हैं और उन पर अगले महीने के पहले सप्ताह में सुनवाई होनी है। इस पर उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई अक्टूबर के अंतिम सप्ताह के लिए स्थगित कर दी।



कोलकाता में गुरुवार को विश्वकर्मा पूजा को लेकर पतंगों की तैयार करता दुकानदार

# विश्व कप के बाद टी-20 कप्तानी से हट जाएंगे विराट कोहली

● रोहित शर्मा कमान संभालने को तैयार

**भाषा।** दुबई

**विराट** कोहली ने गुरुवार को घोषणा की कि वह संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले टी-20 विश्व कप के बाद भारतीय टी-20 टीम के कप्तान के पद से हट जाएंगे लेकिन वह वनडे और टेस्ट क्रिकेट में टीम की अगुआई करना जारी रखेंगे। इस फैसले से रोहित शर्मा के लिए टी-20 प्रारूप में टीम की कप्तानी संभालने का रास्ता खुल जाएगा।

कोहली इंडियन प्रीमियर लीग में हिस्सा लेने के लिए यहां हैं जो रविवार से बहाल हो रही है। इस 32 साल के क्रिकेटर ने अपने ट्विटर पेज पर एक बयान पोस्ट किया, मैंने अक्टूबर में दुबई में होने वाले टी-20 विश्व कप के बाद टी-20 कप्तान के तौर पर पद से हटने का फैसला किया है। पिछले कुछ समय से कोहली के सफेद गेंद की टीम की कप्तानी के भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं, विशेषकर रोहित शर्मा के इंडियन प्रीमियर लीग में शानदार रिकार्ड को देखकर, जिसमें उन्होंने मुंबई इंडियंस को पांच खिताब दिलाए हैं। सीमित ओवर के प्रारूपों में 34 साल के रोहित भारतीय टीम के उप कप्तान हैं और उनके टी-20 कप्तान की भूमिका निभाने की पूरी संभावना है जब भारत नवंबर में न्यूजीलैंड के साथ घरेलू श्रृंखला खेलेगा जिसमें तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के साथ दो टेस्ट मैच भी शामिल हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने कोहली की घोषणा के बाद बोर्ड द्वारा जारी बयान में कहा कि संस्था पिछले कुछ समय से कोहली से चर्चा कर रही थी। शाह ने कहा, टीम इंडिया के लिए हमारे पास स्पष्ट रोडमैप है। कार्यभार को देखते हुए और यह सुनिश्चित करते हुए कि बदलाव का दौर सहज रहे, विराट कोहली ने आगामी विश्व कप के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान के तौर पर हटने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, मैं विराट और नेतृत्व समूह के साथ पिछले छह महीनों से चर्चा कर रहा हूं और फैसला काफी सोच विचार के बाद लिया गया है।




शाह ने कहा, विराट बतौर खिलाड़ी और टीम के वरिष्ठ सदस्य के तौर पर भारतीय क्रिकेट के भविष्य की योजनाओं में योगदान करना जारी रखेंगे। कोहली 2017 में महेंद्र सिंह धोनी की जगह भारत की सीमित ओवर टीम के कप्तान बने थे। कोहली ने अपने पेज पर बयान में कहा, कार्यभार को समझना बहुत महत्वपूर्ण चीज है और पिछले आठ-नौ वर्षों से मेरे अत्यधिक कार्यभार को देखते हुए जिसमें मैं सभी तीनों प्रारूपों में खेल रहा हूं और नियमित रूप से पिछले पांच से छह वर्षों से कप्तानी कर रहा हूं, मुझे लगता है कि मुझे टेस्ट और वनडे क्रिकेट में भारतीय टीम की अगुआई के लिए पूरी तरह से तैयार होने के लिए खुद को थोड़ा स्पेस देने की जरूरत है। उन्होंने लिखा, मैंने टी-20 कप्तान के तौर पर अपने समय में टीम को अपना सबकुछ दिया और मैं टी-20 कप्तान के लिए ऐसा करना जारी रखूंगा और बतौर बल्लेबाज आगे बढ़ने के लिए ऐसा करना जारी रखूंगा। कोहली ने कहा कि यह फैसला उन्होंने मुख्य कोच रवि शास्त्री, रोहित (स्पष्ट रूप से उनकी जगह लेने वाले), बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह से सलाह मशविरा करने के बाद किया है। टी-20 विश्व कप 17 अक्टूबर से शुरू होगा और कोहली पर ट्रॉफी दिलाने का भारी दबाव होगा। कोहली ने कहा, निश्चित रूप से इस फैसले पर पहुंचने में काफी समय लगा। अपने करीबी लोगों, रवि भाई और नेतृत्व समूह का अहम सदस्य रोहित के साथ काफी सोच विचार और चर्चा के बाद यह फैसला लिया। उन्होंने कहा, मैंने बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह के साथ चयनकर्ताओं से भी इस बारे में बात की। मैं पूरी क्षमता से भारतीय क्रिकेट और भारतीय क्रिकेट टीम की सेवा करना जारी रखूंगा। कोहली ने 90 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 28 अर्धशतक से 3159 रन जुटाए हैं। उन्होंने इनमें से 45 मैचों में भारत की कप्तानी की और टीम को 27 में जीत दिलाई जबकि 14 में टीम को हार का सामना करना पड़ा। उनका जीत का प्रतिशत 65.11 रहा है।

# कप्तानी में बदलाव की कोई जानकारी नहीं: बाबर आजम

**भाषा।** कराची

**पाकिस्तान** के कप्तान बाबर आजम ने टीम के नेतृत्व में बदलाव की बातों को खारिज करते हुए कहा कि उनका ध्यान न्यूजीलैंड के खिलाफ एक दिवसीय और टी-20 श्रृंखला जीतने पर है। बाबर ने गुरुवार को वर्चुअल मीडिया कांफ्रेंस में कहा कि उन्हें चुनी हुई टीम में पूरा विश्वास है। चुनी गई टीम से कथित तौर पर खुश नहीं होने की खबरों पर बाबर ने कहा कि हर बार की तरह उन्होंने चयन बैठक में सलाह दी थी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह किसी एक व्यक्ति की टीम नहीं है। बाबर ने कहा, मुझे लगता है कि बोर्ड अधिकारी और मुख्य चयनकर्ता भी टीम के चयन को लेकर स्थिति स्पष्ट कर चुके हैं इसलिए मैं भी पूरी तरह से टीम का समर्थन कर रहा हूं और न्यूजीलैंड के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। बाबर ने साथ ही स्पष्ट किया कि उन्हें कप्तानी के बदलाव के बारे में कुछ नहीं बताया गया और ना ही उन्होंने ऐसा कुछ सुना है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट जगत में यह सामान्य चीज है कि कप्तान को वांछित लक्ष्य हासिल करने होते हैं और उम्मीदों पर खरा उतरना होता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के नए अध्यक्ष रमीज राजा ने अपनी पहली प्रेस कांफ्रेंस में स्पष्ट कर दिया था कि उनकी बाबर से कप्तान के रूप में वही उम्मीदें हैं जो इमरान खान से थी। रमीज ने कहा था कि वह निजी तौर पर बाबर को इतनी अच्छी तरह नहीं जानते इसलिए सभी प्रारूपों में उनकी कप्तानी को लेकर आकलन करना जल्दबाजी होगी। कप्तानी में बदलाव की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर बाबर ने कहा, अब तक मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। बाबर ने कहा कि कप्तान केन विलियमसन, टिम सीफर्ट, डेवोन कॉनवॉय के अलावा अनुभवी तेज गेंदबाजों ट्रेंट बोल्ट, टिम साउथी, काइल जेमीसन और लॉकी फर्ग्युसन की गैरमौजूदगी के बावजूद उन्हें सीमित ओवरों की श्रृंखला में न्यूजीलैंड से कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद है।



# आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज व्लेमिंक भारत के खिलाफ शृंखला से बाहर

**मेलबर्न (भाषा)।** आस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज टायला व्लेमिंक फिटनेस कारणों से भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला और एक टेस्ट मैच नहीं खेलेगी। मुख्य कोच मैथ्यू मोट ने कहा कि व्लेमिंक आगामी मैचों से बाहर होने वाली अकेली खिलाड़ी है। वह टी-20 श्रृंखला खेल सकती हैं। उन्होंने कहा , टायला को विक्टोरिया में अभ्यास के दौरान चोट लगी है। हम उसकी हालात पर नजर रखे हुए हैं। हमें उसके कार्यभार का प्रबंधन सही तरीके से करना होगा। तीन साल पहले आस्ट्रेलिया के लिए पहला मैच खेलने वाली व्लेमिंग दुनिया की सबसे तेज गेंदबाजों में से है। अनुभवी तेज गेंदबाज मेगान शट भी अपने पहले बच्चे के जन्म के कारण नहीं खेल रही हैं। ऐसे में एलिसे पैरी को युवा गेंदबाजों का नेतृत्व करना होगा। पहला वनडे 21 सितंबर को मैके में खेला जाएगा। भारतीय टीम के दौरे का अंत 10 अक्टूबर को गोल्ड कोस्ट में तीसरे और आखिरी टी20 से होगा।



# भारत का न्यूजीलैंड का एक दिवसीय दौरा 2022 तक स्थगित

**वेलिंगटन।** भारत व्यस्त कार्यक्रम और कोविड-19 से जुड़ी पाबंदियों के कारण इस साल न्यूजीलैंड का दौरा नहीं करेगा। भारत को अगर न्यूजीलैंड में विश्व कप सुपर लीग का हिस्सा तीन मैचों की एक दिवसीय श्रृंखला खेलनी है तो उसे 14 दिन के पृथकवास से गुजरना होगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के प्रवक्ता ने पुष्टि की कि भारत के खिलाफ मैच आस्ट्रेलिया में अगले साल टी20 विश्व कप के बाद खेले जाएंगे। न्यूजीलैंड को इस साल नवंबर में दो टेस्ट और तीन टी20 मैचों के लिए भारत का दौरा करना है। न्यूजीलैंड गर्मियों में बांग्लादेश, नीदरलैंड और दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा जबकि मार्च-अप्रैल में देश में महिला विश्व कप का आयोजन होगा। बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा हैं।

# एआईएफएफ अध्यक्ष पटेल ने खेलमंत्री ठाकुर से मुलाकात की

**भाषा।** नई दिल्ली

**अखिल** भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने गुरूवार को खेलमंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात करके आने वाले समय में भारत में होने वाले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के बारे में बताया। एआईएफएफ ने एक विज्ञप्ति में कहा कि पटेल ने उन्हें भारत में 2022 में होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप और फीफा अंडर 17 महिला विश्व कप 2022 के बारे में बताया। महिला एशियाई कप मुंबई, नवी मुंबई और पुणे में 20 जनवरी से खेला जाना है जबकि फीफा अंडर 17 महिला विश्व कप 11 अक्टूबर 2022 से शुरू होगा। खेल सचिव रवि मित्तल और भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक संदीप प्रधान इस मौके पर मौजूद थे। पटेल के साथ एआईएफएफ महासचिव कुशाल दास और उप महासचिव अभिषेक यादव भी थे।



## क्विक न्यूज

### गौरिका बिश्नोई लावाउ लेडीज टूर्नामेंट में संयुक्त 21वें स्थान पर

**पुइडो (स्विटजरलैंड)।** गोल्फर गौरिका विश्नोई लेडीज यूरोपीय टूर पर लावाउ लेडीज ओपन टूर्नामेंट में संयुक्त 21वें स्थान पर रही। गौरिका ने एक अंडर 71 का स्कोर करते हुए दो बर्डी लगाए और एक बोगी किया। अन्य भारतीयों में अमनदीप ड्राल एक ओवर 73 के स्कोर के साथ संयुक्त 41वें स्थान पर रही। रिधिमा दिलावारी और दुर्गा निट्टुर दो ओवर 74 के स्कोर के साथ संयुक्त 52वें स्थान पर रही। वाणी कपूर संयुक्त 57वें स्थान पर रही। एन्ने स्टेरे डेन डुनेन ने पहले दौर में पांच अंडर 67 स्कोर करके बढत बना ली है।

### डब्ल्यूटीटी: स्वस्तिका घोष ने यशस्विनी घोरपड़े को हराया

**नई दिल्ली।** भारत की स्वस्तिका घोष ने हमवतन यशस्विनी घोरपड़े को ट्यूनीशिया मे चल रहे वर्ल्ड टेबल टेनिस अंडर 19 लड़कियों के फाइनल मे 3-2 से हराया। रजत पदक विजेता यशस्विनी ने अंडर 17 वर्ग मे मिस्र की फरीदा बी को 11-6, 14-12, 11-7 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। अंडर 19 फाइनल मे स्वस्तिका ने यशस्विनी को 6-11, 11-6, 6-11, 11-6, 11-8 से मात दी। अंडर 15 वर्ग मे सुहाना सैनी ने पृथा वर्तिकर को हराकर दूसरा स्वर्ण जीता। एम हंसिनी ने अंडर 13 वर्ग मे स्वर्ण पदक हासिल किया। अंडर 11 लड़कियो के वर्ग मे धानी जैन ने अनन्या मुरलीधरन को हराकर खिताब जीता।।

### मेस्सी नहीं दिला सके पीएसजी को जीत सिटी, लिवरपूल और मैड्रिड जीते

**जिनेवा।** लियोनेल मेस्सी, काइलियान एमबाप्पे और नेमार जैसे सितारो से सजी होने के बावजूद पेरिस सेंट जर्मेन जीत दर्ज नही कर सकी और चैम्पियंस लीग फुटबॉल के मैच में उसे बेल्जियम के क्लब ब्रजे ने ड्रॉ पर रोक दिया। पीएसजी के लिए मिडफील्डर एंडेर हेरारा ने गोल दागा जबकि बेल्जियम के क्लब के लिए 27वें मिनट मे कप्तान हैस वानाकेन ने गोल किया। पहले हाफ मे मेस्सी का शॉट क्रॉसबार से टकरा गया और उन्हे बाद मे पीला कार्ड भी मिला। वही एमबाप्पे बाएं टखने मे चोट के शिकार हो गए। मेस्सी पिछले महीने ही बार्सीलोना छोड़कर पीएसजी से जुड़े है। पहली बार वे एमबाप्पे और नेमार के साथ इस क्लब के लिए खेल रहे थे। अन्य मैचो मे सेबेस्टियन हालेर के चार गोल की मदद से अजाक्स ने स्पोर्टिंग लिसबन को 5-1 से हराया। वही मैनचेस्टर सिटी ने लेइपजिग को 6-3 से शिकस्त दी। लिवरपूल ने एसी मिलान को 3-2 से हराया जो सात सत्र बाद टूर्नामेंट मे वापसी कर रही थी। रीयाल मैड्रिड ने इंटर मिलान को एक गोल से मात दी जबकि एटलेटिको मैड्रिड ने पोर्तो से गोलरहित ड्रॉ खेला। मोलदोवा लीग की शेरीफ तिरास्पोल ने उक्रेन की शखतार दोनेस्क को 2-0 से हराया।

### दुबई में फाइट नाइट में रिंग में उतरेंगे नीरज गोयत सहित भारतीय मुक्केबाज

**नई दिल्ली।** अनुभवी नीरज गोयत सहित भारतीय मुक्केबाज दुबई मे ब्रिटिश स्टार आमिर खान द्वारा प्रोमोट की जाने वाली फाइट नाइट मे 16 अक्टूबर को रिंग मे उतरेंगे। इस फाइट नाइट का आयोजन सुपर बॉक्सिंग लीग (एसबीएल) द्वारा विश्व मुक्केबाजी परिषद (डब्ल्यूबीसी) के साथ मिलकर किया जा रहा है। गोयत के अलावा अन्य भारतीय मुक्केबाजो मे चांदनी मेहरा, शिवानी दहिया, संदीप कुमार, सचिन नौटियाल और अब्दुल खान भी इसमे हिस्सा लेंगे जिसमे अभी उनके प्रतिद्वंद्वियो की घोषणा की जाएगी। आयोजको की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार दुनिया का बढ़ता क्रिप्टो समुदाय भी पहली बार इस प्रतियोगिता का हिस्सा बनेगा। टूर्नामेंट के अगले सत्र की मेजबानी 2022 मे भारत मे होने को तैयार है जिसमे आमिर खान और नीरज गोयत के बीच मुकाबला होगा। एसबीएल के चेयरमैन और दो बार के विश्व चैम्पियन तथा ओलंपिक रजत पदक विजेता खान ने फाइट नाइट के आयोजन के प्रति उत्साह व्यक्त किया कि एसबीएल इतिहास बना रही है जो क्रिप्टो समुदाय के साथ भागीदारी करने वाली पहली प्रोमोशन संस्था होगी।

# हरमिलन ने 1500 मीटर में 19 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़कर खिताब जीता

**भाषा।** वारंगल

**पंजाब** की हरमिलन कौर बैन्स ने गुरुवार को यहां 60वीं राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 19 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ते हुए 1500 मीटर दौड़ का खिताब जीता जबकि 100 मीटर में दिल्ली की तरनजीत कौर ने बाजी मारी। इक्कीस साल की हरमिलन ने चार मिनट 5.39 सेकेंड के समय के साथ सुनीता रानी का चार मिनट 6.03 सेकेंड का रिकॉर्ड तोड़ा जो उन्होंने बुसान में 2002 एशियाई खेलों में बनाया था। दिल्ली की केएम चंदा चार मिनट 18.24 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रही।

जनवरी 2020 से राष्ट्रीय स्तर की आठ रेस में शीर्ष पर रही हरमिलन ने शानदार प्रगति की। उन्होंने पिछले साल भुवनेश्वर में खेल इंडिया विश्वविद्यालय खेलों में चार मिनट 14.68 सेकेंड का समय लेने के बाद इस साल 16 मार्च को फेडरेशन कप में चार मिनट 8.70 सेकेंड और फिर 21 जून को इंडियन ग्रां प्री में चार मिनट 08.27 सेकेंड का समय लिया। वह अब राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने में सफल रही। तरनजीत ने 11.50 सेकेंड के निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ 100 मीटर दौड़ का खिताब जीता। नरेश कुमार ने 10.30 सेकेंड के समय के साथ पुरुष 100 मीटर खिताब जीता। यह इस साल 100 मीटर में किसी भारतीय धावक का दूसरा सर्वश्रेष्ठ समय है। गुरिंदरवीर सिंह ने 26 जून को पटियाला में 10.27 सेकेंड का समय लिया था। गुंटूर के 23 साल के नरेश भारतीय इतिहास के पांच सबसे तेज धावकों में शामिल हो गए हैं। उन्होंने 2001 में अनिल कुमार के 10.37 सेकेंड के मीट रिकॉर्ड को भी तोड़ा। पुरुष 1500 मीटर में उलटफेर देखने को मिला। हरियाणा के परवेज खान ने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दो बार के पदक विजेता रेलवे के अजय कुमार सरोज को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। राष्ट्रीय स्तर पर 20 अगस्त 2019 से अजय की यह पहली हार है। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता हेप्टाथलीट रेलवे की स्वप्ना बरमन ने महिला ऊंची कूंद का खिताब जीता जबकि हरियाणा के साहिल सिलवाल ने 77.79 मीटर के प्रयास के साथ पुरुष भाला फेंक का खिताब अपने नाम किया।



# हमने पहले हाफ में क्या किया, वह मायने नहीं रखता: पोंटिंग

**भाषा।** दुबई

**दिल्ली** कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग को लगता है कि उनकी टीम को रविवार से यूएई में बहाल होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सत्र में नए सिरे से शुरूआत करनी होगी क्योंकि टी20 टूर्नामेंट के पहले हाफ का प्रदर्शन मायने नहीं रखेगा। बायो-बबल में कोविड-19 के कई मामले आने के बाद मई में आईपीएल का 14वां चरण बीच में ही निलंबित कर दिया गया था। तब दिल्ली कैपिटल्स की टीम आठ मैचों में से छह जीतकर तालिका में शीर्ष पर चल रही थी। फ्रेंचाइजी द्वारा जारी विज्ञप्ति में पोंटिंग ने कहा, यह मायने नहीं रखता कि हमने सत्र के पहले हाफ में कैसा प्रदर्शन किया। हमने तब काफी अच्छा क्रिकेट खेला था और तब से चार महीने हो चुके हैं इसलिए हमें फिर से शुरूआत करनी होगी। उन्होंने कहा, हमें टूर्नामेंट के बढ़ने के साथ साथ खुद को भी बेहतर करना होगा और सुनिश्चित करना होगा कि हम टूर्नामेंट के अंत की ओर अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलें। आस्ट्रेलिया के इस महान क्रिकेटर ने कहा, टूर्नामेंट के पहले हाफ में हमारा प्रदर्शन ऐसा इसलिए था क्योंकि हमने तब अच्छा क्रिकेट खेला था और कड़ी मेहनत की थी लेकिन मुझे नहीं लगता कि हमने अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेला था। पोंटिंग ने कहा कि उनके खिलाड़ियों ने यहां सत्र पूर्व शिविर के दौरान काफी शानदार जोश दिखाया। उन्होंने कहा, मैं दिल्ली कैपिटल्स के शिविर में वापसी के लिए चार महीने से इंतजार कर रहा था। टीम के साथ शानदार समय रहा था और मेरे कैलेंडर वर्ष में भी यह शानदार समय है। मैं यहां कोचिंग स्टाफ से बात कर रहा हूं और उन्होंने अभी तक सत्र पूर्व शिविर में शानदार काम किया है। आप खिलाड़ियों का जज्बा और रवैया देख सकते हो। पोंटिंग ने कहा, मैं बहुत उत्साहित हूं कि अगले चार-पांच हफ्तों में क्या होने वाला है। श्रेयस अय्यर की टीम में वापसी के बारे में उन्होंने कहा, श्रेयस की वापसी शानदार है।



### दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2021 के बाकी सत्र के लिए पंत को कप्तान बरकरार रखा

**दुबई।** दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को घोषणा की कि आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 19 सितंबर से बहाल हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग के बाकी बचे मैचों में टीम के कप्तान बरकरार रहेंगे। जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में कोविड-19 संक्रमण के कई मामले आने के कारण आईपीएल सत्र को निलंबित किए जाने से पहले दिल्ली कैपिटल्स ने पंत की अगुआई में शानदार प्रदर्शन किया था जिससे उन्हें कप्तान बरकरार रखे जाने की पूरी उम्मीद थी। दिल्ली की टीम ने हालांकि पिछले साल पहली बार श्रेयस अय्यर की कप्तानी में आईपीएल फाइनल में जगह बनाई थी। अय्यर के चोटिल होने के कारण पंत को दिल्ली की कप्तानी सौंपी गई थी और उनकी अगुआई में दिल्ली की टीम ने लीग के निलंबित होने से पहले छह मैच जीते और 12 अंक के साथ शीर्ष पर चल रही है। फ्रेंचाइजी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया, जेएसडब्ल्यू-जीएमआर के सह स्वामित्व वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम आज घोषणा करती है कि ऋषभ पंत आईपीएल 2021 के बाकी सत्र में टीम के कप्तान के रूप में बरकरार रहेंगे। इससे पहले पीटीआई ने तीन सितंबर को खबर दी थी कि पंत को कप्तान के रूप में बरकरार रखा जाएगा।

# सेंट किट्स एंड नेविस ने आखिरी गेंद पर सेंट लूसिया को हराकर सीपीएल खिताब जीता

**बासेटेरे।** मेजबान सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स ने आखिरी गेंद पर सेंट लूसिया किंग्स को तीन विकेट से हराकर पहली बार हीरो कैरेबियाई लीग खिताब जीत लिया। सेंट लूसिया किंग्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। लगातार विकेट गंवाने के बावजूद उसने सात विकेट पर 159 रन बनाए जिसमें रोस्टन चेस और रहकीम कॉर्नवाल ने 43-43 रन का योगदान दिया। कीमो पॉल ने 21 गेंद में 39 रन बनाए और एक ओवर में लगातार तीन छक्के जड़कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में पैट्रियट्स की जीत के नायक डोमिनिक ड्रेक्स रहे जिन्होंने 24 गेंद में 48 रन बनाए। किंग्स की शुरूआत अच्छी रही और खतरनाक क्रिस गेल को चेस ने जल्दी आउट कर दिया। इसके बाद एविन लुईस भी टिक नहीं सके। कप्तान ड्वेन ब्रावो के आउट होने के समय स्कोर पांच विकेट पर 95 रन था। इसके बाद ड्रेक्स ने अपना सर्वोच्च स्कोर बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया।

# शास्त्री, अरुण और श्रीधर को स्वदेश लौटने के लिए फिट टू फ्लाई प्रमाण पत्र का इंतजार

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** के मुख्य कोच रवि शास्त्री के साथ गेंदबाजी कोच भरत अरूण और क्षेत्ररक्षण कोच आर श्रीधर को कोविड-19 संक्रमण से उबरने के पश्चात फिट टू फ्लाई (उड़ान भरने के लिए फिट) परीक्षण से गुजरना होगा।

इन तीनों ने ब्रिटेन के स्वास्थ्य प्रोटोकॉल के अनुसार 10 दिन का पृथकवास पूरा कर लिया है। लेकिन स्वदेश रवाना होने से पूर्व उन्हें आरटी-पीसीआर की नेगेटिव रिपोर्ट के अलावा फिट टू फ्लाई परीक्षण में भी खरा उतरना होगा। भारतीय खेमे में कोविड-19 संक्रमण के मामले आने के कारण पिछले हफ्ते मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां टेस्ट रद्द करना पड़ा था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, शास्त्री, अरूण और श्रीधर कोविड-19 से उबरने के बाद शारीरिक रूप से स्वस्थ हैं। वे पृथकवास भी पूरा कर चुके हैं। उन्होंने कहा, हालांकि स्वास्थ्य प्रोटोकॉल के अनुसार उड़ान भरने के लिए फिट होना सुनिश्चित करने के लिए उनका सीटी स्कोर 38 से ज्यादा होना चाहिए, तभी वे उड़ान भर पाएंगे। हम उनके अगले दो दिन में उड़ान भरने की उम्मीद कर रहे हैं, अगर उनका सीटी स्कोर सही रहता है तो। सीटी (सीटी स्कैन) स्कोर से एक संक्रमित व्यक्ति में वायरस के असर का पता चलता है और उसके फेंफड़ों में कितना संक्रमण हुआ था। अगर सीटी स्कोर ज्यादा है तो इससे पता चलता है कि व्यक्ति उबर गया है और माना जाता है कि लंबी फ्लाइट के लिए व्यक्ति का सीटी स्कोर 40 होना चाहिए। तीनों भारतीयों कोचों को इस समय कोई लक्षण नहीं है और वे पूरी तरह से फिट हैं लेकिन प्रमाण पत्र हासिल करने के बाद ही वे स्वदेश लौटने के लिए उड़ान भर सकते हैं।



# टेस्ट खेलने को मिलता है तो ठीक, टी-20 विशेषज्ञ कहलाने में भी बुराई नहीं : लियाम लिविंगस्टोन

**भाषा।** नई दिल्ली

**राजस्थान** रॉयल्स के बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन सफल टेस्ट कैरियर चाहते हैं लेकिन उन्हें टी20 विशेषज्ञ कहलाए जाने से भी गुरेज नहीं है। उनका मानना है कि टेस्ट क्रिकेट में मौका मिलने के इंतजार में रातों की नींद गंवाने से बेहतर है कि वे सीमित ओवरों का क्रिकेट खेलते रहें। इंग्लैंड के इस 28 वर्षीय क्रिकेटर की दुनिया भर में टी20 क्रिकेट में मांग है। वह बिग बैश लीग और पाकिस्तान सुपर लीग खेल चुके हैं और अब राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल के 14वें सत्र के बाकी मैच खेलेंगे। उन्होंने पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहा , आपके पास क्रिकेट में अब दो रास्ते हैं।टेस्ट क्रिकेट में मौका नहीं मिलने पर भी दुनिया भर में लीग खेल सकते हैं। आईपीएल से ठीक पहले द हंड्रेड टूर्नामेंट में उन्होंने बर्मिंघम फीनिक्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि वह अपना ब्रांड और प्रशंसक बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा , अगले कुछ साल में दुनिया भर में मैं फ्रेंचाइजी आधारित क्रिकेट खेलना चाहता हूं। एक ही टीम के लिए बार बार खेलने से प्रशंसक बनते हैं और जिदंगी भर चलने वाली दोस्ती भी। लिविंगस्टोन ने कहा , उम्मीद है कि मैं ऐसा कर सकूंगा। उन्होंने कहा कि वह एशेज टीम में जगह बनाने के लिए आईपीएल को जरिया नहीं बना रहे। उन्होंने कहा , अभी मुझे आईपीएल खेलना है जिसके बाद टी20 विश्व कप है।टेस्ट क्रिकेट के बारे में मैं अभी नहीं सोच रहा। अगले कुछ महीने में मेरा लक्ष्य आईपीएल और टी20 विश्व कप है। मैं टेस्ट टीम में जगह पाने के लिए आईपीएल को जरिया नहीं बना रहा हूं।



# हिंद प्रशांत के लिए नए त्रिपक्षीय गठबंधन ऑकस की घोषणा

## ●ब्रिटेन, अमेरिका व ऑस्ट्रेलिया का चीन के बढ़ते प्रभाव को कम करने का प्रयास

**भाषा**। वॉशिंगटन/लंदन/ बीजिंग

**ब्रिटेन**, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया ने हिंद प्रशांत में चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र के लिए एक नए त्रिपक्षीय सुरक्षा गठबंधन ऑकस (एयूकेयूएस) की घोषणा की है, ताकि वे अपने साझा हितों की रक्षा कर सकें और परमाणु ऊर्जा से संचालित पनडुब्बियां हासिल करने में ऑस्ट्रेलिया की मदद करने समेत रक्षा क्षमताओं को बेहतर तरीके से साझा कर सकें।

महत्वाकांक्षी सुरक्षा पहल की घोषणा अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने एक संयुक्त बयान में की। बयान में उन्होंने कहा कि इस पहल से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा और उनके साझा मूल्यों एवं हितों को सहयोग मिलेगा।

ऐतिहासिक बताए जाने वाले इस नए गठबंधन ऑकस को बुधवार को टेलीविजन पर प्रसारित एक संयुक्त संबोधन के दौरान डिजिटल माध्यम से शुरू किया गया। इस गठबंधन के तहत तीनों राष्ट्र संयुक्त क्षमताओं का विकास करने, प्रौद्योगिकी को साझा करने, सुरक्षा के गहन एकीकरण को बढ़ावा देने और रक्षा संबंधित विज्ञान, प्रौद्योगिकी, औद्योगिक केंद्रों और आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने पर सहमत हुए। ऑकस की पहले बड़ी पहल के तहत अमेरिका और ब्रिटेन की मदद से ऑस्ट्रेलिया परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियों का एक बेड़ा बनाएगा, जिसका मकसद हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता को बढ़ावा देना है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने इस अवसर पर कहा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका स्वाभाविक सहयोगी हैं। हम भले ही भौगोलिक आधार पर अलग हों, लेकिन हमारे हित और मूल्य साझे हैं।

इस डिजिटल संबोधन के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन भी जॉनसन के साथ मौजूद थे। इस संबोधन के दौरान एक संयुक्त बयान जारी किया गया।

जॉनसन ने कहा कि ऑकस गठबंधन हमें और निकट लेकर आएगा, एक नई रक्षा साझेदारी बनाएगा, नौकरियां पैदा करेगा और समृद्धि बढ़ाएगा। यह साझेदारी हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हमारे हितों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण होती जाएगी। उन्होंने कहा कि नई साझेदारी का मकसद मिलकर काम करना और हिंद-प्रशांत की सुरक्षा एवं स्थिरता को संरक्षित रखना है। जॉनसन ने कहा कि हम हमारी मित्रता में एक नया अध्याय खोल रहे हैं और इस साझेदारी का पहला काम परमाणु ऊर्जा से संचालित पनडुब्बियों का बेड़ा हासिल करने में ऑस्ट्रेलिया की मदद करना है। उन्होंने कहा कि मैं इस बात पर जोर देता हूं कि जिन पनडुब्बियों की बात की जा रही हैं, उनमें परमाणु हथियार नहीं होंगे, बल्कि वे परमाणु रिएक्टर से संचालित होंगी। हमारा काम हमारे परमाणु अप्रसार दायित्वों के पूरी तरह से अनुरूप होगा। तीनों नेताओं ने जोर देकर कहा कि पनडुब्बियां परमाणु शक्ति से संचालित होंगी और भारत-प्रशांत क्षेत्र में शांति सुनिश्चित करने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है।

## अमेरिका, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया की साझेदारी से परमाणु अप्रसार की कोशिशों को नुकसान पहुंचेगाः चीन

**बीजिंग**। चीन ने बृहस्पतिवार को अमेरिका, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया की त्रिपक्षीय सैन्य साझेदारी की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि वह इस समझौते पर करीबी नजर रखेगा, जो क्षेत्रीय स्थिरता को काफी कमजोर कर देगा और हथियारों की होड़ बढ़ाएगा तथा परमाणु अप्रसार की अंतरराष्ट्रीय कोशिशों को नुकसान पहुंचाएगा।

दरअसल, इस समझौते के तहत आस्ट्रेलिया को परमाणु ऊर्जा से चालित पनडुब्बियों का निर्माण करने में सहायता दी जाएगी। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान की यह टिप्पणी हिंद-प्रशांत के लिए अमेरिका, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया के एक नया त्रिपक्षीय सुरक्षा गठजोड़ की घोषणा करने के बाद आई है। इस सुरक्षा गठजोड़ का उद्देश्य 21 वीं सदी के खतरों से निपटने, आस्ट्रेलिया को परमाणु ऊर्जा से चालित पनडुब्बियां हासिल करने में मदद करने सहित रक्षा क्षमताओं को व्यापक रूप से साझा करने की अनुमति देना है। इस ऐतिहासिक समझौते को चीन की बढ़ती शक्ति और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र में उसकी सैन्य उपस्थिति को रोकने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। समझौते के तहत आस्ट्रेलिया को पहली बार, अमेरिकी प्रौद्योगिकी के जरिए पनडुब्बियों का निर्माण करने में सहायता दी जाएगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर और क्वांटम प्रौद्योगिकी भी इस समझौते के दायरे में आता है जिसे एयूकेयूएस के नाम से जाना जा रहा है।

त्रिपक्षीय रक्षा समझौते पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने को कहे जाने पर झाओ ने कहा, अमेरिका, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया परमाणु ऊर्जा चालित पनडुब्बियों में सहयोग कर रहे हैं जो क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता को काफी कमजोर कर देगा, हथियारों की होड़ बढ़ा देगा और परमाणु अप्रसार की अंतरराष्ट्रीय कोशिशों को नुकसान पहुंचाएगा। दिलचस्प है कि 24 सितंबर को वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की मेजबानी में क्वाड नेताओं की एक बैठक से हफ्ते भर पहले एयूकेयूएस की घोषणा की गई। क्वाड, चार देशों-भारत, आस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका-का एक समूह है।

## दक्षिण एशिया के देशों को शांति की दिशा में काम करना चाहिएः चीन

**बीजिंग**। पांच हजार किलोमीटर की दूरी तक मार करने वाली एवं परमाणु आयुध ले जाने में सक्षम अंतर-महाद्वीपीय बैलेस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) अग्नि-5 का परीक्षण करने की भारत की योजना से संबंधित, मीडिया में आईं खबरों के बीच चीन ने बृहस्पतिवार को कहा कि दक्षिण एशिया के सभी देशों को क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं स्थिरता बनाए रखने के लिए काम करना चाहिए। अग्नि-5 का परीक्षण करने के बारे में भारत की योजना से संबंधित खबरों के बारे में पूछे जाने पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजान ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दक्षिण एशिया में शांति, सुरक्षा एवं स्थिरता बनाए रखने में सभी का साझा हित है। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि सभी पक्ष इस दिशा में रचनात्मक प्रयास करेंगे। पांच हजार किलोमीटर की दूरी तक मार करने में सक्षम मिसाइल चीन के कई शहरों तक पहुंच सकती है और इससे भारत की सैन्य शक्ति में महत्वपूर्ण रूप से मजबूती आने की उम्मीद है। परमाणु आयुध ले जाने में सक्षम इस मिसाइल का पहले भी पांच बार सफल परीक्षण हो चुका है और इसे सेना में शामिल किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। अमेरिका, चीन, रूस, फ्रांस और उत्तर कोरिया जैसे कुछ ही देशों के पास अंतर-महाद्वीपीय बैलेस्टिक मिसाइल है। लिजान ने कहा कि क्या भारत परमाणु आयुध ले जाने में सक्षम बैलेस्टिक मिसाइलों का विकास कर सकता है।

## राष्ट्रपति पुतिन के कई कर्मचारी कोरोना संक्रमित

**मास्को**। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि उनके दर्जनों कर्मचारी कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं और इसके चलते वह स्व-पृथकवास में रहना जारी रखेंगे। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने इस हफ्ते की शुरूआत में घोषणा की थी कि पुतिन अपने कर्मचारियों में किसी के संक्रमित हो जाने के बाद खुद को पृथक कर लेंगे। हालांकि पुतिन की कोविड-19 जांच की रिपोर्ट नेगेटिव आई है और उन्हें रूस के स्पूतनिक-वी टीके की पूरी खुराक लग चुकी है। इस बीच पुतिन ने बृहस्पतिवार को कहा कि संक्रमण व्यापक स्तर पर हुआ है। उन्होंने कहा कि मेरे आसपास मौजूद रहने वाले कर्मचारियों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है।



स्लोवेनिया की राजधानी में संसद भवन के बाहर कोविड के नए मानकों के विरोध में प्रदर्शन करते लोग

# चीन में 6.0 तीव्रता का भूकंप, तीन की मौत

## ●60 लोग घायल

**भाषा**। बीजिंग

**चीन** के दक्षिण पश्चिमी सिचुआन प्रांत में बृहस्पतिवार को 6.0 तीव्रता का भूकंप आया जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 60 अन्य घायल हो गए। सिचुआन के भूकंप राहत मुख्यालयों ने, चीन के चार स्तरीय भूकंप आपदा प्रतिक्रिया प्रणाली में दूसरी नंबर की (लेबल-2) प्रतिक्रिया दी है।

चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) के अनुसार भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह चार बजकर 33 मिनट पर लक्सियन काउंटी में आया और उसका केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर था। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि भूकंप में तीन लोगों की मौत हो गई और 60 अन्य घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया,जहां तीन लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है।

स्थानीय प्रशासन ने कहा कि भूकंप के बाद 6,900 से अधिक प्रभावित लोगों को अन्य स्थानों पर पहुंचाया गया है और 10,000 से अधिक लोगों को अस्थाई शिविरों में भेजा गया है। भूकंप इतना तेज था कि इससे 730 से अधिक मकान गिर गए और 7,290 क्षतिग्रस्त हो गए। भूकंप प्रशासन ने आपदा राहत कार्य के लिए एक दल भेजा है। आस-पास की अग्निशमन और बचाव ब्रिगेड के कुल 890 कमांडर राहत एवं बचाव कार्य में लगे हुए हैं, जबकि 4,600 बचावकर्मियों को तैयार रहने के लिए कहा गया है। शिन्हुआ की खबर में कहा गया है कि भूकंप से प्रभावित जियामिंग शहर में ढहे मकानों और दीवारों का मलबा बिखरा है।

शहर के अधिकांश घरों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। फूजी में भारी बारिश के बीच, बचावकर्मी घर-घर जा रहे थे और क्षतिग्रस्त घरों में लोगों की तलाश कर रहे हैं और उन्हें अस्थाई शिविरों में ले जा रहे हैं।

भूकंप से कुछ दूरसंचार स्टेशन और केबल क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि लुझोउ उच्च गति रेलवे स्टेशन को बंद कर दिया गया है। सभी कोयला खदानों को भूमिगत कार्यो को रोकने और खनिकों को खदानों से निकालने का आदेश दिया गया है। सिचुआन भूकंप प्रशासन के उप प्रमुख झांग झीवेई ने कहा कि भूकंप हुआयिंग पर्वत क्षेत्र के आसपास आया। सिचुआन प्रांत में 2008 में आठ तीव्रता के भूकंप में हजारों लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हो गए थे।

# फ्रांस ने आईएसआईएस सरगना के मारे जाने को बड़ी जीत बताया

**एपी**। पेरिस

**फ्रांस** ने ग्रेटर सहारा में इस्लामिक स्टेट के सरगना अदन अबू वालिद-अल-सहरावी को मार गिराया है। फ्रांस के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी देते हुए साहेल में उसे आतंकवाद विरोधी प्रयासों का सबसे बड़ा दुश्मन बताया।

फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने देर रात अदन अबू वालिद-अल-सहरावी के मारे जाने की घोषणा की थी। मैक्रों के कार्यालय के अनुसार अल-सहरावी ने ही फ्रांस के छह सहायता कर्मियों और नाइज़र के उनके साथियों की हत्या करने के लिए पिछले साल आदेश दिए थे। उसका संगठन 2017 में हुए उस हमले में भी शामिल था, जिसमें अमेरिका और नाइज़र सेना के कर्मी मारे गए थे।

फ्रांस की रक्षा मंत्री फ्लोरेंस पार्ली ने बृहस्पतिवार को आरएफआई रेडियो को बताया कि वह कुछ हफ्ते पहले फ्रांस के बरखाने सैन्य अभियान में मारा गया था, लेकिन अधिकारी घोषणा करने से पहले उसकी पहचान को लेकर पूरी तरह संतुष्ट होना चाहते थे।

उन्होंने इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी कि अल-सहरावी किस अभियान में या कहां मारा गया। इस्लामिक स्टेट समूह माली और नाइज़र के बीच सीमा पर सक्रिय है।

फ्रांस के विदेश मंत्री ज्यां-इव लि द्रियां ने फ्रांस-इंफो रेडियो से कहा कि नरसंहार और आतंकवाद की जड़ वही था। उन्होंने अफ्रीकी सरकारों से उसकी मौत के बाद उत्पन्न स्थिति का फायदा उठाते हुए इस्लामिक स्टेट के चरमपंथियों द्वारा ली गई जमीन को वापस अपने कब्जे में लेने का आग्रह किया। कट्टर आतंकवादी की मौत की खबरें माली में करीब एक सप्ताह से फैल रही थीं, हालांकि इस क्षेत्र के अधिकारियों द्वारा इसकी कोई पुष्टि नहीं की गई। अभी यह भी स्पष्ट नहीं है कि शव की शिनाख्त कैसे की गई अल-सहरावी ने नाइजर में 2017 के हमले की जिम्मेदारी ली थी, जिसमें चार अमेरिकी सैन्यकर्मी और नाइज़र की सेना के चार सदस्य मारे गए थे। उसके संगठन ने साहेल में कई विदेशियों का भी अपहरण किया और माना जाता है कि अमेरिकी सहायता कर्मी जेफरी वुडके अब भी उसके कब्जे में हैं। वुडके का 2016 में नाइज़र में उनके घर से अपहरण कर लिया गया था।

फ्रांस की सेना साहेल क्षेत्र में इस्लामी चरमपंथियों से लंबे वक्त से लड़ रही है। उसने हाल ही में घोषणा की थी कि वह अगले साल की शुरुआत तक 2,000 सैनिकों को वहां से वापस लाने की योजना के साथ इस क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति को कम करेगा।

## स्पेस एक्स ने पृथ्वी का चक्कर लगाने को चार लोगों को किया रवाना

**भाषा**। केप केनवरल (**अमेरिका**)

**पृथ्वी** के तीन दिन तक चक्कर लगाने के लिए चार लोगों से साथ रवाना की गई स्पेस एक्स की पहली निजी उड़ान ने कक्षा में प्रवेश कर लिया है। ऐसा पहली बार है जब पृथ्वी का चक्कर लगा रहे अंतरिक्ष यान में मौजूद कोई भी व्यक्ति पेशेवर अंतरिक्ष यात्री नहीं है। स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल में मौजूद दो पुरुष और दो महिलाएं अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से 100 मील (160 किलोमीटर) उंचाई वाली एक कक्षा से पृथ्वी की परिक्रमा करते हुए तीन दिन बिताएंगे। इस उड़ान का नेतृत्व 38 वर्षीय अरबपति जारेड इसाकमैन कर रहे हैं। वह शिफ्ट4 पेमेंट्स इंक के कार्यकारी प्रबंधक हैं। उनके अलावा कैंसर से उबरी हेले आर्सीनॉक्स (29), स्वीपस्टेक विजेता क्रिस सेम्ब्रोस्की (42) और एरिजोना में एक सामुदायिक कॉलेज के शिक्षक सियान प्रॉक्टर (51) इन मिशन में शामिल हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने फ्रांस के साथ पनडुब्बी सौदा रद किया

**एपी**। कैनबरा

**ऑस्ट्रेलिया** के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने बृहस्पतिवार को कहा कि बदले रणनीतिक माहौल के कारण ऑस्ट्रेलिया ने परमाणु ऊर्जा चालित अमेरिकी पनडुब्बियों में निवेश करने और डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों के निर्माण के लिए फ्रांस के साथ अपने अनुबंध को समाप्त करने का फैसला किया है।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के साथ एक नए अमेरिकी सुरक्षा गठबंधन की घोषणा की थी जिसके तहत ऑस्ट्रेलिया के लिए परमाणु ऊर्जा चालित पनडुब्बी बेड़े का विकास किया जाएगा। इसके बाद, ऑस्ट्रेलिया ने फ्रांस को सूचित किया कि वह फ्रांसीसी कंपनी डीसीएनएस के साथ दुनिया की सबसे बड़ी पारंपरिक पनडुब्बियों में से 12 का निर्माण करने के लिए अपना अनुबंध समाप्त कर रहा है। 2016 में फ्रांस के अनुबंध हासिल करने के बाद से ऑस्ट्रेलिया परियोजना पर 2.4 अरब ऑस्ट्रेलियाई डॉलर खर्च कर चुका है।

मॉरिसन ने कहा कि 2016 में जब फ्रांस के साथ पनडुब्बी निर्माण के लिए 56 अरब ऑस्ट्रेलियाई डॉलर का सौदा हुआ था, तब अमेरिकी परमाणु पनडुब्बी तकनीक ऑस्ट्रेलिया के लिए एक खुला विकल्प नहीं थी और अमेरिका ने अब तक केवल ब्रिटेन के साथ तकनीक साझा की है। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने जून में फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों से कहा था कि इस बारे में कई वास्तविक मुद्दे हैं कि क्या कोई पारंपरिक पनडुब्बी क्षमता हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया की रणनीतिक सुरक्षा जरूरतों को पूरा करेगी।

# उ. कोरिया ने ट्रेन से बैलिस्टिक मिसाइलों का प्रक्षेपण किया

**एपी**। सियोल

**उत्तर** कोरिया ने कहा कि उसने पहली बार एक ट्रेन से बैलिस्टिक मिसाइलों का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। चिर प्रतिद्वंद्वी देशों दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया ने अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन करते हुए बुधवार को बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया था, जिसके एक दिन बाद उत्तर कोरिया ने यह दावा किया। यह सब परमाणु कार्यक्रम छोड़ने के लिए उत्तर कोरिया पर कूटनीतिक दबाव बनाने की कोशिशों के बीच हो रहा है।

प्योंगयांग की आधिकरिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि ट्रेन पर बने मिसाइल रेजिमेंट के एक अभ्यास के दौरान मिसाइलें प्रक्षेपित की गईं, जो 800 किलोमीटर (500 मील) दूर एक समुद्री लक्ष्य पर सटीक रूप से जा गिरीं। सरकारी मीडिया द्वारा दिखाई फुटेज में घने जंगल में पटरियों के किनारे रेल-कार लांचरों से नारंगी लपटों में घिरी दो अलग-अलग मिसाइलें निकलती दिख रही हैं। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा था कि उसने बुधवार दोपहर पानी के अंदर लक्ष्य को भेदने वाली अपनी पहली मिसाइल का परीक्षण किया है। उसने कहा कि एक स्वदेश निर्मित मिसाइल 3,000 टन श्रेणी की पनडुब्बी से दागी गई और इसने अपने निर्धारित लक्ष्य को भेदने से पहले पूर्व निर्धारित दूरी तय की। इससे पहले दक्षिण कोरिया की सेना ने बुधवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने छोटी दूरी की दो बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया है। सोमवार को उत्तर कोरिया ने कहा था कि उसने छह महीनों में पहली बार नव विकसित क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया। विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया द्वारा मिसाइलों का परीक्षण फिर से शुरू करने का मकसद अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन पर परमाणु वार्ता को लेकर दबाव बनाना हो सकता है।

## अफगानिस्तान पर ऑनलाइन बैठक करेगा चीन

**बीजिंग**। चीन ने कहा कि वह अफगानिस्तान में हालात पर चर्चा के लिए मध्य एवं दक्षिण एशियाई देशों के नेताओं की एक ऑनलाइन बैठक का आयोजन करेगा। चीन और रूस के वर्चस्व वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्यों की बैठक बृहस्पतिवार को निर्धारित है। अफगानिस्तान समूह का पर्यवेक्षक सदस्य है लेकिन यह साफ नहीं है कि तालिबान नेतृत्व का कोई प्रतिनिधि इस बैठक में शामिल होगा या नहीं। चीन ने यह नहीं कहा है कि क्या वह उन नए अफगान अधिकारियों को मान्यता देगा, जिन्होंने बाहरी पार्टियों और महिलाओं को बाहर रखा है।



काबुल में रोटी पाने के लिए मारामारी करते अफगान महिलाएं व बच्चे

# अंतरराष्ट्रीय समुदाय तालिबान सरकार को प्रोत्साहित करेः इमरान खान

**भाषा**। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को तालिबान के साथ संपर्क करना चाहिए और अफगानिस्तान में महिला अधिकारों एवं एक समावेशी सरकार के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए, ताकि युद्धग्रस्त देश को अराजकता से बचाया जा सके।



खान ने इस्लामाबाद स्थित अपने निजी बानी गाला निवास से सीएनएन से कहा कि अफगानिस्तान एक ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है। उन्होंने कहा कि युद्ध प्रभावित देश में शांति एवं स्थिरता लाने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम पिछले महीने काबुल पर कब्जा करने वाले तालिबान के साथ संपर्क बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि तालिबान का पूरे अफगानिस्तान पर कब्जा है और यदि वे अब एक समावेशी सरकार की दिशा में काम कर सकते हैं, सभी धड़ों को साथ ला सकते हैं, तो अफगानिस्तान में 40 साल बाद शांति स्थापित हो सकती है। खान ने कहा कि लेकिन यदि (अफगानिस्तान में) चीजें गलत होती हैं जिसे लेकर हम वास्तव में चिंतित हैं, तो अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इससे सबसे बड़ा मानवीय संकट, शरणार्थियों की एक बड़ी समस्या एवं अस्थिर अफगानिस्तान की समस्या पैदा हो सकती है तथा इससे अफगानिस्तान की धरती पर आतंकवाद के फिर से पैर पसारने की आशंका है। खान ने सुझाव दिया कि तालिबान को कुछ करने के लिए मजबूर किए जाने के बजाय मौजूदा स्थिति को संभालने के लिए उसे प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह भ्रम है कि अफगानिस्तान को बाहर से नियंत्रित किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि इसलिए यहां बैठकर यह सोचने के बजाय कि हम उन्हें नियंत्रित कर सकते हैं, हमें उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए क्योंकि अफगानिस्तान में मौजूदा सरकार स्पष्ट रूप से महसूस करती है कि अंतरराष्ट्रीय सहायता के बिना वे इस संकट को रोक नहीं पाएंगे। हमें उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। खान ने कहा कि दुनिया को उन्हें (तालिबान को) वैध सरकार बनाने और अपने वादे पूरा करने के लिए समय देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी खुफिया एजेंसियों ने हमें बताया है कि तालिबान पूरे अफगानिस्तान को नियंत्रित नहीं कर पाएगा और यदि वह सैन्य तरीके से ऐसा करने की कोशिश करता है, तो एक दीर्घकालिक गृह युद्ध शुरू हो जाएगा।

# जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए तेजी से उत्सर्जन घटाएं

## ● संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सरकारों से की अपील

**एपी**। जिनेवा



**संयुक्त** राष्ट्र प्रमुख ने बृहस्पतिवार को ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में त्वरित और बड़े पैमाने पर कटौती करने की अपील की ताकि वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी और जलवायु आपदा से बचा जा सके। संयुक्त राष्ट्र महासभा की अगले हफ्ते होने वाली वार्षिक बैठक से पहले एंतोनियो गुतारेस ने सरकारों को आगाह किया कि अनुमान की तुलना में जलवायु परिवर्तन ज्यादा तेजी से हो रहा है और जीवाश्म ईंधनों से होने वाला ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन बढ़ गया है। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र की सहायता से तैयार रिपोर्ट को जारी करते हुए गुतारेस ने कहा कि हाल में अमेरिका में इडा चक्रवात से लेकर पश्चिमी यूरोप में बाढ़ और प्रशांत महासागर के उत्तर-पश्चिम में खतरनाक लू से पता चलता है कि जलवायु से जुड़ी आपदाओं से कोई भी देश सुरक्षित नहीं है।

उन्होंने कहा कि बदलाव सबसे बुरे दौर की शुरुआत भर हैं। उन्होंने सरकारों से अपील की कि 2015 के पेरिस जलवायु समझौते के लक्ष्यों को पूरा करें।

गुतारेस ने कहा कि जब तक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में तुरंत बड़े पैमाने पर कटौती नहीं होगी, तब तक हम वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने में सक्षम नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि इसके परिणाम बहुत घातक होंगे।

यूनाईटेड इन साइंस 21 नाम की रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र की छह संस्थाओं और वैज्ञानिक संगठनों ने शोध कर यह निष्कर्ष निकाला है कि मानव निर्मित उत्सर्जन, रिकॉर्ड उच्च तापमान और आपदाओं के बीच सीधा संबंध है और इनका व्यक्तियों एवं समाज पर काफी असर पड़ता है जिसमें केवल तापमान बढ़ने के कारण अरबों घंटे के काम का नुकसान भी शामिल है। उन्होंने बताया कि वायुमंडल में पहले ही काफी उत्सर्जन है जिसके कारण आगे भी प्रभाव अवश्य पड़ने वाला है।

रिपोर्ट के लेखकों ने कहा, ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में कमी लाने के महत्वाकांक्षी कार्य के बावजूद समुद्र के स्तर का बढ़ना जारी रहेगा और पूरी दुनिया में निचले क्षेत्रों के प्रायद्वीप एवं तटीय आबादी को खतरा उत्पन्न होगा।



# कृष्ण की शक्तियां

**प्रभु समस्त सुखों का भण्डार हैं। राधानाथ स्वामी का कहना है कि हम उन्हें प्रसन्न करके ही उनसे असीम सुख प्राप्त कर सकते हैं**

कविराज गोस्वामी और पूर्व आचार्यों द्वारा समझाया गया है कि कृष्ण की तीन प्राथमिक शक्तियां हैं। उनकी आंतरिक शक्ति, जो उनकी आध्यात्मिक शक्ति है। उनकी बाहरी शक्ति या भौतिक शक्ति और सीमांत शकित जो कि सहज स्वाभाविक आत्माएं है, जो इन दो शक्तिओं में से एक के रूप में तथात शक्ति के रूप में शाश्वत रूप से अधीनस्थ हैं। जीव को आंतरिक शक्ति या बाहरी शक्ति के अधीन एक सेवक होना चाहिए।

आंतरिक शक्ति वह है जहां जीव की संवैधानिक प्रकृति को पूरी तरह से व्यक्त किया जा सकता है। आंतरिक शक्ति वह है जो शाश्वत है, ज्ञान से भरी है, आनंद से भरपूर है। जहां प्रेमपूर्ण आनंदमय लीलाओं का आनंद वह सब कुछ है जो हमेशा के लिए होता है। यह असीम प्रसन्नता की भूमि है। बाह्य शक्ति शोषण की भूमि है। ईर्ष्या और लोभ की भूमि।

और भगवान ने अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से समझाया है कि इस आंतरिक शक्ति के तीन सिद्धांत हैं : संदिनी, संवित और हलादिनी। भगवान की आंतरिक शक्ति की संदिनी क्षमता वह ऊर्जा है जिसमें भगवान का सर्वोच्च व्यक्तित्व समूचे अस्तित्व को बनाए रखता है। और संवित शक्ति वह है जिसमें सर्वोच्च भगवान स्वयं को जानते हैं और स्वयं को दूसरों को बताते हैं। और हल्दिनी शक्ति वह शक्ति है जो भगवान को असीम शाश्वत सुख देती है और अपने सभी भक्तों को असीम अनन्त सुख भी देती है। और इस हल्दिनी शक्ति के उद्देश्य से ही संदिनी और संवित प्रकट हुए हैं, विद्यमान हैं। क्योंकि अंतत: आनंद मेयो अभ्याससत कृष्ण आनंदमयी हैं। इसका मतलब है कि वह समस्त सुखों का भंडार हैं। और यह केवल आनंद के लिए है कि भगवान आध्यात्मिक दुनिया में अपने विभिन्न कार्यों और लीलाओं को पारलौकिक रूप से करते हैं।

कृष्ण परम भोगी हैं। उनका भोग ही उनका संपूर्ण अस्तित्व है। और क्योंकि कृष्ण परम भोगी हैं, जीवात्मा, जो कृष्ण का अभिन्न अंग है, हमारे जीवन और आत्मा भी आनंद के लिए है। हम इस बाह्य शक्ति के भ्रमों के तहत ढली आत्मा को पाते हैं। उस आत्मा के अस्तित्व का प्रत्येक भाग किसी न किसी रूप में भोग तलाशने का प्रयास मात्र है। यहां तक कि जब हम यज्ञ करते हैं और बड़ी तपस्या करते हैं तो यह अंतत: भोग के उद्देश्य के लिए होता है। यहां तक कि जब एक आदमी अपने देश के लिए मरने हेतु युद्ध के मैदान में जाता है, तो वह इस तथ्य का आनंद ले सकता है कि उसका देश स्वतंत्र होगा और उसने उस उद्देश्य के लिए अपना जीवन दिया है।

वास्तव में, हम जो कुछ भी करते हैं वह आनंद के उद्देश्य के लिए है। हमारे पास भोग के उद्देश्य से बच्चे होते हैं, हम आनंद के उद्देश्य से बच्चों की परवरिश करते हैं। हम काम पर जाते हैं और भोग के उद्देश्य से कितनी तपस्या करते हैं। हम भी इस शरीर में रहते हैं और केवल थोड़े से भोग के लिए जन्म, वृद्धावस्था, रोग और मृत्यु भोगते हैं। हमारे जीवन का समूचा अस्तित्व आनंद की तलाश करना है क्योंकि हम कृष्ण के अंश हैं, क्योंकि कृष्ण का अस्तित्व केवल सुख का स्वाद लेने के लिए है, आनंद का आनंद लेने के लिए है।

लेकिन भ्रम यह है कि हम सोचते हैं कि हम कृष्ण के परे आनंद ले सकते हैं। लेकिन सुख का स्वाभाविक कार्य आत्मा का स्वभाव तलाशना है जो कृष्ण को सुख प्रदान करने में असीम आनंद का अनुभव करना है। जब आप पेड़ की जड़ को पानी देते हैं तो पेड़ का हर हिस्सा संतुष्ट होता है। इसी तरह, जब हम कृष्ण को संतुष्ट करते हैं तो हमारी आत्मा स्वत: संतुष्ट होती है, सभी देवी-देवता संतुष्ट होते हैं, सभी संतुष्ट होते हैं। कि अगर हम मुकुंद को आत्मसमर्पण करते हैं तो हमारे पास किसी के प्रति कोई अन्य जिम्मेदारियां या कर्तव्य नहीं होते हैं क्योंकि जब हम कृष्ण को प्रसन्न करते हैं तो सभी दायित्वों को पूरा किया जाता है। क्योंकि वे समस्त सुखों के भण्डार हैं, जिसका अर्थ है कि हम सभी कृष्ण को केवल प्रसन्न करके उनसे असीम सुख प्राप्त कर सकते हैं।

लेकिन कृष्ण को आनंद कहाँ से मिलता है? यह एक महान प्रश्न है जिसे यहां कृष्णदास कविराज गोस्वामी यहां ऐसे अद्भुत, अद्भुत श्लोकों में समझा रहे हैं। कि परम महा सत्य एक है। एक ईश्वर है, दूसरा कोई ईश्वर नहीं है। कृष्ण कहते हैं कि मैं समस्त भौतिक और आध्यात्मिक अस्तित्व का स्रोत हूं। सब कुछ मुझसे निकलता है।

कि कृष्ण परम सत्य हैं। कृष्ण से श्रेष्ठ कोई सत्य नहीं है। वह परम भोगी है। लेकिन उस परम सत्य और भोगी को उसका भोग कहां से मिलता है? जाहिर है वह इसे खुद से प्राप्त करते हैं। क्योंकि सब कुछ उनके भीतर समाया हुआ है, उससे अलग कुछ भी मौजूद नहीं है।

कृष्ण में विविध शक्तियां हैं। हमने मुख्य तीन का वर्णन किया है। और उनके असंख्य उप-विभाजन हैं, लेकिन वे सभी कृष्ण हैं, वे सभी कृष्ण के भीतर हैं, वे सभी कृष्ण के हैं। तो जब कृष्ण परम आनंद का आनंद लेना चाहते हैं तो वे परम भोगी हैं, इसलिए उन्हें परम आनंद का सुख लेने के लिए किसी ऐसे व्यक्ति की आवश्यकता है जो परम आनंददायक हो। इसलिए कृष्ण स्वयं को अपनी हल्दिनी शक्ति या आनंद शक्ति के रूप में विस्तारित करते हैं। और इस सुख शक्ति का कार्य कृष्ण को असीम सुख देना है। और कृष्ण को सुख देने में, कृष्ण से भी अधिक सुख शक्ति का आनंद मिलता है। और परम शुद्ध आध्यात्मिक सुख के इस संबंध में, कृष्ण सभी सुखों के जलाशय बन जाते हैं और फिर सभी जीव, सभी जीवात्मा कृष्ण से असीम आनंद प्राप्त कर सकते हैं और उन्हें वह आनंद उनकी शाश्वत पत्नी श्रीमती राधा रानी से मिलता है। वह सभी सुखों का स्रोत है। वह सभी प्रसन्नता का स्रोत है। और जिस तरह कृष्ण विभिन्न अवतारों में विभिन्न रसों या सुखों का आनंद लेने के लिए अलग-अलग समय पर और अलग-अलग जगहों पर और अनंत काल के लिए अलग-अलग मूड में स्वयं का विस्तार करते हैं, उसी तरह श्रीमती राधा रानी, उनकी आनंद शक्ति , उनके साथ विस्तारित होती है।

**कृष्ण में विविध शक्तियां हैं। हमने मुख्य तीन का वर्णन किया है। और उनके असंख्य उप-विभाजन हैं, लेकिन वे सभी कृष्ण हैं, वे सभी कृष्ण के भीतर हैं, वे सभी कृष्ण के हैं।**

जब कृष्ण वैकुंठ में भगवान नारायण में विस्तारित होते हैं, तो श्री राधिका खुद को लक्ष्मी देवी के रूप में विस्तारित करती हैं। सिर्फ नारायण को असीम सुख देने के लिए। राधा भगवान कृष्ण की सर्वोच्च शक्ति हैं और उनके समस्त अवतारों में कृष्ण के साथ हैं। इस वर्ष 14 सितंबर को हम राधा अष्टमी को श्रीमती राधा रानी के प्रकट दिवस के रूप में मनाते हैं।

लेखक इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) में आध्यात्मिक गुरु हैं।



# आत्मा जीवित रहती है...



प्रमोद पाठक

जीवन और मृत्यु एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। वे परस्पर पूरक हैं। वे एक दूसरे के पूरक बनते हैं। यही वास्तविकता थी कि भगवान कृष्ण ने गीता में अर्जुन को समझाया था जब वे कहते हैं कि जो जन्म लेता है उसकी पूर्वनिर्धारित समय पर मृत्यु निश्चित है। और जो मरता है उसका फिर से जन्म होना तय है। इस संसार के सभी प्राणी अपने जन्म से पूर्व अप्रकट थे, अर्थात बिना स्थूल काया के। मृत्यु होने पर वे फिर से अप्रकट हो जाते हैं या कहें कि भौतिक शरीर से रहित। भौतिक काया केवल एक मध्यस्थ अवस्था है। आत्मा को अव्यक्त, कल्पना से परे और दोषरहित के रूप में परिभाषित किया गया है। जिस प्रकार मनुष्य पुराने, फटे-पुराने वस्त्रों को त्याग कर नये वस्त्र धारण करता है, उसी प्रकार आत्मा पुराने, वृद्ध शरीर को छोड़कर नये शरीर में प्रवेश करती है। शरीर के नष्ट होने पर यह नहीं मरती। यह शाश्वत, सर्वव्यापी, अमर और स्थिर है। भगवतगीता का यह शाश्वत पाठ जीवन- मृत्यु के सबसे बड़े रहस्य का उत्तर देता है। स्वामी प्रभुपाद का मत था कि जीवन एक ऐसा प्रश्न है जिसका उत्तर कोई नहीं दे सकता और मृत्यु एक ऐसा उत्तर है जिस पर कोई प्रश्न नहीं कर सकता। लेकिन फिर भी मौत का दुख सभी को होता है। यही जीवन का रहस्य है। हम नहीं चाहते कि हमारे प्रियजन इस दुनिया से चले जाएं, हालांकि हम सभी जानते हैं कि मृत्यु एक आवश्यक अंत है जो तब आएगी जब उसे आना होगा। यही मानव स्वभाव की कमजोरी है। हम जानते हैं कि मृत्यु अवश्यंभावी है। फिर भी हमें मौत पसंद नहीं है। यह स्वाभाविक है। आत्मा की अविनाशिता एक ऐसी चीज है जो मनुष्य को किसी भी प्रकार की सांत्वना नहीं देती है क्योंकि हम जानते हैं कि जो चला गया है वह कभी वापस नहीं आएगा। हां, यह एक कठिन सच्चाई है, जीवन की सबसे कठिन सच्चाई है। यह हकीकत है कि हमें बार-बार इसका सामना करना पड़ता है लेकिन जानने के बाद भी इससे निपटना आसान नहीं होता है। यह ऐसी समस्या है जिसे हल करना सबसे कठिन है। प्रिय मित्र डॉ. चंदन मित्रा के जाने की दुखद खबर, कुछ ऐसी थी जिसने मुझे इसी तरह की स्थिति में डाल दिया। यह अचानक हुआ और इसका बड़ा प्रभाव पड़ा। सच, इसने कई लोगों पर ऐसा ही प्रभाव डाला होगा, और कई कारणों से, और सभी समान रूप से वास्तविक हैं।

लेकिन मेरा मामला अलग था। एक अच्छा दोस्त, एक प्रख्यात पत्रकार, और निश्चित रूप से, एक प्रसिद्ध व्यक्तित्व जो मेरे करीब भी था, निश्चित रूप से कहीं न कहीं ऐसे ही कुछ कारण थे जो मेरे दर्द की वजह थे। लेकिन एक और बहुत महत्वपूर्ण कारण था। वही इस हिडेन सोल के विचार के पीछे थे, यानी वो कॉलम जिसे मैं लगभग एक दशक से धार्मिक रूप से लिख रहा हूं। आध्यात्मिकता, मूल्यों और नैतिकता पर स्तंभ की शुरूआत करने के इस विचार के बारे में हम कई मौकों पर चर्चा करते रहे हैं। और फिर अचानक, लगभग बीस दिनों के अंतराल के बाद, मुझे उसका फोन आया कि हम आगे बढ़ रहे हैं। अगर वह न होते तो आज भी पाठक हिडेन सोल स्तंभ से वंचित ही रहते। यह एक प्रशंसनीय उद्देश्य वाला विचार था। आत्मा को उद्वेलित करने वाले मुद्दों पर पाठकों को जागरुक करना, उन्हें अपने अंदर झांकने और एक बेहतर समाज बनाने के लिए प्रेरित करना। यह एक उच्च उद्देश्य वाला प्रयास था और इसने न केवल देश के विभिन्न हिस्सों बल्कि दुनिया के कई कोनों से कुछ उत्साहजनक प्रतिक्रियाएं प्राप्त कीं। हालांकि डॉ. मित्र अपने भौतिक शरीर के साथ मौजूद नहीं है, मगर उसकी उपस्थिति महसूस की जाएगी। आत्मा जीवित रहती है।

**लेखक प्रबंधन प्रोफेसर और एक प्रशंसित वक्ता हैं।**

# सुखी घर के लिए वास्तु टिप्स

बहुत से लोग अपना घर बनाने का सपना देखते हैं, लेकिन बहुत कम लोग ही अपने सपनों को साकार कर पाते हैं। घर में रहने वाले सदस्यों के कारण घर घर बन जाता है। हालांकि, आपका वास्तुविद आपके परिवार की खुशियों में अहम भूमिका निभाता है। जब वास्तुविद् आपके सपनों के घर की योजना बनाता है, तो वास्तु का पालन करने में थोड़ी सी लापरवाही आपके जीवन में गहरा आनंद या दर्द पैदा कर सकती है।

वास्तु अभ्यास का पालन मुख्य रूप से समग्र कल्याण और समृद्धि प्राप्त करने के लिए किया जाता है। वास्तु शास्त्र की कला इमारत की संरचना और डिजाइन के इर्द-गिर्द घूमती है। सही आकार या खोल होने से, घर सही ऊर्जा का संचार कर सकता है और नकारात्मकता को अंदर आने से रोक सकता है। वास्तु सिद्धांतों को सबसे अच्छा समरूपी या समकोणीय आकार, जैसे आयत और वर्ग का उपयोग करके संचालित किया जाता है। इन भूखंडों के आकार वाले घर समृद्ध और खुशहाल होते हैं। प्राचीन विज्ञान का मानना है कि अनियमित या घुमावदार आकार की इमारतें (अंडाकार, गोलाकार या अर्ध-गोलाकार) व्यक्ति के विकास को प्रतिबंधित करती हैं और विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं, हानियों और व्यक्तिगत जीवन में दुख की सामान्य भावना का कारण बनती हैं।

वास्तु शास्त्र के अनुसार, रिक्त स्थान को उनके कार्यों व उद्देश्यों के आधार पर एक कमरे, एक संरचना या कमरों के संग्रह के आधार पर व्यवस्थित और आकार दिया जाता है। वास्तु शास्त्र को शहरों, कस्बों, बगीचों, सड़कों व जल प्रणालियों के साथ-साथ शहरों, टाउनशिप, प्लेरूम, कार्यालयों और प्रार्थना कक्षों के



**वास्तुकला और सजावट आपकी खुशी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आचार्य विनोद कुमार ओझा का कहना है कि इसकी बारीकियों पर ध्यान दें**

डिजाइन में शामिल किया गया है।

भवन बनाने का तरीका बताने के अलावा, वास्तु इसे डिजाइन करने के लिए दिशा-निर्देश भी प्रदान करता है। वास्तु मानदंडों का पालन करके या न करके एक वास्तुकार आपकी खुशी व समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।


एक आर्किटेक्ट के रूप में, आप डिजाइन करते समय कुछ कारकों को देख सकते हैं। वास्तुशास्त्र के संदर्भ में, जो सकारात्मक ऊर्जा प्रवाह को प्रोत्साहित करता है, गृह संपत्ति की स्थापना - जो रहने की जगह के स्थान और अभिविन्यास की पहचान करती है - महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह को स्थापित करती है।

वास्तु शास्त्र कहता है कि घर का मुख किसी भी दिशा में अच्छा है, चाहे वह पूर्व, पश्चिम, उत्तर या दक्षिण हो, क्योंकि उनमें से हर एक के फायदे हैं लेकिन, एक वास्तुकार डिजाइन और योजना बनाते समय निम्नलिखित में से कुछ निर्देशों की तलाश कर सकता है:

- पूजा कक्ष को अपने घर में रखने से घर में समृद्धि और शांति प्रभावित होती है।
- फर्नीचर की व्यवस्था कमरे के ऊर्जा संतुलन को प्रभावित कर सकती है, जिससे स्वास्थ्य व मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।
- घर में प्रमुख स्थानों पर शीशा लगाकर स्वास्थ्य और खुशी को बढ़ाया जा सकता है।
- स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण के लिए पानी को सही ढंग से रखा जाना चाहिए।
- घर के प्रत्येक कमरे के लिए सही रंग चुनने से कमरे में मूड या भावना भी प्रभावित हो सकती है और इसे सावधानी से करना चाहिए।

तो, अगली बार जब आप कोई संपत्ति खरीदना चाहते हैं, तो सुनिश्चित करें और जांच लें कि आपका वास्तुकार वास्तु की मूल बातें जानता हो और फिर अपना जीवन खुशी के साथ जीएं।

**- लेखक ज्योतिषी और वास्तु सलाहकार हैं।**



# अध्यात्म एक दर्पण

**अध्यात्म सच्ची तस्वीर दिखाता है। अजीत कुमार बिश्नोई का कहना है कि एक ज्ञानी व्यक्ति अपनी वास्तविकता से अनजान नहीं हो सकता**

ईश्वर, आत्मा आदि के बारे में हमारी व्यापक जागरूकता के कारण यह लेख भारतीय संदर्भ में है। फिर, हमारे बीच इतने अध्यात्मवादी क्यों नहीं हैं? इसके कई कारण हैं। पहला और सबसे बुनियादी कारण यह कि व्यक्ति महसूस नहीं कर रहा है कि वह क्या खो रहा है।

हम भौतिक शरीरों में पैदा होते हैं, और तब से हम खुद को भौतिक शरीर के रूप में ही पहचानते हैं। अध्यात्म सब कुछ बदल देता है। अध्यात्म ज्ञान को पुष्ट करता है, हमें याद दिलाता है कि हम आत्माएं हैं। आत्मा के मूल गुणों में से एक है चेतना। एक सचेत इकाई, जो अपनी वास्तविकता से बेखबर नहीं होगी। अध्यात्म इस अर्थ में दर्पण का काम करता है, वह सच्ची तस्वीर दिखाता है। हम असली तस्वीर क्यों नहीं देखना चाहते हैं? क्योंकि आत्मा होने की पहचान के लिए हमें संपूर्ण से जुड़ने की आवश्यकता है, जो भगवान है, और इसके लिए तपस्या करने की आवश्यकता है। हम अज्ञान में रहना पसंद करेंगे, क्योंकि हम वासना सुख प्राप्ति की अपनी असीमित इच्छाओं को छोड़ना नहीं चाहते हैं।

यह काफी बुरा है लेकिन उन लोगों के लिए और भी बुरा है जो पाप कर्मों में लिप्त रहते हैं। वे इस तथ्य से बेखबर नहीं होते हैं कि इन पापपूर्ण कृत्यों के लिए कर्मफल सिद्धांत के अनुसार उन्हें दंडित किया जाएगा। सभी कृत्यों को विधिवत दर्ज किया जा रहा है। एक दिन हिसाब का समय आएगा। लेकिन उन्हें कठोर वास्तविकता की याद नहीं दिलाई जाएगी। अध्यात्म उन्हें झकझोर देगा।

आध्यात्मिकता या विशेष रूप से भगवान से दूर रहने के कुछ अन्य कारण भी हैं। 'अहंकार' (अहंकार) एक बड़ा विनाशक है। हालांकि अहंकार मानव शरीर का एक आंतरिक हिस्सा है, लेकिन इसका गलत तरीके से उपयोग किया जाता है। हमें यह भावना रखनी चाहिए कि मुझे जो करना है मुझे ही करना होगा, और कौन करेगा? लेकिन हम गलत हो जाते हैं जब हम यह सोचने लगते हैं कि हम अन्य लोगों से बेहतर हैं या अपने बारे में बहुत अधिक सोचने और बात करने लगते हैं। इस मानसिकता में भगवान के लिए जगह कहां है। रावण ने मरने से पहले कहा था कि अहंकार उसके नाश का कारण था। खराब संगत एक और कारण है। क्योंकि जब हम किसी के साथ बातचीत करते हैं, तो हमारा कुछ उस व्यक्ति पर या उसका कुछ हमारे ऊपर असर पड़ जाता है। बुरी संगत में व्यक्ति जैसा भी होता है उसे सही ठहराता है।

फिर, बदलने का मौका कहां होता है, जो आध्यात्मिक पथ पर आगे बढ़ने के लिए आवश्यक है?

कुछ लोग कोशिश नहीं करते, क्योंकि आध्यात्मिकता कुछ कुछ अज्ञात क्षेत्र की है, हालांकि आत्मा के रूप में यह नहीं होना चाहिए। यहां पुन: स्वयं को भौतिक सामग्री के रूप में पहचानना एक बड़ी समस्या है। क्या हम सिर्फ अपनी जीविका कमाने के लिए अपने जीवन का एक चौथाई भाग संघर्ष नहीं करते हैं? फिर, अध्यात्म, जो बहुत अधिक प्रतिफल देता है, इतनी आसानी से प्राप्य क्यों होना चाहिए। इसी तरह, भौतिक उपलब्धियों के विपरीत आध्यात्मिकता में लाभ सूक्ष्म होते हैं, जो हमारी इंद्रियों के लिए स्थूल और दृश्यमान होते हैं। लेकिन जो लोग अध्यात्म का अभ्यास करते हैं वे समझ सकते हैं कि वे प्रगति कर रहे हैं, क्योंकि भगवान जवाब देते हैं। उसे करना होगा, अन्यथा हम कैसे आवश्यक प्रयास करेंगे, या अधिक स्पष्ट रूप से कहें तो 'तपस्या' करेंगे। जब हम आध्यात्मिकता को नहीं अपनाते हैं, तो हम खुद को बुरी तरह चोट पहुंचाते हैं, खासकर बुढ़ापे में जब हमें ईश्वर की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। मानव जीवन को चार भागों में विभाजित किया गया है और अंतिम भाग विशेषतया आध्यात्मिक रूप से आगे बढ़ने के लिए है। जब शरीर कमजोर होने लगता है या किसी रोग से ग्रसित हो जाता है, तब ईश्वर का आश्रय नितांत आवश्यक है। भगवान मदद कर सकता है और मदद करता है। अध्यात्मवादी कभी भी 'दुर्गति' (बुरी तरह से समाप्त) से पीड़ित नहीं होते हैं। भगवान ने एक विशेष वचन दिया है कि उनके भक्त कभी नष्ट नहीं होते हैं। (9.31) लेकिन क्या हम आईने को नजरअंदाज करेंगे और भ्रम का जीवन जीते रहेंगे?

**- बिश्नोई आध्यात्मिक लेखक हैं।**

2 न्यूज-व्यूज
आधी आबादी को मिला कोविड का रक्षा कवच

6 अभिमत
टेस्ला को आयात कर में छूट अनुचित

12 विविध
सुखी घर के लिए वास्तु टिप्स

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 322
लखनऊ, शुक्रवार, 17 सितम्बर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



फ्लेमिंक भारत के खिलाफ शृंखला से बाहर
स्पोर्ट्स-11

# भारी बारिश से अनेक जिलों में तबाही, 45 की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** सहित सूबे के अनेक जिलों में बुधवार रात से हो रही मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचायी है। कई जिलों में जगह-जगह भारी जलभराव के अलावा मकान, दीवार, पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए। रेलवे ट्रैक पर ओएचई लाइन टूट जाने से कई ट्रेनों के पहिए थम गए और विमान सेवाएं भी बाधित हुईं। बिजली व्यवस्था चरमरा गई। अलग-अलग जिलों में करीब 45 लोगों के मरने और कई लोगों के घायल होने की खबर हैं। यह संख्या बढ़ भी सकती है। सबसे ज्यादा नुकसान लखनऊ समेत अवध क्षेत्र में हुआ है। यहां 18 लोगों की जान चली गई। प्रयागराज, कौशाम्बी व प्रतापगढ़ में 14, मध्य यूपी व बुंदेलखंड में सात और पूर्वांचल में छह लोगों की मौत हुई है। घनघोर बारिश के चलते लखनऊ

## ● मकान, दीवार, पेड़ और बिजली के खंभे गिरे, सड़क, रेल व विमान सेवाएं भी बाधित

के मोहिबुल्लापुर स्टेशन पर जलभराव में डूबने से दो बच्चों की और अलीगंज में बिजली का झटका लगने से एक बच्चे की जान चली गई। निगोहा में एक घर, मोहनलालगंज में तहसील की छत समेत आधा दर्जन घरों की दीवारें ढह गईं। लखनऊ का दो तिहाई हिस्सा जलमग्न हो गया। मानकनगर में ट्रैक पर पानी भरने से कानपुर से आने-जाने वाली ट्रेनें उत्तर रेलवे के ट्रैक से गईं। जिले में बिजली का हाहाकार रहा। 52 से अधिक पोल पेड़ गिरने व चार दर्जन से अधिक ट्रांसफर दग गए। उधर बाराबंकी के



राजधानी लखनऊ में भारी बरसात के कारण गुरुवार को सड़कें तालाब बन गईं और अनेक वाहन इनमें फंस गए

बसायगपुर मजरा ढेमा, खुशेहटी, महमूदपुर मजरे टिकरा घाट और जेठौती कुर्मियान गांव में दीवार व कच्चे मकान गिरने से पिता-पुत्र समेत पांच लोगों की मौत हो गई है। पेड़ टूटने से लखनऊ-अयोध्या नेशनल हाईवे पर डेढ़ घंटे से अधिक जाम लगा रहा। रेलवे ट्रैक पर पेड़ गिरने से साबरमती ट्रेन हादसे का शिकार होते-होते बची। रायबरेली के पोरई, टिकरिया व जायस गांव में सात साल की बच्ची व दो महिलाओं की मौत हो गई। दीवार व छप्पर गिरने से अमेठी जिले में पांच साल की बच्ची समेत दो, अयोध्या के दोस्तपुर व देवगिरी गांव में दो, सुलतानपुर के गोसाईगंज व कोतवाली देहात में दो और सीतापुर के महमूदाबाद में एक बच्ची की जान चली गई। कुछ लोग घायल भी हैं और विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। सैकड़ों गांवों में अंधेरा पसर गया। प्रयागराज समेत कौशाम्बी और प्रतापगढ़ में मूसलाधार बारिश ने कहर ढा दिया। जर्जर मकान गिरने से प्रयागराज में छह, कौशाम्बी में तीन और प्रतापगढ़ में पांच लोगों की की जान गई। प्रशासन सभी तहसीलों से आकड़े एकत्र कर रहा है जिससे मुआवजे की प्रक्रिया शुरू की जा सके। प्रयागराज में शंकरगढ़ क्षेत्र के कचारी गांव के जंगल में खंडहरनुमा मकान गिर गया। मलबे में दबने से दो गार्डों की मौत हो गई। मऊआइमा के सेमरा बीरभानपुर में एक अधेड़ की मौत हो गई। कोरांव क्षेत्र में एक और सदर तहसील के अंतर्गत मकान गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं फूलपुर के मौजा आले मऊ स्थित कान्हा गोशाला में पांच गोवंशों ने दम तोड़ दिया। कोहंडौर और कंधई इलाके में दो बुजुर्ग महिलाओं ने दम तोड़ दिया। गोंड़े गांव में बहन के घर आए एक युवक की मलबे में दबने से और लालगंज में कच्चा मकान गिरने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। अंतू क्षेत्र में चार साल के बच्चे की जान चली गई। इधर कौशाम्बी के पइंसा क्षेत्र के जवई पंडिरी में एक वृद्ध, रामपुर बढ़नावा गांव 11 वर्षीय बच्चे तथा नेवादा के बिरनेर में एक अधेड़ महिला की दीवार के मलबे में दबने से मौत हो गई।

## सभी शिक्षण संस्थान दो दिन तक बंद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के कई क्षेत्रों में अतिवृष्टि के मद्देनजर सभी मण्डलायुक्तों तथा जिलाधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर राहत कार्यों पर नजर रखें। साथ ही उन्होने अगले दो दिन 17 व 18 सितम्बर को प्रदेश में स्कूल-कॉलेजों सहित सभी शिक्षण संस्थानों को बन्द रखने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहत कार्य प्रभावी रूप से कराए जाएं। आपदा से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत पहुंचायी जाए। जल-जमाव की स्थिति में प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था करायी जाए। उन्होंने अधिकारियों को इस आपदा से हुए नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए हैं।

# बैड बैंक के लिए सरकारी गारंटी प्रस्ताव को मंजूरी

## ● केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दी हरी झंडी, फंसे कर्ज के समाधान के लिए एनएआरसीएल के गठन का रास्ता साफ

## ● बैड बैंक सहमत मूल्य का 15 फीसदी नकद भुगतान करेगा, शेष 85% सरकार की गारंटीकृत प्राप्त प्रतिभूति रसीद के रूप में होगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**वित्तमंत्री** निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने फंसे कर्ज के समाधान के लिए राष्ट्रीय परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनी लिमिटेड (एनएआरसीएल) द्वारा जारी की जाने वाली प्रतिभूति रसीदों के लिए 30,600 करोड़ रुपये की सरकारी गारंटी देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। प्रस्तावित बैड बैंक यानी एनएआरसीएल कर्ज के लिए सहमत मूल्य का 15 प्रतिशत नकद भुगतान करेगा जबकि शेष 85 प्रतिशत सरकार द्वारा गारंटीकृत प्राप्त प्रतिभूति रसीद के रूप में होगी। यदि तय मूल्य के मुकाबले नुकसान होता है, तो सरकारी गारंटी को भुनाया जायेगा। वित्त मंत्री ने इस फैसले के बारे में पत्रकारों से कहा कि बैंकों ने पिछले छह वर्षों में 5.01 लाख करोड़ रुपये के फंसे कर्ज की वसूली की है। इसमें से मार्च 2018 से अब तक 3.1 लाख करोड़ रुपये की वसूली हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। वित्त मंत्री ने साथ ही जानकारी दी, 'नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के साथ-साथ हम इंडिया डेट रिजॉल्यूशन कंपनी लिमिटेड की भी स्थापना कर रहे हैं। एनएआरसीएल में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की हिस्सेदारी 51 फीसद होगी। वहीं, पब्लिक फाइनेंशियल इंस्टीयूशन्स की हिस्सेदारी 49 फीसद होगी।' उन्होंने कहा, '2018 में 21 पब्लिक सेक्टर बैंकों में से केवल दो लाभ हासिल करने की स्थिति में थे। लेकिन 2021 में केवल दो बैंकों ने घाटे की सूचना दी।' वित्त मंत्री ने कहा कि कुछ मूल्यांकन के आधार पर एनपीए के लिए बैंकों को 15 फीसद कैश भुगतान किया जाएगा, वहीं 85 फीसद के लिए प्रतिभूति रसीद दी जाएगी। प्रतिभूति रसीद के मूल्य को बनाए रखने के लिए केंद्रीय कैबिनेट ने 30,600 करोड़ रुपये की सरकारी गारंटी को मंजूरी दी है। अगर घाटा एक सीमा से ज्यादा होता है तो सरकारी गारंटी खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले 6 वित्त वर्ष में बैंकों ने 501479 करोड़ रुपये वसूल किए हैं। इसमें से 3.1 लाख करोड़ रुपये मार्च 2018 के बाद वसूल किए गए हैं। 2018-19 में 1.2 लाख करोड रुपये रिकवर किए गए। इनमें रिटर्न ऑफ मनी भी शामिल है। इस दौरान भूषण स्टील और एस्सार स्टील जैसी कंपनियों के बट्टे खाते में डाले गए ऋण को भी वसूल किया गया।

# भूपेंद्र पटेल की कैबिनेट में 24 नए चेहरे शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** गांधीनगर

**गुजरात** में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए भाजपा ने बृहस्पतिवार को नवनियुक्त मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के मंत्रिपरिषद में 24 नए सदस्यों को शामिल किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह राज्य में बनाए गए इन नए मंत्रियों में 21 पहली बार मंत्री बने हैं। नई मंत्रिपरिषद में, निवर्तमान मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की मंत्रिपरिषद के किसी सदस्य को शामिल नहीं किया गया है। साथ ही किसी को भी उपमुख्यमंत्री नहीं बनाया गया है। रूपाणी के नेतृत्व वाली सरकार में नितिन पटेल उपमुख्यमंत्री का पद संभाल रहे थे।

## ● पिछले मंत्रिमंडल से किसी को भी नहीं बनाया गया मंत्री

बाद में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने मंत्रियों के बीच विभागों का भी बंटवारा कर दिया। मुख्यमंत्री ने गृह सहित कई विभाग अपने पास ही रखे हैं। उन्होंने कनुभाई देसाई को वित्त एवं ऊर्जा और पेट्रोकेमिकल्स विभाग की जिम्मेदारी सौंपी है। मुख्यमंत्री पटेल, गृह विभाग के अलावा सामान्य प्रशासन विभाग ,सूचना एवं प्रसारण, उद्योग, खान एवं खनिज, कैपिटल प्रोजेक्ट्स, शहरी विकास, शहरी आवास और नर्मदा तथा बंदरगाह विभाग का प्रभार भी अपने पास रखेंगे। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा मंत्रिपरिषद के नए स्वरूप से महत्वपूर्ण प्रभाव छोड़ना चाहती है। उन्होंने कहा कि पार्टी मतदाताओं का सामना साफ सुथरे चेहरों से करना चाहती है। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने 10 कैबिनेट मंत्रियों और 14 राज्य मंत्रियों को शपथ दिलाई, जिनमें पांच स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री भी शामिल हैं। मंत्रिपरिषद में दो महिलाओं को भी शामिल किया गया है। मंत्रिपरिषद में नए सदस्यों को शामिल किए जाने के साथ मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल नीत भाजपा सरकार में मंत्रियों की कुल संख्या बढ़ कर 25 हो गई। मंत्री पद की शपथ लेने वालों में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र त्रिवेदी और पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जीतू वघानी शामिल हैं।



गांधीनगर में नए मंत्रियों के साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल

# मोदी ने सेंट्रल विस्टा परियोजना के आलोचकों पर साधा निशाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को महत्वाकांक्षी सेंट्रल विस्टा परियोजना की आलोचना करने वालों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि ऐसे लोग रक्षा कार्यालय परिसरों के मुद्दे पर चुप रहते थे क्योंकि उन्हें मालूम था कि इससे भ्रम और झूठ फैलाने की उनकी कोशिशों की पोल खुल जाएगी। उन्होंने जोर दे कर कहा कि सेंट्रल विस्टा से जुड़ा जो काम आज हो रहा है उसके मूल में जीवन की सुगमता और व्यवसाय की सुगमता की भावना है। प्रधानमंत्री ने राजधानी दिल्ली के कस्तूरबा गांधी मार्ग और अफ्रीका एवेन्यू स्थित रक्षा कार्यालय परिसरों के उद्घाटन के अवसर पर यह बातें कहीं। रक्षा कार्यालय परिसर का निर्माण सेंट्रल विस्टा परियोजना का हिस्सा है। इस परियोजना के तहत एक नए संसद भवन और नए केंद्रीय सचिवालय के निर्माण

## ● कहा, ये लोग रक्षा कार्यालय परिसरों पर चुप रहते थे, क्योंकि इससे झूठ फैलाने की पोल खुल जाती

के साथ साथ राजपथ के पूरे इलाके का पुन:विकास किया जाना है। परिसरों का उद्घाटन करने से पहले प्रधानमंत्री ने परिसर का मुआयना किया और सेंट्रल विस्टा वेबसाइट की भी शुरुआत की। नए रक्षा कार्यालय परिसरों में सेना, नौसेना और वायु सेना सहित रक्षा मंत्रालय और सशस्त्र बलों के लगभग 7,000 अधिकारियों के लिए कार्य करने की जगह उपलब्ध होगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के 75वें वर्ष में देश की राजधानी को नए भारत



की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं के अनुसार विकसित करने की तरफ एक और कदम बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा, रक्षा कार्यालय परिसर हमारी सेनाओं के कामकाज को अधिक सुविधाजनक, अधिक प्रभावी बनाने के प्रयासों को और सशक्त करने वाले हैं। ये आधुनिक कार्यालय राष्ट्र की सुरक्षा से जुड़े हर काम को प्रभावी रूप से चलाने में बहुत मदद करेंगे। राजधानी में आधुनिक रक्षा एंक्लेव के निर्माण की तरफ यह बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री ने कहा आज जब केंद्र सरकार भारत की सैन्य ताकत को हर लिहाज से आधुनिक बनाने में जुटी है, आधुनिक हथियार से लैस करने में जुटी है, सेना की जरूरत के साजोसामान की खरीद तेज हो रही है तब देश की रक्षा से जुड़ा कामकाज दशकों पुराने तरीके से चले, यह कैसे संभव हो सकता है? उन्होंने कहा कि नवनिर्मित रक्षा कार्यालय परिसर सेंट्रल विस्टा परियोजना का हिस्सा है। ज्ञात हो कि कांग्रेस सहित कुछ अन्य विपक्षी दलों ने इस परियोजना पर सवाल उठाए थे और इसे गैर-जरूरी करार दिया था। परियोजना के आलोचकों पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, जो लोग सेंट्रल विस्टा परियोजना के पीछे डंडा लेकर पड़े थे... वह बड़ी चालाकी से इस पर चुप रहते थे.... यह (रक्षा कार्यालय परिसर) भी सेंट्रल विस्टा परियोजना का ही एक हिस्सा है, जहां 7,000 से अधिक सैन्य अफसर और कर्मी काम करते हैं...।

## मद्रास हाईकोर्ट की नए आईटी नियमों के कुछ उपबंधों पर रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** चेन्नई

**मद्रास** उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को हाल ही में लागू सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश एवं डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के कुछ उपबंधों पर रोक लगा दी। पिछले महीने ऐसे ही मामले में बंबई उच्च न्यायालय ने ऐसा ही आदेश पारित किया था। अदालत ने नियम 9 के उपबंध (1) एवं (3) पर बृहस्पतिवार को रोक लगा दी। ए उप-खंड आचार संहिता के पालन को निर्धारित करते हैं। इन उपबंधों को इस साल फरवरी में मूल आईटी नियमों में शामिल किया गया था। बंबई उच्च न्यायालय ने 14 अगस्त को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियम, 2021 के कुछ हिस्सों पर अंतरिम रोक लगा दी थी। नियम के तहत यह जरूरी है कि सभी ऑनलाइन प्रकाशक आचार संहितौ का पालन करें। मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव बनर्जी और न्यायमूर्ति पीडी ऑडिकेसवालु की पीठ ने बृहस्पतिवार को कर्नाटकी संगीतकार टीएम कृष्णा और डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन की जनहित याचिकाओं पर अंतरिम आदेश पारित करते हुए यह रोक लगाई है। इस एसोसिएशन में 13 मीडिया संस्थान और अन्य लोग शामिल हैं। इन याचिकाओं में नए नियमों की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं की इस दलील में प्रथम दृष्टया आधार है कि सरकार द्वारा मीडिया को नियंत्रित करने का तंत्र प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक दोनों मीडिया को उनकी आजादी और लोकतांत्रिक सिद्धांतों से वंचित कर सकता है। अदालत को बताया गया कि उच्चतम न्यायालय में इसी तरह के मामले लंबित हैं और उन पर अगले महीने के पहले सप्ताह में सुनवाई होनी है। इस पर उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई अक्टूबर के अंतिम सप्ताह के लिए स्थगित कर दी।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,141 | ↑ 417 | |
| निफ्टी | 17,629 | ↑ 110 | |
| सोना | 45,735 | ↓ 491 | /10g |
| चांदी | 61,541 | ↓ 724 | /kg |

## क्विक न्यूज

### हाई कोर्ट ने चारधाम यात्रा पर से लगी रोक हटाई

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को चारधाम यात्रा पर लगी रोक हटा दी और राज्य सरकार को कोविड-19 प्रोटोकॉल केसख्त अनुपालन के साथ यात्रा संचालित करने का निर्देश दिया है। यात्रा पर लगा प्रतिबंध हटाते हुए हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आरएस चौहान और न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ ने कहा कि मंदिर में दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की निर्धारित दैनिक संख्या जैसे प्रतिबंधों के साथ ही यात्रा संचालित होगी। अदालत ने कहा कि दर्शन केलिए आने वाले श्रद्धालुओं को कोविड-नेगेटिव जांच रिपोर्ट या टीकाकरण प्रमाणपत्र लाना अनिवार्य होगा। चारधाम के नाम से प्रसिद्ध उच्च गढ़वाल हिमालई क्षेत्रों में स्थित मंदिरों में श्रद्धालुओं की दैनिक सीमा निर्धारित करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि केदारनाथ धाम में प्रतिदिन अधिकतम 800, बदरीनाथ में 1200, गंगोत्री में 600 और यमुनोत्री में 400 यात्रियों की दर्शन की अनुमति दी जाएगी।

# प्रधानमंत्री को मिले उपहारों की होगी ई-नीलामी

## ● संस्कृति मंत्रालय करेगा, इनमें खेल उपकरण, अयोध्या राम मंदिर की प्रतिकृति समेत कई सामान हैं शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** संस्कृति मंत्रालय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिले उपहारों और स्मृति चिह्नों की ई-नीलामी करेगा। यह जानकारी बृहस्पतिवार को एक आधिकारिक बयान में दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उपहार में प्राप्त स्मृति चिन्ह जैसे खेल उपकरण और पदक विजेता ओलंपियन और पैरालिंपियन के उपकरण, अयोध्या राम मंदिर की प्रतिकृति, चारधाम, रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर, मॉडल, मूर्तियां, पेंटिंग, अंगवस्त्र का जल्द ई- नीलामी केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा किया जाएगा। मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि इच्छुक पक्ष 17 सितंबर से 7 अक्टूबर 2021 के बीच वेबसाइट पीएममेमेंटोस डॉट जीओवी डॉट इन के माध्यम से ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं। कोई भी व्यक्ति ई-नीलामी में भाग ले सकता है, मंत्रालय ने कहा कि ई-नीलामी से प्राप्त राशि गंगा के संरक्षण और कायाकल्प के उद्देश्य से नमामि गंगे मिशन में जाएगी। ऐसा पहली बार नहीं है जब मोदी ने अपने उपहारों के नीलामी के लिए कहा है। इससे पहले वर्ष जनवरी 2019 में 1,900 ऐसे उपहारों की नीलामी के लिए रखा गया था। इसमें गौतम बुद्ध की एक मूर्ति का बिक्री मूल्य 4000 रुपये रखा गया था जो नीलामी में 7 लाख रुपये तक बिका। ठीक इसी तरह से सितंबर 2019 में भगवान हनुमान और भगवान गणेश की मूर्तियों और करीब 576 शॉल की नीलामी की गई थी।

# श्रीराम मंदिर नींव भराई के पहले फेज का कार्य पूरा

## ● दिसंबर 2023 तक पूरा हो जाएगा मंदिर निर्माण का कार्य, श्रद्धालु कर सकेंगे गर्भग्रह में रामलला का दर्शन

**संवाददाता।** अयोध्या

**सैकड़ों** वर्षों से मंदिर निर्माण का सपना देख रहे करोड़ों सनातन धर्म मानने वालों का सपना धीरे-धीरे पूरा हो रहा है और मंदिर निर्माण के नींव निर्माण कार्य का पहला फेज समाप्त हो गया है। इसके बाद नींव के कार्य का अगला चरण प्रारंभ हो उसके पहले श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने श्री राम जन्मभूमि परिसर में राम मंदिर निर्माण के लिए अब तक किया गया पूरा कार्य गुरुवार को मीडिया को आमंत्रित करके ट्रस्ट और इंजीनियरों की टीम ने सार्वजनिक किया। जिससे पूरे देश को



अयोध्या में पत्रकारों से संवाद करते श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय

राम मंदिर निर्माण की प्रगति से अवगत कराया जा सके। भारी बारिश के बीच पहुंचे पत्रकारों ने राम मंदिर निर्माण की प्रगति का कार्य लाइव देखा। न्यास के महासचिव चंपत राय ने बताया कि नींव की अब तक 48 लेयर डाली जा चुकी है। इसके ऊपर डेढ़ मीटर राफ्ट का निर्माण होगा और उसके बाद मिर्जापुर से लाए गए पत्थर लगाए जाएंगे और उस प्लिंथ के ऊपर मंदिर का स्ट्रक्चर खड़ा होगा। उन्होंने बताया की राममंदिर के गर्भगृह को आकार देने के लिए एक मजबूत चट्टान तैयार की गई है। इसके लिए 400 फीट लंबा, 300 फीट चौड़ा, 45 से 50 फीट गहरा क्षेत्र तैयार किया गया है। राय ने बताया कि दिसंबर 2023 तक मंदिर में रामलला का दर्शन भक्तों को प्राप्त होने लगेगा। मंदिर तीन मंजिला होगा गर्भ गृह में रामलला तो दूसरे तल पर राम दरबार विराजित होगा। मंदिर का परकोटा साढ़े 6 एकड़ में बनाया जाएगा और यात्रियों के लिए जो सुविधाएं विकसित होंगी, उनको मिला कर मंदिर का परिसर कुल 12 एकड़ में होगा। उन्होंने बताया कि पानी के प्रवाह से गर्भगृह की रक्षा के लिए और बालू के रिसाव को रोकने के लिए तीन दिशा में रिटेनिंग वॉल बनेगी। प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण में लोहे का कहीं भी प्रयोग नहीं किया जाएगा। इस दौरान एलएनटी के प्रोजेक्ट मैनेजर विनोद मेहता और टाटा के इंजीनियर विनोद शुक्ला, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य महंत दिनेंद्र दास, डॉ. अनिल मिश्र और विहिप मीडिया प्रभारी शरद शर्मा मौजूद रहे। वहीं पिछले 24 घंटे से अयोध्या में हो रही मूसलाधार बारिश के बावजूद भी श्रद्धालुओं का हौसला बुलंद रहा और झमाझम बारिश के बीच हजारों की संख्या में श्रद्धालु लाइन में खड़े होकर के रामलला के दर्शन करने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते रहे।

# आधी आबादी को मिला कोविड का रक्षा कवच

## 24 नए संक्रिमित मिले, 32 जिले कोरोना मुक्त और 61 जिलों में नहीं मिले नए मरीज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** में कोविड टीकाकरण के लिए पात्र लोगों में से 50 फीसदी को टीकाकवर मिल गया है। प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक आयु की कुल आबादी करीब 15 करोड़ है। गुरूवार तक तक 7 करोड़ 50 लाख लोगों ने टीके की पहली डोज ले ली है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक 1 करोड़ 54 लाख से अधिक लोगों को दोनों डोज लग चुकी है। इसके साथ ही प्रदेश 9 करोड़ से अधिक वैक्सीन लगाने वाला पहला राज्य बन गया है।

कोविड की रोकथाम के लिए जारी एग्रेसिव ट्रेसिंग, टेस्टिंग और त्वरित ट्रीटमेंट के मंत्र से अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। यूपी में कोरोना संक्रमण किस कदर कमजोर पड़ चुका है इसका अंदाजा बीते 24 घंटों में हुई टेस्टिंग से लगाया जा सकता है। विगत 24 घंटे में हुई 2 लाख 21 हजार 480 सैम्पल टेस्टिंग में मात्र 24 नए मरीजों मिले। इस अवधि में 11 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए। ताजा स्थिति के मुताबिक प्रदेश में कोरोना के कुल मरीजों की संख्या 193 रह गई है। प्रदेश के 32 जिलों में कोविड का एक भी एक्टिव केस नहीं है। विगत दिवस हुई कोविड टेस्टिंग में 61 ज़िलों में संक्रमण का एक भी नया केस नहीं मिला। यही नहीं टेस्टिंग और टीकाकरण में नम्बर देश में नंबर एक यूपी में अब तक 7 करोड़ 57 लाख 61 हजार से अधिक सैम्पल की कोविड जांच की जा चुकी है। आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार अब तक 16 लाख 86 हजार 549 प्रदेशवासी कोरोना संक्रमण से मुक्त होकर स्वस्थ हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को टीम-9 के साथ कोविड की समीक्षा करते हुए संक्रमण की न्यूनतम दर पर सन्तोष जताया। उन्होंने कहा कि समन्वितए नियोजित प्रयासों से कोरोना की दूसरी लहर पर बने प्रभावी नियंत्रण के बीच जनजीवन तेजी से सामान्य हो रहा है। देश के अन्य राज्यों के सापेक्ष उत्तर प्रदेश में स्थिति बहुत बेहतर है। यह सतर्कता और सावधानी बरतने का समय है। थोड़ी सी लापरवाही संक्रमण को बढ़ाने का कारक बन सकती है। बैठक में सीएम को अवगत कराया गया कि अलीगढ़, अमरोहा, अयोध्या, आजमगढ़, बलिया, बलरामपुर, बांदा, बस्ती, भदोही, बिजनौर, बुलंदशहर, चंदौली, चित्रकूट, एटा, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, गोंडा, हमीरपुर, हरदोई, हाथरस, जालौन, कानपुर देहात, कासगंज, महोबा, पीलीभीत, प्रतापगढ़, रामपुर, सहारनपुर, शामली, श्रावस्ती, सिद्धार्थ नगर और सुल्तानपुर में कोविड का एक भी मरीज शेष नहीं है। यह जनपद कोविड संक्रमण से मुक्त हैं। इन जिलों में कोविड का एक भी मरीज शेष नहीं है। औसतन हर दिन ढाई लाख से अधिक टेस्ट हो रहें हैं जबकि पॉजिटिविटी दर 0.01 से भी कम हो गया है और रिकवरी दर 98.7 फीसदी है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस आज

● बीजेपी सेवा समर्पण अभियान के जरिए जनता के बीच पहुंचेंगे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर 17 सितंबर से बीजेपी का सेवा एवं समर्पण अभियान शुरू होगा। आगामी 7 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में भाजपा के कार्यकर्ता गांव-गांव, घर-घर तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पहुंचकर संपर्क व संवाद करेंगे। सेवा कार्य करेंगे। मोर्चो व प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता भी इस अभियान में जुटेंगे। अभियान को सफल बनाने के लिए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह जी की अध्यक्षता में व्यापक कार्य योजना तैयार की गई है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों सहित पार्टी कार्यकर्ताओं का आवाहन किया है कि वह मोदी जी का जन्मदिवस पर शुरू हो रहे सेवा व समर्पण अभियान को सफल बनाने के लिए पूरे मनोयोग से जुटे। शुक्रवार से शुरू हो रहे भाजपा के सेवा एवं समर्पण अभियान के अंतर्गत 17 से 20 सितंबर तक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। चिकित्सा प्रकोष्ठ इसका समन्वय करेगा। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता रक्तदान शिविर आयोजित करेंगे जबकि अनुसूचित मोर्चा के कार्यकर्ता गरीब बस्तियों में फल व अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण कर सेवा कार्य करेंगे। पिछड़ा वर्ग के कार्यकर्ता अनाथालय व वृद्ध आश्रम मे जाकर फल वितरण व अन्य सेवा कार्य करेंगे। सेवा एवं समर्पण अभियान के अंतर्गत किसान मोर्चा द्वारा किसान सम्मान दिवस का आयोजन करते हुए 71 किसानों और 71 जवानों को सम्मानित किया जाएगा। कोरोना काल में सेवा कार्य करने वाली 71 महिलाओं को सम्मानित करने का कार्य महिला मोर्चा द्वारा किया जाएगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती 25 सितंबर की पूर्व संध्या पर 24 सितंबर को प्रदेश भर में बूथ पर पार्टी कार्यकर्ता कार्यक्रम आयोजित करेंगे। गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को प्रदेश में मंडल स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वच्छता के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे इसके अंतर्गत वृक्षारोपण नदियों तालाबों की सफाई प्लास्टिक मुक्त भारत की शपथ लेने के लिए कार्यक्रम आयोजित होंगे पार्टी द्वारा शुरू किए जा रहे सेवा व समर्पण अभियान के दौरान प्रदर्शनी, वैक्सीनेशन कैम्प सहित अन्य कई प्रकार के सेवा कार्य भाजपा के कार्यकर्ता करेंगे।

# 11 पीपीएस अफसरों का आईपीएस में प्रमोशन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रांतीय** पुलिस सेवा के वर्ष 1992 बैच के 11 अफसरों को प्रोन्नति प्रदान कर आईपीएस बना दिया गया है। बृहस्पतिवार को संघ लोक सेवा आयोग में हुई बैठक में इस पर मुहर लगी। बैठक में प्रदेश के मुख्य सचिव आरके तिवारी व अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी भी मौजूद रहे। प्रोन्नत होने वाले सभी अफसरों को आईपीएस में यूपी कैडर मिलेगा। इस तरह यूपी कैडर में आईपीएस के 11 अफ्सर और बढ़ गए हैं। आईपीएस कैडर में प्रोन्नत होने वालों में राजेश द्विवेदी, राजेश कुमार श्रीवास्तव, जय प्रकाश सिंह, दिनेश त्रिपाठी, त्रिभुवन सिंह, शशिकांत, राम सेवक गौतम, अजीत कुमार सिन्हा, अवधेश सिंह, पंकज कुमार पांडेय व डा श्रीप्रकाश द्विवेदी शामिल हैं। इसी बैच के एक अन्य पीपीएस अफसर का लिफाफा बंद रखा गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय से जल्द ही इसकी अधिसूचना जारी हो सकती है। प्रोन्नति आदेश जारी होने के बाद प्रदेश सरकार इन अफसरों का तबादला कर सकती है क्योंकि अभी ये सभी अफसर अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं।

# ढाई लाख से ज्यादा गांवों तक पहुंचा शुद्ध पीने का

● पथरीले और कछारी इलाकों में मीलों दूर से पानी लाने की परेशानी हुई खत्म

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य** सरकार ने ढाई लाख से ज्यादा गांवों और बस्तियों को शुद्ध पेयजल पहुंचाने में सफर रही है। पीने के पानी के लिए वर्षों से संघर्ष कर रहे इन गांवों को अब अपने घर के पास ही पीने का साफ पानी मिल रहा है। नमामि गंगे ग्रामीण पेयजल आपूर्ति विभाग ने साढ़े 4 साल में प्रदेश भर में 2895361 हैण्डपम्प स्थापित कर 259739 ग्रामीण बस्तियों में पेयजल की समस्या को खत्म कर दिया है। इन इलाकों में प्रति व्यक्ति 40 लीटर के हिसाब से शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराया जा रहा है।

चार साल पहले तक बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष करने वाले ग्रामीणों के घर के पास ही सरकार पानी उपलब्ध करा रही है। नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने अभियान के तहत गांव-गांव रिकार्ड हैण्डपंपों की स्थापना कर शुद्ध पेयजल के सपने को साकार किया है। इन गांवों में बस्तियों की संख्या 259739 है। इन सभी बस्तियों में प्रति व्यक्ति 40 लीटर के हिसाब से हैण्डपम्पए पाइप योजना से पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। पानी की न्यूनतम आवश्यकता को देखते हुए योजना के तहत प्रदेश की जनता को बड़ा लाभ दिया गया है। प्रत्येक हैण्डपम्प से 10,000 लीटर प्रतिदिन उपलब्धता मानते हुये प्रति 250 पर एक इण्डिया मार्क-।। हैण्डपम्प अथवा 40 एलपीईडी लीटर्स पर कैपिटा पर डे के आधार पर पाइप पेयजल सप्लाई कर सामुदायिक रूप से प्रति 250 की जनसंख्या पर एक जल स्तम्भ पब्लिक स्टैंड पोस्ट का मानक निर्धारित किया गया।

# अखिलेश को अब्बा जान शब्द से नहीं होनी चाहिए चिढ़ः सिद्धार्थ नाथ

## भाजपा अपने संस्कार और संस्कृति पर चलने वाली पार्टी

● जनता जनार्दन को सताकर अवैध कार्य करने वालों के खिलाफ चलता रहेगा बुलडोजर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राज्य** सरकार के प्रवक्ता और कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव पर करारा हमला किया है। उन्होंने कहा कि सपा समाज के एक वर्ग विशेष का हितैशी होने का दावा करती है हालांकि यह सफेद झूठ है। इसके बावजूद प्रेम, सौहार्द्र और भावनाओं को प्रदर्शित करने वाले शब्द अब्बा जान से चिढ़ यह साबित करती है कि सपा वर्ग विशेष को भी धोखा दे रही है। अगर ऐसा नहीं होता तो अखिलेश को अब्बा जान शब्द से चिढ़ नहीं होती। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव संस्कारों की बात कर रहे हैं लेकिन यह नहीं बता रहे हैं कि यह कौन से संस्कार हैं, अपने चाचा को धक्का मारकर बाहर का रास्ता दिखा दिया और खुद पार्टी की कुर्सी पर कब्जा जमा लिया। उनके अपने सगे छोटे भाई से कैसे संबंध हैं। यह भी जगजाहिर है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने संस्कार और संस्कृति पर चलने वाली पार्टी है। भाजपा सरकार में गुंडे, माफिया जेल में होते हैं न कि सपा और बसपा की सरकारों की तरह सरकार में। हमारे लिए जनता जनार्दन ही सब कुछ है और जो इन्हें सताकर अवैध कार्य करेगा तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही भी होगी और बुलडोजर भी चलेगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संन्यासी हैं, वह बिना किसी लोभए मद या तुष्टीकरण के जनता के हित में कार्य कर रहे हैं। समाज के हर वर्ग को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। अल्पसंख्यक वर्ग को पिछली सरकार की तुलना में योगी सरकार ने करीब दुगुना से अधिक लाभ पहुंचाया है। उन्हें भी समाज के मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है। योगी सरकार में हर गांव और जिले में विकास कार्य हो रहे हैं जबकि पिछली सरकारों में चार-पांच जिलों में ही विकास दिखाई देता था।

# एक आभाहीन पार्टी के शिखर पर बैठे शून्य जैसे हैं राहुल गांधीः सुरेश खन्ना

● पांव के नीचे जमीन नहीं, देख रहे आसमान का ख्वाबः संसदीय कार्य मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने राहुल गांधी के ट्वीट पर पलटवार करते हुए कहा है राहुलजी, रोजगार, ज्ञान और निडरता की लड़ाई जनता तक ले जाने का आपका संकल्प सराहनीय है। पर आप किस जनता की बात कर रहे हैं। कहां है आपका और आपकी पार्टी का जनाधार। आपके पांव के नीचे की जमीन न जाने कबकी खिसक चुकी है पर ख्वाब आप आसमान का देख रहे हैं। मालूम हो कि राहुल गांधी ने आज अपने ट्वीटर हैंडिल से लिखा है कि लक्ष्मी की शक्ति-रोज़गार, दुर्गा की शक्ति-निडरता, सरस्वती की शक्ति-ज्ञान। भाजपा जनता से यह शक्तियाँ छीनने में लगी है। हमारा संकल्प है कि ये शक्तियाँ जनता तक पहुँचाने की लड़ाई लड़ेंगे। इस पर पलटवार करते हुए गुरुवार को एक बयान में खन्ना ने कहा कि आपके पास तो लंबे समय तक अलादीन का खानदानी चिराग रहा है। पर इसका प्रयोग वर्षों तक सत्ता में रहने के दौरान आपने सिर्फ अपने कुनबे और अपने खास लोगों के हित के लिए किया। सत्ता में रहते हुए देश को चारागाह बना दिया। एक से एक घोटालों का कीर्तिमान बना डाला। बिना किसी जमीन के आप आसमान नापने का जो ख्वाब देख रहे वह अब कभी भी पूरा होने से रहा। कड़वा सच तो यह है कि अब आप एक आभाहीन पार्टी की नुमाइंदगी कर रहे हैं। शीर्ष पर बैठे शून्य की तरह।

# यूपी के 25 पीसीएस को आईएएस पद पर प्रोन्नति दिये का रास्ता साफ

**लखनऊ।** संघ लोक सेवा आयोग की बैठक में यूपी के 25 पीसीएस अफसरों को आईएएस के पद पर पदोन्नति देने पर सहमति बनी। बैठक में कुल 30 अफसरों का प्रस्ताव रखा गया था लेकिन पांच पीसीएस अफसरों का मामला फंस गया। संघ लोक सेवा आयोग से अधिसूचना जारी होने के बाद राज्य सरकार पदोन्नति देने संबंधी आदेश अलग से जारी करेगी। वर्ष 1998, 1999 और 2000 बैच के पीसीएस अफसरों को पदोन्नति देने का प्रस्ताव संघ लोक सेवा आयोग में रखा गया। वर्ष 1998 बैच के अशोक कुमार, महेंद्र प्रसाद, गौरव वर्मा, रजनीश चंद्रा, वर्ष 1999 बैच के संजय चौहान, उदय सिंह, अरुण कुमार द्वितीय, संतोष कुमार शर्मा, हरिकेश चौरसिया, सुनील कुमार चौधरी, महेंद्र प्रताप सिंह, रवींद्र पाल सिंह, प्रभुनाथ, श्रीप्रकाश गुप्ता, पवन कुमार गंगवार, रमेश प्रकाश मिश्रा, नागेंद्र शर्मा, महेंद्र सिंह, मनोज कुमार राय और वर्ष 2000 बैच के कुमार विनीत, कामता प्रसाद सिंह, धनंजय शुक्ला, रमेश चंद्र, वंदना त्रिपाठी, राजेश कुमार प्रजापति, मंजू लता, आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व कपिल सिंह के नामों पर चर्चा हुई। जिनमे से 25 पीसीएम अफसरों को आईएएस पर प्रोन्नति दिये जाने पर सहमति बनी। बैठक में पांच पीसीएस अफसरों भीष्म लाल वर्मा, घनश्याम सिंह, हरीश चंद्र, श्रीप्रकाश गुप्ता व प्रभु नाथ के मामले में पेंच फंस गया है। कुछ की आयु सीमा अधिक हो गई है तो कुछ की जांच चल रही है। इसके चलते इन पांच पीसीएस अफसरों का मामला लटक गया है।

# सेवा और समर्पण अभियान में लगेगा अनूठा नव भारत मेला

**लखनऊ।** बीजेपी युवा मोर्चा पीएम मोदी के जन्मदिवस पर प्रदेश भर में 17 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक सेवा और सर्मपण अभियान का आयोजन करने जा रहा है। भाजयुमों प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी ने कहा कि यह 20 दिवसीय सेवा और सर्मपण अभियान के दौरान युवा मोर्चा की प्रत्येक जिला ईकाई पिछले 7 वर्षो में मोदी सरकार के काम का प्रचार करते हुए एक अनूठे नव भारत मेले का आयोजन करेगी। इसके अतिरिक्त इस 20 दिवसीय अभियान में स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं भी शामिल की जाएगी। इस बार सेवा सप्ताह आयोजन को मोदी जी के सार्वजनिक कार्यकाल के दो दशक-गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर 13 वर्ष और भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर 7 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजन की अवधि को 20 दिनों तक बढ़ाया गया है। 75 वें वर्ष को राष्ट्रीय समारोह के तौर पर युवा मोर्चा कार्यकर्ता आजादी का अमृत महोत्सव मनाएंगे, जिसमें युवाओं को अपने-अपने जिलों में स्वतंत्रता आंदोलन से संबंधित स्थलों का दौरा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा और 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल जी की जंयती के उपलक्ष्य में युवा मोर्चा अंत्योदय के सिंद्धांत को लेकर गरीबों और वंचितों की सेवा के लिए मोदी सरकार द्वारा की गई पहल के माध्यम से युवा मोर्चा कार्यकर्ता पंडित दीन दयाल जी की जयंती मनाएंगे।

# यूपी सहित कई राज्यों में मानव रक्त की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

## एसटीएफ ने गिरोह के सरगना डॉक्टर को एक साथी सहित लखनऊ से किया गिरफ्तार

● 100 यूनिट ब्लड व विभिन्न ब्लड बैंकों के फर्जी प्रपत्र बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एसटीएफ** ने पंजाब, राजस्थान, हरियाणा आदि राज्यों से मानव रक्त की तस्करी व मिलावट कर लखनऊ एवं आस-पास के जनपदों में विभिन्न हास्पिटल, ब्लड बैंक आदि में बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के सरगना एक डॉक्टर को उसके साथी लखनऊ से गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 100 यूनिट ब्लड व विभिन्न ब्लड बैंकों के फर्जी प्रपत्र बरामद हुए हैं।

एसटीएफ को सूचना मिली की बड़े पैमाने पर ब्लड तस्करी करके राजस्थान, पंजाब, हरियाणा से लाकर लखनऊ स्थित ब्लड बैंको व हास्पिटलों में सप्लाई किया जा रहा है। गिरोह के सदस्य बुधवार को भी इसी सिलसिले में आने वाले हैं। इस सूचना पर एसटीएफ की टीम गठित कर स्थानीय ड्रग निरीक्षक की टीम को साथ लेकर मुखबिर के बताये स्थान लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे स्थित प्रारम्भ टोल प्लाजा पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। इन्तजार करने लगे कि कुछ ही देर में सिल्वर कलर की इको स्पोर्ट कार आती हुयी दिखायी दी। टोल प्लाजा बैरियर से लगभग सौ मीटर आगे आगरा जाने की ओर गाड़ी को रोक लिया गया व चालक सीट पर बैठे व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम अभय सिंह बताया। टीम द्वारा तलाशी के लिए कहे जाने पर वह सकपकाया तथा गाड़ी के बूटस्पेश खोले जाने पर उसमें गत्ते मे रखे हुए ब्लड के पैकेट मिले। जिसके बारे मे पुछे जाने पर उसने बताया कि मैं इटावा स्थित सैफई मेडिकल कालेज में सहायक प्रोफेसर के पद पर नियुक्त हूं। मेरे द्वारा वर्ष 2000 में केजीएमयू लखनऊ से एमबीबीएसए वर्ष 2007 में पीजीआई लखनऊ से एमडी ट्रान्सफ्यूजन मेडिसन का कोर्स किया गया है। जिसके बाद से मैं वर्ष 2010 से ओपी चौधरी ब्लड बैंक में एमओआईसी के पद पर नियुक्त रहा। वर्ष 2014 में मैने चरक हास्पिटल लखनऊ में सलाहकार के पद पर व वर्ष 2015 में नैती हास्पिटल मथुरा में सलाहकार के पद पर कार्य किया। इसके साथ ही मैनपुरी व अमेठी स्थित जगदीशपुर में सलाहकार के पद पर जुडने के लिए आवेदन किया है। आरोपी द्वारा अपने बारे में दी गयी उपरोक्त जानकारी का सत्यापन कराया जा रहा है। आगे पूछने पर आरोपी द्वारा बताया गया कि मेरे द्वारा राजस्थान, हरियाणा, पंजाब आदि स्थानों से डोनेट किये हुए ब्लड को एकत्र करके सप्लाई के लिए लाया जाता है। मौके पर कुल 45 यूनिट ब्लड के पैकेट गत्ते में रखे हुए प्राप्त हुए। जिनके सम्बन्ध मे वैधानिक प्रपत्र उपलब्ध कराये जाने के लिए कहे जाने पर प्रपत्र प्रस्तुत किये गए जिन्हे मौके पर उपस्थित औषधि निरीक्षकों की टीम द्वारा उसे अपूर्ण पाया गया। जिस पर पूछने पर बताया कि मैं वैध रुप से ब्लड लाता हूं। इससे सम्बन्धित कुछ जरूरी कागज इस समय मेरे पास नहीं है। यदि आप मुझे समय दे तो उन्हें मैं आपको लाकर दिखा सकता हूँ । यह कहने पर उपस्थित टीम के सभी सदस्यों को यह विश्वास हुआ कि प्रपत्र लेकर यह पुनः तलब नहीं होगा। इस विश्वास पर टीम के सभी सदस्यों ने एक मत से उसके साथ ही पूर्ण प्रपत्र की उदेश्य उसके बताये हुये स्थान गोत्री आपार्टमेन्ट अवध बिहार योजना लखनऊ पहुंचे। टीम के सभी सदस्य उसे साथ लेकर उक्त आवास पहुचे जहां पर अभय सिंह द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का गहनता से परीक्षण, जांच की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

# सरकार बनी तो हर परिवार को 300 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगीः मनीष सिसोदिया

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी आप ने उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में सरकार बनने पर सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने और 38 लाख परिवारों पर बकाया बिजली का बिल माफ करने का ऐलान किया है। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बृहस्पतिवार को लखनऊ में पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में सत्ता में आने पर आम आदमी पार्टी की सरकार राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देगी। इसके अलावा सरकार छोटी-बड़ी सभी तरह की जोत वाले किसानों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराएगी।

सिसोदिया ने कहा कि यूपी में बिजली बन रही है फिर भी सरकार बिजली नहीं दे पा रही है। बकाया बिल न चुका पाने वाले उपभोक्ता अपराधी नहीं बल्कि मनमानी वसूली में जुटी सरकार इसके लिए दोषी है। सिसोदिया ने कहा कि यूपी की जनता महंगी बिजली से बहुत दुःखी है। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में बेहतर काम किया है। दिल्ली में आज बिजली के बिल जीरो आ रहे हैं। यूपी की जनता से निवेदन है और पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की ओर से उत्तर प्रदेश वासियों के लिए एलान भी है कि आम आदमी पार्टी को वोट देकर सरकार बनवाएं। सरकार बनने के 24 घंटे के अंदर 300 यूनिट बिजली फ्री होगी।

पायनियर वर्गीकृत

## सूचना

'नरेन्द्र नाथ तिरखा पुत्र स्व0 अमर नाथ तिरखा भवन सं0-439 ई0डब्लू0एस0 सिंगल स्टोरी बर्रा-2 कानपुर नगर की भवन स्वामी थे सम्पत्ति का मूल आवंटन-पत्र व कब्जा-पत्र रास्ते में गिर गया है जिसका आवंटन-पत्र सं0-188/डी0भू दिनांकित 09.09.1982 हैं जिसका प्रयोग अवैध हैं।'

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**

**पं0 दीनदयाल उपाध्याय ग्रामोदय पी0जी0 कालेज, बादलपुर, डिडिसिया कला, बेलसर, गोण्डा** में निम्न विषयों में एक-एक प्रवक्ता की आवश्यकता है।

**कला संकाय** : सैन्य विज्ञान, मनोविज्ञान, भूगोल।

**विज्ञान संकाय (बीएससी)** : भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित।


**परास्नातक संकाय** : हिंदी, समाज शास्त्र, गृहविज्ञान।

अभ्यर्थी एक सप्ताह के अंतर्गत रजिस्टर्ड डाक से आवेदन करें। वेतन/योग्यता/ मानक डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के परिनियमावली अनुसार लागू होगी।

**राम गनेश तिवारी (प्रबंधक)** मो0-9450517884
**डॉ0 राजीव कुमार सिंह (प्राचार्य)** मो0-9115059071

# अपराधों पर एनसीआरबी के आंकड़ों ने खोली योगी सरकार की पोलः लल्लू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के ताज़ा आंकड़े को लेकर राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि एनसीआरबी के ताज़ा आंकड़े बताते हैं कि हत्या व अपराध के मामले में यूपी लगातार नम्बर एक पायदान पर विराजमान है। आखिर इसके लिए कौन जिम्मेदार है? कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दो दिन पहले अलीगढ़ में पीएम मोदी ने क़ानून व्यवस्था को लेकर योगी सरकार जो ढोल पीटा थाए एनसीआरबी के आंकड़ों ने उस ढोल की पोल खोल दी है।

मुख्यमंत्री पर सीधा हमला बोलते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एनसीआरबी के रिकॉर्ड से यूपी की जो भयावह तस्वीर सामने आयी है उसका सामना करने का साहस योगी आदित्यनाथ में नहीं है। योगी सरकार, निर्लज्जता की सारी सीमाएं तोड़ते हुए जनता से इकट्ठा किये गये टैक्स का इस्तेमाल असली आंकड़ों को छिपाने और झूठ पर आधारित विज्ञापनों के रिकॉर्डतोड़ प्रचार में कर रही है। अजय कुमार लल्लू ने कहा कि यूपी में अपराधियों की समानांतर सरकार चल रही है। इससे पहले विधानसभा और विधानपरिषद में उठे सवालों पर सरकार की तरफ से आये जवाबों ने भी साबित कर दिया था कि योगी राज में उत्तर प्रदेश, अपराध प्रदेश में बदल गया है। एनसीआरबी के आँकड़ों ने इस पर मुहर लगा दी है और योगी सरकार के झूठ की पोल खुल गयी है। लल्लू ने कहा कि उत्तर प्रदेश में महिलाओं के साथ प्रति घंटा के औसत से सात आपराधिक घटनाएं हो रही हैं प्रतिदिन आठ बलात्कार, बच्चियों के साथ प्रतिदिन 55 अपराध और यौन शोषण के साथ, साथ दलित समुदाय के साथ 32 आपराधिक घटनाएं होती हैं। भाजपा के इस जंगल राज में लगभग 20 साधुओं व मंदिरों के पुजारियों की हत्या हो चुकी है। सत्ता संरक्षण में बिकती जहरीली शराब के सेवन से 500 से अधिक व्यक्तियों की मौत भी हुई है। यही नहीं लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ पत्रकारिता से जुड़े पत्रकारों पर एक वर्ष में 93 जानलेवा हमले हुए हैं। कई पत्रकारों की हत्या भी हुई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि एनसीआरबी के दिल दहला देने वाले आंकड़े बताते हैं कि 2020 में लॉकडाउन और कोरोना महामारी के बावजूद दुष्कर्म के मामलों में विशेष अंतर नही आया। अपराधियों के हौसले कम होने के नाम नही ले रहे। एनसीआरबी के मुताबिक 2020 में 28046 दुष्कर्म के मामले दर्ज हुए इन पीड़ितों में 25498 वयस्क जबकि 2655 पीड़ित 18 साल से कम उम्र की थी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार 2020 के दौरान हर दिन देश में औसतन 80 लोगों की हत्या हुई। जिनमे उत्तर प्रदेश चार्ट में सबसे ऊपर है। 2019 के मुकाबले हत्या के मामलों में 2020 में एक फीसदी की बढोत्तरी दर्ज की गयी फिर भी योगी सरकार झूठ बोलती है कि यूपी अपराध मुक्त है।

# यूपी में महिलाओं व बच्चों से संबंधित अपराधों में आई भारी कमीःप्रशांत कुमार

● क्राइम रेट के लिहाज से सभी राज्यों व केन्द्र शसित प्रदेशों में यूपी 16 वें स्थान पर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय** अपराध अभिलेख व्यूरो द्वारा प्रकाशित अपराध सम्बन्धी वर्ष 2020 की रिपोर्ट को आधार बनाकर विपक्षी राजनीतिक दलों द्वारा राज्य सरकार पर अपराध और कानून व्यवस्था को लेकर लगाए जा रहे हैं आरोपों के बीच यूपी पुलिस ने अपराधों में कमी का दावा किया है। एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार का कहना है कि एनसीआरबी की रिपोर्ट का तुलनात्मक अध्ययन किया जाए तो महिला सम्बन्धी अपराधों बलात्कार, शीलभंग, दहेज हत्या, एसिड अटैक में देश के नेशनल क्राइम रेट 56.5 के सापेक्ष प्रदेश में क्राइम रेट 45.1 है एवं समस्त राज्यों एवं केन्द्र शसित प्रदेशों में उत्तर प्रदेश 16 वें स्थान पर है। बलात्कार में वर्ष 2019 के सापेक्ष वर्ष 2020 में 9.7 प्रतिशत की कमी आयी है। वर्ष 2013 के सापेक्ष 9.2 प्रतिशत की कमी आयी है। शीलभंग के प्रकरणों में राष्ट्रीय क्राइम रेट के सापेक्ष उप्र में रेट 9 है एवं वर्ष 2019 के सापेक्ष वर्ष 2020 में 17.7 प्रतिशत की कमी आयी है। महिला उत्पीड़न के प्रकरणों में वर्ष 2019 के सापेक्ष वर्ष 2020 में 21 प्रतिशत की कमी आयी है। वर्ष 2013 के सापेक्ष 64.6 प्रतिशत की कमी आयी है। दहेज मृत्यु के प्रकरणों में भी 2019 के सापेक्ष 5.6 प्रतिशत की कमी आयी है। 2013 के सापेक्ष में 2.6 प्रतिशत की कमी आयी है। एसिड अटैक के प्रकरणों में भी उत्तर प्रदेश का देश भर में 36 वां स्थान है।

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेश में समस्त अपराधों में और विशेषतया महिला सम्बन्धी अपराधों में शत . प्रतिशत अपराधों का पंजीकरण किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर छोटी से छोटी शिकायतों का संज्ञान लेकर एफआईआर पंजीकृत की जा रही है। अक्टूबर 2020 से मुख्यमंत्री द्वारा प्रारम्भ किये गये मिशन शक्ति के अभियान के अन्तर्गत गांव-गांव में पुलिस टीमों के द्वारा स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से आफ्लाईन एवं आनलाईन माध्यमों के जरिये महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है और उन्हें प्रत्येक दशा में अपराध रिपोर्ट करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बच्चों के विरूद्ध अपराधों में भी नेशनल क्राइम रेट 28.9 के सापेक्ष प्रदेश में अपराध की दर 17.9 है और देश में प्रदेश 29 वें स्थान पर है।

पाक्सो अधिनियम के प्रकरणों में राष्ट्रीय क्राइम रेट 10.6 के सापेक्ष प्रदेश का क्राइम रेट 8.1 है। देश में प्रदेश का 24 वां स्थान है। 2019 के सापेक्ष 2020 में पाक्सो एक्ट के अभियोगों में 11.6 प्रतिशत की कमी आयी है। हत्या में नेशनल क्राइम रेट 2.2 के सापेक्ष प्रदेश का क्राइम रेट 1.7 है और देश में प्रदेश 22 वें स्थान पर है। 2019 के सापेक्ष 2020 में हत्या के अपराध में 0.7 प्रतिशत की कमी आयी है। 2013 के सापेक्ष 25.1 प्रतिशत की कमी आयी है। लूट के अपराधों में नेशनल क्राइम रेट 1.8 के सापेक्ष प्रदेश में क्राइम रेट 0.7 है और देश में प्रदेश 23 वें स्थान पर है। 2019 के सापेक्ष 2020 में लूट में 27.1 प्रतिशत की कमी और 2013 के सापेक्ष 54.5 प्रतिशत की कमी आयी है। डकैती में नेशलन क्राइम रेट 0.2 के सापेक्ष प्रदेश का काइम रेट 0.1 है और देश में प्रदेश 25 वें स्थान पर है।

# गांधी आश्रम वाराणसी में उत्पादन बढ़ाने का प्रयास, आसपास के जिलों में भी होगा लाभ

- केन्द्रीय राज्यमंत्री ने सारनाथ परिसर में वृक्षारोपण किया
- सोलर प्लांट को देखा, क्षेत्रीय श्री गांधी आश्रम के अध्यक्ष कैलाश मिश्र ने केन्द्रीय मंत्री को गमछा, मास्क आदि देकर किया स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**क्षेत्रीय श्री** गांधी आश्रम सारनाथ में गुरूवार को भानु प्रताप सिंह वर्मा केंद्रीय राज्य मंत्री सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार ने निरीक्षण किया। क्षेत्रीय श्री गांधी आश्रम वाराणसी के द्वारा उत्पादन किए जाने वाले हर चीज को बहुत बारीकी से देखा सोलर प्लांट द्वारा निर्मित गमछा और लूंगी देखकर उन्होंने सोलर प्लांट देखने की इच्छा जाहिर की और सोलर प्लांट देखकर काम कर रहा है बुनकर भाई बहनों की सराहना की। भानु प्रताप ने कहा की यह संस्था बहुत पुरानी संस्था है जिसमें गांधी जी के विचारों को आत्मसात किया जाता है और खादी वस्त्र नहीं विचार है की परिपाटी पर चला जाता है । उनका मानना है कि इस समय क्षेत्रीय श्री गांधी आश्रम वाराणसी द्वारा उत्पादन को बढ़ाने का जो प्रयास किया जा रहा है उससे निकटवर्ती जिलों तक में रोजगार में वृद्धि होगी। इसके पहले सारनाथ स्थित परिसर में पहुंचने पर उनका स्वागत खादी का मास्क एवं सोलर प्लांट द्वारा निर्मित गमछा देकर संस्था के अध्यक्ष कैलाश मिश्रा एवं सचिव श्रीप्रकाश पांडे, रामप्रवेश सिंह, वीरेंद्र मिश्रा, उमेश सिंह, प्रभाकर तिवारी एवं अन्य सम्मानित कार्यकर्ताओं ने किया । उन्होंने संस्था के अध्यक्ष कैलाश मिश्रा, सचिव श्रीप्रकाश पांडे एवं अन्य सम्मानित कार्यकर्ताओं को हर तरीके का सहयोग देने का वादा भी किया और जल्द ही ऊन उत्पादन केंद्र भदोही और रेशम उत्पादन केंद्र चंदौली के निरीक्षण करने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से यह अपील की कि लोग ज्यादा से ज्यादा हस्त निर्मित खादी का उपयोग करें जिससे खादी की बिक्री बढ़ेगी एवं लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा प्रधानमंत्री के जन्मदिन के शुभ अवसर के पूर्व संध्या पर सारनाथ परिसर में वृक्षारोपण कर पहले अपने परिसर फिर मोहल्ले फिर जिले और देश को हरा-भरा करने की अपील की।

# गैंगेस्टर एक्ट के दोषियों को 4 वर्ष 8 माह की कैद

संवाददाता। सोनभद्र

- 5-5 हजार रुपये अर्थदंड, न देने पर 10-10 दिन की अतिरिक्त कैद

**अपर सत्र न्यायाधीश**/ एफटीसी 22 आशुतोष कुमार सिंह की अदालत ने बुधवार को गैंगेस्टर एक्ट के मामले में सुनवाई करते हुए दो दोषियों अजय पासवान व राहुल को दोषसिद्ध पाकर 4 वर्ष 8 माह की कैद एवं 5-5 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 10-10 दिन की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी।अभियोजन पक्ष के मुताबिक राबर्ट्सगंज कोतवाल प्रशांत कुमार 20 जनवरी 2017 को पुलिस बल के साथ देखभाल क्षेत्र एवं वांछित अभियुक्तों की तलाश में निकले थे तो पता चला कि यहां पर एक गैंग काम कर रहा है।

जिसका गैंग लीडर झारखंड प्रान्त का निवासी राजेश पासवान है। जो अपने गैंग के सदस्यों के आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिए कार्य करता है। इनके विरुद्ध कोई भी शिकायत करने का साहस नहीं जुटा पाता। गैंग का सक्रिय सदस्य झारखंड प्रान्त के गढ़वा जिला अंतर्गत भवनाथपुर थाना क्षेत्र निवासी अजय पासवान व पलामू जिला अंतर्गत थाना टाउन डाल्टेनगंज के बाहीया निवासी राहुल बताया गया। इनके विरुद्ध गैंग चार्ट जिलाधिकारी से अनुमोदित कराकर कार्रवाई की गई है। इसी मामले में सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषियों अजय पासवान एवं राहुल को 4 वर्ष 8 माह की कैद एवं 5-5 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 10-10 दिन की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी।

## क्विक न्यूज

### एनटीपीसी में मना इंजीनियर्स डे



**बीजपुर/सोनभद्र।** एन टी पी सी के रिहंद स्टेशन के त्रिवेणी क्लब में बुधवार की रात्रि कोविड-19 के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए विविध कार्यक्रमों के बीच इंजीनियर्स डे का आयोजन हर्सोल्लासपूर्ण वातावरण में सम्पन्न किया गया। इंजीनियर्स डे का आयोजन आधुनिक भारत के निर्माण में सबसे महान अभियंता एम विश्वेश्वरैया द्वारा दिए गए अतुलनीय योगदान को यादगार बनाए रखने के लिए प्रतिवर्ष 15 सितम्बर को मनाया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित मुख्य महाप्रबंधक देबब्रत पॉल ने अन्य सहतिथियो के साथ संयुक्त रूप से प्रज्ञादीप प्रज्ज्वलित करके किया। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि श्री पॉल ने सबसे महान अभियंता मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपनी दूरदर्शिता व समर्पण के साथ जो असाधारण योगदान दिया है वह आज भी अभियंताओं के लिए प्रासंगिक है। उनके इसी विशेष योगदान के कारण उन्हें 1955 में भारत के सर्वोच्च राज्य पुरस्कार 'भारत रत्न ' से उन्हें सम्मानित किया गया था। कार्यक्रम में मुख्यरूप से महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्षगण, विशिष्ट अतिथि के रूप में एन टी पी सी रिहंद के सेवानिवृत्त अधिकारी पी एन तिवारी व नंदलाल गोड़, आफिसर्स एसोसिएशन के महा सचिव मुकेश कुमार के साथ -साथ अन्य पदाधिकारियों में राम कुमार मिश्र,विजय कुमार सिंह, आर पी सोनी, गौरव श्रीवास्तव, संजय कुमार जायसवाल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन तपन कुमार गुप्ता ने किया।

### विश्वकर्मा महासभा ने सरकार की हठधर्मिता के खिलाफ काले गुब्बारे छोड़कर जताया आक्रोश



**वाराणसी।** ऑल इंडिया यूनाइटेड विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के तत्वावधान में विश्वकर्मा पूजा दिवस 17 सितंबर अवकाश की मांग को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा के नेतृत्व में चलाए जा रहे आंदोलन के क्रम में गुरूवार को सुंदरपुर में काले गुब्बारे छोड़कर सरकार की हठधर्मिता के खिलाफ आक्रोश जताया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने योगी सरकार पर धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने एवं संवेदनहीनता का आरोप लगाते हुए कहा की सरकार की भेदभाव वाली दोहरी नीतियों ने विश्वकर्मा शिल्पकार समाज के करोड़ों लोगों को निराश किया है। उन्होंने कहा देश में अनेक राजनेताओं, देवी-देवताओं, धर्मगुरुओ व महापुरुषों के सम्मान में तथा पर्वों के अवसर पर सरकार ने सार्वजनिक अवकाश घोषित कर रखा है। संपूर्ण सृष्टि के निर्माण और विकास में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले सृजन तथा निर्माण के देवता देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा के सम्मान में पूर्व घोषित अवकाश को रद्द करके योगी सरकार ने समाज के लोगों के धार्मिक आस्था परंपरा और पहचान के साथ घोर भेदभाव एवं अन्याय किया है। सरकार ने भगवान विश्वकर्मा के जीवन चरित् को शैक्षिक पाठ्यक्रम में शामिल करने की घोषणा करके भी पूरा नहीं किया तथा समाज को धोखा दिया। उन्होंने बताया कि कल 17 सितंबर को देशभर में विश्वकर्मा पूजा दिवस को विश्वकर्मा समाज के लोग अवकाश की मांग को दोहराते हुए संकल्प दिवस के रूप में मनाएंगे।

### छह दिवसीय गणेश उत्सव कासमापन

**वाराणसी।** नूतन बालक गणेशोत्सव समाज सेवा मण्डल द्वारा मनाए जा रहे 113 वें गणेशोत्सव का समापन आरती जय जय धीशा व मंत्र पुष्पांजलि से हुआ । गंगा में विसर्जन न करने का हाईकोर्ट के फैसले का सम्मान करते हुए तथा कुंडों में विसर्जन न करने का सुप्रीमकोर्ट के फैसले के मद्देनजर उत्सव मूर्ति को नियमित पूजन के साथ सुरक्षित रखने का संकल्प लिया गया । पद्यगान के छात्रों द्वारा नूतन बालक मेल चलो है, मग में रोको मत भाई व ष्मिरवित जलाशयी गणराया परंपरागत पद का गान किया गया व शिवासुता गणराया। इस गोफ़ नृत्य की प्रस्तुति की गई। वे. मू. वीरेश्वर नारायण दातार व वे. मू. हेमंत जोशी के आचार्यत्व में श्री गणेश का सहस्त्रमोदकों व किशमिश से नामार्चन हुआ । प्रमुख यजमान रामकृष्ण बापट व योगेश सप्तर्षि थे । एक, दो, तीन, चार गणपति की जय-जयकार, गणपति बप्पा मोरया पुड्चया वर्षी लौकर या इस जयकारे के पश्चात प्रसाद वितरण हुआ व उत्सव का समापन हुआ ।

### प्रबुद्ध जन समाज के प्रेरक व दिशा निर्देशक : रमापति



**मऊ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा मऊ विधानसभा के प्रबुद्धजनों का सम्मेलन गुरुवार को भुजौटी स्थित एसआर प्लाजा में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा सांसद रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि प्रबुद्ध जन समाज के प्रेरक और दिशा निर्देशक होने के साथ ही समाज के प्रहरी भी हैं। जिस समाज में प्रबुद्ध जन की जितनी अधिक सक्रियता और सहभागिता होती है वह समाज उतना ही उन्नत और सुखी होता है। सभ्य समाज से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। राष्ट्र को जब भी उचित दिशा की की जरूरत पड़ती है तब प्रबुद्ध वर्ग ही उचित मार्गदर्शन करता है । उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र में सशक्त सरकार प्रबुद्धजनों की सहायता से ही चलाई जा सकती है। वर्तमान में केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार में पर्याप्त मात्रा में प्रबुद्धजनों की सहभागिता हैए जिसके कारण यह सरकार सबका साथ सबका विकास करने के साथ ही सबका विश्वास जीत रही है। अब जाती पाती की नहीं बल्कि राष्ट्रवाद की सरकार है। भारतीय जनता पार्टी विकास और राष्ट्रवादी मुद्दों को लेकर जनता के बीच में जाती है। हमारे मुद्दे हमारे देश और प्रदेश के नागरिकों को पसंद आते है इसीलिए हमारी सरकार दिन प्रतिदिन मजबूत होती जा रही है। कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराधी अपने जान की दुहाई मांग रहे हैं, पूरा उत्तर प्रदेश अपराध मुक्त होने की ओर अग्रसर है। प्रदेश में महिलाएं अब खुल कर चैन कि सांस ले रही है। कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए देश में मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार ने रिकार्ड टीकाकरण करवाया है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रबुद्ध जनों का सम्मान पूरे समाज का सम्मान है। प्रबुद्धजन का विश्वास ही हमारी ताकत है। अब हमारा देश की सांस्कृतिक पहचान एक अलग मुकाम बना रही है। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष संगीता द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर हौसला प्रसाद उपाध्याय, सुनील कुमार गुप्ता, मनोज राय, जयनाथ सिंह, बजरंगी सिंह, अशोक सिंह,मुन्ना दुबे, सुनील यादव,भरत लाल राही, डा.सीता राय, डा.एच एन सिंह, आनंद प्रताप सिंह,ब्रह्मानंद सिंह, भरत भैया, रामाश्रय मौर्य,गणेश सिंह, संतोष सिंह, राधेश्याम सिंह, नूपुर अग्रवाल, राकेश तिवारी, कृष्ण कांत राय, मीना अग्रवाल सहित मुस्लिम व अनुसूचित वर्ग के हजारों लोग उपस्थित रहे।

### महिलाओं के लिए सामाजिक सांस्कृतिक और चिकित्सा पर जोर

**वाराणसी।** कामकाजी महिलाओं का सर्वेक्षण किया गया सर्वेक्षण में शामिल करीब आधी महिलाएं समाज में प्रचलित गलत धारणाओं के चलते स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में बात करने में सहज महसूस नहीं करती हैं। एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स द्वारा इप्सोस रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड (इप्सोस इंडिया) के साथ मिलकर यह अध्ययन कराया गया है। यह अध्ययन कामकाजी महिलाओं के लिए सामाजिक सांस्कृतिक और चिकित्सा दृष्टिकोण पर अंतर्दृष्टि प्राप्त करने और अंततः विभिन्न हितधारकों से जुड़े समाधान खोजने के उद्देश्य से किया गया है। महिलाओं को शो पर बुलाना और उनके स्वास्थ्य के बारे में चर्चा करना बड़ी चुनौती थी।

### एनटीपीसी सिंगरौली में हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह एवं संगोष्ठी का आयोजन

**सोनभद्र।** हिंदी के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया जिसके तहत कर्मचारी, गृहणी, बच्चों, पत्रकार बंधु, ग्रामीण जन प्रतिनिधि, यूपीएल कार्मिक एवं 'नराकास' सोनभद्र कार्यालयों हेतु विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं ।इसके साथ ही कवि सम्मेलन का बृहद आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में हिंदी प्रेमी जन सम्मिलित हुए।

हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह के अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर निरंजन सहाय, हिंदी विभागा अध्यक्ष एवं कुलानुशासक, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी द्वारा बहुभाषिक देश में राजभाषा हिंदी की यात्रा विषयक ऑनलाइन सारगर्भित व्याख्यान दिया गया जिससे सभी उपस्थित जन लाभान्वित हुए। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए समारोह के मुख्य अतिथि बसुराज गोस्वामी ने राजभाषा हिंदी विषय पर सरल, सहज, सुरुचिपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान हेतु विशिष्ट अतिथि की सराहना व्यक्त की एवं सभी उपस्थित जनों को यह संदेश दिया की वे इसी उत्साह के साथ हिंदी में कार्य करते रहें एवं हिंदी को गौरवान्वित करते रहें।

### राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के वीसी में प्रकरणों का निस्तारण

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग नई दिल्ली द्वारा आयोग में लम्बित प्रकरणो की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एनआईसी कक्ष में जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने समीक्षा बैठक किया। मानव के मूल भूत अधिकारों से सम्बन्धित मीरजापुर में कुल 6 मामलों का निस्तारण किया गया। जिसमें 3 मामले जिला कारागार से सम्बन्धित बन्दियो के संदर्भ में है। मानव अधिकार आयोग में लम्बित एक पीड़िता के प्रकरण पर उसे रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजनान्तर्गत आर्थिक सहायता की स्वीकृति हो चुकी है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खान अधिकारी से सम्बन्धित एक-एक मामलो का भी निस्तारण किया जा चुका हैं। अपर जिलाधिकारी भूधा हरि शंकर यादव ने बताया कि आयोग में लम्बित सभी प्रकरणो का मानवीय एवं न्यायसंगत निस्तारण किया गया हैं। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियो को निर्देश दिया कि मानव अधिकार आयोग से सम्बन्धित किसी भी प्रकरणध्शिकायत का निस्तारण एक सप्ताह के अन्दर अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर अवगत करायें। समीक्षा बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, कारागार उप अधीक्षक, खान अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, क्षेत्राधिकारी सदर एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

### हड़ताल खत्म होने के बाद काम पर लौटे सफाईकर्मी

संवाददाता। मऊ

**नगर पालिका** परिषद के सफ ाई नायक इनाम खां की शहर कोतवाली में दरोगा द्वारा सरेआम पिटाई के बाद हड़ताल करने वाले सभी सफ ाई कर्मचारी आरोपित दरोगा के निलंबन के बाद गुरुवार को वापस काम पर लौट गया। काम पर वापस लौटने के बाद नगर पालिका कर्मचारियों ने काफ ी सघनता के साथ नगर की साफसफाई किया। थे साथ ही साथ विभिन्न स्थानों पर सड़क जाम करके जमकर प्रदर्शन व नारेबाजी किए थे। इस दौरान सफाई कर्मचारियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर घेराव करते हुए नारेबाजी किए थे। वहीं पुलिस अधीक्षक सुशील घुले को मांग पत्र सौंपते हुए आरोपित दरोगा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

# भाजपा ने मनाया पीएम का जन्मदिन, वैक्सीनेशन सेंटर पर काटा केक

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर शुक्रवार को पूरे देश में विविध आयोजन किये जाएंगे। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा काशी क्षेत्र ने गुरुवार को कबीरचौरा अस्पताल के वैक्सीनेशन सेंटर में केक काटकर एक दिन पहले ही जन्मदिन का उत्सव मनाया और एक दूसरे को लड्डू खिलाया।

इस दौरान डॉक्टर्स को प्रधानमंत्री का मुखौटा पहनाया गया था। वहीं इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग और कोरोना गाइडलाइन का जमकर मखौल भी उड़ाया गया। इस जन्मदिन उत्सव में किसी भी पदाधिकारी और कार्यकर्ता ने ना मस्का लगाया था और ना ही सोशल डिस्टेंसिंग के मानकों को पूरा किया था। पिछड़ा मोर्चा काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष अनुप जायसवाल के नेतृत्व मे जिला मण्डलीय अस्पताल कबीरचौरा के वैक्सीन सेण्टर पर प्रधानमंत्री का 71वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम किया गया।

देश में डाक्टर व चिकित्सा कर्मियों के अभूतपूर्व सहयोग से देश मे 77करोड़ लोगों को वैक्सीन लगाने के लिए सभी का आभार, अभिनंदन किया। इसके अलावा वैक्सीनेशन मे सहयोग तथा कोरोना काल मे निरंतर जनता के सहयोग मे तत्पर रह कर सेवा व सहयोग कर ने वाले सभी डाक्टर, नर्सिंग स्टाफ का माल्यार्पण कर सम्मानित करते हुए मिष्ठान खिलाया गया तथा खोए से बने कोवैक्सिन व कोविडशिल्ड के प्रतीक केक को काट कर सभी को खिला कर प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व पिछड़ा मोर्चा काशी क्षेत्र के उपाध्यक्ष अनूप जायसवाल, संचालन उपाध्यक्ष सोमनाथ विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से शैलेन्द्र श्रीवास्तव मुन्ना, मंगलेश जायसवाल, मनीष चौरसिया, सतीश वर्मा, सुभाष वर्मा, कन्हैया सेठ, धीरेन्द्र शर्मा, प्रदीप जायसवाल, धरमचंद, दिपक जायसवाल मोनू, कृष्णा नंद पांडे, अमन श्रीवास्तव, श्याम गुप्ता, आलोक सिंह, मनीष केसरी, अनुप गुप्ता, जयकिशन जायसवाल, आदि लोग उपस्थित थे।

# पूर्व विधायक को गिरफ्तार करने के आदेश पर मच गया हड़कम्प



संवाददाता। सकलडीहा,चंदौली

**सैयदराजा** के पूर्व विधायक व सपा नेता मनोज सिंह डब्लू को एसडीएम न्यायालय से गिरफ्तारी का आदेश जारी होते ही हड़कम्प मच गया। सपा नेता इस संदर्भ में सीओ और एसडीएम से मिलकर अपनी बात रखा। अधिकारीद्वय ने वेल बांड भरने का निर्देश दिया। चेताया कि किसी प्रकार की धरना प्रदर्शन होने पर भरे गये बांड के अनुसार रिकवरी भी की जायेगी। तहसील प्रशासन के इस सख्त रूख से खलबली मचा हुआ है। सपा नेता व पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू को किसी मामले में धारा 107,16 के तहत 13 सितम्बर 2021 को एसडीएम न्यायालय में हाजिर होने का निर्देश दिया गया था। लेकिन पूर्व विधायक द्वारा उक्त तिथि पर हाजिर नही होने पर एसडीएम न्यायालय से धीना थाना प्रभारी को पुनरू 20 सितम्बर को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश करने का सख्त निर्देश जारी हुआ। एसडीएम के आदेश मिलते ही पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू के समर्थकों में खलबली मच गया। पूर्व विधायक अपने समर्थकों के साथ सीओ रामवीर सिंह और एसडीएम अजय मिश्रा से मिलकर अपनी बात रखा है। पूर्व विधायक ने कहा कि मैने ऐसा कौन सा गुनाह कर दिया है कि मेरे साथ अपराधियों की तरह गिरफ्तार करने का पुलिस को निर्देश दिया गया। इस बाबत एसडीएम अजय मिश्रा ने बताया कि हर हाल में न्यायालय के निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जायेगा। निर्देशों का उलंधन और पुनरू धरना प्रदर्शन करने पर बांड किये गये राशी का रिकवरी भी किया जायेगा। इस मौके पर सपा नेता सेचन सिं यादव, पुत्तुल यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

# वैज्ञानिकों ने चावल की नई प्रजातियों के प्रक्षेत्र का किया गहन अध्ययन

संवाददाता। चंदौली



**अंतरराष्ट्रीय** चावल अनुसंधान संस्थान दक्षिण एशिया के क्षेत्रीय केंद्र वाराणसी तथा जन एवं कृषि विकास संस्थान प्रयागराज के सहयोग से जनपद चंदौली के ग्राम पचोखर विकासखंड सकलडीहा मैं संचालित चावल के साथ नई प्रजातियों के क्राफ्ट पटेरिया का भ्रमण अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान केंद्र के डॉ सर्वेश शुक्ला कृषि अनुसंधान एवं विकास अधिकारी तथा रविंद्र मोहराना अनुसंधान तकनीकी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत चावल के 30 प्रजातियों का आगमन किया जाना है कृषि वैज्ञानिकों द्वारा क्राफ्टेरिया का जायजा लेते हुए वहां पर उपस्थित कृषकों को चावल की नई प्रजातियां तथा उनके विशेषताओं पर चर्चा के साथ ही साथ चावल में लगने वाले रोग व्याधि से बचाव के बारे में जानकारी प्रदान की क्षेत्र के भ्रमण के दौरान कम अवधि की प्रजाति कम पानी की प्रजाति तथा जलभराव की प्रजातियों के विभिन्न नेताओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई स आई आई आर आई बनारस के बीज प्रणाली एवं उत्पादन तकनीक विभाग के तत्वाधान में संचालित कार्यक्रम एग्री परियोजना की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ स्वाति नायक तथा डॉ कुंदन दास के मार्गदर्शन में जनपद चंदौली 6 प्रजातियों के 10 प्रक्षेत्र परीक्षण विभिन्न इलाकों में क्रियान्वित किए जा रहे हैं इन परीक्षणों का मुख्य उद्देश जनपद के कृषि जलवायु के अनुकूल उचित प्रजातिया का आकलन करना है जिससे कि चावल के उत्पादन को अधिक से अधिक बढ़ाया जा सके। जनपद चंदौली में एग्री परियोजना का क्रियान्वयन एवं कृषि विकास संस्थान द्वारा किया जा रहा है इस अवसर पर आई आर आर आई के डाटा एन्यूमैरेटर श्री उत्कर्ष तिवारी श्री बुधराम यादव तथा संस्था प्रमुख ए के मिश्रा उपस्थित रहे ।

### कोरोना का असर : रामनगर की विश्वप्रसिद्ध रामलीला इस बार भी हुई स्थगित

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**रामनगर की** विश्वप्रसिद्ध रामलीला इस साल भी नहीं होगी। इसे लेकर अब तक बनी असमंजस की स्थिति पर बुधवार को विराम लग गया। काशीराजा परिवार के अनंत नारायण सिंह ने रामलीला स्थगित होने की जानकारी स्वयं पुलिस आयुक्त को दी है।

पुलिस आयुक्त के लिखे पत्र में कोरोना महामारी को कारण बताया गया है। रामनगर की विश्व प्रसिद्ध रामलीला स्थगित होने से लीला प्रेमियों में मायूसी है। वैसे रामलीला नहीं होने की आशंका उसी समय हो गई थी जब रामलीला में भगवान का स्वरुप बनने वाले पात्रों का चयन नहीं हुआ।

फिर प्रथम गणेश पूजन और द्वितीय गणेश पूजन भी नहीं हुआ, लेकिन दुर्ग प्रशासन की ओर से कोई सूचना न जारी किये जाने से लोगों में संशय बना हुआ था। कोरोना संक्रमण के चलते पिछले साल भी रामलीला नहीं हुई थी। हालांकि जानकी मंदिर में अनंत चतुर्दशी से लेकर माह पर्यंत रामलीला से संबंधित चौपाइयों का गायन किया गया था। थाना प्रभारी निरीक्षक अश्विनी पांडेय ने बताया कि इस बार रामलीला नहीं होने की जानकारी दुर्ग प्रशासन ने आयुक्त को दी है। इससे श्रद्धालुओं को इस बार भी रामलीला से वंचित रहना पड़ेगा।

# विस चुनाव 2022 का लक्ष्य भेदने को बूथ जीतने का संकल्प लें कार्यकर्ता : आशीष

संवाददाता। मिर्ज़ापुर



**अपना दल** एस के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष विधान परिषद सदस्य आशीष पटेल ने कहा कि विधानसभा चुनाव एकदम करीब है। इसकी तैयारी में सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता अभी से जुट जाएं। 2022 के चुनाव को फतह करने के लिए बूथ जीतना जरूरी है। लिहाजा हर बूथ पर 15 सदस्यीय कमेटी जल्द से जल्द तैयार कर लें। आज यहां से संकल्प लेकर जाएं कि अपने बूथ पर पार्टी की जीत सुनिश्चित करेंगे। श्री पटेल गुरुवार को यहां सांसद जनसम्पर्क कार्यालय में मिलने आये पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। श्री पटेल ने कहा कि जिला पार्टी संगठन के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है। यहाँ से ही पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अनुप्रिया पटेल लगातार दो बार से सांसद चुनीं जा रही हैं। यहां का संगठन बहुत मजबूत है, लेकिन कुछ खामियां भी हैं। इन खामियों को दूर करना जरूरी है। चुनावी साल होने के कारण यह और जरूरी है। कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सामाजिक न्याय की हमारी विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने की जरूरत है। यही हमारी मूल पूंजी है। माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी द्वारा सामाजिक न्याय की विचारधारा पर आधारित संसद में दिया गए भाषण को हर गलीए नुक्कड़ पर सुनाएं। हमारी पार्टी यशरूकायी बोधिसत्व डॉ. सोनेलाल पटेल की विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए कृतसंकल्प है। हम इससे डिगने वाले नहीं है। चाहे जो भी परिस्थितियां सामने आएंए हमारी पार्टी सामाजिक न्याय के एजेंडे को आगे बढ़ाती रहेगी। उन्होंने कहा कि नीट में आरक्षण हमारी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल के ही सतत प्रयासों से सम्भव हो सका है। केंद्र सरकार में पिछड़ा वर्ग के लिए अलग से मंत्रालय की मांग जारी है। जातिगत जनगणना समय की जरूरत है। इसके लिए निरन्तर मांग की जा रही है। सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी जातिगत जनगणना के पक्ष में चर्चा करते हुए माहौल बनाने का काम करें।इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य मेघनाथ पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल पटेल, सहकारिता मंच के प्रदेश अध्यक्ष रमेश पटेल, जिलाध्यक्ष रामलोटन बिंद, युवा मंच के जिलाध्यक्ष उदय , कुलदीप पटेल,रविशंकर, बंश बहादुर, अवधेश, अरुणेश , दुखरन, अमूल्य सिंह , अशोक , राजदीप, राधेश्याम , गुलाब बहादुर ,धनंजय , गिरीशचंद्र ,इंद्रजीत,दिनेश , राजेंद्र प्रधान, जनर्दन, राम बृक्ष ,हेमंत , शिव प्रसाद, हर्षित गोपाल शरण उपाध्याय, सिद्धार्थ , कमलेश , शिव पूजन, अजय पाठक मौजूद रहै।

### कारीगरों और बुनकरों को बढ़ावा देने की पहल

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**इस वैश्विक महामारी** में लाखों बुनकरो कारीगरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य तथा एवं किराना स्टोर्स को बाजारों तक अपनी पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी इस मकसद से त्योहारी सीज़न के दौरान लाखों उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों के मद्देनज़र देशभर में अपनी सप्लाई चेन को मजबूत बनाने के साथ-साथ इसमें विस्तार किया है। फ्लिपकार्ट के इस कदम से ऑनलाइन शॉपिंग करने वाले ग्राहकों के साथ-साथ लाखों एमएसएमई विक्रेताओं कारीगरों एवं किराना स्टोर्स को बाजारों तक अपनी पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी इस मकसद से फ्लिपकार्ट के प्रयासों से एक ओर विक्रेताओं को लाभ पहुंचेगा वहीं देशभर में रोजगार के अनेक नए प्रत्यक्ष एवं परोक्ष अवसर भी पैदा होंगे। सीज़न की मांग के चलते रोज़गार के नए अस्थायी अवसर भी जुटाए हैं रोज़गार के लाखों नए अवसरों के जरिए ढेरों संभावनाएं पैदा की हैं।

आरईएमसी लिमिटेड
(पूर्व में रेलवे एनर्जी मैनेजमेंट कम्पनी लिमिटेड के रूप में ज्ञात)
(भारतीय रेलवे तथा राइट्स का संयुक्त उद्यम)
राइट्स भवन, प्लॉट नं. 1, सैक्टर-29, गुड़गांव-122001 (हरियाणा)
निविदा आमंत्रण सूचना
एनआईटी नं.: आरईएमसीएल/सीओ/सोलर/डीपीआर/2021 दिनांक 16.09.2021
आरईएमसी लि. पूर्व में रेलवे एनर्जी मैनेजमेंट कम्पनी लिमिटेड के रूप में ज्ञात द्वारा "भारत के विभिन्न राज्यों में सोलर पीवी आधारित परियोजनाओं के लिए सर्वेक्षण, व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने एवं जमा करने, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के लिए एजेंसियों/सलाहकारों के नामांकन" के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती है।
निविदा जमा करने की तिथि: 06.10.2021 निविदा दस्तावेज शुल्क: रु. 2,500/-
इम्पैनलमेंट अवधि: 24 माह इम्पैनलमेंट शुल्क: रु. 5,000/-
निविदा दस्तावेज वेबसाइट https://www.bharat-electronictender.com से डाउनलोड किये जा सकते हैं। निविदाएं अंतिम तिथि तक या उससे पूर्व ई-बिडिंग पोर्टल पर निविदा दिशानिर्देशों के अनुसार ऑनलाइन मोड से और कार्यालय सीईओ/ आरईएमसी लि. भूतल, राइट्स भवन, प्लॉट नं. 1, सैक्टर-29, गुड़गांव-122001, फोन 0124- 2818748 के पास ऑफलाइन मोड से जमा किये जा सकते हैं।
संशोधन/शुद्धिपत्र, यदि कोई होगा, तो उसे केवल www.bharat-electronictender.com पर प्रकाशित किया जाएगा। (सीईओ/आरईएमसी लि.)

# बिल्डिंग मैटेरियल व्यापारी की दिन दहाड़े हत्या

● मृतक के आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने रूरा पुलिस पर हीलाहवाली व आरोपियों से मिलीभगत का आरोप लगा शव को नहीं उठने दिया





**संवाददाता।** रूरा, कानपुर देहात

**थाना क्षेत्र** के गहोलिया गॉव में दिनदहाडे युवा बिल्डिंग मैटेरियल व्यापारी की हत्या से हडकम्प मच गया। सूचना पर देरी से पहुॅची रूरा पुलिस पर आक्रोशित ग्रामीणों ने धक्कामुक्की कर आरोपियों से मिलीभगत व हीलाहवाली का आरोप लगा, हत्या का मुकदमा न लिखने तक शव पोस्टमार्टम के लिये भेजने से साफ इन्कार कर घटना स्थल को ताला लगा बन्द कर दिया। थाना क्षेत्र के गहोलिया गॉव निवासी आशीष तिवारी उर्फ आशू तिवारी(23) पुत्र ठेकेदार उर्फअपने गॉव के पास गहोल देवता मॅदिर के पास बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान किये हुये थे। आशीष का गॉव के ही पूर्व प्रधान से जमीन सम्बन्धी विवाद अर्से से चला आ रहा है। दुकान में मौजूद सामान की सुरक्षा के लिये आशीष दुकान के अन्दर बने कमरे में रात्रि में सोता था। ग्रामीणों के अनुसार सुबह 7:30 बजे से 8 बजे के बीच आशीष को उन लोगों ने अपनी दुकान के बाहर देखा था। आशीष तिवारी के भाई दीपक तिवारी ने बताया कि गुरूवार की सुबह करीब 9 बजे मैं अपने भाई आशीष को चाय नाश्ता देने जा रहा था तभी देखा कि विजय सिंह सेंगर पुत्र कृष्ण प्रताप सिंह निवासी गहोलिया अपनी रायफल के साथ दुकान से निकला, चूंकि विजयनारायण सिंह सेंगर से मेरे भाई का पूर्व से जमीनी विवाद चल रहा था जिसके कारण वह मेरे भाई से रॅजिश मानता था जिसकी सूचना पूर्व में भी थाना रूरा व अधिकारियों को दी थी, उसको अपनी दुकान पर देखकर मेरा मन अनिष्ट की आशॅका से भयभीत हो गया और मैने शोर मचाना शुरू कर दिया जिस कारण विजय सिंह सेंगर राइफल लेकर मेरे पीछे दौडा, जान से मारने के ईरादे से, हल्ला सुनकर विजय सिंह सेंगर भागा तथा अंकित सिंह पुत्र ओमकार निवासी गहोलिया,, अजय सिंह पिन्टू पुत्र कृष्ण प्रताप सिंह, श्याम सिंह बबलू, निवासीगण गहोलिया व दो अन्य लोग जिन्हें मैं पहचान नहीं पाया, लाठी डण्डे, सरिया से लैस थे व मेरी दुकान से निकल कर भाग गये, दीपक ने आगे बताया कि जब मैं अन्दर पहुॅचा तो मेरा भाई मृत अवस्था में जमीन में पडा हुआ था, जमीन पर खून पडा था, मेरे भाई की हत्या विजय सिंह सेंगर व उसके साथियों द्वारा की गयी थी। एएसपी घनयाम चौरसिया ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर आरोपीगणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा जा रहा है। वहीं मामले मे ंलापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफभी कार्यवाही की जा रही है।

## पुराने जमीनी विवाद में हुयी वारदात

**कानपुर देहात।** मृतक व विपक्षी आरोपियों के खिलाफ पुराना जमीनी विवाद हत्या का कारण बना। इस जमीनी विवाद में पुलिस व राजस्व अधिकारियों की राजनैतिक दवाब में संलिप्तता से पीडित पक्ष को न्याय नहीं मिल पा रहा था, वहीं पीडित मृतक पक्ष के साथ आम ग्रामीणों की सहानुभूति व सर्मथन से आरोपी पक्ष का मानसिक संतुलन बिगड गया जिससे आरोपी पक्ष ने हत्या जैसी दुर्दान्त साजिश को अॅजाम दिया। घटना स्थल पर उमडी ग्रामीणों की भीड आरोपियों के खिलाफमुखर हो नारेबाजी कर रही थी। मौके पर पहुॅचे पूर्व सॉसद अनिल शुक्ला वारसी, विधायक प्रतिभा शुक्ला वारसी व भाजपा नेता रविशशि द्विवेदी के समझाने बुझाने पर ग्रामीण व परिजन शॉत हुये, जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप पर एएसपी घनश्याम चौरसिया सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने पीडित पक्ष की मॉग पर आरोपियों के खिलाफमुकदमा दर्ज करने का आश्वासन देने पर शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा जा सका।

## फतेहपुर में रविवार से लगेगा जन आरोग्य मेला

**फतेहपुर।** कोविड–19 पर काफी हद तक नियंत्रण पाने के बाद आमजन तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से पहुंच सके। इसी पावन मंशा को लेकर प्रदेश सरकार ने एक बार फिर से मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों के आयोजन का निर्णय लिया है। आगामी 19 सितंबर से प्रत्येक रविवार को सभी शहरी और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर इन मेलों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 राजेंद्र सिंह ने बताया कि शासन से मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों के आयोजन को लेकर निर्देश प्राप्त हुए हैं। मेलों के आयोजन की रूपरेखा बनाकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि इस मेले के आयोजन का उद्देश्य एक ही छत के नीचे लोगों को स्वास्थ्य से जुड़ी सभी सुविधाएं, जांच, उपचार, दवाएं आदि उपलब्ध कराना है। डॉ0 राजेंद्र सिंह ने बताया कि प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाले मेले में कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना की जाएगी। मेला परिसर में प्रवेश करने से पूर्व प्रत्येक व्यक्ति की स्क्रीनिंग की जाएगी। मेले में मास्क और सेनिटाइजर की भी व्यवस्था रहेगी। सीएमओ ने लोगों ने अपील की है कि वह इन मेलों में आकर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त कर मेले का लाभ उठाएं। इस संबंध में प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों व मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को आदेश जारी कर इन मेलों को बेहतर तरीके से आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं। मेले में मिलेंगी यह सुविधाएं: मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में गोल्डन कार्ड बनवाने, गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन परामर्श, पूर्ण टीकाकरण एवं परिवार नियोजन संबंधी साधनों एवं परामर्श की व्यवस्था रहेगी। इसके साथ ही संस्थागत प्रसव संबंधी जागरूकता, जन्म पंजीकरण परामर्श, नवजात शिशु स्वास्थ्य सुरक्षा परामर्श एवं सेवाएं, बच्चों में डायरिया एवं नियोमिनिया की रोकथाम के साथ ही टीबी, मलेरिया, डेंगू, फाइलेरिया, कुष्ठ आदि बीमारियों की जानकारी, जांच एवं उपचार की निरूशुल्क सेवाएं दी जाएंगी। पीएचसी पर जो जांचे नहीं हो सकेंगी, ऐसे मरीजों को जांच के लिए सीएचसी अथवा जिला चिकित्सालय रेफर किया जाएगा।


# कार्यालय जिला गन्ना अधिकारी, सीतापुर

पत्रांक–956 / सी / क्रय                                        दिनांक :14.09.2021

## आवश्यक सूचना

एतत्द्वारा जनपद की सहकारी गन्ना विकास समितियों के सदस्य गन्ना कृषकों का पेराई सत्र 2021–22 में सुचारू ढंग से गन्ना आपूर्ति हेतु निम्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं की ओर ध्यान आकृष्ट करना है–

1–समस्त गन्ना कृषक जिन्होंने अभी तक घोषणा–पत्र ऑन लाइन नहीं भरा है, वह अपना घोषणा–पत्र, वांछित अभिलेखों के साथ 30 सितम्बर तक अनिवार्य रूप से भर दें अन्यथा आगामी पेराई सत्र में उनका सट्टा संचालित नहीं होगा।

2–कोविड–19 के कारण इस वर्ष कृषकों को प्री कलेण्डर का वितरण नहीं किया जायेगा। प्री कलेण्डर ऑनलाइन E-Ganna App तथा वेबसाइट enquiry.caneup.in पर प्रदर्शित होगा। कृषक बन्धु प्री कलेण्डर में दर्ज पौधा, पेड़ी व अन्य सूचना का अवलोकन अवश्य कर लें, यदि कोई त्रुटि परिलक्षित हो तो सट्टा प्रदर्शन मेले में लिखित रूप से शिकायत प्राप्त करा दें।

3–सट्टा प्रदर्शन हेतु समिति कार्यालय में सट्टा प्रदर्शन मेला समितिवार उनके सम्मुख अंकित तिथियों में (अवकाश को छोड़कर) आहूत किया जायेगा–

### समिति स्तरीय सट्टा प्रदर्शन मेला कार्यक्रम

| क्र.सं. | समिति | दिनाँक |
|---|---|---|
| 1 | हरगाँव | 15.09.2021 से 30.09.2021 तक |
| 2 | बिसवाँ | 15.09.2021 से 30.09.2021 तक |
| 3 | रामगढ़ | 15.09.2021 से 30.09.2021 तक |
| 4 | सीतापुर | 15.09.2021 से 30.09.2021 तक |
| 5 | कमलापुर | 15.09.2021 से 30.09.2021 तक |
| 6 | महोली | 15.09.2021 से 30.09.2021 तक |
| 7 | महमूदाबाद | 15.09.2021 से 30.09.2021 तक |

4–प्री कलेण्डर / सट्टा प्रदर्शन मेला में प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण उपरान्त डाटा अन्तिम रूप से लॉक कर दिया जायेगा जिसके पश्चात् किसी प्रकार का संशोधन ग्राह्य नहीं होगा।

**''समस्त गन्ना कृषकों से अनुरोध है कि समिति स्तरीय सट्टा प्रदर्शन मेला का अधिकाधिक लाभ उठायें एवं आगामी पेराई सत्र में गन्ना आपूर्ति में आने वाली कठिनाइयों से बचें।''**

अध्यासी
समस्त चीनी मिलें
जनपद सीतापुर

समस्त ज्येष्ठ गन्ना
विकास निरीक्षक एवं
सचिव सहकारी गन्ना
विकास समितियां सीतापुर

जिला गन्ना अधिकारी
सीतापुर


# दिनभर रुक-रुक कर होती रही बारिश, लोग घरों में रहे कैद

**संवाददाता।** बांगरमऊ उन्नाव

**नगर एवं** क्षेत्र में आज की भीषण बारिश से नौनिहाल गंज की प्रमुख फुटकर सब्जी मंडी तालाब में तब्दील हो गई और मंडी के बीच से कपड़ा बाजार तक के संपर्क मार्ग पर नागरिकों का आवागमन अवरुद्ध हो गया। नगर की चूड़ी बाजार मे भी घुटनों तक पानी भर गया। उधर प्रमुख मार्ग उन्नाव हरदोई रोड पर स्थित तिकोनिया पार्क पर भीषण जलभराव उत्पन्न हो गया। जिससे वाहनों के आवागमन में भीषण दिक्कतों का सामना करना पड़ा। तेज हवा के झोंकों से नगर की प्रमुख बाजार स्थित दुकानों के आगे रखे टीन शेड गिर कर चकनाचूर हो गए। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र के गांव पलियाए शीतल गंजए मदार नगर व जिरिकपुर सहित अधिकांश गांवो में घरों के बाहर रखें फूस के छप्पर उड़ गए।

**क्षेत्र में** आज तेज हवा के झोंकों के साथ मूसलाधार बारिश हुई। अनवरत बारिश से लोग अपने घरों में कैद होकर रह गए। जिससे प्रमुख संपर्क मार्गों पर सन्नाटा पसरा रहा। तेज बारिश से खेत लबालब भर गए। बारिश से खासकर धान की फसल को तो लाभ हुआ है। लेकिन लाही.लहटा और आलू की फसल को भारी नुकसान हुआ है। यदि बारिश न थमी तो खासकर अत्यधिक लागत वाली आलू की फसल पूरी तरह बर्बाद हो सकती है।

बीते बुधवार की रात से ही क्षेत्र में तेज हवा के झोंके के साथ बारिश शुरू हो गई और तेज बारिश का सिलसिला अभी भी जारी है। खासकर ग्रामीण अंचल के अरसे से सूखे पड़े तालाब आज पानी से लबालब भर गए। यहां तक कि क्षेत्र की अरसे से सुखी पड़ी कल्याणी और सई दोनों नदियों मे जलधारा भी बहने लगी। आज की अनवरत बारिश से नागरिक तथा ग्रामीण अपने अपने घरों में कैद होकर रह गए। छात्र.छात्राएं और शिक्षक विद्यालयों तक नहीं पहुंच सके। नगर की थोक और फुटकर सब्जी मंडियों में भी सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि आज नगर की साप्ताहिक बंदी है। बंदी के दिन भी ठेलिया व खोमचा तथा पान.सिगरेट आदि की गुम्टिया परंपरागत रूप से खुली रहती थी। लेकिन आज भीषण और अनवरत बारिश के चलते यह छोटे दुकानदार भी अपनी दुकान खोलने मे असमर्थ रहे। उधर बारिश से क्षेत्र के संपर्क मार्गो पर भी कर्फ्यू जैसा सन्नाटा पसरा रहा। क्षेत्र के किसान अभी तक पंपिंग सेट से धान की फसल की सिंचाई करते चले आ रहे थे। लेकिन भीषण बारिश से धान की फसल को भारी लाभ हुआ है और किसानों को डीजल के रूप में अच्छी खासी रकम बच गई। क्षेत्र के नसिरापुरए मूर्तजापुरए रघुरामपुरए हूसेपुरए कमलापुर व शिवपुरी आदि सहित करीब आधा सैकड़ा गांवो के किसानों द्वारा करीब एक हफ्ता पूर्व भारी मात्रा में आलू की कच्ची फसल की बुवाई की जा चुकी है। इसी प्रकार ग्राम हुलासी खेड़ाए चहलहाए सकरौलीए भिखारीपुर कस्बाए भिखारीपुर रूल्ल व हीरापुर सहित दर्जनों गांवों के किसानों द्वारा सैकड़ों बीघा खेतों में लाही और लहटा की फसल अभी हाल ही मे बोई जा चुकी है। आज की भीषण बारिश से लाही और आलू की फसल को भारी नुकसान हुआ है। ग्राम कमलापुर निवासी प्रगतिशील किसान यादवेंद्र सिंह ने बताया कि यदि जल्द बारिश न थमी तो यह दोनों फसलें पूरी तरह बर्बाद हो सकती हैं।

## भाजपा ने काकुत्स्थ समाज की हमेशा उपेक्षा की: डॉ सुखबीर सिंह

**फर्रुखाबाद।** काकुत्स्थ समाज एकता विकास परिषद द्वारा काकुत्स्थ विजय दिवस पर प्रांतीय प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन ठंडी सड़क स्थित नवभारत सभा भवन में नरेश कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमे 85 मेघावी छात्र दृछात्राओ व समाज का नाम रोशन करने वाले 50 युवाऔ को सम्मानित किया गया । मुख्य अतिथि डॉ सुखवीर सिंह ने कहा कि 11 करोड़ मतदाताओ के वोट लेने के पश्चात भाजपा ने काकुत्स्थ समाज को हमेशा उपेक्षित किया , राष्ट्रवाद के नाम पर काकुत्स्थ समाज भा जपा को कब तक वोट देगा। समापन सत्र के मुख्य अतिथि उदय नारायण सिंह ने समाज का इतिहास बताया। विशिष्ट अतिथि राजेश सक्सेना, राजू, राधेश्याम, रमेश चन्द्र गहलोत, रामसेवक सक्सेना, रामानुज वर्मा, सत्यपाल ,श्रीमती शशि सक्सेना, राजेश सक्सेना पेंटर आदि ने समाज एकता पर विशेष बल देते हुए कहा कि शिक्षा के बिना मानव का विकास सम्भव नहीं। रामसेवक सक्सेना ने शब्दों से अतिथियों का स्वागत किया। व्यवस्थापक संजय काकुत्स्थ ने सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया ।


**LLP पंजीकृत कार्यालय, एक राज्य से दूसरे राज्य मे स्थानांतरित करने के लिए समाचार पत्र मे प्रकाशित किया जाने वाला विज्ञापन**
( LLP नियम, 2009 के नियम 17 के उपनियम (4) के अनुसरण में )
" सरकार के समक्ष प्रादेशिक निदेशक "
**कंपनी रजिस्ट्रार, कानपुर**
LLP अधिनियम, 2008, की धारा 13(3) और LLP नियम, 2009 के नियम 17 के मामले में
और
मिनरल्स वेंचर्स एल एल पी (LLPIN : AAN-4130) के मामले में जिसका पंजीकृत कार्यालय 1/58, विशाल खंड गोमती नगर, लखनऊ, (यू पी) -226 010 है।

आम जनता को यह नोटिस दी जाती है कि एल एल पी, लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप एक्ट, 2008 की धारा 13 (3) के अधीन कंपनी रजिस्ट्रार, कानपुर के समक्ष अपने पंजीकृत कार्यालय को **"उत्तर प्रदेश"** के राज्य से **"मध्य प्रदेश"** के राज्य में स्थानांतरण की अनुमति मांगने के लिए केंद्र सरकार को आवेदन करने का प्रस्ताव करती है।
एल एल पी के पजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति एक शपथ पत्र जिसमे उनके हितो का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो के साथ अपनी आपत्ति प्रादेशिक निदेशक को इस सुचना के प्रकाशन की तारीख से 21 दिनों के भीतर **रजिस्ट्रार ऑफ़ कंपनी, कानपूर** पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकते है या सुपुर्द कर सकते है और इसकी प्रति आवेदक एल एल पी को उनके उपर्युक्त पंजीकृत कार्यालय पते पर भी भेजेंगे।

**कृते एवं हित**
**Mineral Ventures LLP**
**ह / -**
**आनंद ताम्रकार**
**दिनांक : 17 सितम्बर, 2021**
**स्थान : कानपुर**



**उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**
**सं0–01 / वि0 एवं यां0 ई0 / श0भ0वि0 / 2021–22**
अधोहस्ताक्षरी द्वारा अल्पकालीन ई–निविदा विशिष्टि सं0–01 / वि0 एवं यां0 ई0 / श0भ0वि0 / 2021–22 के द्वारा शक्ति भवन परिसर में स्थापित त्वरित संकेत सूचक के वार्षिक अनुरक्षण के कार्य हेतु अल्पकालीन ई–निविदायें दिनांक 30.09.2021 को उसी दिन 14:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त ई–निविदाओं के तकनीकी भाग को दिनांक 01.10.2021 को 12:00 बजे सार्वजनिक रूप से खोला जायेगा। निविदा के विक्रय व धरो. हर धनराशि सम्बन्धी एवं अन्य विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in से प्राप्त किये जा सकते हैं। **अधिशासी अभियन्ता विद्युत एवं यांत्रिक इकाई, प्रथम तल, शक्ति भवन विस्तार, 14–अशोक मार्ग, लखनऊ।** पत्रांक–457 दिनांक 16.09.2021 ''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''


## सीआरपीएफ कर्मी को राजकीय सम्मान के साथ दी गयी अंतिम विदाई



मृतक सीआरपीयफकर्मी की अॅतिम विदाई के दौरान मौजूद पूर्व अकबरपुर रनियॉ सपा प्रत्याशी

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**अकबरपुर** रनियॉ विधानसभा क्षेत्र के पेराजोर गॉव में ल बी बीमारी के चलते सीआरपीएफ कर्मी का निधन हो गया। गुरूवार को मृतक सीआरपीएफकर्मी को पूरे राजकीय स मान के साथ अॅतिम विदाई दी गयी। विदाई के दौरान पूर्व अकबरपुर रनियॉ सपा प्रत्याशी नीरज सिंह गौर सहित सीआरपीएफ की बटालियन मौजूद रही। ब्रभुवाहन सिह (40) निवासी ग्राम पेराजोर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में तैनात थे। पिछले कई दिनों ब्रभुवाहन सिंह गॅभीर रूप से बीमार चल रहे थे असाध्य बीमारी के चलते सीआरपीएफ कर्मी की मृत्यु हो गयी। गुरूवार को मृतक सीरआरपीएफ कर्मी को पूरे राजकीय स मान के साथ सीआरपीएफ की बटालियन की मौजूदगी में अॅतिम विदाई दी गयी। अॅतिम विदाई के दौरान पूर्व अकबरपुर रनियॉ सपा प्रत्याशी नीरज सिंह गौर सहित अन्य ग्रामीण व क्षेत्रीय जन मौजूद रहे। मृतक सीआरपीएफ कर्मी के छोटे राम हरी सिंह सीमा सुरक्षा बल में सेवायें प्रदान कर रहे है।

# जिलाधिकारी ने जिला निर्वाचन कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

● **आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 की समस्त तैयारियां पूर्ण करने के दिये निर्देश**

**संवाददाता।** उन्नाव

**आगामी** विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 की तैयारियों से संबंधित आज जिलाधिकारीध्जिला निर्वाचन अधिकारी रवीन्द्र कुमार ने जिला निर्वाचन कार्यालय उन्नाव का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 की तैयारियों में समस्त स्टाफ अभी से ही लग जाए जो भी कार्य आ रहे हैं उन्हें अपडेट रखें और फाइलों के रख रखाव में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को मतदाता सूचीए पत्रों का प्रारूपए सीमा विस्तार आदि बिंदुओं से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा मीडिया सेल मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्यों की लिस्ट अपडेट रहनी चाहिये। सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान दिया जाएए हर पटल सहायक को कार्य दे दिया जाय। जिससे कि वे अपनी जिम्मेदारियों के और दायित्व का शत प्रतिशत अनुपालन करें। वहां उन्होंने ईवीएम के वेयरहाउसए ईवीएम के स्ट्रांग रूमए सीयूए वीवीपैट आदि कक्षों का निरीक्षण किया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा लाइट की व्यवस्था पूर्ण करा ली जाय। साथ ही ईवीएम के रखरखाव के लिए पर्याप्त मात्रा में स्थान होना चाहिये। जिलाधिकारी ने डिप्टी डी0ओ0 का कमरा मेंटेन कराने के निर्देश दिए तथा वहां पर स्टोर रूम भी देखा जिसे व्यवस्थित कराने के निर्देश दिएए तथा वॉशरूम आदि को सही कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय में बने हुए समस्त कमरों में समस्त हॉल को चेक किया। उन्होंने बोला चुनाव हेतु किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए सभी व्यवस्थाएं जल्द से जल्द पूर्ण करा ली जाय। विधानसभा वार बक्से वीवीपैट आदि रखे जाएंगे जिसके लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए। सभी सामान अच्छे से रख जाना चाहिए ऐसी व्यवस्था करें। ईवीएम मशीन की तैयारियों के बारे में जानकारी ली उन्होंने कहा सभी मशीनों का रख रखाव व्यवस्थित तरीके से किया जाए।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# कमिश्नर डीएम ने साफ सफाई का लिया जायजा

## ● डेंगू से प्रभावित लोगों से मिलकर उनके स्वास्थ्य के बारे में ली जानकारी



कमिश्नर और डीएम निरीक्षण करते हुए।

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त संजय गोयल एवं जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने गुरूवार को छोटा बघाड़ा के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर साफ सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान कुछ स्थानों पर जल जमाव पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए नगर निगम के सम्बंधित क्षेत्र के जोनल अधिकारी को कार्यों में लापरवाही और उदासीनता बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दिये जाने तथा जल जमाव के निकासी की तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने नगर निगम तथा स्वास्थ्य विभाग को निरंतर अभियान चलाकर व्यापक स्तर पर एण्टी लार्वा छिड़काव चूना छिड़काव साफ सफाई तथा जल निकासी की समुचित व्यवस्था नियमित रूप से सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया। भ्रमण के दौरान मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी ने लोगों को डेंगू के लक्षण एवं बचाव तथा अन्य संचारी रोगों के नियंत्रण एवं रोकथाम के बारे में जागरूक किया। मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी ने डेंगू से प्रभावित होकर स्वस्थ हुए लोगो से तथा डेंगू प्रभावित लोगो से मिलकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सबसे पहले राज बहादुर पाल के घर पहुंचकर उनका कुशलक्षेम पूछा। राम बहुदर पाल ने बताया कि वे अब डेंगू से पूरी तरह से स्वस्थ हो चुके है। इसके बाद मण्डलायुक्त डा एस के मिश्रा के घर पहुंचकर उनका हालचाल लिया। उनके तथा उनके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। डा मिश्रा द्वारा बताया गया वे अब डेंगू से पूरी तरह से स्वस्थ्य हो चुके हैं। बच्चा स्वास्थ्य लाभ कर रहा है। जिस पर मण्डलायुक्त ने दवा के साथ साथ खान पान का विशेष ध्यान दिये जाने के लिए कहा है। उन्होंने उन लोगों से अपने क्षेत्र में डेंगू के लक्षण एवं बचाव के बारे में लोगो को जागरूक करते रहने के लिए कहा है। मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी ने वहां रह रहे लोगो से साफ सफाई एवं दवा के छिड़काव के बारे में जानकारी ली। उन्होंने नगर निगम स्वास्थ्य विभाग तथा मलेरिया विभाग के अधिकारियों को जल जनित बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिए साफ सफाई फागिंग एण्टी लार्वा तथा चूना छिड़काव निरंतर कराते रहने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि डेंगू मलेरिया जैसी जल जनित बीमारियां जल जमाव से ही होती है। इसलिए यह जरूरी है कि कहीं पर भी जल का जमाव न होने पाये। मण्डलायुक्त ने जल जनित बीमारियों से बचाव हेतु निरंतर जनजागरूकता कार्यक्रम चलाते रहने के भी निर्देश दिये है। उन्होंने मलेरिया विभाग को प्रचार वाहनों के माध्यम से भी डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर लोगो को जागरूक करते रहने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा नानक सरन जिला मलेरिया अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जेईई मेंस में स्वाति आयुष समेत दर्जनों सफल

**प्रयागराज।** परीक्षा की तैयारी करा रहे आकाश इंस्टीट्यूट के इलाहाबाद शाखा से दस छात्रों ने प्रतिष्ठित जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन जेईई मेंस 2021 के समेकित परिणाम में प्रभावशाली 99 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक हासिल किए हैं। 99 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक हासिल करने वाले छात्रों में स्वाति सिंह आयुष कुमार विनायक केसरवानी राजवर्धन वर्मा और अभिषेक पटेल शामिल हैं। गोरखपुर शाखा से तीन छात्रों ने प्रतिष्ठित जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन के समेकित परिणाम में 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक हासिल किया है। उन छात्रों में ऋतिक राज अवनीश कुमार और अनुष्का अग्रहारी शामिल हैं। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लि० एईएसएल के मैनेजिंग डायरेक्टर आकाश चौधरी ने गोरखपुर के सभी तीन छात्रों को उनके अनुकरणीय उपलब्धि के लिए बधाई दी। महामारी से प्रभावित शैक्षणिक वर्षों के दौरान इंस्टीट्यूट ने छात्रों को जेईई में टॉप पर्सेंटाइल स्कोरर में बदलने के लिए कड़ी मेहनत की।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 19 को अयोध्या में

## ● ओबीसी मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 18 व 19 सितंबर को डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विवि में की जाएगी आयोजित

**अयोध्या।** भारतीय जनता पिछड़ा मोर्चा उत्तर प्रदेश के द्वारा अयोध्या की पावन भूमि पर सर्किट हाउस में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद नरेंद्र कश्यप ने संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 18 व 19 सितंबर को भाजपा पिछड़ा मोर्चा अपनी कार्य समिति की बैठक डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विवि के संत कबीर सभागार में करने जा रहा है। पूरे उप्र के संगठनात्मक दृष्टि से निर्मित 98 जिलों के पदाधिकारी, क्षेत्रीय पदाधिकारी एवं प्रदेश पदाधिकारी इस कार्यसमिति की बैठक में सम्मिलित होंगे।

19 सितंबर को भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल का प्रथम सत्र में मार्गदर्शन प्राप्त होगा एवं मुख्यमंत्री योगी और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का भी मार्गदर्शन पिछड़ा वर्ग मोर्चा को प्राप्त होगा। 18 सितंबर को उद्घाटन सत्र में प्रदेश के अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंहए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश के प्रभारी दयाशंकर सिंहए उत्तर प्रदेश की सह प्रभारी पूनम बजाजए केंद्रीय मंत्री बी एल वर्माए भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री संगम लाल गुप्ता सांसद एवं डॉ के लक्ष्मण राष्ट्रीय अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चाए पूर्व गृह राज्य मंत्री हंसराज अहीर का समापन सत्र में मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

भाजपा पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद नरेन्द्र कश्यप का कहना है कि भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव में 350 से ज्यादा सीटें जीतने जा रही है। भाजपा पिछड़ा मोर्चा की अयोध्या की पावन भूमि में होने वाली प्रदेश कार्यसमिति में इसके लिए रणनीति बनायी जायेगी। प्रदेश व जिला स्तर के पदाधिकारियों को केन्द्र व प्रदेश सरकार के द्वारा गरीबोंए वंचितों व पिछड़ों हक को लेकर किये गये कार्यों की चर्चा करके इसको प्रसारित करने के लिए निदेर्शित किया जायेगा।

संसद से बिल पास कराकर ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिलाना भाजपा सरकार की बड़ी उपलब्धि है। इससे समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के संकल्पों को सम्बल मिलेगा। सरकार ने सभी वर्गो की अपेक्षा के अनुसार अपनी योजनाएं दी है। भाजपा संगठन का मूलमंत्र सर्वस्पशीए सर्वग्राही व सर्व समावेशी है। प्रत्येक पात्र व्यक्ति को शत प्रतिशत योजना का लाभ मिलना इसका परिचायक है। केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं चुनाव में जीत का आधार बनेगी। विपक्षी दलों द्वारा भाजपा के समाज के हित रचनात्मक कार्यो में रोड़ा अटकाने के साथ जनता को गुमराह करने का लगातार प्रयास किया जाता रहा है। विपक्ष गुमराह करने की राजनीति को जरा सा भी जनसमर्थन नहीं मिल रहा है।

# शिखा खन्ना बनीं भाजपा महिला मोर्चा की मण्डल अध्यक्ष


शिखा को बधाई देतीं महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी।

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की चौक मंडल की मंडल अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी शिखा खन्ना को बनाया गया है। भाजपा नेता शिखा खन्ना ने पार्टी नेतृत्व को धन्यवाद दिया है। पार्टी नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी सौपी है उसकी कसौटी पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगी। भाजपा महिला मोर्चा की मण्डल अध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर किन्नर अखाड़ा की आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महाराज किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि महराज टीना मां ओम नमरू शिवाय के गुरूदेव पूर्व कमिश्नर आर एस वर्मा महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी पूर्व अपर आयुक्त कृष्ण चन्द्रा और जितेन्द्र कुमार पूर्व विधायक दीपक पटेल कविता यादव त्रिपाठी पूर्व सूबेदार श्यामसुंदर सिंह पटेल भाजपा नेता डा शैलेश कुमार पाण्डेय भाजपा मंत्री डा वंदना सिंह शिक्षक नेता डा हरिप्रकाश यादव कर्मचारी नेता राजेन्द्र त्रिपाठी सुभाष मिश्रा डा सत्यानंद यादव मुकेश सक्सेना नीरज सिन्हा एक्टर और फैशन डिजाइनर मनु पुरवार राजीव कुमार मिश्रा विजय कुमार यादव सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

## जीवन में रंगकर्म का विशेष महत्वः प्रतिभा

**प्रयागराज।** जीवन में रंगकर्म का विशेष महत्व होता है। कई कलाकारों की प्रस्तुतियों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी तरह जी टीवी का फिक्शन शो कुर्बान हुआ अपने पहले एपिसोड से ही चाहत प्रतिभा रांटा और नील राजवीर सिंह जैसे दो अलग अलग इंसानों की अनोखी प्रेम कहानी के साथ दशकों का मनोरंजन करने में सफल रहा है। नोक झोंक से लुभाने से लेकर कई उतार चढ़ाव वाले मजेदार सफर पर ले जाने तक शो ने हर किसी के दिल के तार छेड़ दिए और उन्हें इतने लंबे समय तक बांधे रखा। करीब डेढ़ साल तक दशकों में दिलचस्पी जगाए रखने और उनका मनोरंजन करने के बाद अब शो एक बेहद सफल सीजन पूरा करने के बाद आगामी सत्रह सितंबर को अपने दशकों से विदा ले रहा है। सत्रह सितंबर को रात साढ़े दस बजे प्रसारित होगा। इस शो का अंतिम एपिसोड भव्य मोड़ पर आकर खत्म हो रहा यह शो अपनी लोकप्रियता के चरम पर समाप्त हो रहा है।

# टेस्ट से पहले डेंगू को किया जा सकता है नियंत्रित

## ● जिलाधिकारी संजय खत्री ने नर्सिंग होम संचालकों के साथ की बैठक


नर्सिंग होम संचालकों के साथ बैठक करते डीएम।

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने डेंगू एवं अन्य संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए प्राइवेट हॉस्पिटल के प्रबंधकों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने नर्सिंग होम संचालकों से कहा कि डेंगू रोग के प्रसार को देखते हुए बुखार पीड़ित मरीजों के डेंगू की जांच अवश्य करायी जाये। जिससे लोगों को ससमय बचाया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन मरीजों के अंदर डेंगू के लक्षण पाये जाते हैं। उनका मोबाइल नम्बर तथा घर का पता उपलब्ध होने पर वहां पर फागिंग कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्राइवेट हॉस्पिटलों से पलेटलेट्स के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि जो भी प्लेटलेट्स ले जाते हैं। उनमें डेंगू के कितने मरीजों को प्रयोग किया गया है। उन्होंने कहा कि रैपिड कार्ड टेस्ट की सूचना समय से मिल जाये तो उस पर नियंत्रण किया जा सकता है। डेंगू मरीजों के बारे में मुख्य चिकित्साधिकारी के मोबाइल 9044044040 तथा जिला मलेरिया अधिकारी 7007631725 पर जानकारी दी जा सकती है। जिलाधिकारी ने प्लेटलेट्स की आवश्यकता अस्पतालों को उपलब्ध करायी जा रही प्लेटलेट्स की यूनिट तथा डेंगू के कितने मरीजों को प्लेटलेट्स उपलब्ध कराया गया है। इसके बारे में जानकारी प्राप्त की तथा इसकी एक सूची बनाये जाने के निर्देश दिये। डेंगू के प्रसार के प्रभावी नियंत्रण हेतु टीम का गठन किया गया है तथा सम्बंधित विभागों का दायित्व निर्धारित किया गया है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा छिड़काव का कार्य आशाओं के माध्यम से एंटी मोलॉजिकल सर्विलांस कराना। जिसमें जल भराव के पत्रों को खाली कराना प्रमुख है एवं बुखार रोगियों की लाइन लिस्टिंग जांच एवं उपचार कराना ग्राम स्वच्छता समिति के माध्यम से एण्टी लार्वा छिड़काव में ग्राम पंचायत को सहयोग देना शहरी क्षेत्र में नगर निगम से समन्वय स्थापित कर एण्टी लार्वा का छिड़काव करना डोमोस्टिक ब्रीडर चेकर्स के माध्यम से शहरी क्षेत्र में सोर्स रिडक्शन का कार्य कराना है।

## क्विक न्यूज

### मीडिया कर्मियों के लिए टीकाकरण का कैम्प आज

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त एमपी अग्रवाल, डीएम अनुज कुमार झा एवं सीएमओ डा. अजय राजा के निर्देशानुसार 17 सितम्बर 2021 को पूर्वान्हन 10:30 बजे से मण्डलीय सूचना कार्यालय लालबाग रेलवे क्रासिंग फतेहगंज क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालयध्सूचना कार्यालय के भूतल पर कोविड बैक्सीन टीकाकरण का द्वितीय डोज देने का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस क्रम में उप निदेशक सूचना डा0 मुरली धर सिंह ने बताया कि यह कैम्प मुख्य रूप से मीडिया सहयोगियों के लिए है। प्रथम डोज का टीकाकरण अभियान कार्यालय परिसर में 29 मई 2021 को आयोजित किया गया था। उसी के क्रम में यह द्वितीय डोज के लिए कार्यक्रम आयोजित है। प्रथम डोज प्राप्त व्यक्ति अपना टीकाकरण सम्बंधी कार्ड लेकर आये और अपना दूसरा डोज समय से लगवाने का कष्ट करें तथा जो पत्रकार साथी कहीं दूसरा डोज लगवा लिया है उसको यहां आने की आवश्यकता नही है। यह कार्य मीडिया सहयोगियों के सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये किया जा रहा है। इसमें भी कोविड प्रोटोकाल का पालन करना है सभी को दो गज की दूरी मास्क है जरूरी। इस अवसर का मीडिया सहयोगियों से लाभ लेने का अनुरोध किया गया है। इस कार्यक्रम का चिकित्सा विभाग से संचालन वरिष्ठ चिकित्सा सहयोगी डा0 मनोज त्रिपाठी की टीम द्वारा किया जायेगा।

### जिलाधिकारी ने की 50 लाख से अधिक परियोजनाओं की समीक्षा

**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में रु. 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणाधीन/अपूर्ण परियोजनाओं (सड़कों को छोड़कर) की समीक्षा बैठक किया गया। जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि 50 लाख एवं उससे अधिक लागत मूल्य की निर्माणाधीन 14 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं परंतु अभी तक सभी स्थानांतरित नहीं की गई हैं। केवल कुछ ही परियोजनाएं हैंड ओवर की गई है। जिस पर डीएम ने कार्यदाई संस्था को निर्देश देते हुए कहा कि बाकी पूर्ण परियोजनाओं को जल्द से जल्द हैंड ओवर किया जाए। बैठक के दौरान डीएम द्वारा अपूर्ण परियोजनाओं का बिंदुवार समीक्षा किया गया। समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश देते हुए कहा कि अपूर्ण परियोजनाओं को पूर्ण कराते हुए शीघ्रता से हस्तांतरित करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देश देते हुए कहा कि जो भी परियोजनाएं हैंडोवर हो चुकी हैं उन्हें एक सप्ताह के अंदर सारी सेवाएं चालू किया जाए।

### कच्ची दीवार के नीचे दबकर बालिका की मौत

**मिल्कीपुर अयोध्या।** तेज हवा के साथ हो रही बारिश से मकान की कच्ची दीवार गिरने से 9 वर्षीय बालिका गंभीर रूप से हुई घायल आनन.फानन में परिजन अस्पताल ले गए जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाली थाना इनायतनगर अंतर्गत देवगिरि पूरे राजकुमार गांव निवासी बम बहादुर रावत की 9 वर्षीय पुत्री अंशु बृहस्पतिवार को घर में मौजूद थी उसी बीच मकान की कच्ची दीवार बरसात के कारण भरभरा कर गिरने लगी बालिका जब तक भाग कर अपनी जान बचाने का प्रयास करती तब तक दीवार ने अपने आगोश में ले लिया। आनन.फानन में परिजन उपचार कराने के लिए बालिका को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर ले गए जहां पर डाक्टरों ने हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने देखते ही बालिका को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होने के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### परिचयात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**अम्बेडकरनगर।** नव निर्वाचित ग्राम प्रधानो के एक दिवसीय परिचयात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ लोहिया भवन में किया गया। 50-50 प्रधानो के बैच मे विकास खण्ड मुख्यालय पर प्रशिक्षण दिया जायेगा। जनपद में 07-10-21 को प्रशिक्षण पूर्ण होगा। निदेशालय पंचायती राज से नामित मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लोहिया भवन में विकास खण्ड अकबर पुर के 45 ग्राम प्रधान उपस्थिति रहे। प्रशिक्षण के पूर्व वाश दिवस मानते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इसमे बाल विकास एवम शिक्षा विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थिति रहे। स्वच्छता के विषय में एक नाटक के माध्यम से जागरूक किया गया।

### मूसलाधार बारिश से जनजीवन हुआ प्रभावित

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** बीती रात्रि से हो रही भारी वर्षा से जन जीवन अस्त व्यस्त होने के साथ जगह जगह जलभराव की स्थित उत्पन्न हो गयी हैं। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष के अंतिम सप्ताह में वर्षा ने अपना रंग दिखा दिया। बीते बुधवार की शाम से शुरू हुई वर्षा पूरी रात रुक रुक कर होती रही वहीं आज गुरुवार को पूरे दिन मूसलाधार वर्षा ने पूरा जनजीवन प्रभावित कर दिया लोगों का घरों से निकलना दूभर हो गया। तहसील कचेहरी में वादकारी नदारद रहे अधिवक्ताओं की भी सं या नाम मात्र की रही। वही पर नगर के विभिन्न मोहल्लों व निचले इलाके में जलभराव होने से लोगों के आवागमन में कॉफी परेशानी उठानी पड़ी।

## कोर कार्यालय परिसर में की गयी वृहद साफ सफाई

**प्रयागराज।** भारतीय रेलवे की ओर से 16 से 30 सितंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय रेल के महत्वपूर्ण इकाई के रूप में केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज व इसकी सभी परियोजनाओं में भी इस दौरान एक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। सीपीआरओ ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा को विशिष्ट स्वच्छता संबंधी गतिविधि के लिए दिनों में विभाजित किया गया है। स्वच्छता जागरूकता दिवस के तहत कार्यालय परिसर की वृहद साफ सफाई की गई। सभी विभागों से एक एक नोडल अधिकारी भी नामित किए गये थे। सोशल मीडिया पोस्टर एवं बैनर आदि के माध्यम से जागरूकता अभियान का विधिवत शुभारम्भ किया। 20 सितंबर को स्वच्छ नीर दिवस के रूप में पानी की टंकियों की सफाई की जायेगी तथा वाटर प्यूरीफायर की विधिवत जांच होगी। 23 सितंबर को सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों सभी आवासीय कॉलोनियों जीपीओ राजापुर एवं रामबाग रेलवे कॉलोनी में स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा।

# दो सगी बहनों के विरूद्ध न्यायालय ने दिया मुकदमा दर्ज करने का आदेश

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**मख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट** न्यायालय ने पीड़ित पिता के प्रार्थना पत्र दो सगी बहनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का आदेश प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अकबरपुर को दिया है। जैतपुर थाना क्षेत्र के बेरगा निवासी अभिषेक कुमार सिंह कोतवाली अकबरपुर क्षेत्र के जाफरगंज बाजार में अभिषेक कलेक्शन के नाम से कपड़े की दुकान करता था और वही पर बाजार के पास आवास में रहता था। उसी आवास के अन्य कमरे में बसखारी थाना क्षेत्र की बुकिया निवासिनी नीलम यादव पुत्री चौथीराम अपने पति को छोड़कर रहती थी। जिसने अभिषेक सिंह स बन्ध बना लिया और उसी के साथ रहने लगी। अभिषेक की शादी तय होने की जानकारी पर वह बराबर शादी तोड़ने का असर दबाव बनाती थी। गत 5 मई को अभिषेक ने अपने पिता को बताया कि उसकी मोटरसाइकिल नीलम ने अपने बहन पूनम यादव के साथ मिलकर जला दिया। दूसरे दिन 6 मई को अभिषेक के पिता को फोन द्वारा पता चला कि उसके लड़के की मृत्यु हो गयी। जब उसके पिता वहाँ पहुंचे तो उसका शव त त पर पड़ा था और पंखे पर कपड़ा लटक रहा था। जबकि वहां से नीलम यादव व उसकी बहन फरार हो गयी। पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस व पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया। कारवाही न होने पर अधिवक्ता विशाल सिंह द्वारा न्यायालय पर प्रार्थना पत्र दिया कि नीलम यादव अपने बहन व अज्ञात व्यक्तियो के साथ मिलकर उसके लड़के की हत्या कर उसका मोबाइल, एटीएम कार्ड व पासबुक भी लेकर फरार हो गया। न्यायालय पर सुनवाई के दौरान सीजेएम ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का आदेश कोतवाली अकबरपुर को दिया है।

## विशाल वर्मा करेंगे प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का जोरदार स्वागत

**बसखारी, अम्बेडकरनगर।** खेत खलियान कुटीर उद्योग बचाओ रोजगार दो किसान नौजवान पटेल यात्रा के आगमन को लेकर सपा के टांडा विस क्षेत्र के प्रबल दावेदार अजय कुमार उर्फ विशाल वर्मा के नेतृत्व में सूरापुर सद्दपुर हरीनगर सलेमपुर कश्मीरिया तिजरा समहरिया धौरहरा रामपुर कला त्रिमुहानी बूढ़नापुर किछौछा सरदारनगर सहित दर्जनों क्षेत्रों में ऐतिहासिक स्वागत को लेकर सपा के कार्यकर्ताओं को विशेष रुप से जि मेदारी सौंपी गयी है। इस दौरान पूर्व विधान परिषद सदस्य एवं टांडा विधान सभा क्षेत्र के प्रबल दावेदार अजय कुमार विशाल वर्मा ने बताया कि समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के आगमन को लेकर तैयारियां जोरों पर की जा रही है जहां पर टांडा विधानसभा क्षेत्र के बुढनापुर मोतिगरपुर मे हाईवे के पास चौधरी मैरिज हॉल में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम जनसभा को संबोधित करेंगे जिसकी तैयारियां जोरों पर की जा रही है।

# जीएम रेलवे ने उत्कृष्ट रेल कर्मियों को किया सम्मानित

## ● पांच कर्मियों को दिए गए नगद पुरस्कार, मेडल और प्रशस्ति पत्र, झांसी मण्डल के ट्रैकमैन रंजीत को मैन ऑफ दी मंथ

**प्रयागराज।** महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रमोद कुमार ने जोन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आज बैठक की।आगरा प्रयागराज और झांसी के मंडल रेल प्रबंधकों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में हिस्सा लिया। महाप्रबन्धक उत्तर मध्य रेलवे प्रमोद कुमार प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी मनीष कुमार गुप्ता एवं उत्तर मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में संरक्षा के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए आगरा झांसी एवं प्रयागराज मण्डलों से चयनित 05 रेल कर्मचारियों को महाप्रबन्धक के द्वारा संरक्षा पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कृत कर्मचारियों में शिव प्रकाश तिवारी लोको पायलट प्रयागराज प्रयागराज मण्डल पुरूषोत्तम कुमार उप स्टेशन अधीक्षक चिकसाना आगरा मण्डल महेन्द्र कुमार पटेल मेठ नरेन्द्र सिंह गेटमैन, मथुरा आगरा मण्डल रंजीत ट्रैकमैन झांसी मण्डल शामिल हैं। रंजीत सिंह को अगस्त माह के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी के संरक्षा पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है। 22 अगस्त को ड्यूटी के दौरान रंजीत ने गाड़ी संख्या कोयले से भरी मालगाड़ी एलपीजीयू में घाटमपुर के निकट हॉट एक्सल चिन्हित किया। इन्होंने अविलम्ब अपनेइन्चार्ज एवं गेट संण् 62 को सूचित किया। इस प्रकार रंजीत ने संभावित गम्भीर दुर्घटना को अपनी तत्परता एवं बुद्धिमानी के चलते बचालिया। महाप्रबंधक ने रंजीत की धर्मपत्नी को एक बधाई सन्देश भेज पूरे परिवार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाप्रबन्धक ने कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे गाड़ियों के सुरक्षित संरक्षित परिचालन एवं उच्च गुणवत्ता के मानकोंको ध्यान में रखते हुए और अधिक लगन एवं परिश्रम से कार्य करेंगे।

# डीएम व एसएसपी राम जन्मभूमि परिसर का भ्रमण किया



**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव/अन्य सदस्यों द्वारा मीडिया कर्मियों की मांग पर आज राम जन्मभूमि परिसर का निर्माण कार्य हेतु लगभग 1 बजे भ्रमण कराया गया। भ्रमण के पूर्व डीएम अनुज कुमार झा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों तथा ट्रस्ट के सदस्यों एवं अन्य अधिकारियों के साथ श्रीराम जन्मभूमि क्षेत्र का भ्रमण किया गया। इसके बाद भीषण बरसात के बावजूद लगभग 4 दर्जन से ज्यादा प्रिंट, इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकारों ने श्रीराम जन्मभूमि परिसर के नींव/आधार तक के निर्माण का अवलोकन किया। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का भगवान प्रभु श्रीराम एवं हनुमान जी की कृपा से न्यास क्षेत्र द्वारा एलएण्डटी कम्पनी की देखरेख में निर्माण कराया जा रहा है तथा यह कार्य बहुत तेजी से हो रहा है। निर्माण स्थल पर जहां गर्भगृह है वहां पर एक केसरियां रंग का ध्वज भी लगा हुआ है।

पत्रकारों को उक्त स्थल के भ्रमण की लम्बे समय से अभिलाषा थी जो आज पूरा हो गया तथा सभी मीडिया कर्मियों ने ट्रस्ट एवं जिला प्रशासन को आभार व्यक्त किया। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त अवसर पर न्यास के सहयोग के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों एवं सूचना विभाग के अधिकारियों के लिए डियुटी लगायी गयी थी। जिसमें प्रमुख रूप से श्रीराम जन्मभूमि क्षेत्राधिकारी, उपनिदेशक सूचना डा. मुरलीधर सिंह, आरएमओ/विशेष अधिकारी अर्जुन देव, प्रभारी निरीक्षक, थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे। सभी का प्रवेश क्रासिंग नम्बर 2 से हुआ और पुन: सभी का उसी गेट से वापसी भी हो गयी तथा न्यास क्षेत्र द्वारा उक्त भ्रमण में भाग लेने वाले मीडिया कर्मियों एवं शासकीय कर्मियों को प्रसाद भी दिया गया तथा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि भविष्य में समय-समय पर मीडिया कर्मियों को श्रीराम जन्मभूमि निर्माण की प्रगति से ऐसे ही अवगत कराया जाता रहेगा तथा जिला प्रशासन ने भी मीडिया कर्मियों के इस सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# सबसे हित की सुरक्षा करती है भाजपा: अंबालाल



**अम्बेडकरनगर।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के द्वारा सभी विधानसभा में प्रबुद्ध स मेलन का आयोजन किया जा रहा है उसी के अंतर्गत आज टांडा विधानसभा के प्रबुद्ध स मेलन नगर के आशीर्वाद गेस्ट हाउस में संपन्न हुआ कार्यक्रम में मु य अतिथि उन्नाव के विधायक अंबालाल दिवाकर उपस्थित रहे कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि से हुआ, प्रबुद्ध स मेलन को संबोधित करते हुए मु य अतिथि बंबा लाल दिवाकर ने कहा सभी को साथ लेकर चल रही है भाजपा, भाजपा का मूल मंत्र सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के सिद्धांत पर चलकर समाज के प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का उत्थान कर रही है भाजपा पिछड़ों व दलितों सहित सभी को साथ लेकर एक नए भारत का उदय कर रही है जनहित के कार्यों को रहे घर-घर शौचालय आवास उज्जवला योजना बीमारी के लिए गोल्डन कार्ड जैसी अत्यंत आवश्यक योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंच रहा अब किसी भी लाभार्थी के धन राशि का बंदरबांट नहीं हो पाता के माध्यम से एक-एक पैसा सीधे खातों में पहुंचता उन्होंने कहा कि सरकारों ने धारा 370 को नहीं हटा सके उसे हटाने का काम किया है उन्होंने प्रदेश की योगी सरकार की तारीफकरते हुए कहा अपराधी जेल की सलाखों के पीछे छोड़ कर चले गए आज मोदी जी और योगी जी के प्रयास से आवास योजना का लाभ गांव गरीब जनता को मिल रही है उन्होंने समाज के प्रत्येक व्यक्तियों से अनुरोध किया कि सब लोग मिलकर 2022 में फिर से एक बार योगी सरकार बनाने का संकल्प को पूरा करेंराज्य सरकार ने लोक कल्याण संकल्प पत्र को अक्षरश: राज्य सरकार द्वारा पूरी पारदर्शिता के साथ प्रदेश के 4 लाख युवाओं को नौकरियां दी गई है जबकि 3 करोड़ युवाओ को रोजगार से जोड़ा गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भाजपा डॉक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा भारतीय जनता पार्टी में सबका हित सुरक्षित भाजपा किसी जाति धर्म और मजहब के आधार पर काम नहीं करती भाजपा का मूल मंत्र सबका साथ सबका विकास और सब के विश्वास पर कार्य करके सबको एक धागे में पिरोकर भारत को विश्वगुरु बनाने का संकल्प हम सबको को पूरा करना है, स मेलन को संबोधित करते हुए टांडा के लोकप्रिय विधायक संजू देवी ने का पूरे प्रदेश में गांव गरीब की चिंता भाजपा सरकार कर रही है हर गांव को सड़क से जोड़ने का अभियान आजादी के 70 सालों में पहली बार हुआ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निवर्तमान जिलाध्यक्ष श्री कपिल देव वर्मा जी ने समाज का हवन करते हुए आप सब की मेहनत और परिश्रम एवम् आशीर्वाद से फिर से 2022 में 350 को पूरा करेंगे, स मेलन को ब्लाक प्रमुख श्री संजय सिंह जी जिला उपाध्यक्ष श्री मनोज मिश्रा जी टांडा के पूर्व प्रत्याशी रहे डॉक्टर शिवपूजन वर्मा जी आदि ने संबोधित किया कार्यक्रम अध्यक्षता डॉ पीके त्रिपाठी जी ने की संचालन कार्यक्रम के संयोजक डॉ योगेंद्र मिश्रा जी एवं राजेंद्र अग्रवाल बबुआ ने किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरदार त्रिलोक सिंह, अधिवक्ता अजय श्रीवास्तव श्रीराम पलटन मिश्रा राम अचल पांडे, पूर्व ब्लाक प्रमुख बसंत लाल कनौजिया मीरा देवी विश्व हिंदू परिषद के नेता श्याम बाबू मास्टर सोहेल अहमद, अरुण अग्रवाल सुरेश बजाज डॉ रवि कांत त्रिपाठी डॉ जे के सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

## 25 सितम्बर को सभी विकास खण्डों में गरीबों के कल्याण दिवस के रूप में मनायेंगे

**अयोध्या।** डीएम अनुज कुमार झा ने बताया कि 25 सितम्बर 2021 को गरीब कल्याण दिवस के रूप में जनपद में मनाया जायेंगा जिसमें जिले के सभी विकास खण्डों में गरीबों के कल्याण के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन.सामान्य को उपलब्ध करायी जायेगी। इसके साथ ही प्रत्येक विकास खण्ड में गरीबों के कल्याण हेतु कार्यक्रमों का आयोजन जन.सामान्य के लिए किया जाएगा। गरीब कल्याण दिवस के रूप में आयोजित कार्यक्रमों में कोविड 19 से बचाव के सम्बंध में शासन स्तर से जारी गाइडलाइन का भी अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। गरीब कल्याण दिवस के अवसर पर सभी विकास खण्डों में जन आरोग्य मेलों का आयोजन किया जाएगा, आमजन का स्वास्थ्य परीक्षण आयुष्मान कार्ड का वितरण तथा कोविड टीकाकरण आदि की व्यवस्था सभी प्रकार के ऋण वितरण की व्यवस्था कृषि संयंत्रों के वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है।

# कोविड से संघर्ष

## बच्चों का टीकाकरण

**कोविड**-19 के खिलाफ संघर्ष में बच्चों का टीकाकरण बचाव हेतु जरूरी है। भारत में शिक्षा संस्थानों के खुलने के साथ ही माता-पिता की चिन्ता बढ़ गई है कि उनके बच्चों का अभी कोविड-19 के खिलाफ टीकाकरण नहीं हुआ है और उनको स्कूल जाने पर संक्रमण हो सकता है। यह चिन्ता स्वाभाविक तथा समझ में आने योग्य है, पर उनकी चिन्ता का स्पष्ट समाधान सामने नहीं आ रहा है। राज्य, केन्द्र, राज्य टास्क फोर्स, केन्द्रीय टास्क फोर्स व अनेक विशेषज्ञों को एकसाथ आकर स्पष्ट करना चाहिए कि बच्चों को कब तक टीके लगने की उम्मीद है। क्या उनको इस उद्देश्य से आयुवर्गों में बांट दिया जाएगा और क्या उनमें से स्वस्थ बच्चों को फौरन टीकाकरण की आवश्यकता होगी? बालरोग विज्ञानियों का कहना है कि वायरस से स्वस्थ बच्चों को जोखिम कम है, पर इस बात पर वे एकमत नहीं हैं कि क्या बिना टीका लगे उनका स्कूल जाना सुरक्षित होगा। ब्रिटेन अभी 12-15 वर्ष आयुवर्ग के स्वस्थ बच्चों को टीका लगाने का इच्छुक नहीं है। टीके की खूराकों से लाभ बहुत मामूली होगा, तथा इसके बजाय जोखिम वाले वयस्कों तथा अन्य बीमारियों से ग्रस्त बच्चों को टीका देना बेहतर होगा। इनमें हृदय, फेफड़ों व अन्य व्याधियों से लंबे समय से ग्रस्त बच्चे शामिल हैं। ब्रिटिश समिति की यह हिचक फाइजर व माडर्ना टीकों से हृदय में सूजन जैसे विरल पार्श्व प्रभाव के कारण है। भारत में 44 करोड़ बच्चों में से लगभग 12 करोड़ा 12-17 वर्ष आयुवर्ग वाले हैं। राष्ट्रीय कोविड टास्क फोर्स की राय है कि अन्य बीमारियों से ग्रस्त बच्चों को प्राथमिकता पर टीके लगाए जाएं। इस प्रकार उसके कथन का अर्थ है कि



स्वस्थ बच्चों को कोई खतरा नहीं है। वैसे भी वर्तमान समय में 19 से अधिक राज्यों ने स्कूल पुन: खोल दिए हैं तथा बाकी भी जल्दी ही बच्चों को कक्षाओं में भेजने पर फैसला करेंगे। लेकिन इस बात के कोई संकेत नहीं हैं कि आगामी कुछ सप्ताह में बच्चों के लिए टीके उपलब्ध होंगे। जाइकोव-डी टीके को 12-17 वर्ष आयुवर्ग में आपातकालीन प्रयोग की अनुमति मिली है तथा बच्चों के लिए भारत बायोटेक की कोवैक्सिन के परीक्षण सुरक्षित पाए गए हैं। बायोलाजिकल ई की कार्बोवैक्स वैक्सीन को पांच साल से बड़े बच्चों पर परीक्षण की अनुमति मिली है। सीरम इंस्टीट्यूट की कोवोवैक्स व नोवावैक्स भी फिलहाल परीक्षण के दौर में हैं। जान्सन एंड जान्सन ने 2-17 वर्ष आयुवर्ग वाले बच्चों के लिए परीक्षण की अनुमति मांगी है। हालांकि, बच्चों की वैक्सीन के बारे में वैज्ञानिकों की राय थोड़ी अलग है। वे कहते हैं कि यह पूरी तरह सुरक्षित है, लेकिन इसके साथ ही यह शर्त भी जोड़ देते हैं कि जोखिम-लाभ अनुपात पर सावधानी से विचार किया जाना चाहिए। उनका कहना है कि बच्चों में संक्रमण हमेशा बहुत हल्का या बिना लक्षणों वाला होता है। लेकिन इस बात में कोई संदेह नहीं है कि इसके बावजूद उनको उसी तरह टीकाकरण की जरूरत होगी जैसे उनको अभी अनेक वायरस बीमारियों के खिलाफ टीकाकृत किया जाता है। सवाल यह है कि वे प्राथमिकता सूची में कहां हैं। इस सवाल का जवाब आसान नहीं है क्योंकि दो तर्क सरकार को दूसरी दिशा में ले जाते हैं। पहला, जोखिम वाले वयस्कों तथा बच्चों के समूहों को प्राथमिकता देने की स्पष्ट आवश्यकता है। दूसरा, विश्व स्वास्थ्य संगठन की इस चिन्ता पर कहां तक ध्यान देने की आवश्यकता है कि अपने बच्चों का टीकाकरण कर कुछ देश गरीब देशों के फ्रंटलाइन वर्करों तथा अत्यधिक संकटग्रस्त लोगों को टीके से वंचित कर देंगे।

# टेस्ला को आयात कर में छूट अनुचित

**विद्युत वाहनों पर कर कम होने से कम्पनियों को विदेशी बाजारों से आयात कर भारत में बेचने का प्रोत्साहन मिलेगा जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को लाभ नहीं होगा।**





**अश्विनी महाजन**
(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं)

अमेरिकी विद्युत कार निर्माता टेस्ला की विद्युत कारों के आयात पर प्रस्तावित आयात कर छूट सार्वजनिक बहस का विषय है क्योंकि इसका संबंध घरेलू आटोमोबाइल उद्योग से है। हालांकि, इस प्रस्ताव के पक्ष में लाबींग के प्रयास हो रहे हैं, पर स्वदेशी आटोमोबाइल उद्योग इसका जोरदार विरोध कर रहा है। अमेरिकन विद्युत कार कंपनी ने आयात कर को वर्तमान 60 प्रतिशत के बजाय 40 प्रतिशत करने की मांग की है। उसके अनुसार, 40,000 डालर से कम कीमत वाली पूर्णत: असेम्बल कारों पर 40 प्रतिशत तथा इससे अधिक मूल्य वाली कारों पर वर्तमान 100 प्रतिशत के बजाय 60 प्रतिशत किया जाना चाहिए। मजेदार बात है कि कंपनी ने भारत में कारों का निर्माण शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं किया है। अखबारों की खबरों से स्पष्ट है कि सरकार के कई मंत्रालय टेस्ला द्वारा आयात कर घटाने के प्रस्ताव के समर्थन में हैं। वर्तमान समय में भारतीय आटोमोबाइल उद्योग 8.2 लाख करोड़ का है तथा विनिर्माण की लगभग 49 प्रतिशत जीडीपी इस क्षेत्र से आती है जो कुल जीडीपी का 7.1 प्रतिशत है। इस क्षेत्र से 3.7 करोड़ लोगों को प्रत्यक्ष व परोक्ष रोजगार मिलता है। यह विभिन्न प्रकार के लगभग 27 बिलियन डालर के वाहन निर्यात करता है। यह कुल संग्रहीत जीएसटी का 15 प्रतिशत देता है तथा विभिन्न प्रकार के वाहनों की देश की आवश्यकता पूरी करता है। इसके साथ ही आटोमोबाइल हिस्से पुर्जों के विनिर्माण का बड़ा क्षेत्र विकसित हुआ है जो विनिर्माण, रोजगार तथा निर्यात में महत्वपूर्ण योगदान करता है।

आज विद्युत वाहन वार्षिक कार बिक्री में केवल एक प्रतिशत हैं। भारत सरकार देश में विद्युत वाहनों-ईवी के विनिर्माण को बहुत प्रोत्साहन दे रही है ताकि आयातित फासिल ईंधन पर निर्भरता कम हो तथा कार्बन फुटप्रिंट घटे। इसके लिए ईवी विनिर्माण तथा ईवी पुर्जों व बैटरियों, आदि के आयात पर आयात कर 10-15 प्रतिशत रखा गया है जो परंपरागत आटोमोबाइल पुर्जों के आयात कर से बहुत कम है। इस छूट का लाभ उठा कर स्थापित भारतीय कंपनियां और स्टार्टअप देश में स्थानीय मूल्य संवर्धन करने लगे हैं। दीर्घकालीन स्थानीयकरण कार्यक्रम की दिशा में भी प्रयास हो रहे हैं। सरकारी प्रयासों को देखते हुए लगता है कि भारत जल्द ही इन वाहनों की घरेलू आवश्यकता पूरी करने की स्थिति में होगा। अतीत पर नजर डालने से स्पष्ट है कि घरेलू आटोमोबाइल क्षेत्र को संरक्षण इस क्षेत्र के विकास हेतु जरूरी है जो वर्तमान समय में न केवल घरेलू जरूरतें पूरी कर रहा है, बल्कि बाकी दुनिया को वाहनों का निर्यात भी कर रहा है। यह देश के भीतर ही सफलतापूर्वक अधिकांश हिस्से-पुर्जों की खरीद भी करता है। यहां पर उल्लेखनीय बात यह है कि भारतीय आटो हिस्से पुर्जों का उद्योग भी 3.95 लाख करोड़ का है। भारतीय आटो क्षेत्र जीडीपी में 2.3 प्रतिशत का योगदान करने के साथ ही पांच मिलियन लोगों को रोजगार देता है तथा 15-16 बिलियन डालर या 1.06 लाख करोड़ रुपये का निर्यात भी करता है।

भारत का लक्जरी कार बाजार तुलनात्मक रूप से बहुत छोटा है। वर्ष 2019-20 में कुल 40,637 लक्जरी कारें बिकी, जबकि कोविड प्रभावित 2020-21 में इनकी संख्या केवल 19,700 थी। इसका कारण यह है कि जनसंख्या का बहुत छोटा हिस्सा 15 लाख रुपये या 20,000 डालर से महंगी लक्जरी कार खरीद सकता है। इसका बहुत छोटा हिस्सा ही 30 लाख से अधिक महंगी कार खरीदेगा। यदि टेस्ला को आयात

> **यदि टेस्ला को आयात कर में छूट दी गई तो लक्जरी कार खरीदने वाले आयातित टेस्ला विद्युत कारें खरीदेंगे। इससे भारत में कार निर्माताओं को कोई प्रोत्साहन नहीं मिलेगा और देश में ईवी विनिर्माण की क्षमता प्रभावित होगी। भारत ने उन वस्तुओं के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए फ्लैगशिप पीएलआई योजना शुरू की है जिनके लिए देश विदेशों पर निर्भर है।**

कर में छूट दी गई तो लक्जरी कार खरीदने वाले आयातित टेस्ला विद्युत कारें खरीदेंगे। इससे भारत में कार निर्माताओं को कोई प्रोत्साहन नहीं मिलेगा और देश में ईवी विनिर्माण की क्षमता प्रभावित होगी। भारत ने उन वस्तुओं के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए फ्लैगशिप प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव-पीएलआई योजना शुरू की है जिनके लिए देश विदेशों पर निर्भर है।

इस योजना में 13 क्षेत्र शामिल किए गए हैं। इसके पहले चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम-पीएमपी शुरू किया गया था। आयात कर घटाने तथा चीन व अन्य देशों द्वारा सस्ता माल भेजने के कारण टेलीकाम व आईटी हार्डवेयर क्षेत्र में भारत विनिर्माण हब बनने का अवसर खो चुका है। सौभाग्य से पहले पीएमपी तथा वर्तमान में पीएलआई योजनाओं के कारण इस क्षेत्र को अब घरेलू विनिर्माण में कुछ सफलता मिली है। यदि हम पूर्णत असेंबल विद्युत कारों तथा वोक्सवैगन जैसी अन्य कार कंपनियों की कारों पर आयात कर में छूट देंगे तो पुरानी गलती दुहरायेंगे जिसके चलते हम विद्युत वाहनों के विनिर्माण व टेक्नोलोजी विकास के अवसर खो चुके हैं। विदेशी कार कंपनियां आयात कर घटाने की पैरोकारी करने लगी हैं।

ईवी पर कस्टम ड्यूटी में कमी से कंपनियों को केवल विदेशी बाजारों से आयात कर भारतीय बाजार में बेचने का प्रोत्साहन मिलेगा। इससे देश की अर्थव्यवस्था में कोई मूल्य संवर्धन नहीं होगा तथा ऐसा कदम भारत में घरेलू उत्पादन बढ़ाने के प्रयासों को हतोत्साहित करेगा। स्वदेशी आटोमोबाइल कंपनियां तथा स्टार्टअप लगातार शोध एवं विकास-आरएंडडी तथा उत्पादों के विकास में निवेश कर रहे हैं और इस प्रकार टिकाऊ अर्थव्यवस्था के योगदान में सहायक हैं। अत: आयातित विद्युत कारों के वितरण की नीति को प्रोत्साहन देने के बजाय स्थानीय कंपनियों के विकास को प्रोत्साहित करना बेहतर होगा। इसके लिए केन्द्र तथा राज्य सरकारों को दीर्घकालीन नीतियां बनानी होंगी। वेंचर कैपिटलिस्टों द्वारा समर्थित ओला कंपनी ने अपना पहला विद्युत स्कूटर लांच किया है जिसकी एक ही दिन में एक लाख से अधिक बुकिंग हो गई हैं। ओला व अन्य दो पहिया मूल उपकरण विनिर्माता-ओईएम अद्यतन विनिर्माण प्लांट स्थापित करने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में टेस्ला को आयात कर में छूट इस दिशा में भावी उद्यमों को हतोत्साहित करेगा। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि टेस्ला की बिजनेस माडल कंपनी घरेलू आटो हिस्सा-पुर्जा विनिर्माताओं को कोई अवसर नहीं देती है।

इलोन मस्क के शब्दों में, 'हमारे पास व्यापक आंतरिक विनिर्माण तकनीक है और हम उस पर निर्माण करेंगे। इसका अर्थ है कि हम जो चीज बनाना चाहते हैं उसके लिए मशीन डिजाइन करेंगे और फिर मशीन बनाएंगे।' हमें असेंबल कारों पर आयात कर नहीं घटाना चाहिए। इसके बजाय हमें ईवी को समर्थन देने के लिए राजकोषीय व गैर-राजकोषीय कदम उठाने चाहिए। जीएसटी, रजिस्ट्रेशन फीस, परमिट फीस व रोड टैक्स में कमी के साथ ही पीएलआई व ईवी वाहनों में परिवर्तन को प्रोत्साहन ऐसे कुछ कदम हैं। ईवी वाहनों के सीधे आयात से शोध एवं विकास में निवेश को हतोत्साहित करने के बजाय हमें ऐसा परिवेश बनाना चाहिए जिसमें ईएंडडी में निवेश बढ़े। यदि हम टेस्ला कारों को आयात की अनुमति देते हैं तथा आयात कर में छूट देते हैं तो हम ईवी परिवेश विकास में बाधा पैदा करेंगे।

हमें दुनिया की तेजी से एकीकृत होती बाजार का लाभ उठा कर भारतीय कंपनियों को दीर्घकालीन तकनीकी लाभ प्रदान करने चाहिए। अभी ईवी की तकनीकों का विकास शिखर तक नहीं पहुंचा है तथा इसमें अनेक संभावनायें हैं। हमने इसी रास्ते पर चलते हुए मोबाइल फोन क्षेत्र में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है क्योंकि भारत ने 2000 दशक की शुरुआत में ही मोबाइल फोन विनिर्माण क्षमताओं का विकास किया था। हमें भावी वैश्विक बाजार में मजबूत स्थिति के लिए सुदृढ़ तकनीकी नीव की जरूरत है। इसके लिए हमें आटोमोबाइल क्षेत्र के निर्यात को रिकार्ड ऊंचाई तक ले जाना होगा तथा किसी भी कीमत पर टेस्ला कारों के आयात कर में छूट से बचना होगा।

# नए युग की डिजिटल कम्पनियों पर कराधान



**हिमा बिंदू कोटा**
(लेखिका एमिटी विश्वविद्यालय में सह प्रोफेसर हैं)

डिजिटल तकनीक ने न केवल दुनिया के काम करने के तरीके को बदल दिया है, इसने देश की कराधान प्रणाली में भी पैठ बना ली है। वर्षों से, कोई भी कंपनी जो भारत की निवासी है, कराधान कानूनों के दायरे में आती रही है। हालांकि, किसी कंपनी को आर्थिक गतिविधि में संलग्न होने के लिए अब किसी देश का निवासी होने की आवश्यकता नहीं है। प्रौद्योगिकी और इंटरनेट ने एक कंपनी को एक देश में मौजूद होना और दूसरे में काम करना संभव बना दिया है। इसने उन देशों के लिए चिंता पैदा कर दी है जहां उपभोक्ता स्थित हैं क्योंकि वे पुराने कानूनों के कारण कर संग्रह के अपने हिस्से से वंचित हैं, जिनमें कर लगाने के लिए कंपनियों की भौतिक उपस्थिति की आवश्यकता होती है।

इस विसंगति के कारण अंतरराष्ट्रीय कराधान कानूनों में तत्काल संशोधन की आवश्यकता है। इस मुद्दे को हल करने के लिए, अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा कुछ आम सहमति प्राप्त करने के लिए कई प्रयास किए गए हैं, विशेष रूप से आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) द्वारा बेस इरोशन एंड प्रॉफिट शेयरिंग (बीईपीएस) कार्य योजना 1 के तहत, जिसमें कुछ अंतरिम की सिफारिश की गई है। नए युग की डिजिटल अर्थव्यवस्था से उत्पन्न होने वाली कर चुनौतियों से निपटने के अवसर।

ऐसा ही एक विकल्प 'महत्वपूर्ण आर्थिक उपस्थिति' (एसईपी) की अवधारणा है जिसे दो तरीकों से परिभाषित किया जा सकता है। सबसे पहले, भारत में किसी भी व्यक्ति के साथ एक अनिवासी द्वारा किए गए किसी भी सामान, सेवाओं या संपत्ति के संबंध में कोई लेनदेन, जिसमें भारत में डेटा या सॉफ्टवेयर डाउनलोड करने का प्रावधान शामिल है, यदि इस तरह के लेनदेन या लेनदेन के दौरान होने वाले भुगतानों का कुल योग पिछले वर्ष 2 करोड रुपए से अधिक है। दूसरे, भारत में 300,000 उपयोगकर्ताओं के साथ व्यापार गतिविधियों की व्यवस्थित और निरंतर याचना या बातचीत में संलग्न होना। एसईपी की अवधारणा को




'व्यावसायिक कनेक्शन' के दायरे में पेश किया गया था, जो कि किसी भी दो उद्यमों के बीच एक निरंतर और निरंतर व्यापार संबंध है जिसके परिणामस्वरूप एक अनिवासी इकाई का लाभ होता है। बीईपीएस एक्शन प्लान 1 की सिफारिश के अनुसार, एक अनिवासी उद्यम कर योग्य होगा यदि उसके पास उस देश में एक एसईपी है, जो प्रौद्योगिकी और स्वचालन की मदद से अर्थव्यवस्था के साथ एक केंद्रित, निरंतर और निरंतर जुड़ाव में लगा हुआ है।

दिलचस्प बात यह है कि भारत इस दिशा में शुरुआती कदमों में से एक रहा है। जैसा कि मौजूदा कर कानूनों में संशोधन एक समय लेने वाली प्रक्रिया है, भारत में शीर्ष कर प्रशासनिक निकाय, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के मार्गदर्शन में एक समिति का गठन किया गया था, जिसने 2016 में छह के बराबर कर लगाने की सिफारिश की थी। ऑनलाइन विज्ञापन और सहायक सेवाओं में भारत के लिए एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में प्रतिशत। बाद में, 2020 तक, वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाइन बिक्री को शामिल करने के लिए डोमेन का विस्तार किया गया। यह 2022 से प्रभावी हो जाएगा।

उदाहरण के लिए, भारत में लाखों डॉलर का सामान बेचने वाली इंटरनेट की दिग्गज कंपनी अलीबाबा पर वर्तमान में एक उद्यम के रूप में कर नहीं लगाया जाता है क्योंकि यह भारत में भौतिक रूप से मौजूद नहीं है। एसईपी की अवधारणा की शुरुआत के साथ, अलीबाबा भारत में की गई बिक्री के लिए कर योग्य होगा। इसके अलावा, एसईपी की दूसरी शर्त के अनुसार, भारतीयों से व्यापार की याचना करने का कार्य और यहां तक ??कि वास्तविक बिक्री भी किसी भी उद्यम को . यह सूचना फ़ीड और समाचार जैसे फेसबुक और इंस्टाग्राम, और सोशल नेटवर्क और व्हाट्सएप, वीचैट और टिकटॉक जैसे अन्य जुड़ाव-आधारित प्लेटफार्मों द्वारा संचालित कंपनियों को भारतीय कराधान नियमों के दायरे में लाता है, उनकी आय या उपयोगकर्ता आधार निर्धारित सीमा को पार करने के अधीन है।

एसईपी भारत में स्थापित किसी भी संपर्क कार्यालय पर भी लागू होता है क्योंकि वे व्यवसाय की निरंतर याचना में भी शामिल होते हैं, उन्हें इसके दायरे में लाते हैं। यह कई विदेशी कंपनियों को इन शर्तों को दरकिनार करने के लिए अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों को स्थापित करने और विदेशी कंपनियों के लिए 40 प्रतिशत कर दर की तुलना में 25 प्रतिशत की कम कर दर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित कर सकता है।

कुल मिलाकर, व्यापार संबंध और महत्वपूर्ण आर्थिक उपस्थिति दोहरे कराधान से बचाव समझौते (डीटीएए) के अधीन लागू होगी, जो भारत में व्यापार उद्यम के गृह देश के साथ है। डीटीएए में आम तौर पर उन शर्तों को परिभाषित करने वाले विशिष्ट खंड होते हैं जिनके तहत एक मेजबान देश अपने देशों में स्थित विदेशी कंपनियों पर कर लगा सकता है। और चूंकि डीटीएए किसी भी घरेलू कर नियमों को ओवरराइड करते हैं, यह उन स्थितियों में विदेशी कंपनियों पर कर लगाने में जटिल होगा, जब महत्वपूर्ण आर्थिक उपस्थिति की अवधारणा का उल्लेख नहीं किया गया है। हालांकि, इस तरह का कदम डिजिटल तकनीक के इस नए युग में कर कंपनियों के प्रति भारत की मंशा को दर्शाता है। महत्वपूर्ण आर्थिक उपस्थिति को परिभाषित करने के लिए आम तौर पर स्वीकृत थ्रेसहोल्ड का निर्धारण करने में एक वैश्विक सहमति नए युग की डिजिटल कंपनियों पर कर लगाने में एक लंबा रास्ता तय करेगी।

## आप की बात

### चिंता का विषय

**रक्षा** अनुसंधान एवं विकास संगठन के 6 संविदा कर्मचारियों को पाकिस्तान खुफ़िया एजेंसी आई एस आई को रक्षा सम्बन्धी गोपनीय सूचनाएं देने के आरोप में बालेश्वर उड़ीसा पुलिस ने गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से गोपनीय दस्तावेज भी बरामद हुए। ये सभी चांदीपुर इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज के लॉन्च पैड में कार्यरत थे। ये सभी मिसाइल परीक्षण से सम्बंधित जानकारी लीक कर चुके थे। फेसबुक के माध्यम से एक महिला के प्रेमजाल में फंस कर ये गुप्त सूचनाएं लीक कर रहे थे। जिसके बदले यह महिला इनके खातों में पैसे ट्रांसफर करती थी। ध्यान देने योग्य बात है। डी आर डी ओ चांदी पुर से वर्ष 2015 में भी एक संविदा फोटोग्राफर जो भारतीय रक्षा से सम्बंधित गुप्त सूचनाएं पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आई एस आई को लीक करते पकड़ा गया। जो देशद्रोह मामले में आजीवन सजा भुगत रहा है। पाकिस्तान देश की रक्षा, सुरक्षा, विकास और अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने के लिये उसकी गुप्तचर एजेंसी आईएसआई जाल सारे देश में फैलाये बैठी है। चंद कागज के टुकड़ों पर देश के साथ गद्दारी करने वाले आस्तीन के सांपो और गद्दारों की भरमार है। इन देश के महत्वपूर्ण विभागों में संविदा और ठेकेदारी पर काम नही कराना चाहिये।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### डेंगू और वायरल का कहर

**उत्तर** प्रदेश, बिहार सहित देश के सभी राज्यों में वायरल बुखार व डेंगू बुरी तरह से फैल रहा है। चिंताजनक बात यह है वायरल बुखार व डेंगू से बच्चे भी प्रभावित हो रहे हैं, इससे बच्चों समेत कई लोगों की मौतें भी हो चुकी है। खबरों के मुताबिक अधिकतर जगहों पर स्वास्थ्य का ढांचा चरमरा रहा है। मरीजों को स्ट्रेचर, एंबुलेंस, मुकम्मल इलाज जैसी सुविधा नहीं मिल रही है। इलाज के लिए भर्ती मरीजों तथा बच्चों का एक ही पलंग पर दो दो मरीजों का इलाज चल रहा है। मृत्यु होने पर शव को कंधे पर उठाकर ले जा रहे हैं। छवि की नहीं आम जनता की चिंता करते हुए, सच्चाई को स्वीकार कर स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो कमियां चुनौति बनकर खड़ी हुई है,उन्हें प्राथमिकता से दूर करने का प्रथम कर्तव्य होना चाहिए। आम जन बीमारी से परेशान हैं। जब यह आमजन ही त्रस्त रहेगा,तो प्रजातंत्र मस्त कैसे हो सकता है। चाहे सरकार की कमान किसी के भी हाथों में हो, उन्हें स्वास्थ्य का ढांचा सुधारना ही होगा। इसे नाकामी नहीं, चुनौती मानकर सुधार के क्षेत्र में आगे बढ़ना होगा। प्रजातंत्र में अंतिम लक्ष्य तो यही होता है कि आम आदमी को हर एक सुविधा बिना किसी परेशानी के मिले।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

### तालिबान से सावधान!

**अफगानिस्तान** के हालिया घटनाक्रम से सर्वाधिक प्रभावित दक्षिण व दक्षिण एशिया के देशों में शामिल भारत को अत्यधिक सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि तालिबान के विभिन्न गुट तथा हक्कानी नेटवर्क अपनी आंतरिक प्रतिद्वंद्विताओं, कबीलाई विभाजनों तथा असहमतियों से निपट कर देश में सरकार बनाने का प्रयास कर रहे हैं। सरकार बनाने का प्रयास करने वाले समूहों के आतंक से जुड़े होने के कारण भारत का बहुत कुछ दांव पर लगा है। समान रूप से पाकिस्तान की भूमिका भी चुनौतीपूर्ण है जो वहां सक्रिय रूप से सहज तरीके से सरकार गठन के काम में लगा है। भारतीय हितों के विरोधी आतंकी समूह दोनों देशों में मौजूद हैं और यह कहना अभी बहुत जल्दबाजी होगी कि भारत के साथ शांतिपूर्ण संबंधों के तालिबानों के आश्वासनों पर आसानी से विश्वास किया जा सकता है। लश्करे तैयबा व जैशे मुहम्मद अफगानिस्तान में सक्रिय हैं और कहा जाता है कि वे भारत के खिलाफ हमले करने के लिए इसे अड्डे की तरह प्रयोग करने की संभावना पर विचार कर रहे हैं।

– **अनिल राजपूत**, प्रयागराज

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**दिल्ली** में दिवाली के दौरान प्रदूषण के खतरनाक स्तर को ध्यान में रखते हुए, हम पटाखों के उपयोग भंडारण, और बिक्री पर प्रतिबंध लगा रहे हैं।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**विशेष** रूप से आर्थिक सहयोग के क्षेत्र में हम ब्रिक्स संगठन की सदस्यता के फलस्वरूप लाभ उठाने में सफल रहे हैं।

– **सिरिल रामफोसा**
दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति



**नई** आबकारी नीति के लागू होने के बाद दिल्ली सरकार को एक साल में 3,500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा।

– **मनीष सिसोदिया**
दिल्ली के उपमुख्यमंत्री

# तेज आंधी-पानी से कच्ची दीवार ढही, एक की मौत

● तेज बारिश के चलते कई जगह बनी रही बिजली की किल्लत

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर

**लगातार** 12 घंटे से हो रही बरसात काल बन गयी है। तहसील क्षेत्र के अंतर्गत दीवार गिरने से 4 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। एक बच्चे की जहां मौके पर मौत हो गयी वही तीन बच्चों का इलाज सीएचसी में चल रहा है। हादसा उस वक्त हुआ जब बच्चे घर में अकेले सो रहे थे। महमूदाबाद तहसील के नबावपुर गांव निवासी परागीलाल के बच्चे शिवानी (4 वर्ष), शिवांशि (एक वर्ष), शुभम (8 वर्ष) , नंदनी (5 वर्ष) रात में छप्पर के नीचे सो रहे थे। गुरुवार को सुबह तेज आंधी के चलते बाहर लगा नीम का पेड़ गिर गया। नीम का पेड़ घर की दीवार पर गिरा जिससे दीवार छप्पर सहित भरभरा कर धराशायी हो गयी। हादसे के वक़्त मां लीलावती शौच के लिए गयी थी और पिता भी बाहर था। चीखपुकार सुनकर ग्रामीण इकट्ठे हुए। मलबा हटाकर बच्चे को निकाला गया। जहां शिवानी की मौके पर मौत हो गयी जबकि तीन बच्चे गंभीर घायल हो गए। सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर तहसीलदार मनीष कुमार, कानूनगो संतोष कुमार, लेखपाल राजकुमार दिनकर मौके पर पहुँचे। तहसीलदार ने बताया कि परिजन पीएम कराते हैं तो आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। उधर तेज बारिश और हवा के चलते कई जगह 33 केवी भवानीपुर और पुराना सीतापुर कि लाइन पर पेड़ गिरने से तार टूट गए थे, और कई जगह 11000 की लाइन पर भी पेड़ की ब्रांच लगने से सप्लाई डिस्टर्ब है छटाई चल रही है सप्लाई काफी जगह नॉर्मल हो गई है। भारी बरसात से शहर में भी कहीं-कहीं जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई।


सीतापुर-आंधी पानी से गिरे पेड़ को सही करते ग्रामीण

# पवन सिंह 'शिल्पी' बने भाजपा जिला मीडिया प्रभारी

● जिलाध्यक्ष सहित तमाम कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

संवाददाता। सीतापुर

**पार्टी के कर्मठ** कार्यकर्ता पूर्व वरि. उपाध्यक्ष बार एसो. सीतापुर पवन सिंह 'शिल्पी' को भारतीय जनता पार्टी की मुख्य कार्यकारिणी में जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने बताया कि पवन सिंह का पार्टी के प्रति समर्पण देखते हुए उनको पार्टी का जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा द्वारा पार्टी कार्यालय पर स्वागत किया गया। नवनियुक्त मीडिया प्रभारी पवन सिंह 'शिल्पी' ने कहा कि जो पद मुझे मिला है मै उसका निष्ठा से वहन कर पार्टी के लिए सदैव समर्पित रहूंगा। इस अवसर पर राष्टीय उपाध्यक्ष/धौरहरा सांसद रेखा अरुण वर्मा, सीतापुर सांसद राजेश वर्मा, सेवता विधायक ज्ञान तिवारी, लहरपुर विधायक सुनील वर्मा, बिसवां विधायक महेंद्र यादव, हरगांव विधायक सुरेश राही, महोली विधायक शशांक त्रिवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव कुमार गुप्ता समेत जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर, जिला महामंत्री राजेश शुक्ला, जिला महामंत्री रोहित सिंह, जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्र, जया सिंह, इंदू सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा कंचन प्रभा पांडेय, सुधाकर शुक्ला, भाजयुमो जिला संयोजक अनूप विश्वकर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सचिन मिश्र, युवा मोर्चा के वैभव सिंह, अमन विक्रम सिंह, मिश्रिख मंडल अध्यक्ष भास्कर मिश्र, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज पांडेय, मछरेहटा मंडल अध्यक्ष केपी सिंह, ब्लाक प्रमुख गोंदलामउ नमिता अवस्थी, ब्लाक प्रमुख पिसावां मिथिलेश यादव आदि कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।


सीतापुर-मीडिया प्रभारी का स्वागत करते जिलाध्यक्ष व अन्य।

## क्विक न्यूज

### ऊंचाई से गिरकर मजदूर की मौत

**बरेली।** बिशारतगंज थाने के गांव पस्तोर निवासी 40 वर्षीय मोर सिंह पुत्र चरण लाल कीर कल शाम सुभाष नगर थाना क्षेत्र में करगेना इलाके की एक निर्माणाधीन इमारत में काम के दौरान ऊंचाई से गिरकर मौत हो गई द्य पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद उसके घर वालों ने बताया कि मोर सिंह कई दिनों से करगेना स्थित एक निर्माणाधीन इमारत में मजदूरी करने के लिए आता था द्य कल दिन में इमारत में काम के दौरान सीमेंट की बोरी ऊंचाई पर ले जा रहा था द्य इसी दौरान पैर फिसलने से वह नीचे गिर पड़ा और सीमेंट की बोरी उसके ऊपर गिर गई द्य साथ काम कर रहे मजदूरों ने घटना की जानकारी उसके घर वालों को दी जो तुरंत मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक मोर सिंह की मौत हो चुकी थी द्य घटना की शिकायत पुलिस से की गई पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी मृतक 5 बच्चों का पिता था द्य उसकी पत्नी का नाम नन्हीं देवी है ।

### वकील के हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग

**बरेली।** बरेली बार एसोसिएशन के सचिव वीरेंद्र प्रसाद ध्यानी के नेतृत्व में आज एक प्रतिनिधिमंडल एसएसपी से मिलने पहुंचा और उन्हें एक ज्ञापन देकर बताया कि 14 सितंबर की शाम को बिशारतगंज थाने के गांव अत्तरछेड़ी निवासी अधिवक्ता संजय सिंह की उनके ही गांव के समीप जीप से कुचल कर हत्या कर दी गई थी द्य जिसमें मुदित प्रताप सिंह, गुड्डू, राहुल,, मयंक अवस्थी, के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी द्य लेकिन पुलिस ने अभी तक किसी भी हत्या आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है द्य ज्ञापन में सभी आरोपियों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने की मांग की गई और कहा कि अगर उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया तो बरेली बार एसोसिएशन और अन्य अधिवक्ता संगठन संजय सिंह के परिजनों के साथ मिलकर कोई भी फैसला ले सकते हैं द्य इसलिए हत्या आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए

### गोवंश पशु का मास छोड़कर फरार 3 अभियुक्त गिरफ्तार

**बरेली ।** कार में भरा गो वंशीय पशु का मांस छोड़कर फरार हुए तीन अभियुक्तों को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा । बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला हजियापुर स्थित खजूर वाली गली में रहने वाले मुजीब उर्फ बड़े, जीशान उर्फ भूरा और यही के इमरान उर्फ भूरा को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया द्य पुलिस के अनुसार भुता थाना क्षेत्र के गांव लैया खाई खेड़ा में 5 सितंबर को नहर पट्टी पर गश्त के दौरान पुलिस ने एक कार को रोका तो उसने सवार तीन लोग अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए द्य तलाशी के दौरान कार से डेढ़ कुंटल गोवंशीय पशुओं का मांस बरामद हुआ द्य पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी और आज मुखबिर की सूचना के बाद तीनों अभियुक्तों को भुता थाना क्षेत्र के गांव नवादिया झादा चौराहा के पास से गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा ।

### पीएम के जन्मदिन पर जरूरतमंदों को बांटे फल

**जन्मदिन के पूर्व संध्या पर अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष ने किया आयोजन**

**सीतापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के पूर्व संध्या पर काशीराम कॉलोनी में भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष समीर अहसन रिजवी द्वारा अपने सभी पदाधिकारियों सहित वहां के लोगो को बिस्कुट व केले का वितरण किया गया। सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगो को जागरूक किया। वितरण के दौरान मुख्यता जिला महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा महबूब रजा, जिला महामंत्री सरदार तीरथ सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा मोहम्मद जीशान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा जुनेद आलम, जिलाकार्यकारिणी सदस्य अल्पसंख्यक मोर्चा सैयद माहिर हुसैन मोहम्मद असद, भाजपा कार्यकर्ता रिशांत परमार अन्य पदाधिकारी भारी बरसात होने के बावजूद भी उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा समीर अहसन रिजवी ने कहा कि जनता को योजनाओं मिल रहा है और 2022 चुनाव में उत्तर प्रदेश में भारी मतों से सरकार बनाने की अपील की।


सीतापुर-पीएम के जन्मदिन पर फल वितरित करते जिलाध्यक्ष समीर अहसन रिजवी।

# अब सड़क सुरक्षा में महती भूमिका निभा सकती हैं महिलाएं


सीतापुर-कार्यक्रम में मौजूद एआरटीओ माला बाजपेयी व अन्य

● मिशन शक्ति को लेकर परिवहन विभाग ने आयोजित किया कार्यक्रम

संवाददाता। सीतापुर

**महिलाओं के** उत्थान के बिना समाज का विकास सम्भव नहीं है, यह बात सेव लाइफ फाउन्डेशन द्वारा आयोजित ''मिशन शक्ति' कार्यक्रम में एआरटीओ (प्रशासन), माला बाजपेई ने कही। उन्होने कहा कि महिलाए सड़क सुरक्षा में महती भूमिका निभा सकती है, एक शिक्षित महिला दो परिवार को संवार देती है इसलिए बालिकाओं को अच्छी शिक्षित होना अतिआवष्यक है। उन्होने कहा कि शिक्षित महिला कई परिवारों को सजोने का कार्य करती हैं, शासन द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से महिलाओं की चहुमुखी प्रतिभा का विकास हो रहा है, उन्होने बताया कि 10 मुद्दे वुमेन पावर लाइन, 181-महिला हेल्पलाइन, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098-चाइल्ड लाइन सेवाएं महिलाओं के लिए कारगर हैं। यात्रीकर अधिकारी शैहपर किदवई ने महिलाओ के प्रति सदाचारपूर्ण व्यवहार करने हेतु प्रेरित किया। उन्होने कहा कि जो व्यवहार हम अपने घर में बहन व माता से करते है ऐसा ही व्यवहार अन्य महिलाओ के साथ करना चाहिए। उन्होने कहा बेटियो को आत्मरक्षा के गुर जरूर सीखने चाहिए। कार्यशाला में, प्रधान सहायक नीरज निगम, अनामिका विश्वकर्मा, राखी मिश्रा, अनूप पाण्डेय, सुदीप आर्या, रामप्रसाद, प्रामिस मिश्रा, षैलेन्द्र दीक्षित, सन्तोश, संजय, आदि मौजूद रहे।

# सीडीओ ने की युवा सलाहकार समिति के साथ मंत्रणा

● बैठक के दौरान एजेण्डे में सभी बिन्दुओं पर हुई चर्चा

संवाददाता। सीतापुर

**मुख्य विकास** अधिकारी अक्षत वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बुधवार को नेहरू युवा केन्द्र सीतापुर की जिला युवा सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सभी एजेण्डा बिन्दुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। बैठक के दौरान वार्षिक कार्ययोजना पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने नेहरू युवा केन्द्र के स्वयं सेवकों से अपेक्षा की कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार में अपना सहयोग प्रदान करें। साथ ही निर्देश दिये कि संबंधित खण्ड विकास अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी के समन्वय में रहें। स्वास्थ्य विभाग के कोविड टीकाकरण एवं आयुष्मान कार्ड बनाये जाने संबंधी महत्वपूर्ण योजनाओं में सहयोग किये जाने के निर्देश भी मुख्य विकास अधिकारी ने दिये। एजेण्डा प्रस्तुत करते हुये जिला युवा अधिकारी रोशनी पटवा ने बताया कि वर्ष 2021-22 की वार्षिक कार्ययोजना में आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत व्यापक प्रचार-प्रसार एवं प्रशिक्षण दिये जाने की योजना प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त कोविड-19 के दृष्गित जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन भी किया जायेगा। जिला युवा अधिकारी ने यह भी बताया कि राष्ट्रवाद एवं देशभक्ति की भावना को मजबूत करने के लिये विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। महात्मा गांधी जी की 150 वीं जन्म जयन्ती के अवसर पर भी स्वच्छता पर ध्यान केन्द्रित करने एवं स्वच्छता का वातावरण बनाने के प्रति जागरूकता हेतु भी कार्यक्रमों का आयोजन वर्ष 2021-22 की कार्ययोजना में प्रस्तावित है। बैठक के दौरान जिला युवा कल्याण अधिकारी विष्णु पाल, जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र रोशनी पटवा, लीड बैंक मैनेजर प्रीती पाण्डेय, जिला व्यायाम शिक्षक राज शर्मा जिला समन्वयक यूनीसेफ नीतेश सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


सीतापुर-बैठक करते सीडीओ अक्षत वर्मा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में सिपाही की मौत

संवाददाता। बरेली

**एक सिपाही की** ड्यूटी के दौरान अचानक हालत बिगड़ गई उसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया द्य जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी सुभाष नगर थाना क्षेत्र के बंसीनगला स्थित अशोक नगर निवासी प्रेमपाल की आज सुबह एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि प्रेम सिंह पुलिस विभाग में कांस्टेबल के पद पर तैनात थे और पिछले दिनों उनका स्थानांतरण पीलीभीत से मुरादाबाद की पुलिस लाइन हुआ था आज सुबह अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने पर घर के लोग उन्हें इलाज के लिए बरेली के निजी अस्पताल लाए यहीं पर कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई मृतक तीन बच्चों का पिता था पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

# बिजली विभाग की लापरवाही से बरोठा में घट सकती है बड़ी घटना

**निघासन-खीरी।** एक तरफ सरकार बिजली विभाग की लाचार व्यवस्था को सुधारने का लगातार प्रयास कर रही है तो दूसरी तरफ बिजली विभाग के लोग सरकार को बदनाम करने पर तुले हैं। ग्राम पंचायत बरोठा में विजली विभाग की लापरवाही से जर्जर तार आए दिन टूट कर गिर जाते है। फोन करने पर या तो फोन बंद मिलता है या फिर कोई जल्दी उठाता नही है। ग्रामीणों ने कई बार इसकी शिकायत की मगर विभाग के कानों में जूं तक नहीं रेंगती। ग्राम बरोठा में 35 वर्षों से ज्यादा चल रही बिजली लाइन के तार इतने पुराने हो चुके है कि आये दिन टूट कर जमीन में गिर जाते हैं। सूचना के दो-तीन बाद प्राइवेट लाइन मैन आता है तो ग्रामीणों से चंदा के नाम पर सुविधा शुल्क लेकर ही काम करता है। लोगों का कहना है कि कई बार घरों में आग लग चुकी है और एक सांड़ भी गिरे हुए तार की चपेट में आकर जान गंवा चुका है। यदि इस प्रकार घटना घटती रही तो किसी भी दिन बहुत बड़ा हादसा हो सकता है। बिजली विभाग की इस बड़ी लापरवाही को देखते हुए ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र देने का मन बनाया है।



# जमीन जोतने के खिलाफ धरने पर बैठे लोग

संवाददाता। मैलानी-खीरी

**मैलानी देहात** के अंतर्गत आने वाले सलावत नगर ग्राम पंचायत के कोरियानी के निकट फारेस्ट कोठी के पीछे रहने वाली गुरमीत कौर ने बताया कि उनकी भूमि का वाद न्यायालय में विचाराधीन है। जिस पर विपक्षी जय राखन को विगत समाधान दिवस में तहसीलदार गोला द्वारा कोई भी कार्य न करने की सख्त हिदायत दी थी। इसके बाबजूद भी जय राखन 15/16 सितम्बर की रात्रि लगभग 9 बजे विवादित भूमि की जुताई करने लगा। गुरमीत कौर ने विरोध करते हुए मामले की सूचना थाना मैलानी पुलिस को दी। आरोप है कि सूचना पाकर देर से पहुंचे उप निरीक्षक अनुज शर्मा ने गुरमीत कौर व वहां मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं से अभद्रता की। जिससे गुस्साए लोगों ने घटना स्थल के निकट ही धरने शुरू कर दिया। विपक्षी तथा उप निरीक्षक अनुज शर्मा द्वारा की गयी अभद्रता को लेकर कार्रवाई की मांग करने लगे। सूचना पाकर थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्र भान यादव ने भी धरने पर बैठे लोगों को कार्रवाई करने का आश्वासन देकर मामले को शांत कराने का प्रयास किया परंतु लोग अपनी बात को लेकर बैठे रहे। सूचना पाकर सीओ गोला संजय तिवारी भी मौके पर पहुंचे तथा लोगों की बात सुनकर राजस्व विभाग का मामला होने तथा जांच पड़ताल करके उच्चाधिकारियों को अवगत कराते दोषियों के विरुद्ध कार्य वाही करने का आश्वासन देकर धरने को समाप्त कराया। गुरमीत कौर का आरोप है कि मेरे द्वारा प्रार्थना पत्रों को दिए 16 दिनों के बाद भी राजस्व व पुलिस विभाग ने कोई कार्यवाही नहीं की। धरना रात्रि 9:30 से लेकर एक बजे तक जारी रहा। धरने मे गुरमीत कौर, भाजपा कार्यकर्ता मंजू श्रीवास्तव, गोपाल श्रीवास्तव, सरस्वती घुरिया, पीयूष अवस्थी, डी.सक्सेना व भवानी शंकर माहेश्वरी सहित तमाम लोग मौजूद रहै ।पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला संजय तिवारी ने बताया कि इस प्रकरण में जांच कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर अग्रिम जांच कार्यवाही की जा रही है। संबंधित राजस्व अधिकारियों को मामले की जानकारी दे दी गयी है। शीघ्र ही राजस्व विभाग विधिक कार्यवाही करेगा।



# पराली जलाया तो योजनाओं का लाभ हो जाएगा बंद: डीएम

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**पराली जलाने** से प्रदूषण को लेकर अब प्रशासन सख्त हो गया है। डीएम डॉ अरविंद कुमार चौरसिया ने कहा है कि यदि कोई व्यक्ति पराली जलाने का दोषी पाया जाता है तो उसे किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिलेगा। वही उसकी खतौनी में शिकायत दर्ज कर दी जाएगी। बुधवार की देर शाम डीएम ने अधिकारियों के संग बैठक की। कहा कि पराली व फसल अपशिष्ट न जलाया जाए, इसे सुनिश्चित करें। यदि पराली जलाने का कोई दोषी पाया जाता है तो अब दोषी व्यक्तियों को किसी भी प्रकार का सरकारी योजनाओं से संबंधित लाभ, अनुदान नहीं दिया जायेगा। डीएम ने एसडीएम को निर्देश दिए कि पराली जलाने वाले किसानों की खतौनी पर शिकायत दर्ज की जाए।



### बिना सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट के धान की कटाई की तो कंबाइन होगी सीज

**डीएम ने** पराली को जलाने से रोकने के लिए जिले के सभी कंबाइन हार्वेस्टर में सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम लगाया जाना अनिवार्य कर दिया गया है। एसएमएस के बिना जो कंबाइन कटाई करते हुए पाई जाएगी तो मालिक के विरुद्ध राष्ट्रीय हरित अभिकरण की गाइडलाइन के अनुसार प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। कंबाइन सीज कर दी जाएगी और अर्थदंड भी लगाया जाएगा। इसकी निगरानी के लिए जिले के सभी कंबाइन पर कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगा दी गई है। बैठक में सीडीओ अनिल सिंह, एडीएम अरुण कुमार सिंह, डीडी कृषि डॉ योगेश प्रताप सिंह, सभी एसडीएम, तहसीलदार, बीडीओ मौजूद रहे।

# खीरी में लर्निंग गैप 100 दिन में पूरा करेंगे शिक्षक

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**कोविड-19 के** बाद पठन-पाठन व लंबे अंतराल के बाद उत्पन्न हुए लर्निंग गैप को दूर करने के उद्देश्य से खीरी में नई पहल शुरू हुई। नोडल अधिकारी आयुक्त लखनऊ मंडल रंजन कुमार के निर्देश पर इस पहल के तहत लर्निंग गैप को 100 दिन में पूरा करने हेतु डीएम व सीडीओ के कुशल निर्देशन में प्रशासनिक व एकेडमिक कार्ययोजना बनी। बुधवार की देर शाम कलेक्ट्रेट में बीएसए लक्ष्मी कांत पांडेय ने पीपीटी के जरिए इसका प्रस्तुतीकरण दिया। डीएम डॉ अरविंद कुमार चौरसिया ने कहा कि लॉकडाउन के कारण हुए शिक्षण गैप को समाप्त करने पठन-पाठन के तरीके को अत्यंत सरलीकृत करने हेतु प्रशासनिक एवं एकेडमिक कार्ययोजना की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ। जनपद खीरी में नवाचार के तहत शुरू इस संपूर्ण लक्ष्य को 100 दिन (हैंडेड-डे-कैंपेन) में प्राप्त कर शत प्रतिशत बच्चों को अपनी अपनी कक्षानुसार ग्रेड कम्पेटेंट (शिक्षण योग्य) बनाए। इसमें सभी खंड शिक्षा अधिकारी लीड रोल लेकर हैंडेड-डे-कैंपेन के लक्ष्य को तय मापदंडों व पैरामीटर्स के अनुरूप पूरा कराए।सीडीओ अनिल सिंह ने कहा कि नोडल अधिकारी के निर्देश एवं डीएम के मार्गदर्शन में लॉकडाउन के कारण हुए शिक्षण गैप को समाप्त करने, पठन-पाठन के तरीके को सरलीकरण बनाने हेतु जनपद स्तर पर प्रशासनिक व एकेडमिक कार्ययोजना बनाई, जिसमें 100 दिनों का लक्ष्य भी नियत है। जिसे सभी संबंधित अधिकारी पूरी तन्मयता से जुटकर तय मापदंडों के अनुरूप लक्ष्य को पूरा करे।बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत पांडेय ने पीपीटी के जरिए प्रशासनिक व एकेडमिक कार्ययोजना को बिंदुवार रेखांकित किया। उन्होंने विद्यालय में छात्र-छात्राओं के नामांकन, उनकी उपस्थिति, एआरपी के जरिए समस्त विद्यालयों में समय सारणी लागू करने, उसके अनुरूप पठन-पाठन कार्य शुरू करने, प्रार्थना सभा पर प्रश्न बैंक से प्रश्नावली कराने, अंतिम कालांश में अनिवार्य रूप से खेल व योगा कराने, छात्र-छात्राओं में भाषा व गणित विषय के अधिगम स्तर को बढ़ाने, प्रेरक कक्षा बनाने हेतु विविध गतिविधियों, विद्यालय में दैनिक उपस्थिति विवरण ब्लैक बोर्ड पर अंकित करने सहित अन्य प्रशासनिक बिंदुओं पर विस्तृत कार्ययोजना पेश की।उन्होंने एकेडमिक कार्ययोजना के तहत कोविड-19 के कारण गत 1.5 वर्ष से बच्चों के ना आने के कारण उनकी शिक्षा में हुई हानि को न्यून में रखने के लिए डीएम-सीडीओ के निर्देशन में बनाई गई रणनीति का प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने सामुदायिक सहभागिता, मिशन प्रेरणा के तहत शिक्षकों की कार्यों को रेखांकित किया। उन्होंने विद्यालय के साप्ताहिक-मासिक कैलेंडर, जनपद स्तर से अनुश्रवण शैक्षणिक सामग्री एवं ऑनलाइन ओरियंटेशन, सप्ताहिक बालसभा, छात्र-छात्राओं के मूल्यांकन हेतु नवाचार की जानकारी दी।

### राजकीय व निजी आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया शुरू .18 सितंबर तक ले प्रवेश

**लखीमपुर-खीरी।** राजकीय आईटीआई प्रधानाचार्य वाईडी सिंह ने बताया कि जनपद स्थित राजकीय व निजी आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गयी। परिषद द्वारा प्रवेश लेने की पुनरीक्षित कर प्रवेश की अन्तिम तिथि 18 सितंबर तक निर्धारित है। सभी चयनित अभ्यर्थी अपने मूल अभिलेखों तथा उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रतियॉ (चयनित पत्र, जाति, निवास, आधार, 02 फोटो, आदि प्रमाण पत्रों के साथ) सम्बन्धित निजी व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में उपस्थिति होकर अपना प्रवेश नियत तिथि तक लेना सुनिश्चित करें।

# संजय वर्मा छात्र सभा के जिला महासचिव बनाये गए

**ढखेरवा खीरी।** युवराज दत्त महाविद्यालय में पढ़ाई के दौरान छात्रों की समस्यों के लिए लगातार संघर्षो का चर्चित चेहरा एवं समाजवादी विचारधारा से प्रभावित होकर समाजवादी पार्टी का झंडा बुलंद करते हुई छात्र राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाने वाले पार्टी के प्रति समर्पित युवा चेहरे को तरजीह देते हुए समाजवादी छात्र सभा जनपद खीरी का महासचिव बनाये जाने कार्यकर्ताओ में हर्ष है। बताते चले कि नगर के युवराज दत्त महाविद्यालय से छात्र राजनीति की शुरुआत करने वाले नकहिया गांव के पटेल संजय वर्मा बतौर समाजवादी छात्र सभा के जिला सचिव से राजनीतिक सफर का आगाज किया। श्री वर्मा को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से पर प्रदेश अध्यक्ष छात्र सभा दिग्विजय सिंह देव के अनुमोदन पर छात्र सभा जिला अध्यक्ष प्रवीण यादव ने जिला महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी। सपा छात्र सभा आंदोलन का चेहरा रहे तथा छात्र आंदोलन के साथ-साथ किसानों महिलाओं के मूलभूत प्रश्नों पर भी संघर्ष करते रहे। पटेल संजय वर्मा के मनोनयन से जनपद लखीमपुर खीरी के समाजवादी पार्टी के छात्र युवाओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। मनोनयन पर पूर्व विधायक विनय तिवारी पूर्व विधायक सुनील कुमार लाला पूर्व जिला अध्यक्ष अनुराग पटेल पूर्व विधायक उत्कर्ष वर्मा शिक्षक सभा जिला महासचिव शाह नवाज़ खान, जिला सचिव राजपाल सिंह अमित रंजन बरनवाल उत्तम वर्मा आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

### केंद्रीय गृह राज्यमंत्री के दो दिवसीय कार्यक्रम तय

**लखीमपुर-खीरी।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' 17 सितम्बर से 18 सितम्बर तक जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों में रहेंगे। 17 सितम्बर को शाम 5 बजे जिला महिला चिकित्सालय में आक्सीजन प्लांट का लोकार्पण एवं सायं 6 बजे जिला भाजपा कार्यालय लखीमपुर में सदस्यता अभियान कार्यशाला में रहेंगे। 18 सितम्बर को 10 बजे जिला निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कलेक्टेऊट सभागार में, 12.30 बजे ब्लॉक लखीमपुर में सभा का आयोजन, 2:30 बजे इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के लखीमपुर चौप्टर का उद्घाटन कार्यक्रम एवं 5:30 बजे श्री अम्बिका राइस मिल, ग्राम बनवीरपुर में जनता दर्शन कार्यक्रम करेंगे।

# लगातार बारिश से खरीफ की फसल चौपट

**संवाददाता।** राठ (हमीरपुर)

**लगातार** हो रही बारिश से खेतों में खड़ी फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। फसल खराब होने से किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरे दिखाई देने लगी है। लगातार हो बारिश से किसानों के खेतों में खड़ी उड़द, मूंग, तिली सहित मूंगफली की फसल खराब हो गई है।

फसल खराब होने से किसान परेशान दिखाई दे रहा है। लगातार हो रही बारिश से खेतों में पानी की मात्रा अधिक हो गई है। जिससे फसल सड़कर नष्ट हो रही है। जिससे सैकड़ों बीघा जमीन की फसले पूरी तरह चौपट हो गई है। भाकियू के बुंदेलखंड सचिव किसान रामपाल सिंह चिकासी ने बताया कि उन्होने इस वर्ष अपने खेत में उड़द और मूंग की फसल बोई थी। लेकिन लगातार हो रही बारिश ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया है। बताया कि बारिश से मूंग, उड़द, तिली और मूंगफली की फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई है। बताया कि किसान धर्मपाल, ईश्वरदास, हरप्रसाद, झल्लू, चेतराम, रामदीन, भानुप्रताप, हरचरन, नबाव खां, मदन सहित सैकड़ों चिकासी क्षेत्र के किसानों की लगभग 600 बीघा की फसल खराब हो गई है। वहीं लींगा गांव निवासी किसान बाबूलाल अहिरवार, अशोक महाराज, अर्जुन अहिरवार, फूलसिंह अहिरवार, भगवानदास राजपूत, हरपाल राजपूत, देवनारायण राजपूत, गुडडन महाराज आदि किसानों ने बताया कि बारिश होने से फसलों को भारी नुकसान हुआ है और क्षेत्र के किसान की स्थिति बेहद खराब हो गई है।

## बरसात के चलते पक्का मकान धंसने से लाखों का नुकसान

**संवाददाता।** हमीरपुर

**तीन** दिन से लगातार बरसात होने के कारण जहां खेतों में पानी भरा हुआ है तो वहीं बरसात के चलते मकानों के गिरने का सिलसिला भी जारी है। कुरारा कस्बा क्षेत्र के बेरी गांव निवासी रिशू सोनी का बेरी गांव में पक्का मकान बनवाया था। बीते मंगलवार से हो रही बरसात के चलते उनका पीछे वाला मकान पूरी तरह से नीचे बैठ गया। गनीमत यह रही कि उस समय उसके आगे के हिस्से में कोई जनहानि नहीं हुई नहीं तो बढ़ा हादसा हो सकता था। मकान मालिक रिंशू सोनी ने बताया कि रात करीब एक बजे बारिश तेज हो गई और अचानक उनका पक्का मकान नीचे धस गया।

जब हादसा हुआ तो परिवार के सदस्य आगे वाले कमरे के अंदर ही सोए थे। मकान नीचे पूरी तरह से बैठ गया जिससे छत उसी तरफ झुक गई। गनीमत रही कि परिवार दूसरी तरफ था। जिससे उनका परिवार हादसे में बच गया। रिंशू सोनी ने बताया कि वह गांव में ज्वैलरी की दुकान कर अपना परिवार पाल रहे हैं। प्रशासन उन्हें सरकारी मदद मुहैया करवाकर छत दिलवाए।

वहीं गांव निवासी राजकुमार सोनी ने बताया किया उनका कच्चा मकान पिछले कई दिनों से हो रही बरसात के चलते उनका पीछे का मकान गिर गया। पीड़ित ने आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।



### अंडरब्रिज में बरसाती पानी भरने से हालात खराब

**मौदहा।** मौदहा में रेलवे विभाग द्वारा अरतरा मार्ग, ईचोली मार्ग व करहिया मार्ग बनाए गए अंडरब्रिजों में बरसाती पानी भर जाने से वहां तालाब जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाने के कारण लोगों का निकलना चलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपनी जान जोखिम में डाल रेलवे ट्रैक से निकलने को मजबूर है। हालांकि इन अंडरब्रिजों मे पानी भर जाने पर रेलवे विभाग कभी कभार पंपिंग सेट लगवा कर अंडरब्रिजों में भरा पानी बाहर फिंकवा देता है। लेकिन अभी रेलवे विभाग ने इसकी सुधि नहीं ली है।

### पुलिस ने आठ जुआरी पकड़े, 54 हजार रुपये बरामद

**जालौन** (उरई)। कोतवाली क्षेत्र चिमनदुवे में चल रहे जुआ के खेल पर पुलिस ने छापामारी की तथा हारजीत की बाजी लगा रहे 8 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है जिनके पास से 54 हजार 520 रुपए बरामद हुए हैं। बुधवार की सायं कोतवाली पुलिस ने चिमनदुवे इकलाक के मकान में चल रहे जुआ के फड़ को पकड़ने के लिए घेराबंदी की। पुलिस ने घेराबंदी कर बंद कमरे में चल रहे जुआ के फड़ पर छापेमारी कर जुआ खेल रहे मोहम्मद हाशिम, रहीश निवासीगण रापटगंज, जमीलउद्दीन, मोहम्मद असगर, इकलाक को पकड़ लिया है। पकड़े गए आरोपितों के पास से 51 हजार 720 रुपए तथा जामा तलाशी के दौरान 2800 रुपए बरामद हुए हैं।

### अनियमितताओं के आरोप में सहकारी सचिव निलंबित

**हमीरपुर।** सरीला ब्लाक के सरकारी समिति चंडौत के सचिव को वसूली में अनियमितता पाए जाने पर निलंबित कर दिया गया है। ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत सहायक निबंधक (एआर) कोआपरेटिव से की थी। कोआपरेटिव के सहायक निबंधक रामसागर चौरसिया ने बताया कि सरीला ब्लाक के ग्राम चंडौत के सचिव मैयादीन के खिलाफ गांव निवासी उमराव समेत तीन लोगों ने किसानों को दिए गए ऋण में अधिक पैसे वसूलने व कम पैसे की रसीद देने की शिकायतें की थी। इस मामले की जांच विभाग के एडीसीओ संतोष कुमार ने की। जिसमें मामला सही पाया गया और जांच रिपोर्ट एआर कोआपरेटिव को सौंप दी। एआर ने सचिव को दोषी मानते हुए निलंबित कर दिया है।

### विद्युत पोल में उतरे करंट लगने से महिला की मौत

रामपुरा (**जालौन**)। रामपुरा थाना अन्तर्गत ग्राम बहराई में विद्युत पोल के संपर्क में आयी महिला का करंट लगने से मौत हो गयी मृत महिला अवध कुँवर भैस छोड़ने गयी थी इसी दौरान बरसात के मौसम में विद्युत पोल से उतर रहे करंट के संपर्क में आयी महिला की मौके पर ही मौत हो गयी मृत महिला अपने पति श्यामबाबू के साथ ग्राम बहराई में निवास कर रही थी जबकि महिला के दो बेटे बृज किशोर व श्याम किशोर उर्फ कल्लू दोनों काम धंधे के लिये बाहर रहते है ग्रामीणों की मदद से पुलिस को सूचना दी गयी व महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामपुरा ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### लाइनमैन विद्युत पोल से गिरकर घायल

जालौन (**उरई**)। खंभे पर चढ़कर लाइट दुरुस्त कर रहा लाइनमैन अचानक खंभे से गिरकर घायल हुआ। आनन फानन में लोगों ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां उसका इलाज चल रहा है। बिजली विभाग में संविदा पर तैनात लाइनमैन धीरज गुरुवार की सुबह मोहल्ला हिरदेशाह में लाइन में खराबी आने पर खंभे पर चढ़कर उसे दुरुस्त कर रहा था। तभी अचानक वह फिसलकर खंभे से नीचे गिर गया। खंभे से नीचे सीधा जमीन पर गिरने से उसे चोटें आ गई। आनन-फानन में मोहल्ले के लोग उसे सीएचसी ले गए जहां उसे भर्ती कराया साथ ही बिजली विभाग के अधिकारियों को भी सूचना दी। सूचना मिलते ही बिजली विभाग के अन्य कर्मचारी भी वहां पहुंच गए। सीएचसी में घायल लाइनमैन का इलाज चल रहा है। इस संदर्भ में एसडीओ कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि लाइनमैन को खंभे पर चढ़कर काम करने के लिए सेफ्टी बेल्ट का प्रयोग करने के लिए कहा जाता है।

### पत्नी से मारपीट में पुलिस ने पति को भेजा हवालात

माधौगढ़ (जालौन)। गुरुवार को किसी बात को लेकर पति-पत्नी का आपस में झगड़ा हो गया पत्नि की शिकायत पर पुलिस ने पति का शांतिभंग के तहत 151 में चालान कर दिया। ग्राम रजपुरा निवासी इस्माइल खान पुत्र लालू खांन का किसी बात को लेकर पत्नि से झगड़ा हो गया जिस पर पत्नी ने पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी शिकायत के आधार पर उक्त को कोतवाली लाया गया व पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही करते हुए शांतिभंग तहत 151 में चालान कर दिया।

### मोबाइल देख रही महिला को चाकू लगा की लूट

रामपुरा (जालौन)। थाना क्षेत्र के ग्राम टीहर में बीती रात 10 बजे के लगभग अज्ञात बदमाशों ने डोली के गले पर चाकू लगाकर दुकान में रखे पैसे लेकर भाग गये। टीहर स्थित पुराने किले में रात में ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह चोरों की खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। मामले की सारी जानकारी थाना प्रभारी जेपी पाल को दी गई तो उन्होंने जल्द ही कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

### गुलाम मोइनुद्दीन ने जिले का नाम रोशन किया

मौदहा (**हमीरपुर**)। हाल में ही संपन्न हुई आईआईटी जे मेंस परीक्षा 2021 में कस्बे के हुसैनगंज निवासी गुलाम मोइनददीन ने 8400 वीं रैंक लाकर नगर समेत जनपद का नाम रोशन किया है। इनके पिता ताजुद्दीन कोतवाली अतर्रा में उर्दू अनुवादक पद पर तैनात हैं तथा मां घरेलू महिला हैं जिनकी शिक्षा एम. ए. इंग्लिश है। गुलाम ने हाई स्कूल में 92: व इंटरमीडिएट में 93 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। लॉकडाउन के चलते उन्होंने इस परीक्षा की तैयारी अपने घर में रह मां व गुरुजनों के सहयोग से की। गुलाम की इस उपलब्धि से उसके परिजन व गुरुजन फूले नहीं समा रहे हैं

### जहरीले कीड़े के काटने से युवक की मृत्यु

राठ (हमीरपुर)। राठ क्षेत्र के चिल्ली गांव में बीती रात खेत की रखवाली कर रहे किसान की जहरीले कीडे के काटने से मौत हो गई थी। गांव के पीरबख्श ने बताया कि वह अपने 32 वर्षीय पुत्र जलाउददीन के साथ खेतीवाड़ी का करता है। जलाउददीन गांव के हरनाथ का खेत बटाई पर लिये था। जिसमे उसने मूंग की फसल बोई थी। बुधवार को उसका पुत्र अन्ना जानवरों से फसल बचाने के लिये खेत की रखवाली कर रहा था। तभी उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। परिजनों ने युवक की काफी झाड़फूंक कराई। जहां झाड़ फूं के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पांच पुत्रियां आफरीन, सैफरीन, सानियां, आशिया, मायरा छोड़ गया है। इस संबंध एसडीएम अशोक कुमार यादव ने बताया कि तहसीलदार को मौके पर भेजकर परिजनों से बात की गई है।

### आटो पलटने से गंभीर रूप से तीन घायल

मौदहा (हमीरपुर)। ग्राम बन्नीपुरा से एक दर्जन से अधिक सवारिया लाद मौदहा आ रहा ऑटो राजमार्ग में पलटने से तीन महिलाओं समेत आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये, जिसमें दो महिलाओं समेत तीन घायलों की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें सरकारी अस्पताल मौदहा में भर्ती कराया गया। महोबा जनपद के बन्नी पुरा निवासी सितारा 45 वर्ष पत्नी शराफत, लखनिया 50 वर्ष पत्नी गोरेलाल व नदीम 33 वर्ष पुत्र अब्दुल सलाम समय 1 दर्जन से अधिक सवारिया ऑटो में बैठ बन्नी पुरा से मौदहा आ रहे थे,तभी राजमार्ग में चालक का संतुलन बिगड़ने से ऑटो सड़क पर पलट गया जिससे उसमें बैठी सवारियों में चीख पुकार मच गयी। गंभीर रूप से घायल नदीम, सितारा व लखनिया को सरकारी अस्पताल मौदहा में भर्ती कराया गया जबकि अन्य सवारियों के हल्की-फुल्की चोटें आयी हैं।

### गौ संरक्षण केंद्र संचालन को एनजीओ करें आवेदन

उरई (**जालौन**)। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी जालौन स्थान उरई डा. जीवन सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि प्रदेश में निराश्रित/बेसहारा गौवंश के संरक्षण हेतु के क्रम में जनपद जालौन में ग्राम एवरा विकास खण्ड नदीगांव के अन्तर्गत वृहद गो संरक्षण केन्द्र स्थापित किया गया है। गौवंश के भरण-पोषण हेतु प्रति पशु प्रतिदिन 30 रुपए दिये जाने का प्राविधान है, के क्रम में वृहद गौ संरक्षण केन्द्र के संचालन एवं प्रबन्धन हेतु इच्छुक अनुभवी एनजीओ/स्वयं सेवा संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र नियम व शर्तो सहित कार्यालय मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, विकास भवन जालौन से कार्य दिवस एवं कार्य अविध में प्राप्त कर सकते है, एवं विज्ञप्ति का विवरण जनपद जालौन की वेबसाईट पर उपलब्ध है। आवेदन 26 अक्टूबर को सायं पांच बजे तक प्राप्त किये जायेगे। जिला स्तरीय समिति द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों पर किया गया निर्णय अन्तिम होगा। गौ आश्रय स्थल की किसी भी परिसम्मपत्ति अथवा उसके संचालन के सम्बन्ध में चयन्ति संस्था का कोई अधिकार सृजित नही होगा।

## कोंच में बड़ी पूजा में मां हुल्का देवी की गांठ बांधने में जुटीं महिलाएं

**● 18 को संपन्न होंगे अनुष्ठान**

**संवाददाता।** कोंच (जालौन)

**मालवीय** नगर बजरिया स्थित लोक देवता लाला हरदौल मंदिर में मां हुल्का देवी की गांठ बंधाई के कार्यक्रम में गुरुवार को बारिश के बीच भी काफी संख्या में महिलाओं का उपस्थिति देखने को मिली। सैकड़ों माताएं बहिनें मां की विदाई से पूर्व उनकी गांठ बधाई करने के लिए पहुंची। आगामी 18 सितंबर शनिवार को त्रैवार्षिक बड़ी पूजा का आयोजन होना है। हालांकि विगत वर्षों में इस बड़ी पूजा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां हुल्का देवी की शोभायात्रा में शामिल होते रहे हैं लेकिन इस बर्ष यह पूजा कोविड काल में पड़ने और प्रशासन की ओर से अनुमति नहीं मिलने के कारण बड़ी पूजा का आयोजन करने वाली लाला हरदौल मंदिर समिति ने शोभा यात्रा नहीं निकालने का फैसला लिया है।

इसके बावजूद पूजा और अनुष्ठान की अन्य औपचारिकताएं पूर्व की भांति परंपरागत रूप से निभाई जा रही हैं। मां की गांठ बंधाई की भी रस्म उन्हीं परंपरागत अनुष्ठानों का एक हिस्सा है।

## कोंच की ऐतिहासिक रामलीला की तैयारियां शुरू

**संवाददाता।** कोंच (जालौन)



**कोंच** की सांस्कृतिक धरोहर ऐतिहासिक रामलीला के 169वें महोत्सव को संपन्न कराने के लिए रामलीला समिति द्वारा बुलाई गई आमसभा की बैठक में उपसमितियों का गठन कर लिया गया है। इस बार भी अभिनय विभाग की कमान रमेश तिवारी के हाथों में सौंपी गई है। सीनरी विभाग, मूर्ति श्रृंगार विभाग, पात्र श्रृंगार विभाग सहित अन्य विभागों की भी उपसमितियां गठित की गई हैं।

रामलीला की आमसभा की बैठक बुधवार देर शाम रामलीला भवन पर बुलाई गई जिसकी अध्यक्षता पं. लल्लूराम मिश्रा ने की। इस बैठक में उपसमितियों का गठन किया गया। गुरु बशिष्ठ पं. अतुल चतुर्वेदी को बनाया गया है, व्यासजी चंद्रशेखर नगाइच होंगे। अभिनय विभाग का अध्यक्ष रमेश तिवारी को बनाया गया है, शेष कार्यकारिणी की घोषणा वह एक दो दिन में करेंगे। बैठक के दौरान विद्वत् परिषद् के विद्वान ब्राह्मणों ने विभिन्न अनुष्ठानिक मुहूर्तों के शोधन पर चर्चा की जिनके अनुसार 21 सितंबर को सायंकाल चार बजे लंका विजय हनुमान मंदिर से हनुमान पताका गाजेबाजे के साथ लाकर रामभवन पर स्थापित की जायेगी एवं 23 सितंबर को स्टेज पूजन होगा। 1 अक्टूबर को पुष्य नक्षत्र में मध्यान्ह 12 बजे भगवान श्रीराम का अनुजों भरत, लक्ष्मण व रिपुदमन सहित राम भवन पर प्राकट्य होगा। मुहूर्त पत्रिका रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार निरंजन छुन्ना धनौरा व मंत्री अरविंद मिश्रा को सौंपी गई। इस दौरान लल्लूराम मिश्रा, गोविंदशरण मिश्रा, संतोष त्रिपाठी, धर्मादा रक्षिणी सभा के अध्यक्ष गंगाचरण वाजपेयी, मंत्री मिथलेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष नवनीत गुप्ता, रामलीला समिति के अध्यक्ष राजकुमार छुन्ना धनौरा, मंत्री अरविंद मिश्रा, मोहनदास नगाइच, प्रतीक मिश्रा, केशव बबेले, रमेश तिवारी, नरोत्तम स्वर्णकार, विजय गुप्ता भोले, राजेन्द्र द्विवेदी, राममोहन रिछारिया, ध्रुवप्रताप सिंह, साकेत पटैरिया, चंद्रशेखर नगाइच मंजू, संजय सोनी, रामसहाय सेठ, अखिलेश बबेले, सुशील दूरवार, संजीव सरस, विजय रावत, रामकुमार अग्रवाल, राकेश गिरवासिया, दीपक मिश्रा, अभिषेक रिछारिया, डॉ. मृदुल दांतरे, राजू मिश्रा, संजय सिंघाल, जय मुखिया, राजू गुप्ता, राजकुमार हिंगवासिया, बसंत अग्रवाल, हरिश्चंद्र तिवारी, नीरज दुवे, छोटे अग्रवाल, अंशुल मिश्रा, पवन अग्रवाल, सतीश पाटकार, केके स्वर्णकार, दिनेश खिल्ली, दीपक मिश्रा, अमित नगाइच सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## कोविड टीकाकरण मेगा कैम्प का आयोजन आज

**संवाददाता।** उरई (जालौन)

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. नरेन्द्र देव ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि कोविड-19 टीकाकरण से प्रत्येक लाभार्थी को लाभार्थी करने के लिये शासन स्तर सें प्रत्येक जनपद में 17 सितंबर को कोविड टीकाकरण मैगा कैम्प का आयोजन किया जायेगा।

इसी क्रम में जनपद की समस्त ब्लाक स्तरीय सीएचसी, पीएचसी, स्वास्थ उपकेन्द्रों, नगरीय स्वास्थ उपकेन्द्रो सहित राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई जिला पुरुष महिला चिकित्सालय उरई, नेंत्र चिकित्सालय उरई में टीककरण सत्र आयोजित किये जाएंगे।

उपरोक्त कोविड टीकाकरण मैगा कैम्प में आईसीडीएस, शिक्षा, नगर पालिका, नगर पंचायत सहित समस्त विभागो एवं स्वयं सेवी सस्थाओं, संगंठनों से सहयोग की अपील की जाती है, साथ ही ऐसे लाभार्थियों से अनुरोध है कि जिन्होंने प्रथम डोज के बाद अपनी दूसरी डोज किसी कारणे वस अभी तक बैक्सीन नही लगवाई, समय पर अपनी द्वितीय डोज लगवाये समय पर अपी द्वितीय डोज लगवाये साथ ही लाभार्थियों का टीकाकरण ऑफ लाइन किया जायेगा। टीकाकरण करवाने हेतु कोविन एप पर पंजीकरण करवाने की सलाह दी जाती है।

नियमित सत्रों के अतिरिक्त निम्न स्थानों पर विशेष सत्र लगाये जा रहे है। स्वयंवर गैस्ट हाउस राठ रोड उरई, एसआर इण्टर कॉलेज कोंच बस स्टेंड उरई, प्रजापति धर्मशाला जिला उद्योग केन्द्र से सामने कालपी रोड उरई, मदरसा बरकाती, जो-जो फ्लेक्श के सामने बजरिया उरई, एल डोरेडो पब्लिक स्कूल मोनी मंदिर के पीछे उरई, कार्यालय उप वन संरक्षक करमेर रोड उरई में लगाये जायेंगे।

## तीन हजार मासूम कुपोषण के भंवरजाल में फंसकर जी रहे हैं घुटन भरी जिंदगी

**● 100 बच्चे गंभीर हालत में ● गर्भवती महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं की पोल खुली**

**संवाददाता।** हमीरपुर

**जिले** में कुपोषित बच्चो की संख्या में लगातार वृद्धि से महिलाओं व बच्चो के लिये संचालित होने वाली योजनाओं की पोल खुलती जा रही है। जिले में करीब तीन हजार बच्चे अभी भी कुपोषण के शिकार है, जिसमे सौ से अधिक बच्चे बेहद गंभीर स्थिति से गुजर रहे है। जानकारी के मुताबिक जिले में गर्भवती माताओं को पुष्टाहार व उनकी देखभाल न होने के कारण ज्यादातर बच्चे जंन्म से ही कुपोषित पैदा हो रहे है कुछ बच्चे दो या तीन साल बाद कुपोषण के शिकार हो जाते है यही कारण है कि जिले में जो बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा चिंहाकन किया गया है उसमे करीब तीन हजार बच्चे कुपोषण के शिकार पाये गये है।

हालांकि यह गणना अब सैम व मैम के फार्मूले पर करायी जाती है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आरबीएसके यानी राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों का चिहांकन किया जाता है मगर इस कार्यक्रम के तहत कितने बच्चे चिंहित किये गये है यह जानकारी विभाग के किसी भी अधिकारी को नही है। बाल विकास परियोजना के तहत आगंनवाड़ी केंद्रो के माध्यम से गर्भवती व कुपोषित बच्चे के परिवार को दाल के साथ साथ अन्य प्रकार के पौष्टिक पदार्थ दिये जाते है मगर पौष्टिक पदार्थो की वितरण ठीक से नही हो पा रहा है,यह कुपोषित बच्चों की संख्या से साफ जाहिर होता है। यही नही अब तो बच्चो की लंबाई नापकर भी कुपोषण की जानकारी करने का अभियान भी चलाया जाता है इसके लिये हरेक केंद्र में स्टेडियोमीटर व बजन नापने की मशीन भी उपलब्ध है फिर भी सही तरीके से जांच नही की जा रही है। गांव वाले कुपोषित बच्चे को सूखा रोग के नाम से जानते है जिसमे झाड़ फूंक पर ज्यादा विश्वास रखते है और जिले में कई बच्चों की मृत्यु भी हो चुकी है।

प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी अभय सागर का कहना है कि कुपोषित बच्चो की समय समय पर गिनती करायी जाती है

### महिलाओं को नही मिलता पौष्टिक आहारः सीएमएस

**हमीरपुर।** जिला महिला अस्पताल की सीएमएस डा. फौजिया अंजुम का कहना है कि अस्पताल में आने वाली गर्भवती महिलाओं में खून की कमी होती है गर्भवती महिलाओ के लिये हर माह उनके आहार का अलग नियम होता है मगर जिले में लोग महिला को उचित पौष्टिक आहार नही देते है जिससे होने वाला बच्चा बेहद कमजोर व कुपोषित जन्म लेता है उनका मानना है कि महिलाओं के लिये जो योजनाए चल रही है, यदि सही ढंग सेउनका क्रियान्यवन हो जाए तो काफी सुधार हो सकता है।

## गुरू वंदन समारोह पाश्चिमी सभ्यता की ओर बढ़ने से रोकने का प्रयासः रीतेश

**● भारत विकास परिषद शाखा उरई ने कराया आयोजन**

**संवाददाता।** उरई (जालौन)



**भारत** विकास परिषद् शाखा उरई द्वारा गुरु वंदन छात्र अभिनंदन समारोह कार्यक्रम बड़ी धूमधाम के साथ सरस्वती शिशु, विद्या मंदिर इंटर कालेज राजेंद्र नगर उरई में मनाया गया। रीतेश तरसोलिया ने भारत विकास परिषद का संक्षिप्त परिचय कराते हुए बताया कि भारत विकास परिषद समाज में लोगों की मदद करने के साथ-साथ संस्कारों को करने का कार्य करता है। भूपेंद्र कंथारिया ने गुरू वंदन छात्र अभिनंदन प्रकल्प के विषय में बताया कि इस प्रकल्प के द्वारा भारत विकास परिषद समाज द्वारा पाश्चात्य सभ्यता की ओर बढ़ने को रोकते हुए गुरु के प्रति समर्पण और सम्मान की भावना का विकास करना है।

परियोजना प्रभारी राजेश चन्द्र गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया। परिषद द्वारा शिक्षक अशोक कुमार सिंह, राज कुमार खरे को शाल, प्रशस्ति पत्र, राम चरित मानस, पेन, पट्टिका से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में छात्र यज्ञेश पाल, छात्रा सौम्या श्रीवास्तव को भी प्रशस्ति पत्र, उपहार, पट्टिका से सम्मानित किया गया।

इसी क्रम में सभी शिक्षकों का भी सम्मान पट्टिकाओं एवं लेखनी देकर किया गया।

### विश्वकर्मा जयंती पर विविध कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार

**संवाददाता।** जालौन (**उरई**)

**विश्वकर्मा** जयंती पर नगर में स्थित विश्वकर्मा मंदिर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई। विश्वकर्मा सेवा समिति के महामंत्री चंद्रशेखर विश्वकर्मा के आवास पर आयोजित बैठक में उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर नगर के मोहल्ला चिमनदुबे स्थित विश्वकर्मा मंदिर पर 21वां वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। बैठक में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के भव्य श्रंगार, अखंड रामायण पाठ के आयोजन के साथ प्रसाद वितरण एवं भंडारे को लेकर समाज के लोगों को जिम्मेदारियां सोंपी गई। इस मौके पर लल्लू भइया, रामप्रकाश विश्वकर्मा, दुर्गाप्रसाद, मनोज विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## सेंट्रल बैंक के अंदर से झोले 20 हजार रुपये को महिला ने किया पार

**संवाददाता।** कोंच (**जालौन**)

**स्थानीय** सेंट्रल बैंक शाखा के अंदर से एक महिला द्वारा 20 हजार रुपये रखे झोले को लेकर भाग जाने की बड़ी घटना सामने आयी है।

नगर के मुहल्ला सुभाष नगर निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक अमरनाथ उदैनिया की पुत्री समता उदैनिया ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गुरुवार को वह सेंट्रल बैंक की मुख्य शाखा में अपने बैंक खाते में जमा रुपये निकालने के लिए गयी थी और उसने 20 हजार रुपये निकालकर उक्त रुपये अपने झोले में रख लिए और काउंटर पर झोला रखकर अपने कागजात संभालने लगी, इसी दौरान नजदीक आयी एक अज्ञात महिला झोला लेकर बैंक से बाहर भाग गयी। पीड़ित युवती ने पुलिस से उक्त घटना को लेकर कार्यवाही करने की मांग की है और पुलिस घटना की जाँच में संलग्न है।

वहीं उक्त घटना को लेकर बैंक प्रबंधन की घोर लापरवाही भी सामने आयी है जिससे उस महिला की पहचान उजागर नहीं हो सकी है।बैंक के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे बीते करीब डेढ़ माह से खराब पड़े हुए हैं। शाखा प्रबंधक अरविंद आर्या ने बताया कि दोपहर के समय उक्त घटना घटित हुई है लेकिन कैमरे खराब होने के चलते फुटेज नहीं निकाले जा सकते हैं।

# चौबीस घंटे से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त

**● दर्जनों मकान व पेड़ गिरे, बिजली के खंभे टूटे, विद्युत आपूर्ति बाधित**

संवाददाता। तिलोई, अमेठी

**चौबीस** घंटे से चल रही लगातार बरसात से जहां जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है वहीं मवेशियों का बुरा हाल है। बरसात के चलते दर्जनों मकान गिरे है बड़ी मात्रा में पेड़ गिरने से विद्युत लाईन के खंभे टूटे हैं जिससे विद्युत आपूर्ति चौबीस घंटे से अधिक से बाधित है।गावों में पूरी तरह जलभराव वाली स्थिति है। क्षेत्र में पूरे बरसात के सीजन में ठीक ठाक बरसात अभी तक नहीं हुई थी अचानक बदले मौसम की उत्तरा नक्षत्र की मूसलाधार बरसात ने पूरे क्षेत्र को पानी पानी कर दिया है।


बारिश से गिरा हुआ घर पायनियर

भारी बरसात के चलते जहां जनमानस की परेशानियां बढ़ी हैं वहीं निचले क्षेत्रों में धान की फसल डूबने की आशंका बढ़ गई है।सबसे बुरा हाल क्षेत्र के अस्थाई गो आश्रय स्थलों का है जहां गाएं पानी में भीग रही हैं कई बीमार गाएं पानी में भी पड़ी देखी जा सकती हैं दांदुपुर गो आश्रय स्थल की दुर्दशा देखी भी नहीं जा सकती सभी पल रही सौ से अधिक गोवंशीय पशु पानी में है जिम्मेदार प्रधान व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी देखने तक नहीं गए। इसी गांव के पूरे संत निवासी शिवसागर का पूरा घर बरसात के चलते धराशाई हो गया है।बेघर हुए शिवसागर को परिवार सहित दूसरे के घर में आसरा लेना पड़ा।

## क्षेत्र के ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. सिद्धार्थ पटेल को स्वास्थ्य मंत्री ने किया सम्मानित

**बछरावां रायबरेली।** बछरावां विकासखंड के सेंहगो ग्राम सभा निवासी डॉक्टर सिद्धार्थ पटेल को मोहनलालगंज अधिवेशन हेल्थ कान्क्लेव में स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह द्वारा कोरोना काल में किए गए समाज सेवा के कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। वह इसके साथ ही साथ लाइव पैनल डिस्कशन के लिए भी प्रतिभाग किया। कोरोना काल में जहां एक तरफ महामारी से पूरा देश जूझ रहा था। वही हमारे चिकित्सक लोगों को महामारी से निजात दिलवाने के लिए फ्रंटलाइन कोरोना बैरियर्स के रूप में ढाल बनकर खड़े हुए थे। इसके साथ ही साथ लोगों की महामारी से रक्षा भी की। जानकारी के अनुसार मोहनलालगंज कस्बे में हड्डी का अस्पताल के नाम से सिग्मा हॉस्पिटल डॉक्टर सिद्धार्थ पटेल द्वारा संचालित किया जा रहा है जो कि कोरोना काल मे जनमानस के स्वास्थ्य सेवा के लिए चौबीसों घंटे खुला रहा। क्षेत्र में कुशल ऑर्थोपेडिक सर्जन के रूप में छवि बनी हुई है कई अन्य जनपदों से भी लोग स्वास्थ्य लाभ के लिए आते हैं।

# भुगतान को लेकर खाताधारकों में रोष

संवाददाता। डलमऊ, रायबरेली

**डलमऊ** की सहारा खाताधारकों के खातों को परिपक्व हुए सालों बीत जाने के बाद भी रीजनल मैनेजर एच पी सिंह व शाखा प्रबंधक संजय श्रीवास्तव के आश्वासन खत्म होने का नाम ही नही ले रहे खाताधारकों को लगातार तीन तीन महीनों के आश्वासन से खाताधारकों के सब्र का बांध टूट रहा है भुगतान से संबंधित मीटिंग के नाम पर लोगों को झूठे आस्वासन की घुट्टी पिलाई जा रही है जबकि हकीकत ये है कि आर एम व शाखा प्रबंधक भुगतान करने में पूरी तरह से अक्षम साबित हो रहे है जिससे सिर्फ डलमऊ की शाखा में ही करोड़ों का भुगतान अधर में लटक रहा हैण्देखा जाए तो महज 45 वर्षो में ही अर्श से फर्श तक का सफर तय कर चुकी सहारा इंडिया परिवार को डलमऊ के खाताधारकों के भुगतान के लिए महज साढ़े पांच करोड़ रुपये की आवश्यकता है पर अभी ये दूर की कौड़ी साबित होती जा रही है भुगतान संबंधी प्रश्न के उत्तर का किसी भी कर्मचारी या अधिकारी के पास ठोस जवाब नही है हालांकि डलमऊ सहारा इंडिया परिवार की शाखा में बहुत से खातों को अन्य खातों में परिवर्तित कर अपनी भुगतान की जिम्मेदारी को कम करने व सेबी की नियमावली के पालन का भरशक प्रयास किया गया है पर दिनों दिन परिपक्व खातों के भुगतान बोझ के नीचे दबती जा रही है जिससे खाताधारकों की मेहनत से जमा की गई पूंजी पर ग्रहण के बादल दिखाई पड़ रहे है ऐसे हजारो खाताधारक है जिनकी माली स्थित बद से बदतर है पर उन्हें उनका ही पैसा नही मिल पा रहा हैण्भुगतान के प्रकरण पर सहारा इंडिया के जोनल अधिकारी अनिल मिश्रा का स्वास्थ्य ठीक न हो पाने के कारण उचित जवाब नही मिल सका।




# घाघरा फिर खतरे का निशान छूने को बेताब

**गोंडा।** घाघरा का जलस्तर खतरे के निशान से काफी नीचे आने के बाद एक बार फिर खतरे के निशान को छूने के लिए बेताब हो गया है। जिससे बांध के आसपास बसे गांवों के ग्रामीणों की धड़कन बढ़ गई हैं। एक तरफ बांध को मजबूत करने का काम चल रहा है तो घाघरा अपना रूप बदल बदल कर नीचे ऊपर होने का रौद्र रूप दिखा रही है। बुधवार की शाम से लगातार हो रही बारिश से घाघरा का जलस्तर बढ़ा है। इसके अलावा करीब पौने तीन लाख क्यूसेक पानी विभिन्न द्वारा जो के जरिए छोड़ा गया जो घाघरा में शुक्रवार की सुबह से पहुंचना शुरू होगा। जिससे नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर जा सकता है। गुरुवार को नदी का जलस्तर खतरे के निशान 106.07 के सापेक्ष 105.786 पर चल रहा था। जो खतरे के निशान से करीब 29 सेंटीमीटर नीचे है। मगर बैराज से छोड़े गए 2 लाख 69 हजार 425 क्यूसेक पानी के शुक्रवार सुबह तक पहुंचने के आसार दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा नदी के आसपास के सभी जिलों में हो रही लगातार मूसलाधार बारिश से जलस्तर में बढ़ोतरी तेजी से हो सकती है। इसके अलावा बारिश के चलते एल्गिन चरसडी बांध पर मरम्मत का कार्य प्रभावित हुआ है। बांध में कई जगह रैंनकट्स आ गए हैं। जिससे बांध कमजोर हो रहा है। उधर ग्राम चंदापुर किटौली में एल्गिन चरसडी बांध पर जहां पर कटान हुई थी। वहां पर बांध को मजबूत कर लिया गया मगर उसके आसपास बांध से सटकर नदी का बहाव तेजी से हो रहा है। जिससे बांध को खतरा बना हुआ है। नदी की धारा बांध से जहां 400 मीटर से अधिक दूरी पर थी वह नदी बांध के किनारे आ गई है।

# स्वास्थ्य विभाग संचालित सभी कार्यक्रमों का सही ढंग से करें क्रियान्वयन: डीएम

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार व मुख्य विकास अधिकारी डाण् अंकुर लाठर ने बुधवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक कर स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्राथमिकता के साथ संचालित करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए साथ ही विशेष प्रयास कर प्रगति में सुधार लाने को कहाए इसके साथ ही जिलाधिकारी ने शासन द्वारा संचालित समस्त स्वास्थ्य योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करते हुए अधिक से अधिक जन सामान्य को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में समिति के समक्ष अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने के लिए आवश्यक सामग्रीध्उपकरण के क्रय करनेए स्टाफ की उपलब्धताए जन जागरूकता तथा अन्य कार्यक्रम पर हुए व्यय के अनुमोदन हेतु 17 प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें समिति द्वारा 15 प्रकरणों की स्वीकृति प्रदान की गई तथा शेष प्रकरण हेतु समिति बनाकर जांच करने के निर्देश दिए गए। बैठक में डीएम ने संस्थागत प्रसवए जननी सुरक्षा कार्यक्रमए नवजात शिशु टीकाकरणए आशा भुगतानए आशा रिपोर्टिंग सहित अन्य योजनाओंध्कार्यक्रमों की समीक्षा किया तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओंध्कार्यक्रमों का सही ढंग से क्रियान्वयन करने एवं स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिया। जिलाधिकारी ने बैठक में कहा कि जननी सुरक्षा योजना का संचालन पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप करें एवं प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर विश्वसनीयता को बढ़ाया जाये। नवजात शिशु टीकाकरण किसी भी चिकित्साधिकारी के क्षेत्र में कम हुआ तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाये। उन्होने सीएमओ को यह भी निर्देश दिये कि आशाए एनम और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की बैठक संयुक्त रूप से आयोजित करें। घर.घर सर्वे के आधार पर बच्चों की सूची तैयार करें इस सूची के आधार पर नवजात शिशुओं का टीकाकरण कराये। उन्होने कहा कि जिन आशाओं के मानदेय का भुगतान समय से नही किया जाता हो उनका भुगतान समय सीमा के अन्तर्गत ही कर दिया जाये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की जानकारी दी एवं आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी चिकित्सकों को उनके तैनाती स्थल पर ही निवास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सीएससीध्पीएससी व जिला अस्पताल में दवाओं की उपलब्धताए मरीजों के बैठने के लिए कुर्सीए शौचालयए पीने हेतु पानीए सफाईए बिजली व पंखा आदि सभी मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश सीएमओ को दिए। जिलाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू व मलेरिया के बचाव हेतु निरंतर छिड़काव व फागिंग कराने के निर्देश दिए।

## क्विक न्यूज

### लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**गोंडा।** कई दिनों से चल रही तेज हवाओं के बीच बुधवार की देर रात से शुरू हुई बारिश रुकने का नाम ही नहीं ले रही। जिससे लोगों का जनजीवन अस्त–व्यस्त हो चुका है। बारिश से क्षेत्र के नदी–नालों से लेकर तालाब, बावली सभी लबालब भर गए हैं। वहीं नालियों के भर जाने के कारण कचरा सड़क पर फैलकर नगर परिषद की पोल खोल रहा था। कचरा के कारण लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही थी। बारिश के साथ तेज हवाओं के चलने के कारण कई स्थानों पर पेड़ की टहनियां टूटकर बिजली के पोल एवं तार पर गिर गए। जिससे आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। कई इलाकों की बिजली गुल हो गई। इसी प्रकार परसपुर मार्ग सही कई जगहों पर आंधी–पानी में सड़क किनारे लगे पेड़ की टहनियां गिरने से आवागमन बाधित रहा। बारिश के कारण हुजूरपुर रोड, स्टेशन रोड सहित निचले इलाकों में पानी भर जाने से लोगों के लिए परेशानी बढ़ गई। करनैलगंज क्षेत्र के चौक घंटाघर सरफराजगंज, बालूगंज, गांधीनगर सहित कई मोहल्लों में बारिश का पानी भर गया। वहीं नालियों के कचरों से पटे होने के कारण बारिश के पानी का सही ढंग से निकास नहीं हो पाया। इस कारण नालियों का कचरा सड़कों पर पसर गया। बारिश के कारण लोगों के घरों के सामने ही पानी का जमाव हो जाने के कारण उन्हें बाहर निकलने आने–जाने में परेशानी का अनुभव हो रहा था।


### आईटीआई में अभ्यर्थियों के प्रवेश की तिथि 15 से बढ़कर 18 सितम्बर हुई

**श्रावस्ती।** आई0टी0आई0 के प्रधानाचार्या नीति मिश्रा ने बताया कि जनपद में स्थापित निजी व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रथम चरण में चयनित अभ्यर्थियों को संस्था में प्रवेश लेने हेतु अंतिम तिथि पहले 15 सितम्बर निर्धारित किया गया थाए जिसे बाद में शासन ने जनहित में पुनरीक्षित कर प्रवेश की अंतिम तिथि 18 सितम्बर 2021 की रात्रि 12 बजे तक कर दी गयी है। प्रथम चरण में चयनित हुए ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा निर्धारित समयावधि में प्रवेश नही लिया गया है वे अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण.पत्रोंए अंक पत्रों एवं उनकी एक.एक प्रमाणित प्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ चयनित निजीध्राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सम्पर्क करे।

### दो दिन से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश से आम जनमानस हलाकान

**बछरावां रायबरेली।** बछरावां नगर क्षेत्र में दो दिन से अनवरत हो रही मूसलाधार बारिश से आम जनमानस त्रस्त है। जहां एक तरफ धान की फसलों के लिए यह बारिश वरदान साबित हो रही है वहीं दूसरी तरफ आम जनमानस की जीविका इस मूसलाधार बारिश में मुहाल हो गई है। गलियोंए मुहल्लों व सड़कों चारों तरफ लबालब पानी ही पानी भरा हुआ है नाले व नालियां अपने उफान पर हैं यही नहीं कुछ एक लोगों के घरों तक में भी पानी घुस गया है। वहीं सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बांदा बहराइच राजमार्ग पर आंधीए तूफान व बारिश के कारण पेड़ भी राजमार्ग पर गिर गए। जिससे आवागमन व्यवस्था पूरी तरह बाधित रही। प्रशासन द्वारा राजमार्ग से हटवाने पर ही आवागमन व्यवस्था बहाल हो सकी। वहीं इस मूसलाधार बारिश में दीवारें भी भीग कर भरभरा गई है। आंधी व तूफान से राजमार्ग के अलावा क्षेत्रों में कई अन्य जगहों पर भी पेड़ों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिली है। वही मूसलाधार बारिश के चलते ही जिलाधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी से वार्ता के बाद संपूर्ण जनपद में 1 से 8 तक के विद्यालयों में अवकाश भी घोषित कर दिया गया जिससे छात्रों व शिक्षकों को कुछ राहत मिल सके।

### शहीद बीएसएफजवान की अंत्येष्टि में शामिल हुए बछरावां नगर पंचायत अध्यक्ष



**बछरावां रायबरेली।** गत सोमवार को श्रीनगर में आतंकी हमले में बछरावां की बेटी के सुहाग व अमेठी जिले के निवासी बीएसएफ हवलदार दिनेश कुमार कसौधन आतंकियों से मुठभेड़ में शहीद हो गए। उनकी शहादत की सूचना परिवारी जनों को मिलने पर उनके परिवारजनों में हड़कंप मच गया। वहीं हवलदार दिनेश कुमार कसौधन का पार्थिव शव बुधवार की रात बछरावां के रास्ते घर पहुंचा। रास्ते में बछरावां में भारत माता की जय जब तक सूरज चांद रहेगा दिनेश कुमार कसौधन तेरा नाम रहेगा के नारे जगह.जगह लगते रहे। वहीं लोगों ने पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। वही बृहस्पतिवार को शहीद की अंत्येष्टि राजकीय सम्मान के साथ सुल्तानपुर में गोमती नदी के तट के किनारे दी गई। इस मौके पर बीएसएफ जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष बछरावां शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जीए वार्ड नंबर 9 के सभासद शकील मंसूरीए अनूप कुमार चौधरीए व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनील सागरए जगत सोनीए संजय गुप्ताए सतीश तिवारी व पिंटू गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता आज से शुरू

**गौरीगंज,अमेठी।** जिले में राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता 17 सितंबर शुक्रवार को शुरू हो रहा हैए जिसकी सारी तैयारियाँ पूरी कर ली गयी है। इसकी जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी चंद्रमौलि सिंह ने बताया कि सैनिक स्कूल परिसर गौरीगंज में सुबह 10रू00 बजे हनुमानजी की विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद केंद्रीय मंत्री अमेठी सांसद स्मृति ईरानीए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंहए कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह सांसदएराज्य मंत्री सुरेश पासी एराज्यमंत्री गिरीशचन्द्र यादव सहित जनपद के सभी जनप्रतिधि की उपस्थिति में भव्य एवं दिव्य कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारम्भ होगा।

# सीडीओ की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की हुई बैठक

संवाददाता। श्रावस्ती

**प्रधानमंत्री** फसल बीमा योजना की एक बैठक मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में जिला प्रबन्धकए पी0एम0एफ0बी0वाई0 ने बताया कि जनपद में खरीफ2021 में 19444 ऋणी किसानों का फसल बीमा हुआ है और पिछले वर्ष रबी 2020.21 में 19665 किसानों का फसल बीमा हुआ थाए जिसमें से फसल कटाई प्रयोग के आधार पर 2620 किसानों की क्षतिपूर्ति 81ण्29 लाख रू0 स्वीकृत हुई है जिसे किसानों के खाते में शीघ्र भेजा जायेगा। बर्तमान खरीफ 2021 में जिलाधिकारी द्वारा 29 ग्राम पंचायतों को बाढ प्रभावित घोषित किया गया हैए जिसके लिए नामित समिति द्वारा सर्वे कराकर उन्हें उचित मुआवजा दिया जायेगा इसके लिए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा टीमों का गठन किया जा चुका है। बाढ प्रभावित गांवो का सर्वे का कार्य इसी सप्ताह शुरू किया जायेगा जिससे कृषकों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सकें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का मेले के माध्यम सेए गोष्ठीए मोबाइल आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये जिससे अधिकांस कृषक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। बैठक में उप कृषि निदेशक कमल कटियारए जिला कृषि अधिकारी अवधेश कुमार यादवए जितेन्द्र अग्रणी जिला प्रबन्धक इण्डियन बैंक नाथ श्रीवास्तवए जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी विद्या सागर गुप्तए जिला प्रबन्धक जिला सहकारी बैंक लि0ए राजकुमार शुक्लाए जिला प्रबन्धक पी0एम0एफ0बी0वाई0 राम पुजारी यादव उपस्थित रहे।



## तहसीलदार न्यायालय के सामने वकीलों का धरना

**करनैलगंज (गोंडा)।** करनैलगंज तहसील में आंदोलनरत अधिवक्ताओं ने गुरुवार से करनैलगंज तहसीलदार न्यायालय के सामने धरना शुरू कर दिया। धरने पर बैठे अधिवक्ताओं ने बताया कि तहसीलदार की हठधर्मिता समाप्त न होने तक यह धरना अनवरत जारी रहेगा। बार एसोसिएशन करनैलगंज के तत्वाधान में करनैलगंज तहसील में धरना शुरू हो गया है। यह धरना दिन में 11 बजे से शाम 4 बजे तक चला। करनैलगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय मिश्रा ने बताया कि तहसीलदार करनैलगंज की हठधर्मिता और अधिवक्ताओं के विरुद्ध किए जा रहे कार्य को जब तक समाप्त नहीं किया जाता है तब तक तहसीलदार करनैलगंज के न्यायालय के सामने यह धरना अनवरत चलता रहेगा। धरने में संजय मिश्रा, सूर्य कांत तिवारी, त्रिलोकी नाथ तिवारी, सुशील सिंह, वीरेंद्र विक्रम तिवारी, श्यामधर शुक्ला, हरिशंकर मिश्रा, अरविंद शुक्ला, सहित तमाम अधिवक्ता शामिल रहे।

# शहीद के घर पहुंचे डीएम व एसपी ने दी श्रद्धांजलि


शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए जिलाधिकारी पायनियर

**● परिजनों को आर्थिक मदद के साथ ही दिया हर संभव मदद प्रदान करने का आश्वासन**

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने आज जम्मू और कश्मीर में कर्तव्यपालन के दौरान जनपद अमेठी के ग्राम दुर्गापुर थाना पीपरपुर निवासी बीएसएफ के शहीद जवान दिनेश कुमार के पैतृक निवास पर पहुंचकर शहीद जवान को श्रद्धांजलि दिया एवं परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान जिलाधिकारी ने शहीद के परिजनों को शासन द्वारा निर्धारित आर्थिक मदद के रूप में रुपए 50 लाख का चेक देने के साथ ही हर संभव मदद प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने शहीद के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शोक की इस घड़ी में जिला प्रशासन उनके साथ हैं।

# समाजसेवी शक्ति शेखर कांग्रेस में हुए शामिल




**अमेठी।** दलित शोषित वंचित वर्ग के उत्थान एवं अपराध नशा मुक्ति समाज के लिए लंबे अरसे से सामाजिक कार्यों में बढ़.चढ़कर भागीदारी रखने वाले अनुसूचित जातिध् जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग विकास समिति के अध्यक्ष शक्ति शेखर स्वदेश ने आज कांग्रेस पार्टी की विचारधारा एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के कार्यों से प्रभावित होकर आज अमेठी कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल की उपस्थिति में अपने सैकड़ों सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए । अमेठी कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने सभी को माला पहनाकर स्वागत किया एवं सलोन विधानसभा से विशेष पकड़ रखने वाले शक्ति शेखर स्वदेश को यह जिम्मेदारी दी कि लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए कंधे से कंधा मिलाकर सेवा भाव से काम करें ।श्री सिंघल ने बताया कि शक्ति शेखर स्वदेश के कांग्रेस में शामिल होने से सलोन विधानसभा को एक नई मजबूती प्रदान होगी।

# सहयोग न करने वाले बैंकों से हटाएं सरकारी खाते: डीएम

संवाददाता। गोंडा

सरकार की योजनाओं को पलीता लगाने वाले बैंक अब जिलाधिकारी के निशाने पर आ गए हैं। डीएम ने ऐसे बैंकों से सरकारी खाते व सरकारी कर्मियों के वेतन के खाते बंद कराकर दूसरे बैंकों में स्थानांतरित कराने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिए हैं।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक अनुपस्थित पाए गए। बताया गया कि स्टेट बैंक के प्रबंधक जिला स्तरीय सलाहकार समिति की मीटिंग में नहीं आते हैं। इसके अलावा सीडी रेसियो में भी स्टेट बैंक की स्थिति बेहद खराब पाई गई। इससे नाराज जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि भारतीय स्टेट बैंक में जो भी सरकारी खाते हैं,


कलेक्ट्रेट में बैंक प्रबंधकों के संग बैठक करते डीएम मार्कण्डेय शाही

उनको बंद कराने के साथ–साथ सरकारी कर्मचारियों के वेतन के भी खाते बंद करा दिया जाए। उन्होंने कहा जो भी बैंक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में सहयोग नहीं करेगा, उन्हें जिला प्रशासन द्वारा भी सहयोग प्रदान नहीं किया जाएगा। वार्षिक ऋण योजना 2021–22 की प्रगति की समीक्षा में ज्ञात हुआ कि यूको बैंक बैंक ऑफ महाराष्ट्र स्टेट बैंक ऑफइंडिया पंजाब एंड सिंध बैंक तथा पंजाब नेशनल बैंक की स्थिति खराब है जिलाधिकारी ने सभी बैंक वालों से जवाब तलब करने के आदेश दिए हैं। प्राथमिकता क्षेत्र में कमजोर वर्गों को ऋण वितरण की समीक्षा के दौरान यूको बैंक बैंक ऑफमहाराष्ट्र,ऊ एक्सिस बैंक, स्टेट बैंक ऑफइंडिया तथा पंजाब नेशनल बैंक की स्थिति खराब मिली। जिलाधिकारी ने इसकी समीक्षा के लिए कमेटी गठित कर रिपोर्ट देने के आदेश दिए हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शशांक त्रिपाठी, लीड बैंक मैनेजर, समिति के सदस्य संजीव सिंह, बैंकों के मुख्य प्रबंधक, उपायुक्त उद्योग, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी तथा बैंकर्स उपस्थित रहे।

## नव निर्मित दीवानी न्यायालय हस्तांतरित नही होने से अधिवक्ता न्यायिक कार्य से रहे विरत

**श्रावस्ती, भिनगा।** भिनगा में अधिवक्ताओं ने गुरुवार को भिनगा के सिविल लाइन क्षेत्र मे नव निर्मित दीवानी न्यायालय को अबतक हस्तांतरित नही होने पर नाराजगी जताते हुए दिनभर न्यायिक कार्य से अलग रहे। साथ ही दीवानी न्यायालय पहुँचकर प्रशासनिक न्यायमूर्ति को संबोधित एक ज्ञापन जिला जज साकेत बिहारी दीपक जी को सौपा। एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने बताया कि जिला बनने के बाद से अभी भी दीवानी न्यायालय किराए के व भिनगा तहसील के भवन में संचालित है। नव निर्मित दीवानी न्यायालय का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। परन्तु निर्माण कार्य कर रही एजेंसी द्वारा अभी तक भवन का हस्तांतरण नही किया गया है जिसके कारण अधिवक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ रही है। संगठन के महामंत्री दिलीप कुमार तिवारी ने कहा कि निर्माण करने वाली संस्था शीघ्र ही न्यायालय भवन को हस्तांतरित करेए नही तो मजबूरन सभी अधिवक्ता आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# विजिलेंस ने घूस लेते खंड शिक्षाधिकारी को दबोचा

● 'सर्विस ब्रेक' करने की धमकी और 'गैरहाजिर' के नाम पर मांगी थी रकम

● एक दिन के गैरहाजिर होने का रेट तीन हजार, खुली खंड शिक्षा अधिकारियों की काली कमाई की पोल

संवाददाता। बस्ती

**खंड** शिक्षा अधिकारियों की काली कमाई की पोल उस समय खुली जब बुद्यवार की देर रात्रि गोरखपुर की विजिलेंस टीम ने सल्टौआ ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार सिंह को उनके बड़ेबन ओवर ब्रिज के पास आवास से शिक्षक गौरव त्रिपाठी से सात हजार घूस लेते धर दबोचा। इन्होंने शिक्षक को यह धमकी दिया था, कि अगर दस हजार नहीं दिए, तो सर्विस ब्रेक करवा दूंगा। शिक्षक ने इसकी शिकायत अपरमुख्य सचिव अवनीष अवस्थी से की, विजिलेंस को जांच मिली। पहले विजिलेंस ने अपने स्तर से छानबीन की और उसके बाद शिक्षक को काल करके गोरखपुर



कार्यालय बुलाया, फिर रगेंहाथ पकड़ने की योजना बनी। 15 सितंबर 21 को टीम पहले डीएम और एसपी से मिली, उसके बाद यह लोग पुलिस लाइंस में एकत्रित हुए, और वहीं पर शिक्षक का हाथ धोलवाकर पाउडर लगाया गया, और सात हजार दिए गए, नोट पर भी पाउडर लगाया गया। अगर शिक्षक ने चालाकी नहीं दिखाई होती तो विजिलेंस टीम का मकसद सफ्ल नहीं होता, क्यों कि जब पैसा देने शिक्षक पहुंचा तो खंड षिक्षा अधिकारी ने चालाकी दिखाते हुए शिक्षक को घर के अंदर बुलाकर अंदर से दरवाजा बंद कर दिया, इस पर शिक्षक ने कहा कि 'साहब' बाहर हमारे दोस्त लोग खड़े हुएं हैं। इस पर बीईओ ने दरवाजा खोल दिया, और इसके बाद का काम विजिलेंस ने किया। गारखपुर के रहने वाले खंड षिक्षा अधिकारी की इस पद चार माह पहले नई नियुक्ति हुई, और चार माह भी नहीं बीता कि जेल की हवा खानी पड़ी। मंडल में पहली घूस लेते किसी खंड शिक्षा अधिकारी को इस तरह रगेंहाथ पकड़ा गया। इस घटना से बेसिक विभाग की तो बदनामी हुई हीं, मगर सबसे अधिक बदनामी मंडल के सिद्धार्थनगर के बेसिक शिक्षा मंत्री सतीष द्विवेदी की हुई। इस घटना की निंदा षिक्षक सघं के पदाधिकारियों ने यह कहते हुए किया कि जब किसी षिक्षक की आवाज को नहीं सुनी जाएगी, तो यही अंजाम होगा, कहते हैं कि आज खंड षिक्षा अधिकारी के साथ ऐसा हुआ, और हो सकता है, कि कल को बीएसए और एडी बेसिक के साथ भी यही घटना घट सकती है। खंड शिक्षा अधिकारी को जेल की हवा लिखाने वाले सल्टौआ ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय बरहुआं में तैनात गौरव त्रिपाठी का कहना है, कि बीईओ ने यह कदम उठाने के लिए मजबूर कर दिया। बताया किवह 26 अगस्त 21 को अवकाष लेकर और बीईओ को बताकर टीबी अस्पताल में इलाज कराने गया था, यहइ जानते हुए भी हमने अवकाष लिया, फ्रि भी अचानक यह उसी दिन स्कूल पहुंच गए, और उपस्थित रजिस्टर में नीले से गैहाजिर कर दिया, स्टाफ ने बताया भी कि अवकाष लेकर गए, अवकाष का आवेदन भी दिखाया, मगर नहीं माने। उसके बाद इन्होंने गैरहाजिर रहने का नोटिस भेजा, जबकि नियमानुसार नोटिस भेजने या वेतन काटने का अधिकारी सिर्फ बीएसए को ही है। कहा कि जब हमने पूछा कि साहब ऐसा क्यों किया तो कहने लगे आखिर हम्हें भी जीना खाना है। फ्रि उनसे दस हजार की डिमांड यह कहते हुए की गई, अगर नहीं दिया तो सर्विस ब्रेक करवा दूंगा। फ्रि सौदेबाजी षुरु हुई। कहने लगे कि एक दिन के गैरहाजिर रहने का उनका रेट प्रति दिन तीन हजार है। बड़ी मुस्किल से सौदा सात हजार में तय हुआ। उसके बाद षिकायत अपर मुख्य सचिव अवनीष अवस्थी से की गई। अचानक गोरखपुर से फोन आया कि कार्यालय पहुंचिए। कहते हैं कि उन्हें नहीं मालूम था कि अपरमुख्य सचिव इसे विजिलेंस को दे देंगे। बताया कि गुरुवार को जब वह विद्यालय से अवकाष लेकर आ रहा था, तो रास्ते में चार बीईओ मिले और धमकी देने लगे कि बीएसए साहब अब तुम्हें नहीं छोड़ेगे। कहने लगे कि देखते हैं, कैसे नौकरी करते हो।

### 18 हजार के आलीशान किराए के भवन में हैं रहते!

**शिक्षक** का दावा है कि खंड शिक्षा अधिकारी जिस मकान में रहते हैं, उसका किराया प्रति माह 18 हजार रुपया है। कहते हैं कि क्या कोई एक बीईओ जिसका वेतन 50 हजार हो वह 18 हजार के किराए पर रह सकता है। कहते हैं कि एक खंड शिक्षा अधिकारी की काली कमाई प्रति दिन 20 हजार से कम नहीं होती। इसमें एआरपी की भूमिका उन शिक्षकों के बारे में सूचना देनी की रहतमी है, जो शिक्षक अन्य जनपद से आए हुएं औा वे शनिवार को घर चले जाते हैं, और सोमवार को देर से स्कूल पहुंचते है। कहते हैं कि बीआरसी सल्टौआ में एक व्यक्ति है, जो लेन-देन का मैनेज करने का काम करते है।

### महिला शिक्षक ने भी लगाया बीएसए और बीईओ पर आरोप

**नगर** क्षेत्र के प्राथमिक पिधालय पिकौरा शिवगुलाम में कार्यरत् एक महिला शिक्षक ने भी सीडीओ को पत्र लिखकर उनसे खंड षिक्षा अधिकारियों और बीएसए पर आर्थिक शोषण का आरोप लगाते हुए इन दोनों अधिकारियों के बारे में कहा इन अधिकारियों के चलते विभाग में भ्रष्टाचार बढ़ गया, कहा कि विभाग के हर पटल और हर बाबू पेषेवर लूटेरे की भूमिका अदा कर रहे है। महिला ने कहा कि वह अधिकारियों की मनमानी के चलते मानसिक और षारीरिक रुप से परेषान है। इस पर सीडीओ ने बीएसए को तलब किया हैं, वहीं बीएसए ने कहा कि आरोप निराधार हैं, कहा कि उनके कार्यकाल में षिक्षक जितना अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रहे हैं, उतना इससे पहले नहीं कर रहे थे।

# क्राइम मीटिंग में एसपी ने अपराधों की समीक्षा कर दिए सख्त निर्देश



अपराधों की समीक्षा करते पुलिस अधीक्षक — पायनियर

● घटनाओं की सूचना पर घटना स्थल पर पहुंचे थानाध्यक्षः एसपी

संवाददाता। संतकबीरनगर

**पुलिस** अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ द्वारा बुधवार की देर शाम पुलिस लाइन्स स्थित सभाकक्ष में अपराध गोष्ठी में कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गयी तथा आवश्यक निर्देश दिये गये। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित विवेचनाओं के निस्तारण, गुमशुदा बच्चो/अपहृत/अपहृता की बरामदगी करने, ध्वस्तीकरण की कार्यवाही हेतु चिन्हित माफ्यिाओं की सम्पत्ति का विवरण, अज्ञात अभियोगों को वर्क आउट, महिला अपराध से सम्बन्धित अभियोगों में की गयी निरोधात्मक कार्यवाही व महिला अपराधों पर पूर्ण अंकुश, पुराने मामलों के निस्तारण, अवैध शराब बिक्री /निष्कर्षण, मादक पदार्थों की बिक्री, परिवहन के विरूद्ध कठोर कार्यवाही, हत्या, दुष्कर्म, लूट, डकैती, चोरी, अपहरण के अपराधों पर पूर्णतया अंकुश लगाने व प्रभावी कार्यवाही, आईजीआरएस के लम्बित संदर्भो की समीक्षा, जनता द्वारा दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण, अभियुक्तों के प्रति वैधानिक कार्यवाही, वांछित अभियुक्त/ वारंटियों की शत प्रतिशत गिरफ्तारी, पुरस्कार घोषित अपराधियों के बारे में समीक्षा कर उनकी शीघ्र गिरफ्तारी, अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त एवं शांति व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों पर विशेष रूप से सतर्क दृष्टि व आवश्यक कार्यवाही, आपराधिक घटना की सूचना पर घटनास्थल पर तत्काल पहुँचने तथा आवश्यक कार्यवाही करनें, अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम व जनता की सुरक्षा हेतु प्रतिदिन किये जाने वाले पैदल गश्त, बैंक चेकिंग, संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग आदि के सम्बन्ध में समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी मेहदावल अम्बरीश भदौरिया, क्षेत्राधिकारी धनघटा रामप्रकाश व प्रभारी निरीक्षक प्रज्ञान, समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष व शाखा प्रभारी उपस्थित रहे। उन्होने कहा कि लंबित विवेचनाओं के निस्तारण, गुमशुदा बच्चो/अपहृत/अपहृता की बरामदगी करने, ध्वस्तीकरण की कार्यवाही हेतु चिन्हित माफ्यिाओं की सम्पत्ति का विवरण, अज्ञात अभियोगों को वर्क आउट, महिला अपराध से सम्बन्धित अभियोगों में की गयी निरोधात्मक कार्यवाही व महिला अपराधों पर पूर्ण अंकुश, पुराने मामलों के निस्तारण, अवैध शराब बिक्री /निष्कर्षण, मादक पदार्थों की बिक्री, परिवहन के विरूद्ध कठोर कार्यवाही, हत्या, दुष्कर्म, लूट, डकैती, चोरी, अपहरण के अपराधों पर पूर्णतया अंकुश लगाने व प्रभावी कार्यवाही, आईजीआरएस के लम्बित संदर्भो की समीक्षा, जनता द्वारा दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण, अभियुक्तों के प्रति वैधानिक कार्यवाही, वांछित अभियुक्त/ वारंटियों की शत प्रतिशत गिरफ्तारी, पुरस्कार घोषित अपराधियों के बारे में समीक्षा कर उनकी शीघ्र गिरफ्तारी, अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त एवं शांति व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों पर विशेष रूप से सतर्क दृष्टि व आवश्यक कार्यवाही, आपराधिक घटना की सूचना पर घटनास्थल पर तत्काल पहुँचने तथा आवश्यक कार्यवाही करनें, अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम व जनता की सुरक्षा हेतु प्रतिदिन किये जाने वाले पैदल गश्त, बैंक चेकिंग, संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग आदि के सम्बन्ध में समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी मेहदावल अम्बरीश भदौरिया, क्षेत्राधिकारी धनघटा रामप्रकाश व प्रभारी निरीक्षक प्रज्ञान, समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष व शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

# 'पगारखास' में हो रहा सबूत मिटाने का खेल

● बनकटी ब्लॉक के प्रत्येक ग्राम पंचायत भ्रष्टाचार व्याप्त

संवाददाता। बस्ती

**बनकटी** ब्लॉक का नाम जिले के उन ब्लाकों में षामिल है, जहां पर सबसे अधिक मनरेगा, आवास, तालाब, पषुचरन, ग्राम निधि और क्षेत्र पंचायत निधि के धन का दुरुपपोग होने के आरोप लगाए गए, इनमें तो कई आरोप जांच में साबित भी हो चुके हैं, मगर धन और राजनैतिक दबाव के चलते कार्रवाई नहीं हुई। षिकायतकर्त्ताओं को अलग से भ्रष्टाचारियों का कोपभाजन बनना पड़ा। इस ब्लॉक के आपरेटर से लेकर लेखाकार तक पर गंभीर आरोप लग चुके है। इन सभी के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप में मुकदमा दर्ज हो चुका है, यह अलग बात है कि एक बीडीओ को बचाने के लिए दूसरा जांच कमेटी बना दी गई, और इस कमेटी ने सभी को क्लीन चिट दे दिया। हालांकि अभी यह लोग मुकदमें से बरी नहीं हुए हैं, हाईकोर्ट भी आरोपितों की अपील को खारिज कर चुका है। जिस तरह खैराटी में आरोपितों को बचाने के लिए आनन-फ्ानन में जिन कामों पर बिना कार्य कराए धन निकाल लिया गया था, और बाद में जांच के दौरान काम करवा कर दिखाया था, ठीक वहीं काम पगारखास में भी हो रहा है। कार्रवाई के बचने के लिए रातों-रात ब्लॉक की मिलीभगत कार्य करवाए जा रहे हैं, ताकि जांच के दौरान यह दिखाया जा सके कि आरोप लगत है।

### लोकआयुक्त करेंगे 'पगारखास' का फैसला

**पगारखास** जिले का पहला ऐसा ग्राम पंचायत हैं, जिसका मामला लोकआयुक्त में लंबित है। षम्भूनाथ यादव की ओर से दाखिल वाद में वितीय वर्ष 2015-2020 के बीच हुए भ्रष्टाचार का लेखाजोखा साक्ष्य के साथ दाखिल किया गया है। लगभग दो सौ पेज के हलफ्नामें में ग्राम पंचायत के एक-एक कार्यो का जिर्क किया गया है। कहा गया है कि मनरेगा से ऐसे स्थान पर तालाब की खोदाई और सफ्ई के नाम पर लाखों रुपया निकाल लिया, जो गांव बिनचिरागी है, और जहां पर नवीन पर्ती और चकरोड के अतिरिक्त कुछ भी नहीं है। षिकायतकर्ता का कहना है कि जिस तरह पूरा ब्लॉक भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने का काम कर रहा है, उससे सरकार की तो छवि खराब हुई है, साथ बड़े पैमाने पर सरकारी धन का दुरुपयोग भी हुआ।

### 52 आवास में भी हुआ गोलमाल, आवास की जगह बनाई दुकान

**गांव** वालों की शिकायत पर जब डीआरडीए कि इंजीनियर आवास की जांच करने गए, तो वे देख रह गए कि आवास के जगह दुकान बना हुआ, वह भी ऐसे व्यक्ति को आवास आंवटित किया गया, जिसके पास पहले से ही मकान है। डीएम और पीडी से की गई शिकायत में कहा गया कि ऐसे लोगों को आवास दं दिया गया, जिनके पास गांव मे ही नहीं दूसरे जनपद में आवास और कारोबार हो रहा। वहीं झोपडपटटी में रहने वाले गरीबों को आवास ही मिला। पीडी कमलेष सोनी ने बताया कि जांच की प्रक्रिया चल रही है।

# क्षत्रिय समागम में अतीत व वर्तमान पर होगा चिन्तन

संवाददाता। संतकबीरनगर

● गैर राजनीतिक नहीं रहेगा, देश के दिग्गज क्षत्रिय समाज के विद्ववान होंगे इकट्ठा

**क्षत्रिय** महासभा राजपूत समाज (अखण्ड भारत) के जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश सिंह ने बृहस्पतिवार को मीडिया से वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 18, सितम्बर को खलीलाबाद के बनियाबारी स्थित एक हाल में क्षत्रिय समागम का आयोजन किया गया है। जिसमें देश के विभिन्न क्षेत्रो में अपनी प्रतिभा से विश्व एवं राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित किया है। उन सभी विद्ववानो को आगमन होगा। उन्होंने बताया कि क्षत्रिय समागम में अतित व वर्तमान पर चिन्तन होगा। यह कार्यक्रम राजनैतिक नही होगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए सुर संग्राम विजेता मनोहर सिह उपस्थित रहेगे। विशेष रूप से आमंत्रण में स्वामी गांगेय हंस बाबा हरिदेव, पूर्व पुलिस महानिदेशक सुलखान सिंह, पूर्व महानिदेशक यशपाल सिंह, डॉ0 गुरू प्रसाद सिंह, विजेन्द्र सिंह तोमर, रौशन सिंह, विनीता सिंह, ठाकुर जगुनाथ सिंह, पुष्कर सिंह अठदमा स्टेट, प्रीतू सिंह अहरा स्टेट, डॉ0 संजय सिंह, महेन्द्र सिंह परमार, सूर्यबली सिंह, नीलू सिंह, वी0के0 सिंह चौहान सहित क्षत्रिय समाज के विभिन्न संगठनो के राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारी कार्यक्रम में शामिल होगे। उन्होने बताया कि कार्यक्रम में हजारो की संख्या में सभ्रान्त नागरिक उपस्थित होगे।

# भारी बारिश से शहर से लेकर गांव तक घरों में घुसा पानी

संवाददाता। संतकबीरनगर



बारिश से डूबा सरकारी कार्यालय — पायनियर

**जिला** मुख्यालय पर भारी बारिश से खलीलाबाद शहर पूरा पानी-पानी हो गया है। शहर की मुख्य सड़क तथा आसपास के कई मोहल्ले जलमग्न हो गए है। घरों एवं दुकानों में पानी घुसने से लोगों का काफी नुकसान हो गया है। वहीं शहर के व्यापारियों व्यवसाय पूरी तरह से चौपट हो गया है। जल निकासी की व्यवस्था को लेकर शहर के व्यापारियों एवं दुकानदारों ने आक्रोश व्यक्त किया है। कई स्थानों पर पेड़ टूट कर गिर गए। विद्युत पोल और तार भी टूट करके गिर गए है। जिसके कारण रात्रि से विद्युत आपूर्ति बाधित रही। दोपहर बाद विद्युत आपूर्ति को बहाल किया गया। बुधवार/गुरूवार की रात से ही दिन भर रूक रूक करके बारिश हुई। जिससे जनपद मुख्यालय के खलीलाबाद शहर मेंहदावल बाईपास चौराहे तक पानी भर गया है। आलम यह है कि मुख्य सड़क के दोनों तरफ की दुकानों में दो से तीन फीट तक पानी लग गया है। जिसके चलते दुकानदारों का भारी नुकसान हुआ है। मुख्य सड़क से लगायत मुहल्लों की सड़को पर पानी लग जाने से यातायात व्यवस्था बाधित हो गई है तो वहीं विभिन्न सरकारी कार्यालयों में पानी घुस जाने से सरकारी कामकाज भी प्रभावित हो गया है। बिजली विभाग के सब स्टेशन में लगातार पानी भरता जा रहा है तो वही बिजली कर्मियों के आवास हाईडिल कालोनी में दो फीट से ज्यादा पानी लग चुका है। कर्मचारियों के खाद्यान्न समेत अन्य जरूरी सामान पानी में तैर रहे है।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख के पुत्र ने प्रधान, जेई और सेक्रेटरी पर दर्ज कराया मुकदमा

● कोर्ट के आदेश के चार माह बाद पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

संवाददाता। बस्ती

**परसुरामपुर** ब्लॉक के पूर्व ब्लॉक प्रमुख त्रयंबकनाथ पाठक के पुत्र प्रवीन कुमार पाठक ने मुकुंदपुर के पूर्व प्रधान रामजी वर्मा, तत्कालीन अवर अभियंता नाम पता अज्ञात एवं तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी दुर्गौर प्रसाद सहित अन्य के खिलाफ बिना काम कराए सरकारी धन का गबन करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। यह मुकदमा न्यायालय के आदेष पर पुलिस ने चार माह दर्ज किया। पुलिस और डीपीआरओ पर मामले को रफा-दफा करने का आरोप लगाया गया है, पूर्व ब्लॉक प्रमुख का कहना है, कि जांच टीम के आदेष के बावजूद दोषियों से अभी तक डीपीआरओ ने रिकवरी नहीं करवाई। पुलिस ने जहां दबाव में आकर मुकदमा नहीं दर्ज कर रही थी, वहीं डीपीआरओ कार्यालय के लोग पैसा लेकर कार्रवाई नहीं कर रहे थे, और फाइल अभी तक दबाकर बैठें है। कहते हैं कि जब डीपीआरओ की ओर से रिकवरी करने में हीलाहवाली की जा रही थी, तब मजबूरी में न्यायालय का षरण लिया गया। कहते हैं कि भ्रष्टाचार बढ़ने का सबसे बड़ा कारण डीपीआरओ के द्वारा कार्रवाई न करना रहता है। बड़े से बड़ा घौटालेबाज अधिकारी और बाबूओं की जेबें गरम कर देता है, और उसके बाद वह खुलकर यह जानकर फ्रि से घोटाला करता है, कि उसका तब तक कुछ नहीं होगा तब तक भ्रष्ट डीपीआरओ और बाबू रहेगें। जोर देकर कहते हैं कि अगर ग्राम पंचायतों से भ्षटाचार मिटाना है तो सबसे पहले डीपीआरओ कार्यालय से भ्रष्टाचार समाप्त करना होगा।

# 'चीफ इंजीनियर' पर 'भ्रष्टाचार' को बढ़ावा देने का लगा आरोप

संवाददाता। बस्ती

● आदर्श पूर्वांचल ठेकेदार समिति ने कहा मुख्य अभियंता नहीं कर रहे कार्रवाई

● मनमाने तरीके से तारकोल की दरें लगाने का मामला

**आदर्श** पूर्वांचल ठेकेदार समिति के अध्यक्ष सरद कुमार सिंह ने पीडब्लूडी के चीफ इंजीनियर पर तारकोल के मामले में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि रिपोर्ट और कई पत्र लिखाने के बावजूद उन अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, और न कोई आदेष ही जारी किया, जिन लोगों के द्वारा क्षेत्र में मनमाने तरीके तारकोल की दों लगाकर भ्रष्टाचार कर रहे है। पत्र के जरिए कहा गया है कि सभी खंडों के द्वारा स्टोर से कमाई की जा रही है, सरकारी धन का दुरुपयोग और ठेकेदारों पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। कहा कि जिस तरह खंडों की ओर से परिपत्र के अनुसार वर्तमन में प्रचलित तारकोल की दरें न लगाकर मनमाने तरीके से दरें निर्धारित की जा रही है। क्षेत्र में सभी खंडों में अत्यधिक बढ़ी हुई दरें लगाकर तारकोल षिड्यूल 'सी' के माध्यम से निर्गत के बाद स्टोर के लाभ को अन्य मदों में परिवर्तित कर व्यापक भ्रष्टाचार किया जा रहा है, जब कि इस संबध में कई बार लिखा भी गया, मगर अपने स्तर से कोई निर्देष या आदेष जारी न करके मूल रुप से आख्या मांग ली गई, जिस पर आजतक न तो कोई प्रभावी कार्रवाई की गई और न भ्रष्टाचार को रोकने का प्रयास ही किया गया। कहा कि कई खंडों में तारकोल के मद में ठेकेदारों से 18 फीसद जीएसटी काटी जा रही है, जो कि अनुबंध की षर्तो के बिलकुल पिरीत है।

### प्रमुख अभियंता के आदेश का भी चीफ इंजीनियर नही कर रहे पालन

**ठेकेदार** संघों के पदाधिकारियों की माने तो सबसे अधिक भ्रष्टाचार विभाग के अधिकारियों के कारण ही फैल रहा है। यह अधिकारी भ्रष्टाचार रोकने के बजाए उसे और बढ़ावा देते है। नीजि लाभ के लिए सरकारी धन का दुरुपयोग करने से भी पीछे नहीं हटते। हाल ही में प्रमुख अभियंता ने एक सभी मुख्य अभियंताओं को सहायक अभियंताओं के संबद्धीकरण को समाप्त करने का आदेष जारी किया। आदेष जारी हुए लगभग दो माह होने को हैं, मगर अभी तक उसका पालन नहीं हुआ। इसके लिए भी आदर्ष पूर्वांचल ठेकेदार समिति के अध्यक्ष सरद कुमार सिंह ने चीफ इंजीनियर को पत्र लिखकर उन्हें प्रमुख सचिव के आदेष का पालन कराने की मांग की। कहा कि क्षेत्र के अधीन खंडों में आदेष का पालन नहीं हो रहा, सहायक अभियंताओं के कार्यो में भी काफी असमानता होने से कार्यो के निस्तारण पर असर पड़ रहा। कार्यो का समान बटंवारा कराने की मांग की गई है।

# फूड प्वाइजनिंग से एक ही परिवार के कई सदस्य बीमार

**संतकबीरनगर।** धर्मसिंहवा स्थानीय कस्बे के नौ लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गए हैं। गम्भीर हालत में परिजनों ने उन्हें सिद्धार्थ नगर जनपद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज चल रहा है। धर्मसिंहवा स्थानीय कस्बा निवासी मनोज वर्मा ने बताया कि उनके परिवार के कुछ लोग बुधवार की शाम को बखिरा थाना क्षेत्र के राजेडीहा बाजार सामान की खरीददारी करने गए थे। सामान की खरीददारी के बाद वो कस्बे में स्थित चाय की दुकान पर नास्ता किए वही वो लोग रबडी भी खाए। उसके बाद सब लोग घर वापस आ गए। रात में लगभग 9 बजे के करीब सबके पेट में तेज दर्द और उल्टी होना चालू हो गया। इसके बाद उन्हें सिद्धार्थ नगर जनपद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां अभी भी इलाज चल रहा है। फूड प्वाइजनिग के शिकार में विजय वर्मा, रमा वर्मा, मीनल वर्मा, स्वतंत्र वर्मा, अनंत वर्मा, अंश वर्मा, प्राची वर्मा, आर्ची वर्मा तथा अभी वर्मा शामिल है।

# काजू और बादाम से स्थापित गणेश प्रतिमा का हुआ विसर्जन

संवाददाता। संतकबीरनगर

**बुधवार** की देर रात को कस्बे मे स्थापित डेढ़ दर्जन गणेश प्रतिमाओ को ढोढया स्थित बखिरा झील में विसर्जित कर दिया गया। काजू व बादाम मेवो से बना हुआ गणेश प्रतिमा लोगो के आकर्षण का केंद्र रहा। पुलिस की मौजूदगी में शांतिपूर्वक बगैर किसी गाजे बाजे के विसर्जन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। नगर पंचायत बखिरा के मंगल बाजार, शनिचरा बाजार, नई बाजार, झीनपुर, ठठेरी मोहल्ला में करीब डेढ़ दर्जन गणेश की प्रतिमाओ को घरो पर स्थापित किया गया था, किन्तु मंगल बाजार मुहल्ले में काजू व बादाम से बना गणेश भगवान की आकृति लोगो के लिए चार दिनों तक विशेष आकर्षण रहा। विगत सालो की तरह इस वर्ष भी बगैर डीजे व शोरशराबे के बिना ही चार दिनों तक गणेश उत्सव मनाया गया। श्रद्धालुओ ने श्रद्धा से पूजा अर्चना किया। मंगलवार को देर रात तक हवन पूजन विधि बिधान से किया गया। सुबह दस बजे से प्रतिमाओ के विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया। पुलिस की मुस्तैदी की वजह से विसर्जन का कार्यक्रम शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। लगातार दूसरे वर्ष कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए बगैर डीजे व बिना जुलूस निकाले ही गणेश प्रतिमाएं बखिरा झील में विसर्जित कराई गई। इस दौरान चौकी इंचार्ज हरेंद्र पाठक ने हमराही आर बी पटेल समेत अन्य पुलिस कर्मियों के साथ विसर्जन होने तक अनवरत ड्यूटी पर मुस्तैद रहे।



प्रतिमा विसर्जित करने जाते श्रद्वालु — पायनियर

# विश्व कप के बाद टी-20 कप्तानी से हट जाएंगे विराट कोहली

## ● रोहित शर्मा कमान संभालने को तैयार

**भाषा।** दुबई

**विराट** कोहली ने गुरुवार को घोषणा की कि वह संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले टी-20 विश्व कप के बाद भारतीय टी-20 टीम के कप्तान के पद से हट जाएंगे लेकिन वह वनडे और टेस्ट क्रिकेट में टीम की अगुआई करना जारी रखेंगे। इस फैसले से रोहित शर्मा के लिए टी-20 प्रारूप में टीम की कप्तानी संभालने का रास्ता खुल जाएगा।


कोहली इंडियन प्रीमियर लीग में हिस्सा लेने के लिए यहां हैं जो रविवार से बहाल हो रही है। इस 32 साल के क्रिकेटर ने अपने ट्विटर पेज पर एक बयान पोस्ट किया, मैंने अक्टूबर में दुबई में होने वाले टी-20 विश्व कप के बाद टी-20 कप्तान के तौर पर पद से हटने का फैसला किया है। पिछले कुछ समय से कोहली के सफेद गेंद की टीम की कप्तानी के भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं, विशेषकर रोहित शर्मा के इंडियन प्रीमियर लीग में शानदार रिकार्ड को देखकर, जिसमें उन्होंने मुंबई इंडियंस को पांच खिताब दिलाए हैं। सीमित ओवर के प्रारूपों में 34 साल के रोहित भारतीय टीम के उप कप्तान हैं और उनके टी-20 कप्तान की भूमिका निभाने की पूरी संभावना है जब भारत नवंबर में न्यूजीलैंड के साथ घरेलू शृंखला खेलेगा जिसमें तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के साथ दो टेस्ट मैच भी शामिल हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने कोहली की घोषणा के बाद बोर्ड द्वारा जारी बयान में कहा कि संस्था पिछले कुछ समय से कोहली से चर्चा कर रही थी। शाह ने कहा, टीम इंडिया के लिए हमारे पास स्पष्ट रोडमैप है। कार्यभार को देखते हुए और यह सुनिश्चित करते हुए कि बदलाव का दौर सहज रहे, विराट कोहली ने आगामी विश्व कप के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान के तौर पर हटने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, मैं विराट और नेतृत्व समूह के साथ पिछले छह महीनों से चर्चा कर रहा हूं और फैसला काफी सोच विचार के बाद लिया गया है।



शाह ने कहा, विराट बतौर खिलाड़ी और टीम के वरिष्ठ सदस्य के तौर पर भारतीय क्रिकेट के भविष्य की योजनाओं में योगदान करना जारी रखेंगे। कोहली 2017 में महेंद्र सिंह धोनी की जगह भारत की सीमित ओवर टीम के कप्तान बने थे। कोहली ने अपने पेज पर बयान में कहा, कार्यभार को समझना बहुत महत्वपूर्ण चीज है और पिछले आठ-नौ वर्षों से मेरे अत्यधिक कार्यभार को देखते हुए जिसमें मैं सभी तीनों प्रारूपों में खेल रहा हूं और नियमित रूप से पिछले पांच से छह वर्षों से कप्तानी कर रहा हूं, मुझे लगता है कि मुझे टेस्ट और वनडे क्रिकेट में भारतीय टीम की अगुआई के लिए पूरी तरह से तैयार होने के लिए खुद को थोड़ा स्पेस देने की जरूरत है। उन्होंने लिखा, मैंने टी-20 कप्तान के तौर पर अपने समय में टीम को अपना सबकुछ दिया और मैं टी-20 कप्तान के लिए ऐसा करना जारी रखूंगा और बतौर बल्लेबाज आगे बढ़ने के लिए ऐसा करना जारी रखूंगा। कोहली ने कहा कि यह फैसला उन्होंने मुख्य कोच रवि शास्त्री, रोहित (स्पष्ट रूप से उनकी जगह लेने वाले), बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह से सलाह मशविरा करने के बाद किया है। टी-20 विश्व कप 17 अक्टूबर से शुरू होगा और कोहली पर ट्रॉफी दिलाने का भारी दबाव होगा। कोहली ने कहा, निश्चित रूप से इस फैसले पर पहुंचने में काफी समय लगा। अपने करीबी लोगों, रवि भाई और नेतृत्व समूह का अहम सदस्य रोहित के साथ काफी सोच विचार और चर्चा के बाद यह फैसला लिया। उन्होंने कहा, मैंने बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह के साथ चयनकर्ताओं से भी इस बारे में बात की। मैं पूरी क्षमता से भारतीय क्रिकेट और भारतीय क्रिकेट टीम की सेवा करना जारी रखूंगा। कोहली ने 90 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 28 अर्धशतक से 3159 रन जुटाए हैं। उन्होंने इनमें से 45 मैचों में भारत की कप्तानी की और टीम को 27 में जीत दिलाई जबकि 14 में टीम को हार का सामना करना पड़ा। उनका जीत का प्रतिशत 65.11 रहा है।

# कप्तानी में बदलाव की कोई जानकारी नहीं: बाबर आजम

**भाषा।** कराची



**पाकिस्तान** के कप्तान बाबर आजम ने टीम के नेतृत्व में बदलाव की बातों को खारिज करते हुए कहा कि उनका ध्यान न्यूजीलैंड के खिलाफ एक दिवसीय और टी-20 श्रृंखला जीतने पर है। बाबर ने गुरुवार को वर्चुअल मीडिया कांफ्रेंस में कहा कि उन्हें चुनी हुई टीम में पूरा विश्वास है। चुनी गई टीम से कथित तौर पर खुश नहीं होने की खबरों पर बाबर ने कहा कि हर बार की तरह उन्होंने चयन बैठक में सलाह दी थी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह किसी एक व्यक्ति की टीम नहीं है। बाबर ने कहा, मुझे लगता है कि बोर्ड अधिकारी और मुख्य चयनकर्ता भी टीम के चयन को लेकर स्थिति स्पष्ट कर चुके हैं इसलिए मैं भी पूरी तरह से टीम का समर्थन कर रहा हूं और न्यूजीलैंड के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। बाबर ने साथ ही स्पष्ट किया कि उन्हें कप्तानी के बदलाव के बारे में कुछ नहीं बताया गया और ना ही उन्होंने ऐसा कुछ सुना है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट जगत में यह सामान्य चीज है कि कप्तान को वांछित लक्ष्य हासिल करने होते हैं और उम्मीदों पर खरा उतरना होता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के नए अध्यक्ष रमीज राजा ने अपनी पहली प्रेस कांफ्रेंस में स्पष्ट कर दिया था कि उनकी बाबर से कप्तान के रूप में वही उम्मीदें हैं जो इमरान खान से थी। रमीज ने कहा था कि वह निजी तौर पर बाबर को इतनी अच्छी तरह नहीं जानते इसलिए सभी प्रारूपों में उनकी कप्तानी को लेकर आकलन करना जल्दबाजी होगी। कप्तानी में बदलाव की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर बाबर ने कहा, अब तक मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। बाबर ने कहा कि कप्तान केन विलियमसन, टिम सीफर्ट, डेवोन कॉनवॉय के अलावा अनुभवी तेज गेंदबाजों ट्रेंट बोल्ट, टिम साउथी, काइल जेमीसन और लॉकी फर्ग्युसन की गैरमौजूदगी के बावजूद उन्हें सीमित ओवरों की श्रृंखला में न्यूजीलैंड से कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद है।

# आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज व्लेमिंक भारत के खिलाफ शृंखला से बाहर

**मेलबर्न (भाषा)।** आस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज टायला व्लेमिंक फिटनेस कारणों से भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला और एक टेस्ट मैच नहीं खेलेगी। मुख्य कोच मैथ्यू मोट ने कहा कि व्लेमिंक आगामी मैचों से बाहर होने वाली अकेली खिलाड़ी है। वह टी-20 श्रृंखला खेल सकती हैं। उन्होंने कहा , टायला को विक्टोरिया में अभ्यास के दौरान चोट लगी है। हम उसकी हालात पर नजर रखे हुए हैं। हमें उसके कार्यभार का प्रबंधन सही तरीके से करना होगा। तीन साल पहले आस्ट्रेलिया के लिए पहला मैच खेलने वाली व्लेमिंग दुनिया की सबसे तेज गेंदबाजों में से है। अनुभवी तेज गेंदबाज मेगान शट भी अपने पहले बच्चे के जन्म के कारण नहीं खेल रही हैं। ऐसे में एलिसे पैरी को युवा गेंदबाजों का नेतृत्व करना होगा। पहला वनडे 21 सितंबर को मैके में खेला जाएगा। भारतीय टीम के दौरे का अंत 10 अक्टूबर को गोल्ड कोस्ट में तीसरे और आखिरी टी20 से होगा।



# भारत का न्यूजीलैंड का एक दिवसीय दौरा 2022 तक स्थगित

**वेलिंगटन।** भारत व्यस्त कार्यक्रम और कोविड-19 से जुड़ी पाबंदियों के कारण इस साल न्यूजीलैंड का दौरा नहीं करेगा। भारत को अगर न्यूजीलैंड में विश्व कप सुपर लीग का हिस्सा तीन मैचों की एक दिवसीय श्रृंखला खेलनी है तो उसे 14 दिन के पृथकवास से गुजरना होगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के प्रवक्ता ने पुष्टि की कि भारत के खिलाफ मैच आस्ट्रेलिया में अगले साल टी20 विश्व कप के बाद खेले जाएंगे। न्यूजीलैंड को इस साल नवंबर में दो टेस्ट और तीन टी20 मैचों के लिए भारत का दौरा करना है। न्यूजीलैंड गर्मियों में बांग्लादेश, नीदरलैंड और दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा जबकि मार्च-अप्रैल में देश में महिला विश्व कप का आयोजन होगा। बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा हैं।

# एआईएफएफ अध्यक्ष पटेल ने खेलमंत्री ठाकुर से मुलाकात की

**भाषा।** नई दिल्ली

**अखिल** भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने गुरूवार को खेलमंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात करके आने वाले समय में भारत में होने वाले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के बारे में बताया। एआईएफएफ ने एक विज्ञप्ति में कहा कि पटेल ने उन्हें भारत में 2022 में होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप और फीफा अंडर 17 महिला विश्व कप 2022 के बारे में बताया। महिला एशियाई कप मुंबई, नवी मुंबई और पुणे में 20 जनवरी से खेला जाना है जबकि फीफा अंडर 17 महिला विश्व कप 11 अक्टूबर 2022 से शुरू होगा। खेल सचिव रवि मित्तल और भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक संदीप प्रधान इस मौके पर मौजूद थे। पटेल के साथ एआईएफएफ महासचिव कुशाल दास और उप महासचिव अभिषेक यादव भी थे।



## क्विक न्यूज

### गौरिका बिश्नोई लावाउ लेडीज टूर्नामेंट में संयुक्त 21वें स्थान पर

**पुइडो (स्विटजरलैंड)।** गोल्फर गौरिका बिश्नोई लेडीज यूरोपीय टूर पर लावाउ लेडीज ओपन टूर्नामेंट में संयुक्त 21वें स्थान पर रही। गौरिका ने एक अंडर 71 का स्कोर करते हुए दो बर्डी लगाए और एक बोगी किया। अन्य भारतीयों में अमनदीप ड्राल एक ओवर 73 के स्कोर के साथ संयुक्त 41वें स्थान पर रही। रिधिमा दिलावारी और दुर्गा निट्टूर दो ओवर 74 के स्कोर के साथ संयुक्त 52वें स्थान पर रही। वाणी कपूर संयुक्त 57वें स्थान पर रही। एन्ने स्टेरे डेन डुनेन ने पहले दौर में पांच अंडर 67 स्कोर करके बढत बना ली है।

### डब्ल्यूटीटी: स्वस्तिका घोष ने यशस्विनी घोरपड़े को हराया

**नई दिल्ली।** भारत की स्वस्तिका घोष ने हमवतन यशस्विनी घोरपड़े को ट्यूनीशिया में चल रहे वर्ल्ड टेबल टेनिस अंडर 19 लड़कियों के फाइनल में 3-2 से हराया। रजत पदक विजेता यशस्विनी ने अंडर 17 वर्ग में मिस्र की फरीदा बी को 11-6, 14-12, 11-7 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। अंडर 19 फाइनल में स्वस्तिका ने यशस्विनी को 6-11, 11-6, 6-11, 11-6, 11-8 से मात दी। अंडर 15 वर्ग में सुहाना सैनी ने पृथा वर्तिकर को हराकर दूसरा स्वर्ण जीता। एम हंसिनी ने अंडर 13 वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। अंडर 11 लड़कियों के वर्ग में धानी जैन ने अनन्या मुरलीधरन को हराकर खिताब जीता।।

### मेस्सी नहीं दिला सके पीएसजी को जीत सिटी, लिवरपूल और मैड्रिड जीते

**जिनेवा।** लियोनेल मेस्सी, काइलियान एमबाप्पे और नेमार जैसे सितारों से सजी होने के बावजूद पेरिस सेंट जर्मेन जीत दर्ज नही कर सकी और चैम्पियंस लीग फुटबॉल के मैच में उसे बेल्जियम के क्लब ब्रजे ने ड्रॉ पर रोक दिया। पीएसजी के लिए मिडफील्डर एंडेर हेरारा ने गोल दागा जबकि बेल्जियम के क्लब के लिए 27वें मिनट में कप्तान हैंस वानाकेन ने गोल किया। पहले हाफ में मेस्सी का शॉट क्रॉसबार से टकरा गया और उन्हे बाद में पीला कार्ड भी मिला। वही एमबाप्पे बाएं टखने में चोट के शिकार हो गए। मेस्सी पिछले महीने ही बार्सीलोना छोड़कर पीएसजी से जुड़े है। पहली बार वे एमबाप्पे और नेमार के साथ इस क्लब के लिए खेल रहे थे। अन्य मैचो मे सेबेस्टियन हालेर के चार गोल की मदद से अजाक्स ने स्पोर्टिंग लिसबन को 5-1 से हराया। वही मैनचेस्टर सिटी ने लेइपजिग को 6-3 से शिकस्त दी। लिवरपूल ने एसी मिलान को 3-2 से हराया जो सात सत्र बाद टूर्नामेंट में वापसी कर रही थी। रीयाल मैड्रिड ने इंटर मिलान को एक गोल से मात दी जबकि एटलेटिको मैड्रिड ने पोर्तो से गोलरहित ड्रॉ खेला। मोलदोवा लीग की शेरीफ तिरास्पोल ने उक्रेन की शखतार दोनेस्क को 2-0 से हराया।

### दुबई में फाइट नाइट में रिंग में उतरेंगे नीरज गोयत सहित भारतीय मुक्केबाज

**नई दिल्ली।** अनुभवी नीरज गोयत सहित भारतीय मुक्केबाज दुबई मे ब्रिटिश स्टार आमिर खान द्वारा प्रोमोट की जाने वाली फाइट नाइट में 16 अक्टूबर को रिंग मे उतरेंगे। इस फाइट नाइट का आयोजन सुपर बॉक्सिंग लीग (एसबीएल) द्वारा विश्व मुक्केबाजी परिषद (डब्ल्यूबीसी) के साथ मिलकर किया जा रहा है। गोयत के अलावा अन्य भारतीय मुक्केबाजों मे चांदनी मेहरा, शिवानी दहिया, संदीप कुमार, सचिन नौटियाल और अब्दुल खान भी इसमें हिस्सा लेंगे जिसमें अभी उनके प्रतिद्वंद्वियो की घोषणा की जाएगी। आयोजकों की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार दुनिया का बढ़ता क्रिप्टो समुदाय भी पहली बार इस प्रतियोगिता का हिस्सा बनेगा। टूर्नामेंट के अगले सत्र की मेजबानी 2022 मे भारत में होने को तैयार है जिसमें आमिर खान और नीरज गोयत के बीच मुकाबला होगा। एसबीएल के चेयरमैन और दो बार के विश्व चैम्पियन तथा ओलंपिक रजत पदक विजेता खान ने फाइट नाइट के आयोजन के प्रति उत्साह व्यक्त किया कि एसबीएल इतिहास बना रही है जो क्रिप्टो समुदाय के साथ भागीदारी करने वाली पहली प्रोमोशन संस्था होगी।

# फिनलैंड के खिलाफ डेविस कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा भारत को

**भाषा।** एस्पू (फिनलैंड)

**भारत** के एकल खिलाड़ियों को शुक्रवार से शुरू हो रहे डेविस कप विश्व ग्रुप वन मुकाबले में फिनलैंड जैसी मजबूत टीम के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। प्रजनेश गुणेश्वरन और रामकुमार रामनाथन को बड़े मैच खेलने का अनुभव है। उन्होंने बेहतर खिलाड़ियों के खिलाफ खेला है लेकिन अब करीबी मुकाबले खेलने से आगे बढने की जरूरत है। उन्हें बड़े मैच जीतने होंगे ताकि भारत अगले साल क्वालीफायर में जगह बना सके। प्रजनेश (165वीं रैंकिंग) भारत के लिए शुरूआत करेंगे और पहले मैच में उनका सामना ओटो विर्तानेन (419वीं रैंकिंग) से होगा। भारत के लिए इस मैच में जीत हासिल करके बढ़त बनाने का अच्छा मौका होगा क्योंकि प्रजनेश इसमें बेहतर खिलाड़ी हैं। अपनी प्रतिभा के बूते प्रजनेश जीत के करीब पहुंच जाते हैं लेकिन उनमें बढ़त को गंवाने की प्रवृति है जैसे वह क्रोएशिया के खिलाफ पिछले मुकाले में बोर्ना कोरिच के खिलाफ मैच को गंवा बैठे थे।

शायद यह भारत की ओर से खेलने का दबाव हो लेकिन चेन्नई के इस खिलाड़ी ने कहा कि ऐसा नहीं है। प्रजनेश ने पीटीआई से कहा, अच्छे खिलाड़ियों के खिलाफ मुकाबले करीबी रहते हैं। मैने उनके खिलाफ जीते भी हैं और हारे भी। करीबी मुकाबलों का नतीजा कुछ भी निकल सकता है। भारत के लिए खेलते हुए कोई दबाव नहीं होता। कई बार दबाव अधिक होता है और कई बार कम। यह इस पर निर्भर करता है कि आप उसका सामना कैसे करते हैं। रामकुमार अगर 2014 अमेरिकी ओपन चैम्पियन क्रोएशिया के मारिन सिलिच के खिलाफ पिछले मैच में किए गए प्रदर्शन को दोहरा सके तो भारत यह मुकाबला जीत सकता है। भारत के दूसरी रैंकिंग वाले खिलाड़ी रामकुमार का सामना दिन के दूसरे मैच में फिनलैंड के नंबर एक खिलाड़ी एमिल रूसुवुओरी से होगा जो विश्व रैंकिंग में 74वें स्थान पर है। लिएंडर पेस और महेश भूपति के दौर में युगल मुकाबला भारत के लिए जीता हुआ माना जाता रहा है लेकिन अब हालात बदल गए हैं। रोहित बोपन्ना (44) के पास अनुभव है लेकिन उन्हें एक टीम के रूप में दिविज शरण (86) के साथ अच्छा प्रदर्शन करना होगा। उनका सामना हेनरी कोंटिनेन और हैरी हेलिओवारा जैसी कठिन टीम से है। बोपन्ना और शरण ने एकमात्र मुकाबला साथ में मार्च 2019 में इटली के खिलाफ खेला है। बोपन्ना अब तक पेस या साकेत माइनेनी के साथ खेलते आए हैं। अब देखना यह होगा कि कप्तान रोहित राजपाल बोपन्ना के साथ शरण या माइनेनी में से किसे उतारते हैं। राजपाल का मानना है कि हालात पूरी तरह से मेजबान के अनुकूल नहीं हैं क्योंकि कोर्ट पर उछाल कम है। इसका फायदा भारतीय खिलाड़ियों को मिल सकता है। राजपाल ड्रा से काफी खुश हैं। उन्होंने कहा, हमें खुशी है कि हमारा नंबर एक खिलाड़ी मुकाबले की शुरूआत कर रहा है। अगर प्रजनेश अपनी क्षमता के अनुसार खेलता है तो हम 1-0 से बढ़त बना लेंगे और फिर उनका नंबर एक खिलाड़ी दबाव में आ जाएगा इसलिए हम ड्रा से खुश हैं।

# हमने पहले हाफ में क्या किया, वह मायने नहीं रखता: पोंटिंग

**भाषा।** दुबई



**दिल्ली** कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग को लगता है कि उनकी टीम को रविवार से यूएई में बहाल होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सत्र में नए सिरे से शुरूआत करनी होगी क्योंकि टी20 टूर्नामेंट के पहले हाफ का प्रदर्शन मायने नहीं रखेगा। बायो-बबल में कोविड-19 के कई मामले आने के बाद मई में आईपीएल का 14वां चरण बीच में ही निलंबित कर दिया गया था। तब दिल्ली कैपिटल्स की टीम आठ मैचों में से छह जीतकर तालिका में शीर्ष पर चल रही थी। फ्रेंचाइजी द्वारा जारी विज्ञप्ति में पोंटिंग ने कहा, यह मायने नहीं रखता कि हमने सत्र के पहले हाफ में कैसा प्रदर्शन किया। हमने तब काफी अच्छा क्रिकेट खेला था और तब से चार महीने हो चुके हैं इसलिए हमें फिर से शुरूआत करनी होगी। उन्होंने कहा, हमें टूर्नामेंट के बढ़ने के साथ साथ खुद को भी बेहतर करना होगा और सुनिश्चित करना होगा कि हम टूर्नामेंट के अंत की ओर अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलें। आस्ट्रेलिया के इस महान क्रिकेटर ने कहा, टूर्नामेंट के पहले हाफ में हमारा प्रदर्शन ऐसा इसलिए था क्योंकि हमने तब अच्छा क्रिकेट खेला था और कड़ी मेहनत की थी लेकिन मुझे नहीं लगता कि हमने अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेला था। पोंटिंग ने कहा कि उनके खिलाड़ियों ने यहां सत्र पूर्व शिविर के दौरान काफी शानदार जोश दिखाया। उन्होंने कहा, मैं दिल्ली कैपिटल्स के शिविर में वापसी के लिए चार महीने से इंतजार कर रहा था। टीम के साथ शानदार समय रहा था और मेरे कैलेंडर वर्ष में भी यह शानदार समय है। मैं यहां कोचिंग स्टाफ से बात कर रहा हूं और उन्होंने अभी तक सत्र पूर्व शिविर में शानदार काम किया है। आप खिलाड़ियों का जज्बा और रवैया देख सकते हो। पोंटिंग ने कहा, मैं बहुत उत्साहित हूं कि अगले चार-पांच हफ्तों में क्या होने वाला है। श्रेयस अय्यर की टीम में वापसी के बारे में उन्होंने कहा, श्रेयस की वापसी शानदार है।

## दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2021 के बाकी सत्र के लिए पंत को कप्तान बरकरार रखा

**दुबई।** दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को घोषणा की कि आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 19 सितंबर से बहाल हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग के बाकी बचे मैचों में टीम के कप्तान बरकरार रहेंगे। जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में कोविड-19 संक्रमण के कई मामले आने के कारण आईपीएल सत्र को निलंबित किए जाने से पहले दिल्ली कैपिटल्स ने पंत की अगुआई में शानदार प्रदर्शन किया था जिससे उन्हें कप्तान बरकरार रखे जाने की पूरी उम्मीद थी। दिल्ली की टीम ने हालांकि पिछले साल पहली बार श्रेयस अय्यर की कप्तानी में आईपीएल फाइनल में जगह बनाई थी। अय्यर के चोटिल होने के कारण पंत को दिल्ली की कप्तानी सौंपी गई थी और उनकी अगुआई में दिल्ली की टीम ने लीग के निलंबित होने से पहले छह मैच जीते और 12 अंक के साथ शीर्ष पर चल रही है। फ्रेंचाइजी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया, जेएसडब्ल्यू-जीएमआर के सह स्वामित्व वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम आज घोषणा करती है कि ऋषभ पंत आईपीएल 2021 के बाकी सत्र में टीम के कप्तान के रूप में बरकरार रहेंगे। इससे पहले पीटीआई ने तीन सितंबर को खबर दी थी कि पंत को कप्तान के रूप में बरकरार रखा जाएगा।

# सेंट किट्स एंड नेविस ने आखिरी गेंद पर सेंट लूसिया को हराकर सीपीएल खिताब जीता

**बासेटेरे।** मेजबान सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स ने आखिरी गेंद पर सेंट लूसिया किंग्स को तीन विकेट से हराकर पहली बार हीरो कैरेबियाई लीग खिताब जीत लिया। सेंट लूसिया किंग्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। लगातार विकेट गंवाने के बावजूद उसने सात विकेट पर 159 रन बनाए जिसमें रोस्टन चेस और रहकीम कॉर्नवाल ने 43-43 रन का योगदान दिया। कीमो पॉल ने 21 गेंद में 39 रन बनाए और एक ओवर में लगातार तीन छक्के जड़कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में पैट्रियट्स की जीत के नायक डोमिनिक ड्रेक्स रहे जिन्होंने 24 गेंद में 48 रन बनाए। किंग्स की शुरूआत अच्छी रही और खतरनाक क्रिस गेल को चेस ने जल्दी आउट कर दिया। इसके बाद एविन लुईस भी टिक नहीं सके। कप्तान ड्वेन ब्रावो के आउट होने के समय स्कोर पांच विकेट पर 95 रन था। इसके बाद ड्रेक्स ने अपना सर्वोच्च स्कोर बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया।

# शास्त्री, अरूण और श्रीधर को स्वदेश लौटने के लिए फिट टू फ्लाई प्रमाण पत्र का इंतजार

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** के मुख्य कोच रवि शास्त्री के साथ गेंदबाजी कोच भरत अरूण और क्षेत्ररक्षण कोच आर श्रीधर को कोविड-19 संक्रमण से उबरने के पश्चात फिट टू फ्लाई (उड़ान भरने के लिए फिट) परीक्षण से गुजरना होगा।

इन तीनों ने ब्रिटेन के स्वास्थ्य प्रोटोकॉल के अनुसार 10 दिन का पृथकवास पूरा कर लिया है। लेकिन स्वदेश रवाना होने से पूर्व उन्हें आरटी-पीसीआर की नेगेटिव रिपोर्ट के अलावा फिट टू फ्लाई परीक्षण में भी खरा उतरना होगा। भारतीय खेमे में कोविड-19 संक्रमण के मामले आने के कारण पिछले हफ्ते मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां टेस्ट रद्द करना पड़ा था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, शास्त्री, अरूण और श्रीधर कोविड-19 से उबरने के बाद शारीरिक रूप से स्वस्थ हैं। वे पृथकवास भी पूरा कर चुके हैं। उन्होंने कहा, हालांकि स्वास्थ्य प्रोटोकॉल के अनुसार उड़ान भरने के लिए फिट होना सुनिश्चित करने के लिए उनका सीटी स्कोर 38 से ज्यादा होना चाहिए, तभी वे उड़ान भर पाएंगे। हम उनके अगले दो दिन में उड़ान भरने की उम्मीद कर रहे हैं, अगर उनका सीटी स्कोर सही रहता है तो। सीटी (सीटी स्कैन) स्कोर से एक संक्रमित व्यक्ति में वायरस के असर का पता चलता है और उसके फेंफड़ों में कितना संक्रमण हुआ था। अगर सीटी स्कोर ज्यादा है तो इससे पता चलता है कि व्यक्ति उबर गया है और माना जाता है कि लंबी फ्लाइट के लिए व्यक्ति का सीटी स्कोर 40 होना चाहिए। तीनों भारतीयों कोचों को इस समय कोई लक्षण नहीं है और वे पूरी तरह से फिट हैं लेकिन प्रमाण पत्र हासिल करने के बाद ही वे स्वदेश लौटने के लिए उड़ान भर सकते हैं।

# टेस्ट खेलने को मिलता है तो ठीक, टी-20 विशेषज्ञ कहलाने में भी बुराई नहीं : लियाम लिविंगस्टोन

**भाषा।** नई दिल्ली



**राजस्थान** रॉयल्स के बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन सफल टेस्ट कैरियर चाहते हैं लेकिन उन्हें टी20 विशेषज्ञ कहलाए जाने से भी गुरेज नहीं है। उनका मानना है कि टेस्ट क्रिकेट में मौका मिलने के इंतजार में रातों की नींद गंवाने से बेहतर है कि वे सीमित ओवरों का क्रिकेट खेलते रहें। इंग्लैंड के इस 28 वर्षीय क्रिकेटर की दुनिया भर में टी20 क्रिकेट में मांग है। वह बिग बैश लीग और पाकिस्तान सुपर लीग खेल चुके हैं और अब राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल के 14वें सत्र के बाकी मैच खेलेंगे। उन्होंने पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहा , आपके पास क्रिकेट में अब दो रास्ते हैं।टेस्ट क्रिकेट में मौका नहीं मिलने पर भी दुनिया भर में लीग खेल सकते हैं। आईपीएल से ठीक पहले द हंड्रेड टूर्नामेंट में उन्होंने बर्मिंघम फीनिक्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि वह अपना ब्रांड और प्रशंसक बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा , अगले कुछ साल में दुनिया भर में मैं फ्रेंचाइजी आधारित क्रिकेट खेलना चाहता हूं। एक ही टीम के लिए बार बार खेलने से प्रशंसक बनते हैं और जिदंगी भर चलने वाली दोस्ती भी। लिविंगस्टोन ने कहा , उम्मीद है कि मैं ऐसा कर सकूंगा। उन्होंने कहा कि वह एशेज टीम में जगह बनाने के लिए आईपीएल को जरिया नहीं बना रहे। उन्होंने कहा , अभी मुझे आईपीएल खेलना है जिसके बाद टी20 विश्व कप है।टेस्ट क्रिकेट के बारे में मैं अभी नहीं सोच रहा। अगले कुछ महीने में मेरा लक्ष्य आईपीएल और टी20 विश्व कप है। मैं टेस्ट टीम में जगह पाने के लिए आईपीएल को जरिया नहीं बना रहा हूं।

# कृष्ण की शक्तियां

प्रभु समस्त सुखों का भण्डार हैं। **राधानाथ स्वामी** का कहना है कि हम उन्हें प्रसन्न करके ही उनसे असीम सुख प्राप्त कर सकते हैं



कविराज गोस्वामी और पूर्व आचार्यों द्वारा समझाया गया है कि कृष्ण की तीन प्राथमिक शक्तियां हैं। उनकी आंतरिक शक्ति, जो उनकी आध्यात्मिक शक्ति है। उनकी बाहरी शक्ति या भौतिक शक्ति और सीमांत शकित जो कि सहज स्वाभाविक आत्माएं है, जो इन दो शक्तिओं में से एक के रूप में तथात शक्ति के रूप में शाश्वत रूप से अधीनस्थ हैं। जीव को आंतरिक शक्ति या बाहरी शक्ति के अधीन एक सेवक होना चाहिए।

आंतरिक शक्ति वह है जहां जीव की संवैधानिक प्रकृति को पूरी तरह से व्यक्त किया जा सकता है। आंतरिक शक्ति वह है जो शाश्वत है, ज्ञान से भरी है, आनंद से भरपूर है। जहां प्रेमपूर्ण आनंदमय लीलाओं का आनंद वह सब कुछ है जो हमेशा के लिए होता है। यह असीम प्रसन्नता की भूमि है। बाह्य शक्ति शोषण की भूमि है। ईर्ष्या और लोभ की भूमि।

और भगवान ने अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से समझाया है कि इस आंतरिक शक्ति के तीन सिद्धांत हैं : संदिनी, संवित और हलादिनी। भगवान की आंतरिक शक्ति की संदिनी क्षमता वह ऊर्जा है जिसमें भगवान का सर्वोच्च व्यक्तित्व समूचे अस्तित्व को बनाए रखता है। और संवित शक्ति वह है जिसमें सर्वोच्च भगवान स्वयं को जानते हैं और स्वयं को दूसरों को बताते हैं। और हल्दिनी शक्ति वह शक्ति है जो भगवान को असीम शाश्वत सुख देती है और अपने सभी भक्तों को असीम अनन्त सुख भी देती है। और इस हल्दिनी शक्ति के उद्देश्य से ही संदिनी और संवित प्रकट हुए हैं, विद्यमान हैं। क्योंकि अंततः आनंद मेयो अभ्याससत कृष्ण आनंदमयी हैं। इसका मतलब है कि वह समस्त सुखों का भंडार हैं। और यह केवल आनंद के लिए है कि भगवान आध्यात्मिक दुनिया में अपने विभिन्न कार्यों और लीलाओं को पारलौकिक रूप से करते हैं।

कृष्ण परम भोगी हैं। उनका भोग ही उनका संपूर्ण अस्तित्व है। और क्योंकि कृष्ण परम भोगी हैं, जीवात्मा, जो कृष्ण का अभिन्न अंग है, हमारे जीवन और आत्मा भी आनंद के लिए है। हम इस बाह्य शक्ति के भ्रमों के तहत ढली आत्मा को पाते हैं। उस आत्मा के अस्तित्व का प्रत्येक भाग किसी न किसी रूप में भोग तलाशने का प्रयास मात्र है। यहां तक कि जब हम यज्ञ करते हैं और बड़ी तपस्या करते हैं तो यह अंततः भोग के उद्देश्य के लिए होता है। यहां तक कि जब एक आदमी अपने देश के लिए मरने हेतु युद्ध के मैदान में जाता है, तो वह इस तथ्य का आनंद ले सकता है कि उसका देश स्वतंत्र होगा और उसने उस उद्देश्य के लिए अपना जीवन दिया है।

वास्तव में, हम जो कुछ भी करते हैं वह आनंद के उद्देश्य के लिए है। हमारे पास भोग के उद्देश्य से बच्चे होते हैं, हम आनंद के उद्देश्य से बच्चों की परवरिश करते हैं। हम काम पर जाते हैं और भोग के उद्देश्य से कितनी तपस्या करते हैं। हम भी इस शरीर में रहते हैं और केवल थोड़े से भोग के लिए जन्म, वृद्धावस्था, रोग और मृत्यु भोगते हैं। हमारे जीवन का समूचा अस्तित्व आनंद की तलाश करना है क्योंकि हम कृष्ण के अंश हैं, क्योंकि कृष्ण का अस्तित्व केवल सुख का स्वाद लेने के लिए है, आनंद का आनंद लेने के लिए है।

लेकिन भ्रम यह है कि हम सोचते हैं कि हम कृष्ण के परे आनंद ले सकते हैं। लेकिन सुख का स्वाभाविक कार्य आत्मा का स्वभाव तलाशना है जो कृष्ण को सुख प्रदान करने में असीम आनंद का अनुभव करना है। जब आप पेड़ की जड़ को पानी देते हैं तो पेड़ का हर हिस्सा संतुष्ट होता है। इसी तरह, जब हम कृष्ण को संतुष्ट करते हैं तो हमारी आत्मा स्वतः संतुष्ट होती है, सभी देवी-देवता संतुष्ट होते हैं, सभी संतुष्ट होते हैं। कि अगर हम मुकुंद को आत्मसमर्पण करते हैं तो हमारे पास किसी के प्रति कोई अन्य जिम्मेदारियां या कर्तव्य नहीं होते हैं क्योंकि जब हम कृष्ण को प्रसन्न करते हैं तो सभी दायित्वों को पूरा किया जाता है। क्योंकि वे समस्त सुखों के भण्डार हैं, जिसका अर्थ है कि हम सभी कृष्ण को केवल प्रसन्न करके उनसे असीम सुख प्राप्त कर सकते हैं।

लेकिन कृष्ण को आनंद कहाँ से मिलता है? यह एक महान प्रश्न है जिसे यहां कृष्णदास कविराज गोस्वामी यहां ऐसे अद्भुत, अद्भुत श्लोकों में समझा रहे हैं। कि परम महा सत्य एक है। एक ईश्वर है, दूसरा कोई ईश्वर नहीं है। कृष्ण कहते हैं कि मैं समस्त भौतिक और आध्यात्मिक अस्तित्व का स्रोत हूं। सब कुछ मुझसे निकलता है।

कि कृष्ण परम सत्य हैं। कृष्ण से श्रेष्ठ कोई सत्य नहीं है। वह परम भोगी है। लेकिन उस परम सत्य और भोगी को उसका भोग कहां से मिलता है? जाहिर है वह इसे खुद से प्राप्त करते हैं। क्योंकि सब कुछ उनके भीतर समाया हुआ है, उससे अलग कुछ भी मौजूद नहीं है।

कृष्ण में विविध शक्तियां हैं। हमने मुख्य तीन का वर्णन किया है। और उनके असंख्य उप-विभाजन हैं, लेकिन वे सभी कृष्ण हैं, वे सभी कृष्ण के भीतर हैं, वे सभी कृष्ण के हैं। तो जब कृष्ण परम आनंद का आनंद लेना चाहते हैं तो वे परम भोगी हैं, इसलिए उन्हें परम आनंद का सुख लेने के लिए किसी ऐसे व्यक्ति की आवश्यकता है जो परम आनंददायक हो। इसलिए कृष्ण स्वयं को अपनी हल्दिनी शक्ति या आनंद शक्ति के रूप में विस्तारित करते हैं। और इस सुख शक्ति का कार्य कृष्ण को असीम सुख देना है। और कृष्ण को सुख देने में, कृष्ण से भी अधिक सुख शक्ति का आनंद मिलता है। और परम शुद्ध आध्यात्मिक सुख के इस संबंध में, कृष्ण सभी सुखों के जलाशय बन जाते हैं और फिर सभी जीव, सभी जीवात्मा कृष्ण से असीम आनंद प्राप्त कर सकते हैं और उन्हें वह आनंद उनकी शाश्वत पत्नी श्रीमती राधा रानी से मिलता है। वह सभी सुखों का स्रोत है। वह सभी प्रसन्नता का स्रोत है। और जिस तरह कृष्ण विभिन्न अवतारों में विभिन्न रसों या सुखों का आनंद लेने के लिए अलग-अलग समय पर और अलग-अलग जगहों पर और अनंत काल के लिए अलग-अलग मूड में स्वयं का विस्तार करते हैं, उसी तरह श्रीमती राधा रानी, उनकी आनंद शक्ति, उनके साथ विस्तारित होती है।

जब कृष्ण वैकुंठ में भगवान नारायण में विस्तारित होते हैं, तो श्री राधिका खुद को लक्ष्मी देवी के रूप में विस्तारित करती हैं। सिर्फ नारायण को असीम सुख देने के लिए। राधा भगवान कृष्ण की सर्वोच्च शक्ति हैं और उनके समस्त अवतारों में कृष्ण के साथ हैं। इस वर्ष 14 सितंबर को हम राधा अष्टमी को श्रीमती राधा रानी के प्रकट दिवस के रूप में मनाते हैं।

लेखक इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) में आध्यात्मिक गुरु हैं।

कृष्ण में विविध शक्तियां हैं। हमने मुख्य तीन का वर्णन किया है। और उनके असंख्य उप-विभाजन हैं, लेकिन वे सभी कृष्ण हैं, वे सभी कृष्ण के भीतर हैं, वे सभी कृष्ण के हैं।



# आत्मा जीवित रहती है...



प्रमोद पाठक

जीवन और मृत्यु एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। वे परस्पर पूरक हैं। वे एक दूसरे के पूरक बनते हैं। यही वास्तविकता थी कि भगवान कृष्ण ने गीता में अर्जुन को समझाया था जब वे कहते हैं कि जो जन्म लेता है उसकी पूर्वनिर्धारित समय पर मृत्यु निश्चित है। और जो मरता है उसका फिर से जन्म होना तय है। इस संसार के सभी प्राणी अपने जन्म से पूर्व अप्रकट थे, अर्थात बिना स्थूल काया के। मृत्यु होने पर वे फिर से अप्रकट हो जाते हैं या कहें कि भौतिक शरीर से रहित। भौतिक काया केवल एक मध्यस्थ अवस्था है। आत्मा को अव्यक्त, कल्पना से परे और दोषरहित के रूप में परिभाषित किया गया है। जिस प्रकार मनुष्य पुराने, फटे-पुराने वस्त्रों को त्याग कर नये वस्त्र धारण करता है, उसी प्रकार आत्मा पुराने, वृद्ध शरीर को छोड़कर नये शरीर में प्रवेश करती है। शरीर के नष्ट होने पर यह नहीं मरती। यह शाश्वत, सर्वव्यापी, अमर और स्थिर है। भगवतगीता का यह शाश्वत पाठ जीवन- मृत्यु के सबसे बड़े रहस्य का उत्तर देता है। स्वामी प्रभुपाद का मत था कि जीवन एक ऐसा प्रश्न है जिसका उत्तर कोई नहीं दे सकता और मृत्यु एक ऐसा उत्तर है जिस पर कोई प्रश्न नहीं कर सकता। लेकिन फिर भी मौत का दुख सभी को होता है। यही जीवन का रहस्य है। हम नहीं चाहते कि हमारे प्रियजन इस दुनिया से चले जाएं, हालांकि हम सभी जानते हैं कि मृत्यु एक आवश्यक अंत है जो तब आएगी जब उसे आना होगा। यही मानव स्वभाव की कमजोरी है। हम जानते हैं कि मृत्यु अवश्यंभावी है। फिर भी हमें मौत पसंद नहीं है। यह स्वाभाविक है। आत्मा की अविनाशिता एक ऐसी चीज है जो मनुष्य को किसी भी प्रकार की सांत्वना नहीं देती है क्योंकि हम जानते हैं कि जो चला गया है वह कभी वापस नहीं आएगा। हां, यह एक कठिन सच्चाई है, जीवन की सबसे कठिन सच्चाई है। यह हकीकत है कि हमें बार-बार इसका सामना करना पड़ता है लेकिन जानने के बाद भी इससे निपटना आसान नहीं होता है। यह ऐसी समस्या है जिसे हल करना सबसे कठिन है। प्रिय मित्र डॉ. चंदन मित्रा के जाने की दुखद खबर, कुछ ऐसी थी जिसने मुझे इसी तरह की स्थिति में डाल दिया। यह अचानक हुआ और इसका बड़ा प्रभाव पड़ा। सच, इसने कई लोगों पर ऐसा ही प्रभाव डाला होगा, और कई कारणों से, और सभी समान रूप से वास्तविक हैं।

लेकिन मेरा मामला अलग था। एक अच्छा दोस्त, एक प्रख्यात पत्रकार, और निश्चित रूप से, एक प्रसिद्ध व्यक्तित्व जो मेरे करीब भी था, निश्चित रूप से कहीं न कहीं ऐसे ही कुछ कारण थे जो मेरे दर्द की वजह थे। लेकिन एक और बहुत महत्वपूर्ण कारण था। वही इस हिडेन सोल के विचार के पीछे थे, यानी वो कॉलम जिसे मैं लगभग एक दशक से धार्मिक रूप से लिख रहा हूं। आध्यात्मिकता, मूल्यों और नैतिकता पर स्तंभ की शुरूआत करने के इस विचार के बारे में हम कई मौकों पर चर्चा करते रहे हैं। और फिर अचानक, लगभग बीस दिनों के अंतराल के बाद, मुझे उसका फोन आया कि हम आगे बढ़ रहे हैं। अगर वह न होते तो आज भी पाठक हिडेन सोल स्तंभ से वंचित ही रहते। यह एक प्रशंसनीय उद्देश्य वाला विचार था। आत्मा को उद्वेलित करने वाले मुद्दों पर पाठकों को जागरुक करना, उन्हें अपने अंदर झांकने और एक बेहतर समाज बनाने के लिए प्रेरित करना। यह एक उच्च उद्देश्य वाला प्रयास था और इसने न केवल देश के विभिन्न हिस्सों बल्कि दुनिया के कई कोनों से कुछ उत्साहजनक प्रतिक्रियाएं प्राप्त कीं। हालांकि डॉ. मित्र अपने भौतिक शरीर के साथ मौजूद नहीं है, मगर उसकी उपस्थिति महसूस की जाएगी। आत्मा जीवित रहती है।

**लेखक प्रबंधन प्रोफेसर और एक प्रशंसित वक्ता हैं।**

# सुखी घर के लिए वास्तु टिप्स



वास्तुकला और सजावट आपकी खुशी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। **आचार्य विनोद कुमार ओझा** का कहना है कि इसकी बारीकियों पर ध्यान दें

बहुत से लोग अपना घर बनाने का सपना देखते हैं, लेकिन बहुत कम लोग ही अपने सपनों को साकार कर पाते हैं। घर में रहने वाले सदस्यों के कारण घर घर बन जाता है। हालांकि, आपका वास्तुविद आपके परिवार की खुशियों में अहम भूमिका निभाता है। जब वास्तुविद् आपके सपनों के घर की योजना बनाता है, तो वास्तु का पालन करने में थोड़ी सी लापरवाही आपके जीवन में गहरा आनंद या दर्द पैदा कर सकती है।

वास्तु अभ्यास का पालन मुख्य रूप से समग्र कल्याण और समृद्धि प्राप्त करने के लिए किया जाता है। वास्तु शास्त्र की कला इमारत की संरचना और डिजाइन के इर्द-गिर्द घूमती है। सही आकार या खोल होने से, घर सही ऊर्जा का संचार कर सकता है और नकारात्मकता को अंदर आने से रोक सकता है। वास्तु सिद्धांतों को सबसे अच्छा समरूपी या समकोणीय आकार, जैसे आयत और वर्ग का उपयोग करके संचालित किया जाता है। इन भूखंडों के आकार वाले घर समृद्ध और खुशहाल होते हैं। प्राचीन विज्ञान का मानना है कि अनियमित या घुमावदार आकार की इमारतें (अंडाकार, गोलाकार या अर्ध-गोलाकार) व्यक्ति के विकास को प्रतिबंधित करती हैं और विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं, हानियों और व्यक्तिगत जीवन में दुख की सामान्य भावना का कारण बनती हैं।

वास्तु शास्त्र के अनुसार, रिक्त स्थान को उनके कार्यों व उद्देश्यों के आधार पर एक कमरे, एक संरचना या कमरों के संग्रह के आधार पर व्यवस्थित और आकार दिया जाता है। वास्तु शास्त्र को शहरों, कस्बों, बगीचों, सड़कों व जल प्रणालियों के साथ-साथ शहरों, टाउनशिप, प्लेरूम, कार्यालयों और प्रार्थना कक्षों के डिजाइन में शामिल किया गया है।

भवन बनाने का तरीका बताने के अलावा, वास्तु इसे डिजाइन करने के लिए दिशा-निर्देश भी प्रदान करता है। वास्तु मानदंडों का पालन करके या न करके एक वास्तुकार आपकी खुशी व समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।


एक आर्किटेक्ट के रूप में, आप डिजाइन करते समय कुछ कारकों को देख सकते हैं। वास्तुशास्त्र के संदर्भ में, जो सकारात्मक ऊर्जा प्रवाह को प्रोत्साहित करता है, गृह संपत्ति की स्थापना - जो रहने की जगह के स्थान और अभिविन्यास की पहचान करती है - महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह को स्थापित करती है।

वास्तु शास्त्र कहता है कि घर का मुख किसी भी दिशा में अच्छा है, चाहे वह पूर्व, पश्चिम, उत्तर या दक्षिण हो, क्योंकि उनमें से हर एक के फायदे हैं लेकिन, एक वास्तुकार डिजाइन और योजना बनाते समय निम्नलिखित में से कुछ निर्देशों की तलाश कर सकता है:

- पूजा कक्ष को अपने घर में रखने से घर में समृद्धि और शांति प्रभावित होती है।
- फर्नीचर की व्यवस्था कमरे के ऊर्जा संतुलन को प्रभावित कर सकती है, जिससे स्वास्थ्य व मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।
- घर में प्रमुख स्थानों पर शीशा लगाकर स्वास्थ्य और खुशी को बढ़ाया जा सकता है।
- स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण के लिए पानी को सही ढंग से रखा जाना चाहिए।
- घर के प्रत्येक कमरे के लिए सही रंग चुनने से कमरे में मूड या भावना भी प्रभावित हो सकती है और इसे सावधानी से करना चाहिए।

तो, अगली बार जब आप कोई संपत्ति खरीदना चाहते हैं, तो सुनिश्चित करें और जांच लें कि आपका वास्तुकार वास्तु की मूल बातें जानता हो और फिर अपना जीवन खुशी के साथ जीएं।

– **लेखक ज्योतिषी और वास्तु सलाहकार हैं।**



# अध्यात्म एक दर्पण

अध्यात्म सच्ची तस्वीर दिखाता है। **अजीत कुमार बिश्नोई** का कहना है कि एक ज्ञानी व्यक्ति अपनी वास्तविकता से अनजान नहीं हो सकता

ईश्वर, आत्मा आदि के बारे में हमारी व्यापक जागरूकता के कारण यह लेख भारतीय संदर्भ में है। फिर, हमारे बीच इतने अध्यात्मवादी क्यों नहीं हैं? इसके कई कारण हैं। पहला और सबसे बुनियादी कारण यह कि व्यक्ति महसूस नहीं कर रहा है कि वह क्या खो रहा है।

हम भौतिक शरीरों में पैदा होते हैं, और तब से हम खुद को भौतिक शरीर के रूप में ही पहचानते हैं। अध्यात्म सब कुछ बदल देता है। अध्यात्म ज्ञान को पुष्ट करता है, हमें याद दिलाता है कि हम आत्माएं हैं। आत्मा के मूल गुणों में से एक है चेतना। एक सचेत इकाई, जो अपनी वास्तविकता से बेखबर नहीं होगी। अध्यात्म इस अर्थ में दर्पण का काम करता है, वह सच्ची तस्वीर दिखाता है। हम असली तस्वीर क्यों नहीं देखना चाहते हैं? क्योंकि आत्मा होने की पहचान के लिए हमें संपूर्ण से जुड़ने की आवश्यकता है, जो भगवान है, और इसके लिए तपस्या करने की आवश्यकता है। हम अज्ञान में रहना पसंद करेंगे, क्योंकि हम वासना सुख प्राप्ति की अपनी असीमित इच्छाओं को छोड़ना नहीं चाहते हैं।

यह काफी बुरा है लेकिन उन लोगों के लिए और भी बुरा है जो पाप कर्मों में लिप्त रहते हैं। वे इस तथ्य से बेखबर नहीं होते हैं कि इन पापपूर्ण कृत्यों के लिए कर्मफल सिद्धांत के अनुसार उन्हें दंडित किया जाएगा। सभी कृत्यों को विधिवत दर्ज किया जा रहा है। एक दिन हिसाब का समय आएगा। लेकिन उन्हें कठोर वास्तविकता की याद नहीं दिलाई जाएगी। अध्यात्म उन्हें झकझोर देगा।

आध्यात्मिकता या विशेष रूप से भगवान से दूर रहने के कुछ अन्य कारण भी हैं। 'अहंकार' (अहंकार) एक बड़ा विनाशक है। हालांकि अहंकार मानव शरीर का एक आंतरिक हिस्सा है, लेकिन इसका गलत तरीके से उपयोग किया जाता है। हमें यह भावना रखनी चाहिए कि मुझे जो करना है मुझे ही करना होगा, और कौन करेगा? लेकिन हम गलत हो जाते हैं जब हम यह सोचने लगते हैं कि हम अन्य लोगों से बेहतर हैं या अपने बारे में बहुत अधिक सोचने और बात करने लगते हैं। इस मानसिकता में भगवान के लिए जगह कहां है। रावण ने मरने से पहले कहा था कि अहंकार उसके नाश का कारण था। खराब संगत एक और कारण है। क्योंकि जब हम किसी के साथ बातचीत करते हैं, तो हमारा कुछ उस व्यक्ति पर या उसका कुछ हमारे ऊपर असर पड़ जाता है। बुरी संगत में व्यक्ति जैसा भी होता है उसे सही ठहराता है। फिर, बदलने का मौका कहां होता है, जो आध्यात्मिक पथ पर आगे बढ़ने के लिए आवश्यक है?

कुछ लोग कोशिश नहीं करते, क्योंकि आध्यात्मिकता कुछ कुछ अज्ञात क्षेत्र की है, हालांकि आत्मा के रूप में यह नहीं होना चाहिए। यहां पुनः स्वयं को भौतिक सामग्री के रूप में पहचानना एक बड़ी समस्या है। क्या हम सिर्फ अपनी जीविका कमाने के लिए अपने जीवन का एक चौथाई भाग संघर्ष नहीं करते हैं? फिर, अध्यात्म, जो बहुत अधिक प्रतिफल देता है, इतनी आसानी से प्राप्य क्यों होना चाहिए। इसी तरह, भौतिक उपलब्धियों के विपरीत आध्यात्मिकता में लाभ सूक्ष्म होते हैं, जो हमारी इंद्रियों के लिए स्थूल और दृश्यमान होते हैं। लेकिन जो लोग अध्यात्म का अभ्यास करते हैं वे समझ सकते हैं कि वे प्रगति कर रहे हैं, क्योंकि भगवान जवाब देते हैं। उसे करना होगा, अन्यथा हम कैसे आवश्यक प्रयास करेंगे, या अधिक स्पष्ट रूप से कहें तो 'तपस्या' करेंगे। जब हम आध्यात्मिकता को नहीं अपनाते हैं, तो हम खुद को बुरी तरह चोट पहुंचाते हैं, खासकर बुढ़ापे में जब हमें ईश्वर की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। मानव जीवन को चार भागों में विभाजित किया गया है और अंतिम भाग विशेषतया आध्यात्मिक रूप से आगे बढ़ने के लिए है। जब शरीर कमजोर होने लगता है या किसी रोग से ग्रसित हो जाता है, तब ईश्वर का आश्रय नितांत आवश्यक है। भगवान मदद कर सकता है और मदद करता है। अध्यात्मवादी कभी भी 'दुर्गति' (बुरी तरह से समाप्त) से पीड़ित नहीं होते हैं। भगवान ने एक विशेष वचन दिया है कि उनके भक्त कभी नष्ट नहीं होते हैं। (9.31) लेकिन क्या हम आईने को नजरअंदाज करेंगे और भ्रम का जीवन जीते रहेंगे?

– **बिश्नोई आध्यात्मिक लेखक हैं।**